सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

शनिवार, 3 जनवरी, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 3, पेज 16, 3.50 रुपये
www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स ने लगायी 573 अंकों की छलांग

बीएसई सेंसेक्स में 573 अंकों की तेजी दर्ज की गई, जबकि निफ्टी अपने रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने के बाद 182 अंक चढ़कर बंद हुआ। } 14

## भारत को अपनी रक्षा करने का पूरा अधिकार

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि अगर कोई पड़ोसी देश भारत में आतंकवाद फैलाना जारी रखता है, तो भारत को भी अपनी रक्षा करने का पूरा अधिकार है। } 16



### संक्षेप

### ईरान : सरकार के खिलाफ प्रदर्शन, सात लोगों की मौत

दुबई (संयुक्त अरब अमीरात)। ईरान की खराब अर्थव्यवस्था से आक्रोशित जनता सड़कों पर उतर आई है और बृहस्पतिवार को ये प्रदर्शन प्रांतों में भी फैल गए, जहां सुरक्षा बलों और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़पों में कम से कम सात लोग मारे गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। प्रदर्शन में सात लोगों के मारे जाने से ऐसे संकेत मिल रहे हैं कि देश की सरकार प्रदर्शनकारियों से सख्ती से निपटने के मूड में है। लेकिन प्रदर्शनकारी भी अड़े हुए हैं। राजधानी तेहरान में प्रदर्शन भले ही धीमे पड़ गए हों, लेकिन अन्य जगहों पर इनमें तेजी आई है। बुधवार को दो और बृहस्पतिवार को पांच लोगों की मौत चार शहरों में हुई।

### भाजपा विधायक डॉ.श्याम बिहारी लाल का निधन



बरेली। जिले के फरीदपुर (आरक्षित) विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के विधायक डॉ. श्याम बिहारी लाल का शुक्रवार दोपहर में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। पार्टी और परिवार के लोगों ने यह जानकारी दी। डॉ.श्याम बिहारी लाल सर्किट हाउस में पशुधन विकास मंत्री धर्मपाल सिंह के साथ विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में शामिल थे। उन्होंने बृहस्पतिवार को अपना 60 वां जन्मदिन मनाया था। उनके निधन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शोक व्यक्त किया। एक पार्टी कार्यकर्ता ने बताया कि सर्किट हाउस में पशुधन मंत्री एक बैठक ले रहे थे, जिसमें विधायक श्याम बिहारी लाल भी शामिल थे। कार्यकर्ता के अनुसार दोपहर करीब सवा दो बजे अचानक श्याम बिहारी लाल की तबीयत बिगड़ गई।

### एक्स से अश्लील सामग्री तत्काल हटाने के निर्देश

नयी दिल्ली। सरकार ने शुक्रवार को अमेरिकी उद्योगपति एलन मस्क के स्वामित्व वाले सोशल मीडिया मंच एक्स को कड़ा नोटिस जारी करते हुए मंच से सभी एआई-जनित अश्लील एवं गैरकानूनी सामग्रियों को तत्काल हटाने का निर्देश दिया। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने कहा कि खासकर एक्स के कृत्रिम मेधा (एआई) ऐप ग्रोक के जरिये तैयार की गई सामग्री को तत्काल हटाना होगा। ऐसा नहीं करने पर सोशल मीडिया कंपनी के खिलाफ कानून के मुताबिक कार्वाई की जाएगी। मंत्रालय ने भारत में एक्स के मुख्य अनुपालन अधिकारी को भेजे नोटिस में कहा है कि सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 और सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यस्थ दिशानिर्देश एवं डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 के तहत निर्धारित वैधानिक जांच-पड़ताल दायित्वों का पालन न करने का आरोप है।



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 16.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 9.00 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**

- पौष पूर्णिमा से शुरू होगा माघ मेला (पृष्ठ-14)
- 2025 में काशी पहुंचे 7 करोड़ 26 लाख श्रद्धालु (पृष्ठ-14)
- डॉलर के मुकाबले रुपया फिर 90 के पार (पृष्ठ-14)
- 7,295 करोड़ रुपये के निर्यात पैकेज की घोषणा (पृष्ठ-14)
- तंबाकू उत्पादों पर शुल्क में बढ़ोतरी से नुकसान (पृष्ठ-14)

## बांग्लादेशी खिलाड़ी को टीम में लेने पर विवादों में घिरे शाहरुख खान

एजेंसी

नयी दिल्ली। बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान अपनी आईपीएल टीम केकेआर द्वारा बांग्लादेशी खिलाड़ी मुसाफिजुर रहमान को शामिल करने के फैसले को लेकर बढ़ते विवाद के घेरे में आ गए हैं, जिसमें कई पक्ष उनकी आलोचना कर रहे हैं जबकि कुछ का कहना है कि अभिनेता को उनकी मुस्लिम पहचान के कारण निशाना बनाया जा रहा है।

भाजपा और शिवसेना के नेताओं ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों को देखते हुए वे रहमान को आईपीएल में खेलने नहीं देंगे। वहीं, विपक्षी दल कांग्रेस के नेता भाई जगताप ने खान का समर्थन करते हुए कहा कि यह विवाद भाजपा-आरएसएस की दोहरी नीति का सबूत है, क्योंकि भारत अब भी पाकिस्तान के साथ क्रिकेट खेलता है। भाजपा नेता संगीत सोम ने कहा बांग्लादेश में हिंदुओं को प्रताड़ित किया जा रहा है, उनकी हत्या की जा रही है, उन्हें उनके घरों से निर्वस्त्र अवस्था में निकाला जा रहा है और पीटा जा रहा है, वहां के खिलाड़ियों को खरीदना देशद्रोह है। शाहरुख खान जैसे लोग गद्दार हैं। शिवसेना नेता कृष्ण हेगड़े ने कहा कि पार्टी का रुख हमेशा से यही रहा है कि हिंदुओं के खिलाफ अत्याचार करने वाले या भारत में आतंकवादी हमले में शामिल जगहों के किसी भी खिलाड़ी को भारत में खेलने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा ...शेष पृष्ठ 14 पर

## प्रदेश में मौसम ने लिया यूटर्न, भयंकर सर्दी से ठिठुरे लोग

- पारा गिरने से बढ़ी गलन, 34 जिलों में अलर्ट
- बाराबंकी और हरदोई में सबसे न्यूनतम रहा तापमान

विशेष संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में मौसम ने फिर से यूटर्न लिया है। विक्षोभ के कमजोर पड़ते ही सर्द पछुआ ने सर उठाया और शुक्रवार को दिन में प्रदेश के कई जिलों में कड़ाके की ठंड पड़ी। कोहरे के प्रकोप और दिन में 10 से 15 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गलन भरी पछुआ ने लोगों की परेशानी बढ़ाई। जिन इलाकों में धूप हुई, वहां भी गलन हावी रही।

मौसम विभाग का कहना है कि पहाड़ों से आ रही पछुआ के असर से प्रदेश भर में अगले तीन दिनों में दिन व रात के तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आएगी। शुक्रवार को 6 न्यूनतम तापमान के साथ बाराबंकी और हरदोई प्रदेश में सबसे ठंडे रहे। वहीं 13.3 डिग्री के साथ बरेली में सबसे ठंडा दिन रहा। घने कोहरे की वजह से कानपुर, आगरा, गोरखपुर, अमेठी आदि में सुबह दृश्यता शून्य हो गई। शनिवार के लिए तराई और पूर्वी -दक्षिणी यूपी के 34 जिलों में घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं राजधानी लखनऊ समेत प्रदेश के आठ जिलों में शीत दिवस होने की आशंका जताई गई है। वरिष्ठ मौसम विज्ञानी डा. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि यूपी में शुक्रवार को विक्षोभ के कमजोर पड़ने और सर्द पछुआ के असर से अब रातों में पारा गिरना शुरू होगा। अगले तीन दिनों में दिन व रात के तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आएगी। मौसम विभाग का कहना है कि प्रदेश के बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, सोनभद्र, मिजार्पुर, चंदौली, वाराणसी, भदोही, गाजीपुर, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, जालौन, हमीरपुर,...शेष पृष्ठ 14 पर

# राजस्व मामलों का समय पर करें निरस्तारण

- जल्द लागू होगी रोवर आधारित पैमाइश की व्यवस्था
- शीतलहर के चलते अलाव, रैनबसेरों व कंबल वितरण की प्रक्रिया करें तेज

विशेष संवाददाता



लखनऊ। राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य में राजस्व के सभी मामले, चाहे वह पैमाईश से संबंधित हो, नामांतरण से संबंधित हो या फिर आबादी दर्ज करने से संबंधित हो, सभी का निपटारा मेरिट के आधार पर तय होना चाहिए। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग सभी लंबित मामलों में जवाबदेही तय करते हुए इनका निर्धारित समायवधि में निस्तारण सुनिश्चित करे। साथ ही, प्रदेश के सभी जनपदों में रोवर आधारित पैमाइश प्रणाली को लागू करने के लिए निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने नामांतरण व वरासत के मामलों को लेकर निर्देश दिये कि ऐसी प्रणाली विकसित की जाए जिससे यह कार्य ऑटो मोड पर हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह नागरिकों को सुगम और समयबद्ध न्याय दिलाने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होगा। इससे अतिरिक्त, चकबंदी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने, नक्शा और रोवर आधारित पैमाइश प्रणाली को लागू करने के प्रयासों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उनके अनुसार, प्रदेश के सभी जिलों में रोवर से पैमाइश के लिए रोवर की खरीद ही नहीं बल्कि ट्रेनिंग कराने तथा प्रक्रिया को धरातल पर उतारने के लिए फ्रेमवर्क को तैयार किया जाए। जनपदों में रोवर आधारित पैमाइश को पूर्ण करने के लिए ट्रेनिंग हेतु इंजीनियरिंग कॉलेज, पॉलिटेनिक एवं आईटीआई का सहयोग भी लिया जा सकता है। समीक्षा बैठक में राजस्व विभाग को निर्देश दिये कि सभी कार्यों की प्रगति में तेजी लाते हुए उन्हें शत प्रतिशत पूर्ण करने पर फोकस करें। मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि भू-अभिलेखों के डिजिटलीकरण कार्य में तेजी लाते हुए इन्हें शीघ्र पूर्ण किया जाए। विभागीय निगरानी सरल हो और इसका लाभ आमजन को मिले। धारा 80 के अन्तर्गत भू-उपयोग परिवर्तन प्रक्रिया को सरल व पारदर्शी बनाया जाए। उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याओं के निस्तारण के लिए राजस्व परिषद के स्तर पर कॉल सेंटर जैसी प्रणाली की जाए विकसित। मुख्यमंत्री ने चकबंदी प्रक्रिया में तकनीकी के प्रयोग और यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसान रजिस्ट्री, पैमाइश और खसरा पड़ताल से जुड़े सभी लम्बित प्रकरणों का समाधान तय समय सीमा में अनिवार्य रूप ...शेष पृष्ठ 14 पर

## विभाग समय से आवंटित बजट का करें इस्तेमाल

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को वित्तीय वर्ष 2025-26 में शासन से विभिन्न विभागों को जारी बजट के व्यय को लेकर वित्त विभाग की समीक्षा बैठक की। बैठक में वर्तमान वित्तीय वर्ष में विभागों के बजट प्राविधान के सापेक्ष शासन द्वारा जारी स्वीकृतियों, विभागाध्यक्ष द्वारा आवंटन, व्यय आदि की अद्ध्यावधिक प्रगति पर अधिक बजट प्राविधान वाले प्रमुख 20 विभागों का प्रस्तुतिकरण किया गया।

- व्यय के लिए हर स्तर पर एक-एक अधिकारी की तय हो जिम्मेदारी और जवाबदेही : योगी

इस दौरान मुख्यमंत्री ने सभी प्रमुख विभाग के उच्च अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी विभाग समय से आवंटन बजट का इस्तेमाल करें ताकि परियोजनाएं और योजनाएं समय से पूरी हो सकें और प्रदेशवासी इन योजनाओं लाभ उठा सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट को समय से खर्च करने के लिए अधिकारी निर्णय लेने का सामर्थ्य विकसित करें। उन्होंने कहा कि जिन विभागों में बजट व्यय की प्रगति धीमी है, वह इसमें तेजी लाएं। साथ ही बजट को समय से खर्च करने के लिए हर स्तर पर एक-एक अधिकारी की जिम्मेदारी और जवाबदेही तय हो। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए सभी विभाग के अधिकारी तुरंत निर्णय लें। उन्होंने कहा कि निर्णय लेने में देरी से समय से बजट व्यय नहीं हो पाता है। ऐसे में निर्णय लेने में तेजी दिखाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ विभागों में बजट व्यय ...शेष पृष्ठ 14 पर

## यूपी में 12वीं तक स्कूल पांच जनवरी तक बंद


लखनऊ। यूपी में प्रदेश में कड़ाके की ठंड और भीषण शीतलहर के प्रकोप को देखते हुए यूपी के छात्रों को राहत देने वाली खबर आई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी में 12वीं तक के सभी स्कूलों को पांच जनवरी तक के लिए बंद करने का आदेश जारी किया है। सीएम ने प्रदेश के सभी बोर्डों (आईसीएसई, सीबीएसई और यूपी बोर्ड) के कक्षा 12वीं तक के स्कूलों को पांच जनवरी तक बंद कर दिया है।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया है कि शीतलहर के दौरान बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री के इस आदेश के आधार पर अब पांच जनवरी तक प्रदेश में सभी परिषदीय प्राथमिक विद्यालय से लेकर सहायता प्राप्त विद्यालय एवं सभी बोर्डों से मान्यता प्राप्त विद्यालयों में अवकाश घोषित कर दिया गया है। लखनऊ समेत कई जिलों के जिलाधिकारियों ने मुख्यमंत्री के आदेश के बाद अलग से भी स्कूलों के बंद करने के आदेश जारी कर दिये हैं। अधिकारियों का कहना है कि गलनभरी सर्दी को देखते हुए आवश्यक कदम उठाये गये हैं।

## व्हाइट-कॉलर टेरेरिज्म चिंताजनक : राजनाथ

### धर्म और नैतिकता से विहीन शिक्षा समाज के लिए घातक

एजेंसी



उदयपुर। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि देश में व्हाइट-कॉलर टेरेरिज्म जैसी चिंताजनक प्रवृतियां सामने आ रही हैं जहां अत्यंत शिक्षित लोग समाज और राष्ट्र के विरुद्ध कार्य करते हैं।

उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में बहुत शिक्षित लोग भी आपराधिक गतिविधियों में लिप्त पाए जाते हैं। सिंह ने दिल्ली में लाल किले के पास 10 नवंबर को हुए कार बम धमाके की ओर इशारा करते हुए यह बात कही जिसमें षडयंत्रकारी डॉक्टर थे। वह यहां भूपाल नोबल्स यूनिवर्सिटी के स्थापना दिवस को संबोधित कर रहे थे। सिंह ने कहा, धर्म और नैतिकता से विहीन शिक्षा समाज के लिए उपयोगी नहीं होती है तथा कभी-कभी यह घातक भी सिद्ध हो जाती है। शायद यही कारण है और बहुत बड़ी विडंबना है कि बहुत शिक्षित लोग भी आपराधिक गतिविधियों में लिप्त पाए जाते हैं। उन्होंने कहा आज व्हाइट कॉलर टेररिज़्म जैसी चिंताजनक प्रवृतियां देशवाशियों के सामने आ रही हैं, जहां अत्यंत शिक्षित लोग समाज और राष्ट्र के विरुद्ध कार्य करते हैं। उन्होंने कहा, हाल में दिल्ली में बम विस्फोट करने वाला कौन था? डॉक्टर थे। वरना जो डॉक्टर पर्चे पर हमेशा आरएक्स लिखकर प्रस्क्रिप्शन लिखते हैं, उन डॉक्टरों के हाथ में आरडीएक्स हो? इसलिए आवश्यक है कि ज्ञान के साथ साथ संस्कार भी होना चाहिए। चरित्र भी होना चाहिए। केंद्रीय मंत्री का कहना था कि शिक्षा का उद्देश्य चरित्र निर्माण है। चरित्र को व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखा जाना चाहिए। शिक्षा का उद्देश्य केवल पेशेवर सफलता नहीं है बल्कि सदाचार, नैतिकता और एक मानवीय व्यक्तित्व का निर्माण भी है। यही भारतीय शिक्षा दर्शन की मूल ...शेष पृष्ठ 14 पर

## बरेली : पुलिसकर्मियों पर हमला, तीन गिरफ्तार

बरेली। बरेली में कथित तौर पर पुलिसकर्मियों पर हमला करने को लेकर एक होटल के प्रबंधक समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उसने बताया कि ये पुलिसकर्मी नए साल की पूर्व संध्या पर तय समय के बाद अनधिकृत रूप से बज रहे डीजे बंद कराने होटल गए थे।

बारादरी के थाना प्रभारी धनंजय कुमार पांडे ने शुक्रवार को बताया कि होटल प्रबंध समेत तीन नामजद व्यक्तियों और तीन-चार अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को बिजनौर जिले के मसी आलम (होटल प्रबंधक), लखीमपुर खीरी जिले पवनेश कुमार (होटल के लेखाधिकारी) और बरेली के सिविल लाइंस के राघव कपूर को गिरफ्तार किया। पांडे ...शेष पृष्ठ 14 पर

## राजा जगत देव की जीवनगाथा से मिलता है मार्गदर्शन

### सीएम धामी ने ऊधम सिंह नगर में राजा जगत देव की प्रतिमा का किया अनावरण

प्रमुख संवाददाता





ऊधम सिंह नगर (उत्तराखंड)। बुक्सा जनजाति के महान योद्धा राजा जगतदेव के अद्वितीय योगदान को स्मरण करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उनका संपूर्ण जीवन धर्म, संस्कृति और आत्मगौरव की रक्षा के लिए समर्पित रहा। उन्होंने राजा जगतदेव को अदम्य साहस और दृढ़ आस्था का प्रतीक बताते हुए कहा कि उनकी जीवनगाथा आज भी समाज को मार्गदर्शन देती है।

मुख्यमंत्री धामी उधम सिंह नगर जनपद के गदरपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत रोशनपुर डलबाबा में आयोजित कार्यक्रम में बुक्सा समाज के आराध्य नायक राजा जगतदेव की प्रतिमा के वर्चुअल अनावरण के अवसर पर जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आयोजन केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि बुक्सा जनजाति की ऐतिहासिक विरासत, सांस्कृतिक अस्मिता और बलिदानी परंपरा को सम्मान देने का एक महत्वपूर्ण क्षण है। उन्होंने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी राजा जगतदेव ने अपने सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया और धर्म व संस्कृति की रक्षा के लिए अपने प्राणों तक का उत्सर्ग कर दिया। उनका संघर्ष और समर्पण आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बना रहेगा। मुख्यमंत्री ने बुक्सा समाज की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि ऊधम सिंह नगर, नैनीताल, कोटद्वार सहित प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में बसे बुक्सा समुदाय ने अपनी ...शेष पृष्ठ 14 पर

**विशेष खबर** शहर में जगह-जगह जलवाये गये अलाव, लोगों को भीषण जाड़े की मार से बचाने में मदद कर रहे अलाव

# गरीबों व जरूरतमंद लोगों को सर्दी से बचाना ही हमारा उद्देश्य : विराज सागर दास

अनिल कुमार सिंह







लखनऊ। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास की ओर से राजधानी लखनऊ में जगह-जगह अलाव जलवाए गए, जिससे गरीबों, मजदूरों और जरूरतमंदों को सर्दी से राहत मिली। उन्हें सर्दी की रात काटने में सहूलियत मिली। सर्दी की रातें गरीबों के लिए बहुत भारी पड़ती हैं। अलाव से उन्हें जाड़े से लड़ने की ताकत मिलती है। बहुत से गरीब सर्दी की रातों में खुले आसमान के नीचे कांपते-ठिठुरते हुए रात बिताने के लिए मजबूर रहते हैं। हालांकि ऐसे कई लोग हैं जो गरीबों की पीड़ा को समझते हुए नेक कार्य के लिए आगे आते हैं और गर्म कपड़े, कंबल के वितरण व अलाव आदि की व्यवस्था कर लोगों को मानव सेवा के लिए प्रेरित करते हैं। भीषण सर्दी से बचने के लिए शहर के हर गली-मोहल्ले चौराहे पर विराजसागर दास द्वारा जलवाए जा रहे अलाव लोगों को सर्दी से बचाने में बड़ी भूमिका अदा कर रहे हैं। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास के निर्देश पर उनके लोग शहर के लगभग विभिन्न प्रमुख स्थानों मालवीय नगर, राजाजीपुरम, छोटा इमामबाड़ा, विकास नगर सब्जी मण्डी, नीरा नर्सिंग होम, खदरा, मोहन मीकिंग बाल्मीकि बस्ती, पेपर मिल कॉलोनी, हनुमान मंदिर डालीगंज, हनुमान सेतु मंदिर, वॉयस ऑफ लखनऊ लोहिया पार्क रोड, लोहिया अस्पताल रैन बसेरा, विक्रमादित्य मार्ग, पुराना ...शेष पृष्ठ 14 पर

# पौष पूर्णिमा से शुरू होगा माघ मेला

## बस गया तंबुओं का अस्थायी शहर ‖ संगम में प्रवाहित हो रही संयम, साधना और भक्ति की त्रिवेणी

विशेष संवाददाता (vol)



**माघ मेला 2026 के मुख्य स्नान पर्व**

| | |
|---|---|
| पौष पूर्णिमा | 3 जनवरी |
| मकर संक्रांति | 14 जनवरी |
| मौनी अमावस्या | 18 जनवरी |
| बसंत पंचमी | 23 जनवरी |
| माघी पूर्णिमा | 01 फरवरी |
| महाशिवरात्रि | 15 फरवरी |

लखनऊ। प्रयागराज के संगम तट में लगे आस्था के सबसे बड़े धार्मिक और सांस्कृतिक समागम माघ मेले में पौष पूर्णिमा के स्नान पर्व के साथ ही माघ मेला क्षेत्र में तप, साधना और संयम की त्रिवेणी प्रवाहित होने लगेगी। भक्ति साधना और संयम की यह त्रिधारा है कल्पवास जिसकी शुरूआत पौष पूर्णिमा के स्नान के साथ शनिवार को होगी। इस बार कल्पवासियों की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि की वजह से प्रदेश सरकार ने कल्पवासियों के लिए भी विशेष इंतजाम किए हैं। माघमेला 3 जनवरी को पौष पूर्णिमा से प्रारंभ होकर 15 फरवरी महाशिवरात्रि तक चलेगा।

प्रयागराज के संगम तट पर आयोजित होने वाला माघ मेला धर्म, अध्यात्म और संस्कृति का देश का सबसे बड़ा वार्षिक आयोजन है। पौष पूर्णिमा के स्नान पर्व के साथ ही ज्ञान , भक्ति और साधना की विविध धाराएं यहां प्रवाहित होने लगेंगीं। माघ मेला क्षेत्र में एक तरफ दंड धारण करने वाले दंडी संतों और रामानंदी आचार्य संतो और मुकाम धारी खालसा के संतों की दुनिया होगी तो वहीं होगा चतुष्पीठ के शंकराचार्यों का वैभव।

अध्यात्म के इस सागर में यहां कल्पवासियों के जप, तप और संयम की त्रिवेणी अभी से प्रवाहित होने लगी है। पौष पूर्णिमा से पूरे एक महीने तक गंगा और यमुना की रेत पर तंबुओं के शिविर बनाकर ठिठुरती ठंड में साधना करने वाले इन कल्पवासियों की संख्या में इस साल अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। मेला प्रशासन का अनुमान है कि इस बार 4 लाख कल्पवासी माघ मेले में कल्पवास करेंगे। कल्पवासियों को माघ मेले का प्रथम साधक माना जाता है जिनके बिना माघ मेले के आयोजन की कल्पना भी नहीं संभव है।

माघ मेला क्षेत्र में इन्हें बसाना मेला प्रशासन की प्राथमिकता होती है। एडीएम माघ मेला दयानन्द प्रसाद बताते हैं कि इस बार महाकुंभ 2025 के भव्य और दिव्य आयोजन की स्मृति और 12 साल बाद कल्पवास के संकल्प लेने की परम्परा के चलते कल्पवासियों की संख्या बढ़ गई है। इसे देखते हुए पहली बार माघ मेला क्षेत्र में कल्पवासियों के लिए एक अलग से भी 950 बीघे में एक नगर बसाया गया है जिसे प्रयागवाल नाम दिया गया है।

नागवासुकी मंदिर के सामने गंगा नदी के पार इसे बसाया गया है। तीर्थ पुरोहितों और मेला प्रशासन के साथ आपसी विचार विमर्श के बाद यह फैसला लिया गया है। वैसे तीर्थ पुरोहितों की मांग और सहूलियत को देखते हुए विभिन्न सेक्टरों में भी कल्पवासियों के लिए तंबू लगाए गए हैं। कल्पवासी की उम्र और अवस्था को देखते हुए इन्हें बसाया जा रहा है। मेला क्षेत्र में मूल रूप से कल्पवास करने वाले इन श्रद्धालुओं को गंगा के तटों के पास ही तंबुओं की व्यवस्था की गई थी ताकि सुबह प्रतिदिन इन्हें गंगा स्नान के लिए दूर तक न चलना पड़े।

प्रदेश सरकार माघ मेला क्षेत्र को दिव्य ,भव्य और स्वच्छ स्वरूप दे रही है। इसके लिए संपूर्ण मेला क्षेत्र में स्वच्छता के विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। मेला प्रशासन के मुताबिक विभिन्न सेक्टर में बस रहे कल्पवासियों के शिविर में भी स्वच्छता को प्राथमिकता दी जा रही है।

कल्पवासियों से भी अपील की जाएगी कि वह सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल शिविर में न करें। बुजुर्ग कल्पवासियों के लिए शीत लहरी से बचाव हो इसके लिए भी प्रशासन कई कदम उठा रहा है। प्रशासन ने कल्पवासियों के शिविर के बाहर अलाव जलाने की व्यवस्था की थी ताकि शीत लहरी से कल्पवासियों का बचाव हो सके।

# डीबीटी योजनाओं के शत-प्रतिशत लाभार्थियों को फैमिली आईडी से जोड़ा जाये : मुख्य सचिव



विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्य सचिव एस.पी.गोयल ने फैमिली आईडी एक परिवार एक पहचान योजना से सम्बन्धित विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव के साथ समीक्षा बैठक की। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि डायरेक्ट बेनीफिट ट्रांसफर (डीबीटी) योजनाओं के शत-प्रतिशत लाभार्थियों को फैमिली आईडी से आच्छादित किया जाये। उन्होंने फैमिली आईडी डाटाबेस के इंटीग्रेशन के महत्व पर बल देते हुए सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं को इस डाटाबेस से लिंक किया जाए तथा निर्धारित अंतराल पर डाटा साझा किया जाए।

मुख्य सचिव ने यह भी कहा कि भारत सरकार की योजनाओं से आच्छादित प्रदेश के लाभार्थियों का डाटा प्राप्त करने के लिये सम्बन्धित विभागों द्वारा मुख्य सचिव कार्यालय के माध्यम से केंद्र सरकार के मंत्रालयों एवं विभागों से समन्वय स्थापित किया जाए। इसके उपरांत इस डाटा को फैमिली आईडी डाटाबेस से इंटीग्रेट भी किया जाये। उन्होंने फैमिली आईडी डाटाबेस के आधार पर विभिन्न योजनाओं के लिए संभावित लाभार्थियों को चिन्हित किया गया है, जिन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबंधित योजनाओं से जोड़ा जाए। बैठक में प्रमुख सचिव नियोजन ने फैमिली आईडी योजना पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया, जिसमें विभाग-वार फैमिली आईडी लिंकेज की प्रगति से अवगत कराया। फैमिली आईडी से परिवार के पात्र सभी सदस्यों को सरकारी योजनाओं का लाभ सरल एवं पारदर्शी तरीके से दिये जाने के महत्व को रेखांकित किया।

बैठक में फैमिली ई-पासबुक को भी प्रदर्शित किया गया। इस पासबुक में आमजनमानस द्वारा अपने परिवार/सदस्यों द्वारा प्राप्त की जा रही सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी सहजता से देखी जा सकती है। साथ ही ई-पासबुक के माध्यम से फैमिली आईडी डाटाबेस के आधार पर उन योजनाओं/सेवाओं की जानकारी भी प्राप्त की जा सकती है, जिनके लिये वह पात्र हैं।

# वर्ष 2025 में काशी पहुंचे 7 करोड़ 26 लाख श्रद्धालु

विशेष संवाददाता (vol)

- नये साल का जश्न मनाने तीर्थस्थल पहुंच रहे युवा, काशी में दर्शन करने पहुंचे 30 लाख युवा

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी विजन ने वाराणसी को न केवल आध्यात्मिक नगरी के रूप में पुनर्स्थापित किया है, बल्कि वैश्विक पर्यटन के केंद्र के रूप में स्थापित किया है। वाराणसी में काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के निर्माण के साथ गंगा घाटों, प्राचीन मंदिरों, सड़कों और चौराहों का जिस तरह से सौंदर्यीकरण और पर्यटन सुविधाओं का व्यापक विकास हुआ है, इसका प्रमाण वर्ष 2025 में रिकार्ड 7 करोड़ 26 लाख से अधिक पर्यटकों ने काशी विश्वनाथ के दर्शन किये। इसमें महाकुम्भ के पलट प्रवाह और महाशिवरात्रि के अवसर पर आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या सर्वाधिक रही। वहीं नये साल का जश्न मनाने भी लाखों की संख्या में युवा काशी पहुंचे।

वाराणसी में भव्य काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के निर्माण और गंगा जी के घाटों और मंदिरों के जीर्णोद्धार के बाद काशी आने वाले पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। पर्यटन विभाग के अनुसार पिछले वर्ष 2025 में काशी में 7,26,76,780 पर्यटकों ने काशी के मनोरम घाटों और मंदिरों का दर्शन किया। इस आंकड़े में प्रयागराज महाकुंभ के 'पलट प्रवाह' के दौरान आए 2 करोड़ 87 लाख श्रद्धालुओं की संख्या भी शामिल है। जिन्होंने महाकुम्भ में त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान के बाद काशी विश्वनाथ के भी दर्शन किये। साथ ही महाशिवरात्रि पर्व और पवित्र सावन माह में काशी विश्वनाथ का दर्शन पूजन करने वालों की संख्या सर्वाधिक रही, जिसके लिए मंदिर प्रबंधन कमेटी और काशी प्रशासन ने विशेष इंतजाम किये थे।

सीएम योगी आदित्यनाथ के शासनकाल में उठी सांस्कृतिक पुनर्जागरण की लहर ने विशेष रूप से युवा पीढ़ी में धार्मिक स्थलों और तीर्थों के प्रति श्रद्धा में भी बढ़ोतरी की है। इसका जीवंत प्रमाण हमें नये साल के जश्न के अवसर पर काशी विश्वनाथ मंदिर और गंगा घाटों पर उमड़ी अपार भीड़ के रूप में देखने को मिला। जहां 24 दिसंबर 2025 से 01 जनवरी 2026 के दौरान 3075769 श्रद्धालुओं ने काशी विश्वनाथ के दर्शन किए। इस संबंध में काशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने विश्व भूषण मिश्र ने कहा कि सनातन संस्कृति उत्सव, उत्साह एवं उल्लास की आश्रयस्थली है। विश्व के समस्त उत्सव सनातन मान्यता में उत्कर्ष प्राप्त करते हैं।

उत्सवों में प्रायः लोक तात्कालिक सत्ता के आचरण को प्रतिबिंबित करता है। अतः स्वाभाविक ही है कि वर्तमान काल में प्रत्येक पर्व पर चाहे वह भारतीय हो अथवा पश्चिम का पर्व, सनातन आस्था के केंद्रों पर श्रद्धालुओं का प्रवाह अभूतपूर्व है। साथ ही सीएम योगी के प्रयासों से काशी, प्रयागराज और अयोध्या को जिस सैक्रेड ट्रायएंगल के रूप में विकसित किया जा रहा है, उससे इन तीर्थों में पर्यटकों की सख्यां में भारी मात्रा में वृद्धि दर्ज की जा रही है।

# हर परिवार को मिल रहीं सरकारी योजनाएं

विशेष संवाददाता (vol)

**जीरो पावर्टी अभियान**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में गरीबी उन्मूलन अब महज नीतिगत घोषणा नहीं रह गया है। राज्य में संचालित जीरो पावर्टी' मिशन ने प्रशासनिक इच्छाशक्ति, तकनीक और जमीनी सत्यापन को जोड़ते हुए एक सशक्त मॉडल प्रस्तुत किया है। इस अभियान का उद्देश्य स्पष्ट है, हर पात्र परिवार को योजनाओं से जोड़ा जाए। लखनऊ के गोसाईगंज में रहने वाले रामसागर, उर्मिला और रामू इसी का जीता जगता उदाहरण हैं, जिन्हें योजना के तहत मकान, पानी, सड़क, बिजली, राशन समेत अन्य मूलभूत सुविधाओं से लैस किया गया है।

प्रदेश भर में वंचितों को चिन्हित कर सरकार की विभिन्न योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। ये सभी लाभार्थी योगी सरकार की तारीफ करते नहीं थक रहे। इनका कहना है कि सरकार का जीरो पावर्टी मिशन केवल आर्थिक सहायता तक सीमित नहीं है, बल्कि भोजन, स्वास्थ्य, आवास, शिक्षा, जल, ऊर्जा और आजीविका से जुड़े समग्र समाधान का नाम है। यह अभियान उत्तर प्रदेश को समावेशी विकास और सामाजिक सुरक्षा के राष्ट्रीय मॉडल के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक निर्णायक पहल है। जीरो पावर्टी अभियान के प्रथम चरण में 8 प्रमुख योजनाओं के अंतर्गत पात्र परिवारों को शत-प्रतिशत डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर से जोड़ने का लक्ष्य तय किया गया। जिला स्तरीय रिपोर्ट के अनुसार राशन योजना में 97 प्रतिशत पात्र परिवारों तक लाभ पहुंच चुका है, जो खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। निराश्रित महिला पेंशन योजना में 87 प्रतिशत और दिव्यांग पेंशन में 62 प्रतिशत लाभार्थियों को आच्छादित किया गया है। वहीं पीएम/सीएम जन आरोग्य योजना के अंतर्गत 63 प्रतिशत पात्र परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा कवच मिला है।

वृद्धावस्था पेंशन, बीओसीडब्ल्यू श्रम कार्ड, किसान सम्मान निधि और पीएम/सीएम आवास योजना में पात्रता मानकों की जांच, डुप्लीकेट प्रविष्टियों की पहचान और डेटा शुद्धिकरण का काम तेजी से जारी है। सरकार का स्पष्ट रुख है कि सभी वास्तविक जरूरतमंद हर हाल में योजनाओं से जुड़ें। 15 अक्टूबर 2025 से शुरू हुए दूसरे चरण में 16 योजनाओं के अंतर्गत वंचित परिवारों का स्थलीय सत्यापन किया जा रहा है, जिसे 15 जनवरी तक पूरा किया जाना है। इस दौरान पीएम उज्ज्वला योजना, शौचालय सहायता योजना, जल जीवन मिशन के अलावा विद्युत कनेक्शन जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए पात्र लाभार्थियों के सत्यापन का कार्य पूरी रफ्तार से आगे बढ़ रहा है।

सर्वे में सामने आए तथ्यों के आधार पर महिलाओं को बड़े पैमाने पर आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूहों से जोड़ने की तैयारी है। वहीं शिक्षा के क्षेत्र में करीब 11 हजार बच्चों को पुनः नामांकन के माध्यम से शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सरकार ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 को योजनाओं की समीक्षा का मजबूत आधार बनाया है। हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों और सुझावों के विश्लेषण से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि नीतियां जमीनी जरूरतों के अनुरूप हों और किसी भी पात्र परिवार को वंचित न रहना पड़े।

# अप्रेजल समिति ने 10 निवेश प्रस्तावों को दी मंजूरी

लखनऊ। उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अपर मुख्य सचिव बीएल मीणा की अध्यक्षता और विशेष सचिव खाद्य प्रसंस्करण टीके शीबू की उपस्थिति में उप्र खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 के अंतर्गत शुक्रवार को अप्रेजल समिति की बैठक खाद्य प्रसंस्करण निदेशालय के सभाकक्ष में आयोजित की गयी। अप्रेजल समिति के समक्ष 12 प्रस्तावों को प्रस्तुत किया गया, जिसमें से 10 प्रस्तावो को अप्रेजल समिति द्वारा मंजूरी प्रदान करते हुए राज्य स्तरीय इम्पावर्ड कमेटी के समक्ष प्रस्तुत किये जाने की संस्तुति की गयी। इसमें सहारनपुर से दो, सीतापुर से एक, अम्बेडकरनगर से एक, शाहजहांपुर से एक, लखनऊ से एक, पीलिभीत से एक, अलीगढ़ से एक, बरेली से एक, मेरठ से एक प्रस्तावों का अप्रेजल समिति द्वारा अनुमोदन किया गया। समिति द्वारा पूर्व में स्वीकृत एवं पूर्णतः स्थापित इकाईयों यथा मेसर्स औरा एग्रोटेक प्रा.लि., गोरखपुर को कुक्कुट कैटिल फीड एवं जुपीटर फूड प्रोड्क्ट्स इण्डिया प्रा.लि. एटा को चिकोरी के प्रसंस्करण के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। निवेशकों से अपेक्षा की गयी कि स्थानीय कृषकों की आय मे इजाफा करने के लिए कृषकों व कृषकों के समूहों से ही कच्चे माल की आपूर्ति करने के लिए विशेष रूप से प्राथमिकता दी जाय। स्थानीय कृषकों से रा-मटेरियल क्रय करने की आवश्यकता पर विशेष रूप से बल दिया गया। निवेशकों से यह भी अपेक्षा की गयी कि कि स्वदेशी अपनाओ की सरकार की मंशा के अनुरूप खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना मे भारत में ही निर्मित मशीनों के क्रय करने व प्रयोग करने पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाय। खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना में महिलाओं को आगे आने व प्रसंस्करण इकाइयों के सोलराइजेशन की आवश्यकता पर बल दिया गया, इसमे देय सब्सिडी का भी उल्लेख किया गया।

# एमकेएसवाई के तहत करीब 10 करोड़ की धनराशि स्वीकृत

लखनऊ। ग्राम्य विकास विभाग को शासन की ओर से महिला किसान सशक्तिकरण परियोजना (एमकेएसवाई) के तहत अनुदान सं.- 83 में वित्तीय वर्ष 2025-26 में एसएनए स्पर्श प्रणाली पर भारत सरकार द्वारा जारी केन्द्रांश धनराशि की मदर सेक्शन के सापेक्ष राज्यांश की धनराशि कुल मिलाकर रू. 9 करोड़ 99 लाख 60 हजार की धनराशि की स्वीकृति प्रदान की गयी है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में महिला किसान सशक्तिकरण परियोजनान्तर्गत एसएनए स्पर्श माडयूल के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा स्वीकृत मदर सैक्शन के सापेक्ष अनुदान सं.-83 (अनु. जाति मद) मानक मद-27 सब्सिडी के अंतर्गत केन्द्रांश की धनराशि रू. 59976000/- के सापेक्ष राज्यांश की धनराशि रू0 39984000/- इस प्रकार कुल धनराशि रू. 99960000/- (रू. नौ करोड़ निन्यानबे लाख साठ हजार मात्र) को अवमुक्त कर आयुक्त, ग्राम्य विकास के निवर्तन पर रखे जाने एवं व्यय किये जाने की स्वीकृति निर्धारित शर्तों एवं प्रतिबंधों के अधीन प्रदान की गयी है। इस सम्बन्ध मे आवश्यक शासनादेश ग्राम्य विकास विभाग द्वारा निर्गत कर दिया गया है। उप मुख्यमंत्री द्वारा सम्बन्धित अधिकारियो को निर्देशित किया गया है कि स्वीकृत धनराशि का व्यय निर्धारित दिशा निर्देशों व गाइड लाइन के अनुरूप समय से किया जाय, इसमे किसी प्रकार की शिथिलिता क्षम्य नहीं होगी। जारी शासनादेश मे कहा गया है कि धनराशि का कोषागार से आहरण एकमुश्त न करते हुए आवश्यकतानुसार चरणों में किया जायेगा। धनराशि का आहरण एवं व्यय योजना विषयक गाइड लाइन/दिशा निर्देश तथा इस संबंध में समय-समय पर निर्गत दिशा-निदेर्शों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जाएगा।

# भाजपा ने विधायक प्रो. श्याम बिहारी लाल के निधन पर जताया शोक

लखनऊ। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी व प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने भाजपा विधायक प्रोफेसर श्याम बिहारी लाल के असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान देने की प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की है।

# देश का उभरता दूरसंचार पावरहाउस बन रहा उत्तर प्रदेश

विशेष संवाददाता (vol)



- मोबाइल कनेक्टिविटी में पूर्व और पश्चिम बने उपभोक्ता गतिविधि के प्रमुख केंद्र
- नवंबर 2025 में यूपी पूर्व में 1.97 मिलियन और पश्चिम में 1.35 मिलियन पोर्टिंग अनुरोध दर्ज

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में दूरसंचार क्षेत्र की तेजी से प्रगति हो रही है। प्रदेश में मोबाइल, ब्रॉडबैंड और फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस सेवाओं का विस्तार शहरी के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों में मजबूती से हो रहा है। इस विस्तार का सबसे बड़ा कारण सरकारी नीतिगत समर्थन और निजी निवेश है, जिससे प्रदेश में औद्योगिक और वाणिज्यिक क्षेत्र का त्वरित गति से दायरा बढ़ता जा रहा है। इसी का परिणाम है कि देश के अग्रणी दूरसंचार बाजारों में उत्तर प्रदेश का नाम प्रमुखता से शामिल है। सरकार के विकास मॉडल से प्रदेश के डिजिटल क्षेत्र को नया आयाम मिल रहा है।

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण के आंकड़ों के अनुसार नवंबर 2025 में देश भर में कुल वायरलेस मोबाइल उपभोक्ताओं की संख्या 1173.88 मिलियन रही। अक्टूबर 2025 में यह संख्या 1171.87 मिलियन था। इसमें उत्तर प्रदेश पूर्व और उत्तर प्रदेश पश्चिम दोनों लाइसेंस्ड सेवा क्षेत्रों की भागीदारी विशेष रही है। उपभोक्ता गतिविधि के लिहाज से उत्तर प्रदेश देश में अग्रणी बना हुआ है। नवंबर 2025 तक उत्तर प्रदेश पूर्व में 1.97 मिलियन और उत्तर प्रदेश पश्चिम में 1.35 मिलियन पोर्टिंग अनुरोध दर्ज किए गए हैं। यह आंकड़े यह दशार्ते हैं कि प्रदेश में मोबाइल सेवाओं की मांग अधिक है। फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस विशेष कर 5-जी आधारित सेवाओं में उत्तर प्रदेश की स्थिति लगातार मजबूत हो रही है।

नवंबर 2025 के अंत तक देश में कुल 5-जी एफडब्ल्यूए उपभोक्ताओं की संख्या 10.41 मिलियन दर्ज की गई है। इसमें उत्तर प्रदेश पूर्व में 0.79 मिलियन और उत्तर प्रदेश पश्चिम में 0.62 मिलियन उपभोक्ता शामिल हैं। केवल एक महीने के भीतर इन दोनों क्षेत्रों में हजारों नए उपभोक्ताओं का जुड़ना यह संकेत देता है कि सरकार की डिजिटल कनेक्टिविटी नीति का लाभ आम नागरिकों तक पहुंच रहा है। दूर-दराज के गांवों में भी हाई स्पीड इंटरनेट की उपलब्धता शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के नए अवसर खोल रही है।

वायरलाइन सेवाओं के क्षेत्र में भी उत्तर प्रदेश ने स्थिर वृद्धि दर्ज की है। नवंबर 2025 के अंत तक देश में कुल वायरलाइन उपभोक्ताओं की संख्या 47.05 मिलियन रही। उत्तर प्रदेश में सरकारी कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों, औद्योगिक इकाइयों और शहरी आवासीय क्षेत्रों में वायरलाइन कनेक्शन की मांग बनी हुई है। योगी सरकार द्वारा ई-गवर्नेंस सेवाओं को व्यापक रूप से लागू किए जाने से विश्वसनीय और सुरक्षित कनेक्टिविटी की आवश्यकता बढ़ी है जिससे वायरलाइन नेटवर्क को मजबूती मिली है। सक्रिय मोबाइल उपभोक्ताओं के मामले में भी प्रदेश की स्थिति सशक्त बनी हुई है। अक्टूबर की तुलना में नवंबर 2025 तक में देश भर में कुल मोबाइल उपभोक्ताओं में से 1090.91 मिलियन उपभोक्ता सक्रिय पाए गए।

ऑनलाइन सरकारी सेवाएं, डिजिटल भुगतान, ई-शिक्षा और टेली मेडिसिन जैसे क्षेत्रों में मोबाइल नेटवर्क की भूमिका लगातार बढ़ रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को आर्थिक विकास का प्रमुख माध्यम बनाया है। ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क का विस्तार, मोबाइल टावरों की संख्या में वृद्धि और 5-जी तकनीक को बढ़ावा देने से उत्तर प्रदेश में निवेश और रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं।

# कांग्रेस ने कटे वोटों की मानीटरिंग के लिए बनायी कमेटी

लखनऊ। एसआईआर की डिलीटेड लिस्ट की मॉनिटरिंग के लिए प्रदेश के प्रत्येक जिले में जिला/शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों के सहयोग में वरिष्ठ नेताओं की कमेटी का गठन किया गया है जोकि एसआईआर की गतिविधियों एवं कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन कर काटे हुए नामों का भौतिक सत्यापन और यह सुनिश्चित करेंगे जैसे कि कोई भी वैध मतदाता का नाम न कटे और फर्जी कोई नाम न जुड़ सके। इस विषय पर अपना वक्तव्य जारी करते हुए हुए कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि संविधान ने देश के आम आदमी को सबसे मजबूत अस्त्र वोट का अधिकार दिया है और पिछले दिनों हमारे नेता राहुल गांधी ने तथ्यात्मक आंकडों के साथ साबित किया है कि भाजपा और चुनाव आयोग के नापाक गठजोड़ से बिहार, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, हरियाणा में वोट चोरी हुई।

# बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने में जुटे कार्यकर्ता

## सपा अध्यक्ष ने नववर्ष की बधाई देने आये नेताओं और कार्यकर्ताओं को दिया संदेश

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से नए वर्ष के दूसरे दिन भी उत्साह पूर्ण माहौल में पार्टी के प्रदेश मुख्यालय पर सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता और नेताओं ने मिलकर नववर्ष 2026 की बधाई दी। नेताओं, कार्यकर्ताओं, अधिकारियों विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने अखिलेश यादव को पुष्पगुच्छ और बुके भेंट किया। अखिलेश यादव ने सभी का अभिवादन स्वीकार करते हुए नए साल की शुभकामनाएं दी।

अखिलेश यादव ने कार्यकर्ताओं और नेताओं से कहा कि वे बूथ स्तर पर पार्टी को और मजबूत करने में जुट जायें। मतदाता सूची को लेकर हो रहे एसआईआर पर पूरी नजर रखे। जिन लोगों का नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं हो पाया हो उन्हें शामिल करायें। सभी लोग सतर्क और सावधान रहें। जिस समय मुख्यमंत्री ने कहा था कि चार करोड़ वोट कट गये हैं, उसी समय उन्होंने अधिकारियों को बेईमानी करने का संदेश दिया था। उन्होंने कहा कि इस समय जिस तरह के डेटा और आंकड़े आये हैं, उसमें चुनाव आयोग और अधिकारियों को अपनी क्रेडिबिलटी साबित करनी है। हमें उम्मीद है चुनाव आयोग, मैपिंग एप और जो कम्पनियां चुनाव आयोग का तकनीकी रूप से मदद कर रही हैं, वह निष्पक्ष होंगी। उन्होंने कहा कि अगर मतदाताओं की संख्या के आंकड़ों में फर्क आता है राज्य निर्वाचन आयोग के आंकड़े दूसरे हैं और केंद्रीय निर्वाचन आयोग के आंकड़े दूसरे हैं तो एसआईआर का क्या मतलब रह गया। कहीं ऐसा तो नहीं कि मुख्यमंत्री के इशारे के बाद बेईमानी करने की तैयारी हो रही हो।यादव ने कहा कि भाजपा बेईमान पार्टी है।

भाजपा हर स्तर पर बेईमानी और भ्रष्टाचार करती है। सपा के कार्यकर्ता और पीडीए प्रहरी एसआईआर और मतदाता सूची पर पूरी नजर रखें। भाजपा सरकार से हर वर्ग परेशान है। किसान, नौजवान, महिलाएं त्रस्त हैं। भाजपा सरकार ने सभी को धोखा दिया है। वह झूठे वादे करती है। भाजपा सरकार में किसानों को समय पर खाद, बीज नहीं मिलता है। किसानों की फसलों को उचित मूल्य नहीं मिल रहा है। नौजवानों के लिए नौकरी रोजगार नहीं है।

# ट्रैफिक जागरूकता से इस साल कम हुए 4 लाख चालान

## वर्ष 2024 के 17,58,930 की तुलना में वर्ष 2025 में 13,78,919 मामले हुए दर्ज

विशेष संवाददाता (vol)



- सीसीटीवी कैमरों और डिजिटल निगरानी से होगी सघन चेकिंग और जागरूकता अभियान

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में परिवहन विभाग ने वर्ष भर सड़क सुरक्षा और ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूकता अभियान चलाये, उसी का परिणाम है कि पिछले साल की तुलना में वर्ष 2025 में लगभग चार लाख चालान कम दर्ज किए गये हैं। जो लोगों में सड़क सुरक्षा और ट्रैफिक रूल के प्रति बढ़ती जागरूकता को दर्शाता है। परिवहन विभाग के अधिकारियों ने हाल ही में सम्पन्न हुई समीक्षा बैठक में बताया कि विभाग ने वर्ष 2024 के 17,58,930 चालानों के मुकाबले वर्ष 2025 में 13,78,919 चालान दर्ज किये हैं। जिसके आधार पर लगभग 454.49 करोड़ रुपये वसूले किये गये हैं। इसी क्रम में परिवहन विभाग वर्ष 2026 में डिजिटल निगरानी और जागरूकता अभियान चलाएगा, जिसकी शुरूआत जनवरी माह में चलाए जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के साथ हो रही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के मुताबिक यूपी परिवहन विभाग ने सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से समय-समय पर जागरूकता अभियान चलाये और ट्रैफिक नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया। परिणाम स्वरूप ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन के अपेक्षाकृत कम मामले दर्ज किए गये हैं। इसके बारे में विस्तृत रिपोर्ट पेश करते हुए विभाग के अधिकारियों ने समीक्षा बैठक में बताया कि वर्ष 2025 में सबसे ज्याद चालान 6,32,901 हेलमेट न पहनने के मामले में दर्ज हुए। इसी तरह 14,535 ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित किए गए और सीटबेल्ट उल्लंघन के मामलों में 1,33,189 चलान हुए हैं।

जबकि ओवरस्पीडिंग के पिछले वर्ष के 7,77,897 मामलों की तुलना में इस वर्ष 3,30,171 मामलों में चालान के साथ उल्लेखनीय कमी भी दर्ज की गई है। वहीं ड्रिंक एंड ड्राइव के 3,611 मामले और रॉन्ग साइड चलाने वालों से 56,079 चालान वसूले गये हैं। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि व्यवसायिक वाहनों की प्रवर्तन कार्यवाही के मामालों में ओवरलोडिंग के 54,923 मामले दर्ज हुए हैं, जबकि गलत नंबर प्लेट के 11,892 और माल वाहन से यात्री ढोने के 1,226 चालान वसूले गये। वहीं कमर्शियल वाहनों में स्पीड लिमिट डिवाइस न लगाने के 20,431 मामले दर्ज किए गये। विभाग की ओर से चलाए गये विशेष चेकिंग अभियानो के जरिये अप्रैल माह में अपंजीकृत ई-रिक्शा के खिलाफ 36,773 और अंतर्जनपदीय ओवरलोड मालवाहकों पर 1,786 मामले दर्ज किये गये। मई माह में अनधिकृत यात्री वाहनों पर 2,218 और जून माह में निजी वाहनों के वाणिज्यिक उपयोग पर 1,821 चालान दर्ज किये गये। सितंबर में अन्य राज्यों के उल्लंघनकारी वाहनों पर 6,832 और अक्टूबर में बिना नंबर प्लेट के डम्पर-ट्रक पर 5,073 चालान दर्ज हुए हैं। परिवहन विभाग के अधिकारी ने बैठक में बताया कि वर्ष 2026 में विभाग प्रदेश में सड़क दुर्घटना में कमी लाने और ट्रैफिक रूल के पालन को सुनिश्चित करने के लिए डिजिटल निगरानी और जागरूकता अभियानों को और तेज करेगा। जिसकी शुरूआत 01 जनवरी से शुरू हो रहे, राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के साथ की जा रही है। इसके दौरान परिवहन विभाग, पुलिस, लोक निर्माण, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा और सूचना विभाग के साथ मिलकर प्रदेशव्यापी सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के साथ सघन चेकिंग अभियान भी चलाएगा। मोटरसाइकिल चालकों में जागरूकता बढ़ाने के लिए पूरे माह नो हेल्मेट नो फ्यूल का भी अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही प्रदेश के चिन्हित ब्लैक स्पॉट और हाई रिस्क जोन में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। वहीं सूचना के सहयोग से सड़क सुरक्षा और जागरूकता का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है साथ ही स्कूल-कालेजों में जागरूकता अभियान चलाए जाएगें।

# शीतलहर व घने कोहरे से जनजीवन अस्त-व्यस्त

## सर्द पछुआ से गिरा पारा तो बढ़ी गलन, छह डिग्री तक गिरावट

विशेष संवाददाता (vol)







**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में भीषण शीतलहर और घने कोहरे ने जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। राजधानी सहित प्रदेश के अधिकांश जिलों में हाड़ कंपा देने वाली ठंड पड़ रही है, वहीं सुबह और रात के समय घने कोहरे के कारण दृश्यता बेहद कम बनी हुई है।

मौसम की इन प्रतिकूल परिस्थितियों को देखते हुए प्रदेश सरकार ने एक बार फिर एहतियाती कदम उठाया है। विक्षोभ के कमजोर पड़ते ही सर्द पछुआ की वजह से शुक्रवार को दिन में प्रदेश के कई जिलों में कड़ाके की ठंड पड़ी। कोहरे के प्रकोप और दिन में 10 से 15 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गलन भरी पछुआ ने लोगों की परेशानी बढ़ाई। शुक्रवार को 6 डिग्री न्यूनतम तापमान के साथ बाराबंकी और हरदोई प्रदेश में सबसे ठंडे रहे। वहीं 13.3 डिग्री के साथ बरेली में सबसे ठंडा दिन रहा। लखनऊ में अधिकतम तापमान 14.6 डिग्री व न्यूनतम तापमान 8.6 डिग्री दर्ज किया गया। घने कोहरे की वजह से कानपुर, आगरा, गोरखपुर, अमेठी आदि में सुबह दृश्यता शून्य हो गई।

मौसम विभाग का कहना है कि पहाड़ों से आ रही पछुआ के असर से प्रदेश भर में अगले तीन दिनों में दिन व रात के तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आएगी। शनिवार के लिए तराई और पूर्वी-दक्षिणी यूपी के 34 जिलों में घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं राजधानी समेत प्रदेश के आठ जिलों में शीत दिवस होने की आशंका जताई गई है। वरिष्ठ मौसम विज्ञानी डा. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि यूपी में शुक्रवार को विक्षोभ के कमजोर पड़ने और सर्द पछुआ के असर से अब रातों में पारा गिरना शुरू होगा। अगले तीन दिनों में दिन व रात के तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आएगी। बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, भदोही, गाजीपुर, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर में घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, कानपुर नगर, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी में शीत दिवस की चेतावनी है।

# डबल डेकर बस से पर्यटकों को कराया जायेगा लखनऊ हेरिटेज टूर

- सुबह व शाम दो शिफ्टों में पर्यटक उठा सकेगें यात्रा का लुफ्त

**लखनऊ।** शहर में डबल डेकर ई-बस के माध्यम से लखनऊ दर्शन टूर का संचालन शुरू होगा। डबल डेकर ई-बस की प्रस्तावित दो शिफ्ट रहेगीं, जिसमें प्रातः 08:30 बजे से 11:30 बजे तक व सांय 04:00 बजे से सांय 07:00 बजे तक डबल डेकर ई-बस के माध्यम से पर्यटकों को लखनऊ दर्शन टूर कराया जायेगा। मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने बताया कि डबल डेकर ई-बस में ड्राइवर सहित 66 पर्यटक एक साथ लखनऊ दर्शन टूर कर सकेंगे। जिसके लिये शनिवार को डबल डेकर ई-बस का मॉक ट्राइल भी कराया जाएगा।

मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता में टूर के सफल एवं सुचारु संचालन के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस अवसर पर एमडी यूपी स्टेट टूरिजम, सचिव लखनऊ विकास प्राधिकरण, अपर नगर आयुक्त, परिवहन विभाग, पर्यटन विभाग सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक में टूर के संभावित रूट, समय-सारिणी, टिकट व्यवस्था, सुरक्षा मानकों, यात्री सुविधाओं, प्रचार-प्रसार रणनीति तथा विभिन्न विभागों के बीच समन्वय पर विस्तार से चर्चा की गई। मण्डलायुक्त ने निर्देशित किया कि डबल डेकर ई-बस में यात्रियों की सुविधा के लिए अनुभवी गाइड, स्वच्छता, बैठने की उचित व्यवस्था तथा आपातकालीन सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए जाएं। मण्डलायुक्त ने डबल डेकर ई-बस संचालन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये जिसमें उन्होंने आवासीय क्षेत्रों में पिकअप एवं ड्रॉप पॉइंट्स पर समुचित प्रकाश व्यवस्था एवं स्वच्छता सुनिश्चित करने तथा पर्याप्त पार्किंग की व्यवस्था करने के निर्देश लखनऊ विकास प्राधिकरण व नगर निगम को दिए। उन्होंने यूपी स्टेट टूरिजम को निर्देशित किया कि बसों की उपलब्धता, पार्किंग एवं चार्जिंग सुविधा, चालक एवं किराया वसूली एजेंट की व्यवस्था सुनिश्चित करें। साथ ही उत्तर प्रदेश मोटर वाहन नियमों के अनुरूप वाहनों का नियमित रखरखाव, फिटनेस प्रमाणन, प्रदूषण जांच एवं बीमा सुनिश्चित किया जाये। जिससे यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा एवं सुव्यवस्थित परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित हो सके।

# यूपी में 21 आईएएस अधिकारियों के तबादले

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नए साल पर यूपी में बड़े स्तर पर प्रशासनिक फेरबदल किए गए हैं जिसके तहत प्रदेश में 21 आईएएस अधिकारियों की जिम्मेदारी में परिवर्तन किया गया है इनमें सचिव से प्रमुख सचिव बने दो अधिकारियों को नई जिम्मेदारी दी गई है, वहीं दो विशेष सचिव से सचिव बने अफसरों को भी नई तैनाती मिली है। अधिकारियों के तबादले की सूची गुरुवार को देर रात जारी की गई।

सूची के अनुसार सचिव से प्रमुख सचिव बनने वाली अपर्णा यू अब प्रमुख सचिव राजस्व बनाया गया है। इससे पहले वो सचिव चिकित्सा शिक्षा एवं महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा का पद सँभाल रही थी, वहीं एसवीएस रंगाराव को उत्तर प्रदेश पुनर्गठन समन्वय राष्ट्रीय एकीकरण तथा सामान्य प्रशासन प्रमुख सचिव की जिम्मेदारी दी गई है। आईएएस अधिकारी नेहा शर्मा को महानिरीक्षक निबंधक, मोनिका रानी को महानिदेशक स्कूल शिक्षा बनाया गया है। योगेश कुमार प्रभारी आयुक्त एवं निबंधक सहकारी समितियां से आयुक्त एवं निबंधक सहकारिता में तैनात किए गए हैं। आईएएस सारिका मोहन को सचिव वित्त विभाग से सचिव चिकित्सा शिक्षा की जिम्मेदारी दी गई है। आईएएस नवीन कुमार जीएस को सदस्य न्यायिक राजस्व परिषद, भवानी सिंह खंगारौत को विशेष सचिव राजस्व विभाग से सचिव वित्त विभाग बनाया गया है। अरुण प्रकाश को विशेष सचिव नगर विकास से विशेष सचिव राजस्व विभाग की जिम्मेदारी की गई है. रवींद्र कुमार को सचिव नगर विकास विभाग बनाया गया है। दिव्य प्रकाश गिरि को सचिव लोक निर्माण विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। कृष्ण कुमार को सचिव सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, सुधा वर्मा सचिव राजस्व विभाग, रेणु तिवारी विशेष सचिव महिला कल्याण, राजेंद्र सिंह को विशेष सचिव समाज कल्याण के साथ सचिव एससी/एसटी आयोग का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। संजीव सिंह को विशेष सचिव वित्त विभाग से निदेशक समाज कल्याण विभाग दिया गया है।

उमेश प्रताप सिंह विशेष सचिव पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के साथ प्रबंध निदेशक पिछड़ा वर्ग वित्त विभाग बनाया गया है, श्री कुमार प्रशांत को सचिव गृह विभाग, संदीप कौर से सचिव वित्त विभाग में भेजा गया है। सभी अधिकारियों को तत्काल नया पदभार संभालने के निर्देश दिए गए हैं।

# जीपीएस युक्त वाहनों के प्रयोग से यूपी में खाद्यान्न उठान में बढ़ी पारदर्शिता

विशेष संवाददाता (vol)

- डोर स्टेप डिलीवरी से खाद्यान्न चोरी पर निर्णायक वार, जन वितरण प्रणाली में खत्म हुई कालाबाजारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में जनवितरण प्रणाली के अंतर्गत खाद्यान्न को चोरी, लीकेज और गड़बड़ी से मुक्त करने की दिशा में जीपीएस आधारित ट्रैकिंग सिस्टम एक गेम चेंजर बनकर उभरा है। 5 हजार से अधिक वाहनों के माध्यम से अनाज डिपो से उचित दर विक्रेताओं की दुकानों तक खाद्यान्न की आवाजाही अब पूरी तरह डिजिटल निगरानी में है। सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी व्यवस्था और जीपीएस ट्रैकिंग की वजह से खाद्यान्न की एक-एक बोरी पर नजर रखी जा रही है, जिससे चोरी और कालाबाजारी पर रोक लगी है।

प्रदेश में खाद्यान्न के उठान कार्यों में लगे 5000 से अधिक वाहनों में जीपीएस डिवाइस इंस्टाल की जा चुकी है। इससे भारतीय खाद्य निगम के डिपो से उचित दर दुकानों तक होने वाला पूरा परिवहन रियल टाइम ट्रैक किया जा रहा है। वाहन कहां से चला, कहां रुका और तय समय में गंतव्य तक पहुंचा या नहीं, हर जानकारी कंट्रोल सिस्टम में दर्ज हो रही है। इसका सीधा असर यह हुआ है कि रास्ते में खाद्यान्न की हेराफेरी, डायवर्जन और कालाबाजारी लगभग समाप्त हो गई है। खरीफ विपणन सत्र 2025-26 में धान खरीद के दौरान भी जीपीएस ट्रैकिंग व्यवस्था को अनिवार्य किया गया है। प्रदेश के सभी जनपदों में क्रय केन्द्रों से राइस मिलों तक धान परिवहन में प्रयुक्त 3773 वाहनों में जीपीएस डिवाइस इंस्टाल की गई है। इसके अलावा मोटे अनाज मक्का, ज्वार और बाजरा के परिवहन के लिए 1428 वाहनों को भी जीपीएस से जोड़ा गया है। इससे सरकारी खरीद से लेकर भंडारण डिपो तक की पूरी सप्लाई चेन पारदर्शी हो गई है। प्रदेश में ब्लॉक गोदामों की व्यवस्था समाप्त कर सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी मॉडल लागू किया गया है। इसके तहत भारतीय खाद्य निगम के डिपो से सीधे उचित दर विक्रेताओं की दुकानों तक खाद्यान्न पहुंचाया जा रहा है। यह पूरा कार्य ई-टेंडर के माध्यम से नियुक्त ठेकेदारों से कराया जा रहा है जिससे मानवीय हस्तक्षेप कम हुआ है और जवाबदेही तय हुई है। जीपीएस ट्रैकिंग के साथ यह मॉडल जनवितरण प्रणाली में पारदर्शिता की रीढ़ बन गया है। प्रदेश में चयनित लाभार्थियों को वित्तीय वर्ष 2025-26 में अभी तक कुल 8.03 लाख मीट्रिक टन खाद्यान्न और मोटे अनाजों का आवंटन किया गया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में अंत्योदय लाभार्थियों हेतु 36850.35 मीट्रिक टन चीनी का आवंटन किया जा चुका है। जीपीएस ट्रैकिंग व्यवस्था के कारण यह सुनिश्चित हो रहा है कि यह खाद्यान्न बिना चोरी, बिना कटौती और सही समय पर लाभार्थियों तक पहुंचे। योगी आदित्यनाथ सरकार का स्पष्ट संदेश है कि सरकारी खाद्यान्न अब रास्ते में गायब नहीं होगा। तकनीक के सहारे निगरानी, जवाबदेही और पारदर्शिता ने यह साबित कर दिया है कि मजबूत इच्छाशक्ति और स्मार्ट सिस्टम से खाद्यान्न चोरी जैसे पुराने संकट को भी जड़ से खत्म किया जा सकता है।

# कनौसी में 47 करोड़ की कीमती 7 बीघा सरकारी जमीन खाली करायी

**लखनऊ।** नगर निगम ने शुक्रवार को ग्राम कनौसी में कोर्ट के आदेश पर तहसील सदर प्रशासन के साथ संयुक्त रूप से मौके पर सरकारी भूमि से अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान प्रभारी अधिकारी (सम्पत्ति) रामेश्वर प्रसाद एवं तहसीलदार नगर निगम अरविन्द पाण्डेय की उपस्थिति में ग्राम कनौसी स्थित खसरा संख्या-1990 की कुल 07 बीघा (लगभग 1.120 हेक्टेयर) सरकारी भूमि को अवैध कब्जे से खाली कराया गया। संपत्ति प्रभारी ने बताया कि कुछ लोगों ने अस्थायी रूप से अवैध कब्जा किया था। न्यायालय के आदेश के क्रम में उक्त भूमि को जेसीबी मशीन की सहायता से अतिक्रमणमुक्त कराया गया। कार्रवाई के दौरान किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न नहीं हुई और संपूर्ण प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से पूरी की गई। इस मौके पर तहसील सदर की टीम ने अभिलेखों के आधार पर भूमि की पहचान कराई। अधिकारियों ने बताया कि अतिक्रमण हटाए जाने के पश्चात सरकारी भूमि को सुरक्षित कर लिया गया है तथा आगे किसी भी प्रकार के अवैध कब्जे की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए आवश्यक निर्देश संबंधित विभागों को दिए गए हैं।

# डिजिटल अरेस्ट के प्रति जागरूक कर रही नाना पाटेकर की लघु फिल्म

**लखनऊ।** डिजिटल अरेस्ट के बढ़ते मामलों को देखते हुए पुलिस ने लोगों को जागरूक करने के लिए जो लघु फिल्म बनाई है, वह इंटरनेट मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर खूब प्रसारित हो रही है। यूट्यूब पर सिने स्टार नाना पाटेकर अभिनीत लघु फिल्म को 24 घंटे में तीन लाख लोगों ने देखा। इसके अलावा पहले दिन एक्स पर 72 हजार, इंस्टाग्राम पर 13 हजार व फेसबुक पर साढ़े पांच हजार से अधिक लोगों ने लघु फिल्म को देखा। डीजीपी राजीव कृष्ण ने कहा कि डिजिटल अरेस्ट के मामलों के प्रति जागरूकता एक बड़ा हथियार है। लोग सावधान रहें और साइबर अपराधियों के झांसे में न आए।

# प्रमुख सचिव नगर विकास ने परखी योजनाओं की हकीकत

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** प्रमुख सचिव नगर विकास, पी गुरू प्रसाद ने राज्य नगरीय विकास अभिकरण सूडा की ओर से संचालित समस्त योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में प्रमुख सचिव नगर विकास ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 1.0 एवं प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के सफल क्रियान्वयन में उत्तर प्रदेश ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 1.0 में 17 लाख से अधिक आवास पात्रों को दिए हैं। योजना के प्रथम चरण में लम्बित 64 हजार से अधिक आवासों को जल्द से जल्द तय समय सीमा में पूरा किया जाए। इसके साथ ही प्रमुख सचिव नगर विकास ने प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 की प्रगति का हाल भी जाना। निदेशक सूडा ने बताया कि प्रदेश में अब तक प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के अंतर्गत यूनिफाइड वेबपोर्टल के माध्यम से 23 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से चार लाख से अधिक आवेदनों के सत्यापन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। प्रमुख सचिव नगर विकास ने कहा प्रदेश के सभी स्थानीय शासी निकायों की आबादी के अनुरूप आवेदनों की संख्या के प्रतिशत का भी ध्यान रखा जाए। प्रमुख सचिव ने प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 में अब तक संपन्न हुई पांच सीएसएमसी की बैठकों में स्वीकृत आवासों का आंकड़ा भी जाना। प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 1.0 के घटक एएचपी यानी किफायती दर पर आवास की प्रगति की समीक्षा भी की। जिन स्थानों पर एएचपी की प्रगति की गति धीमी है वहां पर प्राधिकरण व निजी डेवलपर्स के साथ ही नगर निगम व हाउसिंग बोर्ड से समन्वय बनाकर प्रोजेक्ट को त्वरित गति से पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। लाइट हाउस प्रोजेक्ट यानी एलएचपी की प्रगति की समीक्षा करते हुए प्रमुख सचिव ने कहा कि जल्द से जल्द अवशेष कार्य पूरे कर लिए जाए। एलएचपी में सोलर पैनल लगाने सहित फनिशिंग आदि के जो भी कार्य अपूर्ण हैं उनको पूरा किया जाए। प्रमुख सचिव नगर विकास ने प्रधानमंत्री स्वनिधि के प्रथम व द्वितीय चरण की प्रगति का भी हाल जाना। इसके साथ पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लखनऊ, आगरा व वाराणसी में संचालित होने वाली दीन दयाल जन आजीविका योजना-शहरी की प्रगति का भी हाल जाना। उक्त योजना के माध्यम से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के जीवन में आ रहे सकारात्मक परिवर्तनों को भी जाना। इसके साथ ही डे-एनयूएलएम के अंतर्गत प्रदेश के चालीस जनपदों में संचालित होने वाली 50 शक्ति रसोई की प्रगति का हाल भी जाना। प्रमुख सचिव नगर विकास ने कहा कि शक्ति रसोई का संचालन एयरपोर्ट व मेट्रो स्टेशनों पर किया जाए तो यह इसकी ख्याति को और भी बढ़ा सकता है। निदेशक सूडा ने प्रमुख सचिव को अवगत कराया कि इस दिशा सूडा की ओर से संबंधित विभागों से पत्राचार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित व मलिन बस्ती योजना की समीक्षा करते हुए प्रमुख सचिव ने कहा कि विकास कार्यों में हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनपद स्तर पर टेंडर की व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के साथ ही यह भी ध्यान रखना आवश्यक है कि विकास कार्य निश्चित समय सीमा में पूरे किए जाएं। उक्त समीक्षा बैठक में निदेशक सूडा ने प्रमुख सचिव नगर विकास के सम्मुख विभाग में रिक्त पड़े पदों के कारण योजनाओं के क्रियान्वयन में हो रहे विलम्ब के विषय में भी अवगत कराया। प्रमुख सचिव ने जल्द इस समस्या के प्रभावी निस्तारण का आवश्वासन दिया।

# बसन्तकुंज योजना में मेट्रो कास्टिंग यार्ड के लिए 12 हेक्टेयर जमीन देगा एलडीए

**लखनऊ।** मेट्रो के ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर के लिए अस्थायी कास्टिंग यार्ड बनेगा, जिसके लिए एलडीए 12.5 हेक्टेयर जमीन देगा। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने शुक्रवार को मेट्रो के अधिकारियों के साथ बैठक करके परियोजना के लिए दी जाने वाली प्राधिकरण व नजूल भूमि के प्रस्तावों की समीक्षा की।

एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि बसन्तकुंज योजना के सेक्टर-के में 6 हेक्टेयर और राष्ट्र प्रेरणा स्थल के लोकार्पण कार्यक्रम के लिए प्रबंध नगर योजना में निर्मित की गयी अस्थायी पार्किंग की 6.5 एकड़ भूमि चिन्हित की गयी है। जोकि, सहमति बनने पर मेट्रो के अस्थायी कास्टिंग यार्ड के लिए हस्तांतरित कर दी जाएगी। इसके अलावा मेट्रो डिपो के निर्माण के लिए बसन्तकुंज योजना के सेक्टर-ए के दक्षिणी भाग में लगभग 18 हेक्टेयर भूमि चिन्हित की गयी है। इसमें दुबग्गा मछली मंडी की जमीन भी आ रही है। जिसके एवज में आगरा एक्सप्रेस-वे पर प्रस्तावित वरूण विहार योजना में मछली मंडी के लिए उतनी ही जमीन दी जाएगी। बैठक में मेट्रो के अधिकारियों ने चौक, चारबाग, गौतम बुद्ध मार्ग समेत कुछ अन्य स्थानों पर भी भूमि उपलब्ध कराये जाने का अनुरोध किया।


## लखनऊ नगर निगम

लालबाग, टी.एन. रोड, लखनऊ–226001 (उ.प्र.)
ई–मेल : nnlko@up.nic.in

संख्या : 308/मु0अ0/2025–26
दिनांक : 02.01.2025

### अति अल्पकालिक निविदा सूचना

नगर निगम, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु दिनांक 09.01.2026 को मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 09.01.2026 तक अपरान्ह 2:00 बजे तक कार्यालय दिवस की अवधि में फार्म कीपर कार्यालय के अतिरिक्त, मुख्य अभियन्ता एवं मुख्य वित्त लेखाधिकारी कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है तथा नगर निगम की बेवसाइट lmc.up.nic.in से टेण्डर नोटिस डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र मण्डलायुक्त, महोदय लखनऊ के कार्यालय, जिलाधिकारी महोदय के कार्यालय एवं मुख्य अभियन्ता, नगर निगम, लखनऊ के कार्यालय में दिनांक 09.01.2026 को अपरान्ह 3:00 बजे तक रखे निविदा बॉक्स में डाली जा सकती है। प्राप्त निविदाओं को उसी तिथि को अपरान्ह 4:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। यदि निविदा तिथि को अवकाश होता हैं तो निविदा अगले कार्य दिवस को डाली एवं खोली जायेगी। किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। पेवर कार्य हेतु निविदादाता के पास स्वयं का कम्प्यूटराइज हाट मिक्स प्लांट एवं ब्राइवेटर रोलर होना आवश्यक है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | आगणन धनराशि (रू. में) | जमानत धनराशि (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 18% GST | कुल निविदा मूल्य GST सहित (रू. में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | भारतेन्दु हरिशचन्द्र वार्ड के अन्तर्गत पल्टन छावनी रैन बसेरे का अतिरिक्त मरम्मत, रंगाई-पुताई व उसके सामने नाली क्रासिंग का सुधार कार्य। | 669606.00 | 66961.00 | 7 दिवस | 670.00 | 121.00 | 790.00 |
| 2. | भारतेन्दु हरिशचन्द्र वार्ड के अन्तर्गत पल्टन छावनी एवं ताड़ीखाना रैन बसेरा में अतिरिक्त दीवान, ब्लॅकेट, गद्दा, पिलो, बेडशीट, पर्दा एवं बेन्च लगाने का कार्य। | 597000.00 | 59700.00 | 7 दिवस | 597.00 | 107.00 | 704.00 |
| 3. | विवेकानन्दपुरी वार्ड में उमराव हाता रैन बसेरा में अतिरिक्त बेड, गद्दा, कम्बल उपलध कराना एवं भवन में अन्य आवश्यक मरम्मत एवं अन्य कार्य। | 655402.00 | 65540.00 | 7 दिवस | 655.00 | 118.00 | 773.00 |

**शर्ते :– 01.** निविदा में प्रतिभाग हेतु नगर निगम में पंजीकृत होना आवश्यक नहीं है। न्यूनतम निविदा धारक को सफल होने पर नियमानुसार पंजीकरण कराना आवश्यक होगा। (आवेदक निविदादाता को शासनादेश सं0 3890/नौ-5-19-149 सा0/2019 दिनांक 20.09.2019 का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा) **02.** शासनादेश सं0-6738/23-7-06-176 (सा.)/06 दिनांक 31.01.2007 का पालन करते हुए रू. 40.00 लाख की धनराशि पर 10 प्रतिशत की दर से जमानत धनराशि निविदा के समय ही जमा करायी जायेगी। शासनादेश संख्या 692/23-07-2024 दिनांक 09.08.2024 के अनुसार यदि न्यूनतम निविदादाता की निविदित लागत, स्वीकृति (बी.ओ.क्यू.) लागत से 10 प्रतिशत से अधिक कम **(Below)** है तो 10 प्रतिशत से आधिक कमी **(Below)** के सापेक्ष 1 प्रतिशत प्रति प्रतिशत कम **(Below)** दर पर अतिरिक्त परफार्मेन्स सिक्योरिटी ली जायेगी जिसे ठेकेदार से अनुबन्ध गठन के समय जमा कराया जायेगा। अतिरिक्त परफारमेन्स सिक्योरिटी ऑनलाइन इन्टरनेट बैंकिग/**RTGS/NEFT/**डयूली प्लेज्ड **FDR/**बैंक गारण्टी के माध्यम से स्वीकार की जायेगी। **03** कार्य पूर्ण होने के 1 वर्ष की डिफेक्ट लायबिलिटि पीरियड के उपरान्त कार्य सन्तोषजनक पाये जाने पर ही जमानत धनराशि अवमुक्त किया जायेगा। **04.** 15 प्रतिशत से अधिक की न्यून दर की निविदाओं में अतिरिक्त परफारमेन्स सिक्योरिटी डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड पूर्ण होने एवं कार्य सन्तोषजनक पाये जाने पर के उपरान्त ही अवमुक्त की जायेगी। **05** किसी कार्य में एक से अधिक निविदादाताओं की एक समान दर पर सर्वन्यून निविदा प्राप्त होने पर इन निविदादाताओं के मध्य लाटरी के माध्यम से सफल निविदादाता का चयन किया जायेगा। **06** 15 प्रतिशत से अधिक न्यून निविदाओं की स्वीकृति के पूर्व सम्बन्धित निविदादाता द्वारा शपथ-पत्र पर गुणवत्तापरक कार्य करने हेतु अपनी कार्ययोजना/बारचार्ट निविदा समिति के समक्ष प्रस्तुत करना होगा एवं निविदा समिति द्वारा गुण दोष के आधार पर निविदा स्वीकृत/ अस्वीकृत पर निर्णय लिया जायेगा।

**मुख्य अभियन्ता**


# महापौर के निर्देश नहीं मान रहे अफसर, गलत गृहकर बढ़ाने पर चेताया

विशेष संवाददाता (vol)



समाधान दिवस में 76 शिकायतें

**लखनऊ।** महापौर सुषमा खर्कवाल के निर्देशों का नगर निगम के अफसरों पर कोई असर नहीं है। तीन महीने पहले समाधान दिवस में मेयर ने निर्देश दिए थे कि साल 2022 के पहले से गृहकर को पुनरीक्षित कर बढ़ाया नहीं जाएगा। इसके बाद भी भवन स्वामियों के गृहकर का बिल पीछे से बढ़ा कर भेज दिया गया। इससे सम्बंधित कई भवन स्वामी शुक्रवार को समाधान दिवस में शिकायत लेकर पहुंचे। यह लोग लगातार गृहकर जमा कर रहे थे और अब फिर उनका पीछे से गृहकर बढ़ा दिया गया। इस पर महापौर ने एक बार फिर नाराजगी जताई। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान नगर निगम के विभिन्न जोनों से गृहकर एवं जलकर से संबंधित कुल 76 आपत्तियां प्राप्त हुईं। इनमें गृहकर से संबंधित 60 तथा जलकल से संबंधित 16 आपत्तियां शामिल रहीं।

नगर निगम मुख्यालय के त्रिलोक नाथ सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में महापौर के साथ ही नगर आयुक्त गौरव कुमार और मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अशोक सिंह भी प्रमुख रूप से मौजूद रहे। जीआईएस सर्वेक्षण के उपरांत कर निर्धारण से संबंधित आपत्तियों पर मौके पर ही सुनवाई की गई और कई मामलों में राहत प्रदान की गई। अनिल कुमार गोबिल, जानकीपुरम सेक्टर-एफ का जीआईएस के अनुसार वार्षिक मूल्य 44,280 रुपये निर्धारित किया गया था, जिसे निस्तारण के पश्चात घटाकर 21,262 रुपये कर दिया गया। इसी प्रकार हुसैनाबाद निवासी गजन्फर नवाब के मामले में वार्षिक मूल्य 14,625 रुपये से घटाकर 11,025 रुपये निर्धारित किया गया। इसके अतिरिक्त पीर बुखारा क्षेत्र के श्री मोहम्मद हारून रिजवी का वार्षिक मूल्य 36,000 रुपये से घटाकर 21,600 रुपये किया गया। वृंदावन सेक्टर-8 निवासी राहुल सिंह रावत के मामले में जीआईएस के अनुसार 24,206 रुपये के स्थान पर 17,496 रुपये निर्धारित किया गया, जबकि विकास नगर सेक्टर-6 निवासी मीरा गुप्ता के मामले में 19,926 रुपये से घटाकर 7,128 रुपये वार्षिक मूल्य तय किया गया। जानकीपुरम द्वितीय वार्ड के राजेंद्र तिवारी ने बताया कि उनका गेस्ट हाउस छोटा है मगर उसका टैक्स बहुत ज्यादा 41 लाख रुपये बना दिया गया है। इसको सही कराने के लिए वह करीब बीस बार समाधान दिवस में आ चुके हैं मगर टैक्स सही नहीं किया गया। अब फिर ठीक करने का आश्वासन मिला है।

कल्याणपुर के अजीत यादव ने बताया कि उनका एक घर है मगर उसके बिल दो आ रहे हैं। एक पिता के नाम पर आ रहा है दूसरा मां के नाम पर जबकि पिता की मृत्यु हो चुकी है। मां के नाम पर जो बिल आ रहा है उसको वह जमा कर रहे हैं उसके बाद भी जो दूसरा बिल पिता के नाम पर है उसमें बकाया आ रहा है। संपूर्ण समाधान दिवस में आए ज्यादातर भवनस्वामियों को बढ़े गृहकर से राहत मिली। इनमें पीर बुखारा क्षेत्र के मोहम्मद हारून रिजवी के मकान का वार्षिक गृहकर मूल्यांकन जीआईएस सर्वे के बाद 20000 रुपये से बढ़कर 36,000 रुपये हो गया थो जो आपत्ति के बाद 21,600 रुपये किया गया। वृंदावन सेक्टर आठ निवासी राहुल सिंह रावत के घर का वार्षिक गृहकर मूल्यांकन जीआईएस सर्वे के बाद 13000 रुपये से बढ़कर 24,206 रुपये हो गया था। इसे जांच के बाद सही किया गया तो यह 17,496 रुपये हो गया। शिकायतों की सुनवाई के दौरान कई लोगों ने स्ट्रीट लाइटों को लगवाने और सड़क बनवाने की मांग की। गृहकर को मनमाने तरीके से बढ़ाए जाने को लेकर महापौर ने जोनल अफसरों और कर अधीक्षकों को फटकार भी लगाई। चेताया कि यदि जीआईएस सर्वे के बाद भी साल 2022 के पहले से ऐसे लोगों का गृहकर पुनरीक्षित कर बढ़ाया जो लगातार समय से जमा कर रहें तो फिर जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई की जाएगी। जोनवार प्राप्त आपत्तियों का विवरण इस प्रकार रहा–जोन-1 से 25, जोन-2 से 5, जोन-3 से 5, जोन-4 से 1, जोन-5 से कोई आपत्ति नहीं, जोन-6 से 11, जोन-7 से 11 तथा जोन-8 से 2 आपत्तियाँ प्राप्त हुईं।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108



# स्कूटी में टक्कर के बाद ई-रिक्शा पलटा, युवक की मौत




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पारा के हंसखेड़ा में शुक्रवार सुबह स्कूटी में टक्कर मार कर तेज रफ्तार ई-रिक्शा पलट गया। ई-रिक्शा के नीचे दबने से स्कूटी सवार 20 वर्षीय सचिन शर्मा की मौत हो गई। इंस्पेक्टर पारा सुरेश कुमार सिंह के मुताबिक, सचिन शर्मा मूल रूप से हरदोई के शाहाबाद के रहने वाले थे। उनके पिता सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि भाई यहां सोलर पैनल लगाने वाली कंपनी में काम करता था। काम के कारण दुबग्गा आम्रपाली योजना में किराए के मकान में रहता था। शुक्रवार सुबह स्कूटी से पारा के हंसखेड़ा में सोलर पैनल लगाने जा रहा था। सिंधी कॉलोनी के पास तेज रफ्तार ई-रिक्शा चालक ने टक्कर मार दी।

राहगीरों ने बताया कि ई-रिक्शा चालक शराब के नशे में था। टक्कर लगने से ई-रिक्शा सचिन के ऊपर पलट गया। उसके नीचे दबने से सचिन गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को लोकबंधु अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। छोटे बेटे की मौत से परिवार में मचा कोहराम मृतक के पिता सुरेंद्र की शाहाबाद में इलेक्ट्रॉनिक की दुकान है। बेटा सचिन इंटर पास करने के बाद इलेक्ट्रीशियन का कोर्स कर दुबग्गा के आम्रपाली योजना में चचेरे भाई अनूप के साथ रहकर सोलर पैनल लगाने का काम करता था। सचिन की हादसे में मौत से बहन दुर्गा, मीनू और भाई अनुज का रो रोकर बुरा हाल है। इंस्पेक्टर सुरेश सिंह ने बताया कि पिता ने मुकदमा दर्ज कराया है। हादसे में ई-रिक्शा चालक भी घायल हो गया था। ई-रिक्शा को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की गयी जान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नववर्ष की पूर्व सन्ध्या पर जहाँ देश नववर्ष की सुप्रभात के आगमन की कल्पना करके एक दूसरे को हृदय से नववर्ष की मंगलमय शुभकामनाएं दे रहे थे। वहीं युवक को पीछे से टक्कर मारकर अज्ञात वाहन चालक ने मौत के घाट उतार कर मृतक के घर में कोहराम मचा दिया।

सिकन्दरपुर बन्थरा निवासी गोविन्द कनौजिया द्वारा थाना बन्थरा को दी गयी तहरीर के अनुसार उसका 38 वर्षीय भाई राजेश कनौजिया बिजनौर में कार्य करके बुधवार की रात्रि 10.00 बजे अपनी मोटर साईकिल यूपी 32 जेजे 1146 से वापस अपने घर सिकन्दर पुर बन्थरा आ रहा था। जैसे ही कानपुर रोड़ स्थित अन्नपूर्णा होटल के निकट पहुँचा ही था कि पीछे से तीव्रगति से आ रहे, अज्ञात वाहन के चालक द्वारा जोरदार टक्कर मारने से आयीं गम्भीर चोटों से भाई राजेश कनौजिया की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गयी। पीड़ित की तहरीर पर बन्थरा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## ग्राम प्रहरी संदिग्ध गतिविधियों की सूचना दें : एसीपी

लखनऊ। निगोहां थाना परिसर में शुक्रवार को ग्राम प्रहरियों (चौकीदारों) की गोष्ठी व कंबल वितरण का आयोजन किया गया। गोष्ठी में एसीपी मोहनलालगंज विकास कुमार पांडेय ने कहा कि ग्राम प्रहरी गांव के स्तर पर प्रशासन की आंख और कान होते हैं। आगामी चुनाव को देखते हुए उन्होंने चौकीदारों से निष्पक्षता, सतर्कता और निष्ठा के साथ कार्य करने का आह्वान किया। एसीपी ने निर्देश दिए कि ग्राम प्रहरी अपने क्षेत्रों में सतत निगरानी रखें और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, गतिविधि या अफवाह की तत्काल सूचना थाना स्तर पर दें। साथ ही चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने, असामाजिक तत्वों व बाहरी व्यक्तियों पर विशेष नजर रखने पर जोर दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और भयमुक्त चुनाव कराना पुलिस प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिसमें ग्राम प्रहरियों की भूमिका अहम है। गोष्ठी के बाद भाजपा मंडल निगोहां अध्यक्ष ललित कुमार सिंह के जनसहयोग से ग्राम प्रहरियों व जरूरतमंद लोगों को कम्बल वितरित किए गए। गोष्ठी का संचालन थानाध्यक्ष निगोहां अनुज कुमार तिवारी ने किया।

## नवविवाहिता ने पति सहित ससुरालियों पर लगाया दहेज उत्पीड़न और हत्या के प्रयास का आरोप

लखनऊ। आलमबाग, आशियाना थाना इलाके में रहने वाली एक नवविवाहिता ने पति सहित ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न और हत्या के प्रयास का आरोप लगा नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। आशियाना थाना इलाके स्थित सेक्टर-आई, एलडीए कालोनी निवासी शालिनी सिंह पुत्री श्रीकृष्ण के अनुसार उसका विवाह बीते 27 जनवरी 24 को ग्रामब्लाक-खिरो, जनपद रायबरेली निवासी अमित कुमार पुत्र स्व-नन्दराम के साथ हुआ था। आरोप है कि उसके विवाह उपरांत ससुरालीजनों ने जेठ-रामदास वर्मा व रमेश, जेठानी-सावित्री देवी व प्रगतिलता उर्फ गोलू, भतीजियाँ - लक्ष्मी वर्मा व मनीषा वर्मा, ननद-रेनू वर्मा, ननदोई दयाशंकर निवासी ग्राम-ओशिया, थाना-बीघापुर, जनपद उन्नाव ने उसके संग दहेज के लिए गाली गलौज मारपीट की और बीते 25 जून को उसे जान से मारने की नीयत से एक राय होकर मारपीट करने के साथ गला दबा जान से मारने का प्रयास किया और तवे से जला उसे मारपीट कर घर से जान से मारने की धमकी दे निकाल दिया। वही पीड़िता का कहना था उसके दूसरे निवास स्थान ग्राम पूरे नौरंग सिंह का पुरवा, थाना लालगंज, जनपद- रायबरेली में वह रही तब भी दहेज के लिए उसे प्रताड़ित किया जाता रहा और जेठ रमेश उस पर गलत नजर रखता था और गाली गलौज करने के साथ उसके कमरे मे धुस आता था। जिसके चलते उसने स्थानीय आशियाना थाने में पुलिस से लिखित नामजद शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़िता की शिकायत पर हत्या का प्रयास सहित गाली-गलौज मारपीट सहित अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई किया जा रहा है।

## सऊदी अरब में नौकरी का झांसा देकर चार से ठगी




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। जालसाजों भाई-बहन समेत चार लोगों को सऊदी अरब के हॉस्पिटल में नौकरी दिलाने का झांसा देकर चार लाख रुपये ठग लिए। रुपये लेने के बाद उन्हें फर्जी मेडिकल प्रमाणपत्र और वीजा व्हाट्सऐप पर भेजा। पीड़ितों ने जाने के लिए दूतावास में संपर्क किया तो पता चला कि दोनों फर्जी हैं। इसके बाद डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह से मिले। उनके आदेश पर गुड़ंबा थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। आदिलनगर निवासी पीड़िता रुबैदा के मुताबिक, उनकी बेटी सऊदी अरब के एक हॉस्पिटल में नौकरी करती है और बेटा एहतेशाम वहीं ड्राइवर है। बेटे की कुछ महीने पहले सऊदी में आजमगढ़ लालगंज निवासी मेहताब आलम से हुई। इस बीच बेटा बीमारी के कारण नवंबर में लौट आया था। कुछ दिन पूर्व मेहताब भी आ गया। बेटी भी छुट्टियों पर घर आई थी। मेहताब ने बेटे से बताया कि वह उसकी नौकरी और अच्छी जगह लगवा देगा। उसकी अच्छी सेटिंग हैं सऊदी में कई बड़ी कंपनियों से। हाल ही में मेहताब अपने एक दोस्त के साथ घर भी आया था। दोनों के कहने पर उन्हें बेटे-बेटी और उनकी दो सहेली की नौकरी लगवाने के लिए बात हुई। दोनों ने कुछ दस्तावेज तैयार करने के लिए कई मदों में रुपये मांगे। चार लाख रुपये दिए गए।

हाल ही में उसने आदर्श मेडिसर्च सेंटर मोहम्मदाबाद मऊ का मेडिकल प्रमाणपत्र और वीजा सबका दिया। जाने की तैयारी हुई। इस बीच दूतावास की जांच में पता चला कि सब फर्जी है। फोन कर विरोध किया तो मेहताब उसके साथी शम्स आलम और जर्रार रजा ने धमकी दी। पुलिस उपायुक्त पूर्वी से मुलाकात हुई। उनके आदेश पर गुड़ंबा थाने में तहरीर दी। इंस्पेक्टर गुड़ंबा प्रभातेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो : दयाशंकर

### परिवहन मंत्री ने प्रयागराज में होने वाले माघ मेले की तैयारियों की समीक्षा की

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्य मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार)दयाशंकर सिंह ने प्रयागराज में माघ मेला स्नान के दृष्टिगत परिवहन निगम की तैयारीयों की समीक्षा की और निर्देश दिए कि आवागमन को सुव्यवस्थित एवं सुविधाजनक बनाए रखने हेतु समय पर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जाए। किसी भी प्रकार की अव्यवस्था नहीं होनी चाहिए। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक प्रभु एन सिंह ने परिवहन मंत्री को आश्वस्त करते हुए बताया कि प्रयागराज में अस्थाई बस स्टेशन झूसी, लेप्रोसी, बेला कछार, नेहरू पार्क में वर्कशाप का कार्य पूर्ण हो गया है। समस्त 05 चेक पोस्ट स्थापित होकर वर्तमान में कार्यरत हैं। 250 बेड के जर्मन हैन्गर को बनाने का कार्य भी पूर्ण हो गया है। उन्होंने बताया कि व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के दृष्टिगत मुख्य पर्व स्नानों पर 02 दिन पूर्व से 01 दिन बाद तक मेला क्षेत्र में समिति के अधिकारीगण उपस्थित रहेगें। इसके अतिरिक्त स्थानीय अधिकारी नियमित रूप से मेला क्षेत्र में उपस्थित हैं।

प्रबंध निदेशक ने बताया कि समस्त 7 मागों गोरखपुर, वाराणसी, लखनऊ, अयोध्या, मिजार्पुर, चित्रकूट एवं कानपुर पर क्यू०आर०टी० टीम तैनात होकर कार्यरत हैं। अस्थाई बस स्टेशन झूसी एवं नेहरूपार्क में समतलीकरण का कार्य पूर्ण करा लिया गया है। ग्राउण्ड की सफाई नियमित रूप से करायी जा रही है। झूसी, पटेल बाग एवं लेप्रोसी में प्रकाश की व्यवस्था पूर्ण हो गयी है। नेहरू पार्क में तथा बेला कछार में विद्युत पोल लग गये है विद्युत आपूर्ति में समय लगने के दृष्टिगत वैकल्पिक रूप में जनरेटर की व्यवस्था करा ली गयी हैं।झूसी बस स्टेशन पर 24 सीट के स्थाई एवं 8-8 सीट के दो मोबाईल टाईलेट तथा लेप्रोसी में 6-6 सीट के दो, बेला कछार में 8-8 सीट के दो, पटेल बाग में 8 सीट के एक मोबाईल टाईलेट उपलब्ध हो गये हैं।

प्रबंध निदेशक ने बताया कि सभी बस स्टेशनों पर अलाव, पब्लिक एड्रेस सिस्टम, चकर प्लेट व रिपेयर / मेन्टीनेंस हेतु आवश्यक उपकरण की व्यवस्था करा ली गयी है। समस्त अस्थाई बस स्टेशनों झूसी, पटेलबाग, लेप्रोसी, बेला कछार, नेहरू पार्क एवं विद्यावाहनी बस स्टेशन पर सीसीटीवी कैमरा लगवा दिया गया है।आवागमन हेतु सम्बन्धित विवरण पलैक्सी लगवा दिया गया है।सभी बस स्टेशनों पर अग्निशमन यंत्र की व्यवस्था हो गयी है। झूसी, पटेल बाग एवं लेप्रोसी में फायर ब्रिगेड स्थापित हो गया है।कैन्टीन हेतु जगह चिन्हित कर निर्माण कार्य आज पूर्ण कराते हुए दिनांक 03.01.2026 को कियाशील हो जायेगा।

\कैण्टीन में गुणवत्तायुक्त खाद्य पदार्थ की उपलब्धता सुनिश्चित कराये जायेगी तथा उनके गुणवत्ता की खाद्य विभाग से नियमित रूप से चेकिंग भी करायी जायेगी।समस्त बस स्टेशनों पर पूछताछ काउण्टर स्थापित हैं।ॉसी/पटेल बाग बस स्टेशन पर 250 रिजर्व बस, लेप्रोसी बस स्टेशन पर 50 रिर्जव बस, बेला कछार बस स्टेशन पर 25 रिजर्व बस एवं नेहरू पार्क बस स्टेशन पर 75 रिजर्व बस के पार्किंग की प्लानिंग कर ली गयी है। झूसी क्षेत्र में अंदावा, फाफामऊ एवं नैनी क्षेत्र में लेप्रोसी पुल के पास तथा तेलियरगंज के पास 01-01 केन मय कटर मशीन की व्यवस्था करा ली गयी है। फाफामऊ, नैनी एवं अंदावा भार्ग पर गंगा एवं यमुना पुल के पास केन मय कटर की स्थापित करा दिया गया है।. एएलएस व बीएलएस एम्बुलेन्स हेतु मुख्य चिकित्साधिकारी, प्रयागराज से अनुरोध किया गया है।

प्रबंध निदेशक ने बताया कि समस्त मागों पर नगर प्रवेश स्थलों के निकट सड़कों के किनारे खड़े वाहनों को हटाने हेतु प्रत्येक बस स्टेशनों पर 5-5 चालक रिजर्व रखा गया है।परिवहन निगम के मेला में तैनात अधिकारियों के मोबाईल नम्बर मेला नियंत्रण कक्ष एवं जिला प्रशासन को उपलब्ध करा दिया गया है।समस्त अस्थाई बस स्टेशनों पर माघ मेला अवधि हेतु अस्थायी पुलिस चौकी की स्थापना हेतु पुलिस विभाग से अनुरोध किया गया है तथा बसों की द्वितीय चाभी बस स्टेशन पर तैनात मेलाधिकारी को उपलब्ध करायी जा रही हैं।माघ मेला में आने वाले समस्त चालकों / परिचालकों की मादक पदार्थों का सेवन न किये जाने हेतु काउन्सिलिंग करायी जा रही

## कोहरे से बिगड़ा हवाई संचालन, उतर नहीं पाया दिल्ली से आया विमान

लखनऊ। लखनऊ में मौसम के अचानक ज्यादा खराब होने से शुक्रवार को हवाई संचालन पटरी से उतर गया। घने कोहरे से दुश्यता कम होने के कारण के कारण सुबह दिल्ली से लखनऊ पहुंचा एक विमान उतर नहीं सका। पायलट ने आसमान में 17 चक्कर काटे पर पर उसे उतरने की अनुमति नहीं मिली। जिससे विमान को वापस दिल्ली जाना पड़ा। एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक, एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट आईएक्स 2171 दिल्ली से सुबह 6:30 बजे लखनऊ के ऊपर पहुंची थी। उस समय कोहरा काफी घना था। दृश्यता 10 मीटर के करीब थी। ऐसे में यह फ्लाइट चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर नहीं उतर सकी। एयर ट्रैफिक कंट्रोल ने उसे उतरने की अनुमति नहीं दी। यह फ्लाइट लखनऊ से आईएक्स 189 बनकर सुबह आठ बजे रियाद के लिए जाती है मगर समय पर लैंडिंग न हो पाने और मौसम में खराबी के कारण उड़ान को रद्द कर दिया गया। कोहरे के के चलते मुंबई से रात 12:35 बजे लखनऊ आने वाली इंडिगो की उड़ान 6ई-5264 करीब 45 मिनट की देरी से पहुंची। वहीं, रियाद से सुबह नौ बजे आने वाली फ्लाइनेस की उड़ान एक्सवाई 333 भी देरी से आई। हैदराबाद से लखनऊ की फ्लाइट 6ई 453 दो घंटा देरी से पहुंची। किशनगढ़ से लखनऊ की फ्लाइट एस 5-222 दो घंटे 18 मिनट देरी से आई। झारसुगुड़ा से लखनऊ की फ्लाइट एस 5-229 तीन घंटे देरी से आई। एयर इंडिया एक्सप्रेस की राजकोट से लखनऊ की फ्लाइट आईएक्स 124 दो घंटे पांच मिनट देरी से आई।

## आरोपी डॉक्टर के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी

● केजीएमयू में धर्मांतरण मामला की जायेगी कुर्की की कार्रवाई

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यौन शोषण और धर्म परिवर्तन के आरोपी केजीएमयू के रेजीडेंट डॉक्टर रमीज मलिक के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया गया। पुलिस ने जिला कोर्ट में इसके लिए आवेदन किया था। उधर, आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस की तीन टीमें अभी तक खाली हाथ हैं। डीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया कि बृहस्पतिवार को पीड़िता का मजिस्ट्रेट के सामने बयान दर्ज कराया गया। पुलिस ने आरोपी डॉक्टर के खिलाफ गैर जमानती वारंट के लिए आवेदन किया था, जिसे कोर्ट ने जारी कर दिया है।

रमीज की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने उत्तराखंड के खटीमा के अलावा बरेली व अन्य जगहों पर दबिश भी दी, लेकिन सफलता नहीं मिली। उसका मोबाइल फोन लगातार बंद जा रहा है। इस कारण पुलिस को सही लोकेशन नहीं मिल पा रही है। पुलिस रमीज के करीबियों के मोबाइल फोन की भी निगरानी कर रही है। इंस्पेक्टर चौक नागेश उपाध्याय ने बताया कि गैर जमानती वारंट जारी होने के बाद भी आरोपी पुलिस की गिरफ्त में नहीं आता है तो उसके खिलाफ कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस के सूत्र बताते हैं कि मजिस्ट्रेट के सामने दिए गए बयान में पीड़िता ने एफआईआर में दर्ज कराए सारे आरोप फिर से दोहराए हैं।

**एक नजर में मामला:** केजीएमयू की एक महिला रेजीडेंट डॉक्टर ने कुछ दिन पहले डॉक्टर रमीज मलिक पर यौन शोषण और धर्म परिवर्तन का दबाव डालने का आरोप लगाया था। पीड़िता का कहना था कि दोनों के बीच दोस्ती थी। अगस्त में रमीज उनके किराये के कमरे पहुंचा और शादी का झांसा देकर यौन शोषण किया। पीड़िता का आरोप है कि सितंबर में उसे पता चला कि वह गर्भवती हैं। इस बारे में जब रमीज से बात की तो उसने दवा देकर गर्भपात करा दिया।

पीड़िता को बाद में पता चला कि रमीज शादीशुदा है। उसने एक हिंदू लड़की का धर्म परिवर्तन कराकर निकाह किया था। पीड़िता ने जब इस बारे में रमीज से बात की तो रमीज ने उस पर भी धर्म परिवर्तन करने का दबाव डालते हुए ब्लैकमेल किया। परेशान होकर पीड़िता ने 17 दिसंबर की सुबह दवाओं की ओवरडोज खाकर आत्महत्या का प्रयास किया था।

## डिजिटल अरेस्ट के प्रति जागरूक कर रही नाना पाटेकर की लघु फिल्म

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। डिजिटल अरेस्ट के बढ़ते मामलों को देखते हुए पुलिस ने लोगों को जागरूक करने के लिए जो लघु फिल्म बनाई है, वह इंटरनेट मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर खूब प्रसारित हो रही है। यूट्यूब पर सिने स्टार नाना पाटेकर अभिनीत लघु फिल्म को 24 घंटे में तीन लाख लोगों ने देखा। इसके अलावा पहले दिन एक्स पर 72 हजार, इंस्टाग्राम पर 13 हजार व फेसबुक पर साढ़े पांच हजार से अधिक लोगों ने लघु फिल्म को देखा। डीजीपी राजीव कृष्ण ने कहा कि डिजिटल अरेस्ट के मामलों के प्रति जागरूकता एक बड़ा हथियार है। लोग सावधान रहें और साइबर अपराधियों के झांसे में न आए।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

खुली ई-निविदा सूचना संख्याः SrDEE-TRD-BSB-2025-26-T16, दिनांक:31-12-2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली" ई-निविदा आमंत्रित करते हैं।

**क्रम सं-01,** कार्य का नामः पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी मंडल के वाराणसी सिटी फेज-3 के अंतर्गत (ए. 1 रनिंग लाइन सीएसएल 750 मीटर का प्रावधान, ई-लाइन संख्या 10 के दक्षिण की ओर 2 स्टेबलिंग लाइन सीएसएल 700 मीटर का प्रावधान, एफ. लाइन संख्या 17 को इंजन एस्केप लाइन के साथ सीएसएल 400 मीटर की डॉक रनिंग लाइन में परिवर्तित करना, एच. एक पार्टी/सैलून साइडिंग 150 मीटर) संबंध में 25 केवी विद्युतीकरण कार्य। टेंडर रिफरेंस नं.: SrDEE-TRD-BSB-2025-26-T16, कार्य का अनुमानित लागत रूपया में: ₹ 5,70,85,181.82, धरोहर राशि (रू.में): ₹ 4,35,400/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपया में: शून्य, निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय: 22-01-2026 up to 14:45 Hrs., कार्य पूरा करने की अवधि: 09 माह।

- खुली ई-निविदा दिनांक 22-01-2026 को 14:45 बजे तक जमा कर सकेंगे।
- पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिये कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी
मुजाधि/विद्युत-232 वाराणसी

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

## राम राम न करने पर दंबगों ने पीटा, थाने पर की लिखित शिकायत

**माल।** एक गांव निवासी दलित शहर से मजदूरी कर सायं घर वापस लौट रहा था। गांव के पास पहुंचा ही था कि तभी गांव के संभ्रांत व्यक्ति को देखकर अभिवादन किया और घर की तरफ चलने लगा। तभी वहीं दुकान के पास गांव के ही कुछ दबंग बैठे थे उन्होंने मजदूर को अभिवादन न करने पर एतराज जताया और उसे जाति सूचक गालियां देना शुरू कर दिया। तो मजदूर ने कहा हमने आप को देखा नहीं था। इसलिए राम राम नहीं किया। मजदूर अपने घर चला गया।

मिलीजानकारी के अनुसार आंट गांव निवासी रामस्वरूप रैदास शहर में मजदूरी कर जीवन यापन करता है जो शहर से मजदूरी कर घर वापस लौट रहा था। बुधवार सायं लगभग सात बजे जब वह अपने गांव के पास पहुंचा तो मोनू की दुकान के पास गांव के मंगल सिंह बैठे थे, जिन्हें देखकर रामस्वरूप ने राम राम की कर अभिवादन किया और घर की तरफ बढ़ गया। इसी बीच दुकान पर बैठे गांव के ही पप्पू यादव ने रामस्वरूप को जाति सूचक गालियां देते हुए कहा कि मेरा अभिवादन क्यों नहीं किया।

इस पर उसने कहा हमने आप को नहीं देखा था।पीड़ित का आरोप है कि इतना सुनते ही पप्पू यादव, बबलू यादव, कमलेश यादव और अंकेश यादव ने लाठी डंडा लेकर दौड़ा लिया। मैने भाग कर घर में घुसकर अपनी जान बचायी। उपरोक्त सभी लोग रात लगभग नौ बजे मेरे घर पर आ गये और जाति सूचक गालियां देते हुए घर से बाहर आने को कहने लगे। जब मैं बाहर नहीं निकला और मेरी पत्नी सुनीता घर के दरवाजे पर आकर उन लोगों को समझाने लगी तो पप्पू यादव ने उसके तीन चार झापड़ जड़ दिया। साथ ही मुझे जान से मारने की धमकी देते हुए चले गये। पीड़ित ने तहतीर देकर सुरक्षा और न्याय की मांग की है।

## मुख्य सेविका की सेहत में सुधार नहीं, मुकदमा दर्ज

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** काकोरी के रहमान खेड़ा जंगल के पास रेलवे लाइन के किनारे घायल अवस्था में पड़ी मिली बाल विकास पुष्टाहार विभाग हरदोई में तैनात 29 वर्षीय मुख्य सेविका (सुपरवाइजर) की हालत गंभीर बनी हुई है। शुक्रवार को भी उसे होश नहीं आया है। उनके भाई ने पूर्व में छेड़छाड़ के आरोपी परियोजना के प्रधान सहायक कमल कुमार के खिलाफ षड़यंत्र कर हत्या कराए जाने का मुकदमा काकोरी थाने में दर्ज कराया है। कोकोरी और हरदोई पुलिस इस मामले में जांच कर रही है। हरदोई सीओ सिटी अंकित मिश्रा शुक्रवार को ट्रामा सेंटर पहुंचे। पीड़िता के परिवारीजनों से बात की। उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया। डॉक्टरों से पीड़िता की हालत के बारे में पूछा।

ठाकुरगंज निवासी पीड़िता के भाई के अनुसार बहन की सितंबर माह में बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग में हरदोई के शहर परियोजना में मुख्य सेविका के पद पर तैनाती हुई थी। राजाजीपुरम निवासी कमल कुमार भी परियोजना में प्रधान सहायक के पद पर तैनात था। भाई ने आरोप लगाया कि कमल बहन का शारीरिक और मानसिक रूप से उत्पीड़न कर रहा था। विरोध करने पर जान से मारने और नौकरी से निकलवा देने की धमकी देता था। परेशान होकर बहन ने आपबीती परिजनों को बताई थी, जिसके बाद प्रमुख सचिव, परियोजना निदेशक सहित मुख्य विकास अधिकारी हरदोई से लिखित शिकायत की थी। इसके बाद हरदोई शहर कोतवाली में आरोपी कमल के खिलाफ छेड़छाड़ सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस ने जांच पड़ताल में दो सीडीपीओ अनुराग कुमार और राजेंद्र कुमार के नाम बढ़ा दिए थे। डीएम की संतुति पर तीनों को 29 दिसंबर को निलंबित कर दिया गया था। पीड़िता के भाई के मुताबिक बहन का एक मोबाइल और दस्तावेजों वाला बैग गायब है। बहन को कुछ दिन से मुंह न खोलने की धमकी भी मिल रही थी। समझौते का दबाव आरोपी पक्ष बना रहे थे। भाई का आरोप है कि बहन को ट्रेन से धक्का देकर जान से मारने की कोशिश की गई है। इंस्पेक्टर काकोरी सतीश चंद्र राठौर ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है। रेलवे स्टेशन के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को चेक कर सीडीआर के जरिये जांच पड़ताल की जा रही है।

पीड़िता के होश में आने पर बयान दर्ज किए जाएंगे। दो जनवरी को मामले में साक्ष्य लेकर हरदोई निकली थी बहन भाई ने बताया की छेड़छाड़ के मुकदमे में चल रही जांच में विवेचक ने 64 के बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया था, जिसके लिए बहन साक्ष्य और अन्य कागजात बैग में लेकर निकली थी। सुबह 7:30 बजे पिता ने आलमनगर रेलवे स्टेशन से लखनऊ बरेली एक्सप्रेस में बैठा दिया था। 10 बजे फोन करने पर फोन नहीं उठा तो मोबाइल की लोकेशन से रहमान खेड़ा जंगल में होने का पता चला। शाम लगभग तीन बजे बहन रहमान खेड़ा के जंगल में रेलवे लाइन के किनारे घायल अवस्था में पड़ी मिली।

## शायरों ने कलामों से बयां की हजरत अली की शान

लखनऊ। हजरत अली की यौमे विलादत की पूर्व संध्या पर जगह-जगह महफिलों और नज्रों का आयोजन किया गया। मुख्य रूप से चौक स्थित इमामबाड़ा आगा बाकिर में इदारा-ए-खुद्दामे मौलूदे हरम ने जश्ने मौलूदे हरम शीर्षक से महफिल सजी। जिसका आगाज कारी नदीम नजफी ने तिलावते कुराने पाक से किया। महफिल में अली मुत्तकी जैदी ने हजरत अली की फजीलत बयान की। जश्न में शायरों ने हजरत अली की शान में अपने कलाम पेश किये। महफिल का संचालन नय्यर मजीदी ने किया। इसके साथ ही कर्बला तालकटोरा में जश्ने मौलूदे काबा का आयोजन हुआ। महफिल को मौलाना फिरोज अब्बास नकवी और मौलाना इमरान हैदर ने खिताब किया। कर्बला के मुतवल्ली शादाब आगा ने महफिल में आये लोगों का शुक्रिया अदा किया।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे पासपोर्ट सं.-E8347216 में त्रुटिवश मेरी पत्नी का नाम शीरीन जफर(SHIREEN ZAFAR) दर्ज है जबकि मेरी पत्नी के आधार कार्ड में उनका सही नाम साबरा खातून(SABRA KHATOON) दर्ज है। मेरे पासपोर्ट में भी मेरी पत्नी का सही नाम ही दर्ज किया जाये। **जफर आजम पुत्र कुंवर मोअज्जम नि.- 633/पी.- 102, (313ए) हिमसिटी कालोनी, मटियारी, चिनहट, लखनऊ।**

**सूचना**

सूचित करना है कि मेरी पुत्री के सुकन्या समृद्धि खाता संख्या-0100035189 10 मे सही नाम इशी के स्थान पर घरेलू नाम पंखुडी वर्मा दर्ज हो गया है। जबकि उसका वास्तविक सही नाम इशी है। इशी और पंखुडी वर्मा एक ही नाम है। **हरीराम पुत्र केवल कुमार निवासी-ग्राम व पोस्ट पाटमऊ, तहसील नवाबगंज, बाराबंकी।**

**कार्यालय ग्राम पंचायत- इरुल, वि0ख0- कूरेभार, जनपद-सुलतानपुर**

पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2025-26 दिनांक-02.01.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि ग्राम पंचायत- इरुल, विकासखंड-कूरेभार जनपद सुलतानपुर आर.जी.एस.ए./मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष- 2025-2026 के क्रम में इच्छुक फर्म मालिक दिनांक- 03.01.2026 से दिनांक- 09.01.2026 तक कार्यालय ग्राम पंचायत- इरुल पर ग्राम प्रधान/सचिव को निविदा उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक- 09.01.2026 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 03:00 बजे खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | योजना का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत इरुल में अंत्येष्ठि स्थल सेड का निर्माण कार्य। | आर.जी.एस.ए. | 24.36 लाख रुपये। | ईंट, सीमेंट, मोरंग, गिट्टी, सरिया, बालू, पुट्टी डिसटेम्पर व अन्य सामग्री |
| 2. | विद्यालय से अनुसूचित बस्ती तक इंटरलाकिंग कार्य। | मनरेगा | 5.75 लाख रुपये। | इंटरलाकिंग ईंट व अन्य निर्माण सामग्री। |

**नोट-** समस्त नियम व शर्ते गाइड लाइन के अनुसार लागू होगी।

ग्राम प्रधान/सचिव
ग्रा0पं0- इरुल, वि0ख0- कूरेभार
जनपद-सुलतानपुर।

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **23.01.2026** को **15:00** बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुयल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | |
|---|---|
| निविदा सूचना संख्या | 0012026 दिनांक 02-01-2026 |
| निविदा संख्या | 29-SrDEN-I-LKO-2025-26 |
| कार्य का नाम | सहायक मण्डल इंजीनियर/ मुख्यालय/ लखनऊ के अधीन वरि० खण्ड अभियन्ता/ कार्य/ आलमबाग - पश्चिम के खण्ड में स्थित 3BN/RPSF/LKO में शौचालय, बाथरूम और व्यापारियों की दुकान आदि सहित बैरकों में सुधार। |
| अनुमानित लागत | ₹ 90,18,763.20 |
| धरोहर राशि | ₹ 1,80,400/- |
| कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छः माह। |
| निविदा डालने की प्रारंभ तिथि | 09.01.2026 |
| निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 23.01.2026 at 15:00 hrs. |
| बेबसाईट | www.ireps.gov.in |

नोटः निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है।

0028/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# सकट चौथ 6 को, संतान की सुख-समृद्धि के लिए होगी बप्पा की पूजा



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** हर वर्ष माघ माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को सकट चौथ का व्रत श्रद्धा और आस्था के साथ किया जाता है। इसे संकष्टी चतुर्थी, तिलकुटा चौथ और माघी चौथ के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन विशेष रूप से महिलाएं उपवास रखती हैं और भगवान गणेश की विधि-विधान से पूजा-अर्चना करती हैं। मान्यता है कि यह व्रत संतान के सुखद, सुरक्षित और उज्ज्वल भविष्य के लिए अत्यंत फलदायी होता है। धार्मिक विश्वासों के अनुसार, सकट चौथ का व्रत करने से संतान के जीवन में आने वाली बाधाएं और संकट दूर होते हैं। इस दिन गणपति बप्पा की कृपा से घर-परिवार में सुख, शांति और समृद्धि बनी रहती है। व्रत के दौरान चंद्र दर्शन का विशेष महत्व होता है, क्योंकि चांद देखने के बाद ही व्रत पूर्ण माना जाता है। ऐसे में आइए जानते हैं सकट चौथ 2026 का शुभ मुहूर्त और चंद्र उदय का सही समय, ताकि व्रत और पूजा का पूर्ण फल प्राप्त किया जा सके। हिंदू पंचांग के अनुसार, हर वर्ष माघ माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को सकट चौथ का व्रत रखा जाता है।

वर्ष 2026 में चतुर्थी तिथि की शुरूआत 6 जनवरी 2026 को सुबह 8 बजकर 01 मिनट से होगी और इसका समापन 7 जनवरी 2026 को सुबह 6 बजकर 52 मिनट पर होगा। उदया तिथि के आधार पर सकट चौथ का व्रत 6 जनवरी 2026, मंगलवार को किया जाएगा। यह दिन भगवान गणेश की विशेष कृपा प्राप्त करने के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है। इस दिन व्रत और पूजा करने से संतान सुख, सौभाग्य और परिवार में सुख-शांति बनी रहती है।

**सकट चौथ 2026 में चंद्र उदय का समय:** सकट चौथ के व्रत का पारण चंद्र दर्शन के बाद ही किया जाता है। धार्मिक मान्यता है कि बिना चंद्र दर्शन के व्रत पूर्ण नहीं माना जाता। पंचांग के अनुसार, 6 जनवरी 2026 को चंद्रमा का उदय रात लगभग 9 बजे होगा। इस समय चंद्र देव को जल, दूध या अक्षत मिश्रित जल से अर्घ्य दिया जाता है। इसके बाद ही व्रती महिलाएं व्रत खोलती हैं। चंद्रमा को अर्घ्य देने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और संतान को दीघार्यु का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

**सकट चौथ का धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व:** सकट चौथ का व्रत भगवान गणेश को समर्पित है, जिन्हें विघ्नहर्ता कहा जाता है। मान्यता है कि इस व्रत को श्रद्धा और नियमपूर्वक करने से संतान के जीवन से सभी प्रकार के कष्ट, बाधाएं और संकट दूर हो जाते हैं। विशेष रूप से माताएं अपनी संतान की लंबी उम्र, अच्छे स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य की कामना से यह व्रत करती हैं। सकट चौथ को संकष्टी चतुर्थी, तिलकुटा चौथ और माघी चौथ के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन गणपति बप्पा की कृपा से घर में सुख, समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का वास होता है।

**सकट चौथ की पूजा विधि :** सकट चौथ के दिन प्रातःकाल स्नान कर स्वच्छ वस्त्र धारण करें और व्रत का संकल्प लें। पूजा स्थान को साफ करें और चौकी पर भगवान गणेश की प्रतिमा या चित्र स्थापित करें। गणपति जी को जल, अक्षत, सिंदूर, दूर्वा, फूल और तिल अर्पित करें। मोदक, लड्डू या तिल-गुड़ से बने प्रसाद का भोग लगाएं। सकट चौथ की व्रत कथा का श्रद्धा भाव से पाठ करें। दिनभर उपवास रखें औ भगवान गणेश का स्मरण करते रहें। रात्रि में चंद्र उदय होने पर चंद्र देव को अर्घ्य दें। चंद्र दर्शन के बाद भगवान गणेश की आरती करें। अंत में व्रत का पारण कर प्रसाद ग्रहण करें।

## इस साल विवाह के कुल 59 मुहूर्त, जनवरी में नहीं होगी शादी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** साल 2026 की शुरूआत शुभ कार्यों के लिहाज से थोड़ी धीमी होगी, क्योंकि जनवरी में एक तरफ खरमास रहेगा और दूसरी तरफ शुक्र ग्रह अस्त रहेंगे। यही वजह है कि साल के पहले पूरे महीने में एक भी विवाह मुहूर्त नहीं मिलेगा। लेकिन फरवरी के आते ही विवाह का शुभ मौसम फिर से शुरू होगा। पंचांग के अनुसार साल 2026 में कुल 59 शुभ विवाह मुहूर्त रहेंगे। हालांकि बीच-बीच में कई ऐसे समय भी आएंगे जब खरमास, शुक्र अस्त, होलाष्टक और चातुर्मास की वजह से विवाह मुहूर्त नहीं रहेंगे।

**जनवरी 2026 में विवाह क्यों नहीं होंगे:** जनवरी में विवाह इसलिए नहीं होंगे क्योंकि इस दौरान दो कारण एक साथ हैं। खरमास और शुक्र ग्रह अस्त। खरमास के दौरान विवाह, गृह प्रवेश, जनेऊ जैसे शुभ कार्य बिल्कुल वर्जित रहते हैं और शुक्र अस्त के दौरान भी विवाह नहीं होते हैं। हालांकि 23 जनवरी 2026 को वसंत पंचमी के दिन विवाह होंगे। इस दिन को अबूझ मुहूर्त रहता है। इस दिन मुहूर्त देखें बिना विवाह हो जाते हैं। जनवरी में खरमास 15 जनवरी को समाप्त होगा लेकिन शुक्र ग्रह 1 फरवरी तक अस्त ही रहेंगे। इसलिए पूरा जनवरी महीना विवाह के लिए शून्य मुहूर्त रहेगा। होलाष्टक फरवरी अंत से 4 मार्च 2026 तक रहेगा। होलाष्टक में कोई भी मांगलिक कार्य नहीं किया जाता। दूसरा खरमास 14 मार्च से 13 अप्रैल 2026 तक रहेगा, सूर्य के मीन राशि में प्रवेश करते ही दोबारा खरमास शुरू हो जाएगा। अधिक मास (2 मई से 29 जून 2026) तक रहेगा, इस साल अधिक मास लगेगा, जिसमें दो ज्येष्ठ माह होंगे। अधिक मास में कोई शुभ कार्य नहीं होते। यह अवधि लगभग 59 दिन की रहेगी। चातुर्मास 25 जुलाई से 20 नवंबर 2026 तक रहेगा। देवशयनी एकादशी से देवउठनी एकादशी तक शादी-विवाह और सभी मांगलिक कार्य बंद रहते हैं। इस दौरान 25 जुलाई से 20 नवंबर तक कोई विवाह नहीं होगा।

**विवाह में गुरु और शुक्र का इतना महत्व क्यों:** विवाह मुहूर्त का निर्धारण करते समय शुक्र (शुक्र तारा) और गुरु (बृहस्पति) दोनों का उदय अवस्था में होना अनिवार्य माना जाता है। यदि दोनों ग्रह अस्त हों, तो विवाह नहीं किए जाते।

### शुभ विवाह मुहूर्त

- फरवरी– 5, 6, 8, 10, 12, 14, 19, 20, 21, 24, 25, 26
- मार्च– 1, 3, 4, 7, 8, 9, 11, 12
- अप्रैल– 15, 20, 21, 25, 26, 27, 28, 29
- मई– 1, 3, 5, 6, 7, 8, 13, 14
- जून– 21, 22, 23, 24, 25, 26, 27, 29
- जुलाई– 1, 6, 7, 11
- नवंबर– 21, 24, 25, 26
- दिसंबर– 2, 3, 4, 5, 6, 11, 12

# ठंड बढ़ी तो 156 बाड़ों में लगे हीटर लखनऊ चिड़ियाघर में घटे दर्शक



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** ठंड बढ़ने का असर नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान पर दिखाई दे रहा है। क्रिसमस पर पिछली बार यहां 18 हजार दर्शक आए थे, लेकिन इस बार यह संख्या सात हजार ही रही। ठंड को देखते हुए 156 बाड़ों में हीटर लगाए गए हैं। सरीसृपों के लिए पुआल, घास की व्यवस्था भी की गई है। प्राणि उद्यान की निदेशक अदिति शर्मा ने बताया कि चिड़ियों को ठंडी हवाओं और ओस से बचाव के लिए बाड़ों में शीट व चटाइयां लगाई गई हैं।

वन्यजीवों को आवश्यक कैलोरी को ध्यान में रखते हुए जानवरों की डाइट में बदलाव किया गया है। शाकाहारी वन्यजीवों को कम पानी वाले फल दिए जा रहे हैं। एमू, गोल्डेन-यलो मकाऊ, चिंपांजी, टेल मंकी आदि का भी खानपान बेहतर करने के साथ लगातार निगरानी की जा रही है।

चिड़ियाघर में रह रहे सभी वन्य जीवों को ठंड से सुरक्षित रखने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। जानवरों के बाड़ों में गर्माहट की व्यवस्था के साथ-साथ उनकी डाइट में भी बदलाव किया गया है, ताकि सर्दी का कोई नकारात्मक असर उन पर न पड़े।

ठंड के बढ़ते असर को देखते हुए शेर, टाइगर और अन्य बड़े जानवरों के बाड़ों में रूम हीटर, ब्लोअर और अतिरिक्त बल्ब लगाए गए हैं। इससे बाड़ों का तापमान नियंत्रित रहता है और जानवरों को ठिठुरन महसूस नहीं होती। खासतौर पर रात के समय जब तापमान ज्यादा गिर जाता है, तब इन इंतजामों का विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

**पक्षियों और सांपों के लिए अलग व्यवस्था:** पक्षियों को ठंड से बचाने के लिए उनके बाड़ों को चिक, तिरपाल और प्लास्टिक शीट से ढका गया है, जिससे ठंडी हवा अंदर न जा सके। वहीं सांपों और अन्य सरीसृप जीवों के बाड़ों में कंबल और पुआल की व्यवस्था की गई है। कंगारू के लिए विशेष हट बनाई गई है, ताकि वह ठंड से सुरक्षित रह सकें।

### डाइट में किया बदलाव, दिये जा रहे मल्टीविटामिन और मल्टी न्यूट्रिशन

ठंड के मौसम में जानवरों की सेहत बेहतर बनाए रखने के लिए उनकी डाइट को भी बदला गया है। सभी वन्य जीवों को मल्टी न्यूट्रिशन युक्त आहार दिया जा रहा है। इसके साथ ही मल्टीविटामिन सिरप और जरूरी दवाइयां भी दी जा रही हैं, जिससे उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत बनी रहे और सर्दी का असर उन पर न हो सके।

### डॉक्टरों की विशेष टीम कर रही रोजाना जांच

चिड़ियाघर में पशु चिकित्सकों की एक विशेष टीम तैनात की गई है। यह टीम दिन में कम से कम एक बार हर वन्य जीव का स्वास्थ्य परीक्षण कर रही है। किसी भी जानवर में सर्दी या कमजोरी के लक्षण दिखते ही तुरंत इलाज शुरू किया जा रहा है, ताकि समय रहते समस्या को नियंत्रित किया जा सके।

# हमका दिहू वरदान चलो री गुइयां गंगा नहाये...

- गौरैया संस्कृति संस्थान द्वारा बसंत बहार के तहत कार्यशाला आयोजित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** गौरैया संस्कृति संस्थान द्वारा बसंत बहार के तहत कार्यशाला के दूसरे दिन अन्य तीन प्रकार की गीत सिखाई गई। बसंत की अनेकों विधाओ के गीत सिखाया जा रहा है, जिसमें आज हमका दिहू वरदान चलो री गुइयां गंगा नहाए...सखि छोटी ननद बेंदे पे अड़ी... गोकुल में बाजेला बधइया..सिखाई गई। कार्यशाला आभा शुक्ला, नीलम, माधुरी सिंह, प्रतिमा त्रिपाठी, लता, रीना सिंह, शशि वर्मा, शशि सिंह, अमिता, निकिता, सुषमा, कविता, प्रतिमा त्रिपाठी, सहित कई महिलाओं ने ऑफलाइन व ऑनलाइन में सतना से लता तिवारी, प्रतिभाग किया। साथ ही लगभग 25 से 30लोग सीख रही है। और जो लोग सीखना चाहते है वो संस्था से संपर्क कर सकते है। कार्यशाला ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनो प्रकार से हो रही है ढोलक पर राजकुमार व हारमोनियम पर आकाश तिवारी रहे।

# भोजपुरी फिल्म 'दुल्हनिया नाच नचाये' का ट्रेलर रिलीज

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भोजपुरी सिनेमा की मोस्ट अवेटेड पारिवारिक फिल्म 'दुल्हनिया नाच नचाए' का ऑफिशियल ट्रेलर रिलीज होते ही सोशल मीडिया और यू-ट्यूब पर धूम मचा रहा है। ट्रेलर में जहां स्मृति सिन्हा और शुभी शर्मा की जोड़ी ने अपने शानदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीत लिया है, वहीं अंशुमान सिंह अपने आकर्षक और संजीदा किरदार से पूरी फिल्म को मजबूत आधार देते नजर आ रहे हैं। यह फिल्म पूरी तरह से पारिवारिक मूल्य, सामाजिक रिश्तों, प्रेम और परंपराओं पर आधारित है, जो आज के दौर में दर्शकों को भावनात्मक रूप से जोड़ने का काम करती दिख रही है।

ट्रेलर में गांव की कहानी, पारिवारिक रिश्तों की मिठास, संघर्ष, प्रेम और सामाजिक ताने-बाने को खूबसूरत ढंग से दिखाया गया है। फिल्म में शुभी शर्मा एक सीधी-सादी और भावनात्मक किरदार वाली युवती की भूमिका में नजर आ रही हैं, जबकि स्मृति सिन्हा अपने सशक्त और एक्शन से भरे किरदार से दर्शकों को गहराई से जोड़ती हैं। अंशुमान सिंह का किरदार एक जिम्मेदार, संवेदनशील और परिवार के लिए संघर्ष करने वाले युवक का है, जो हर वर्ग के दर्शकों को खुद से जोड़ने में सफल होता दिख रहा है। ट्रेलर के डायलॉग इमोशनल सीन और फैमिली स्ट्रगल... इसे एक क्लासिक भोजपुरी फैमिली फिल्म की कैटिगरी में खड़ा करते हैं। फिल्म का निर्माण रेणु विजय फिल्म्स एंटरटेनमेंट के बैनर तले किया गया है और इसका संगीत इंटर 10 रंगीला पर रिलीज हुआ है। निमार्ता डॉ. संदीप उज्ज्वल और सुशांत उज्ज्वल ने इस फिल्म को पूरी भव्यता और सलीके से प्रस्तुत किया है। फिल्म के लेखक, निर्देशक और संगीतकार रजनीश मिश्रा हैं, जिनका नाम भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री में अच्छी सिनेमा के रूप में जाना जाता है। गीतों को मनोज भावुक और संतोष उत्पाती ने लिखा है, जो फिल्म के भावनात्मक पक्ष को और भी मजबूत बनाते हैं। ट्रेलर में बैकग्राउंड स्कोर और संगीत दर्शकों के दिल में उतरता हुआ महसूस हो रहा है। पीआरओ रंजन सिन्हा हैं। फिल्म की तकनीकी टीम भी बेहद सशक्त नजर आती है। सिनेमैटोग्राफी देवेंद्र तिवारी, एडिटिंग दिनेश प्रजापति, एक्शन हीरा यादव और डांस कोरियोग्राफी विवेक थापा द्वारा की गई है। आर्ट डायरेक्शन शेरा, कॉस्ट्यूम डिजाइन विद्याझविष्णु और पोस्ट प्रोडक्शन 3 स्टूडियो ने मिलकर फिल्म को तकनीकी रूप से बेहद मजबूत बनाया है। ट्रेलर की लोकेशन्स, रंग-बिरंगे कॉस्ट्यूम, पारंपरिक शादी की रस्में और ग्रामीण संस्कृति का जीवंत चित्रण दर्शकों को पूरी तरह फिल्म की दुनिया में खींच लेता है। खास बात यह है कि फिल्म में प्रीति मौर्या का विशेष अतिथि रोल भी आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। ट्रेलर रिलीज के बाद सोशल मीडिया पर फिल्म को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। दर्शक इसे एक सच्चे अर्थों में पारिवारिक मनोरंजक फिल्म बता रहे हैं। वहीं फिल्म से जुड़े कलाकारों और निमार्ताओं का मानना है कि 'दुल्हनिया नाच नचाए' केवल एक मनोरंजक फिल्म नहीं, बल्कि पारिवारिक संस्कार, रिश्तों की अहमियत और सामाजिक जिम्मेदारियों का संदेश भी देती है।

## सखी बाबा की भक्ति में लीन हुए अनुयायी

लखनऊ। आलमबाग के वीआईपी रोड स्थित शिव शांति आश्रम के संत आसूदाराम साहिब दरबार में गुरुवार देर रात शुरू हुआ सखी बाबा के नाम चोडस साहिब कार्यक्रम शुक्रवार सुबह सम्पन्न हुआ। वहीं, श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य पर कीर्तन दरबार सजा। आश्रम के मुक्त महल हाल में विराजमान सखी बाबा जनि, धुनी साहिब, पालकी साहिब के सामने रात में उल्लास नगर के भाई रौशन सिंह व नागपुर के नानकराम ने गुरुवाणी व सिंधी भाषा में भजन सुना कर श्रद्धालुओं को निहाल किया। संत आसूदाराम सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रजिंदर दास ने गुरु महिमा का बखान किया। इसके बाद शुक्रवार तड़के सुबह तीन बजे अखंड धुनी साहिब का पाठ किया गया। अरदास के बाद सुबह पांच बजे चोडस साहिब कार्यक्रम की समाप्ति के बाद भोग लगाया गया। संगत ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में किशनलाल, अजीत, भगवान दास, राजेश अंदानी मुख्य रूप से शामिल रहे।


## कार्यालय नगर पंचायत लालगंज प्रतापगढ़

संख्या: 646/न0पं0लालगंज-2025-26 — दिनांक: 02 जनवरी 2026

**ई-निविदा सूचना**

एतद्‌वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्श 2025-26 हेतु 15वें वित्त मद अन्तर्गत प्राप्त टाइड/अनटाइड (प्रथम किश्त) धनराशि के सापेक्ष निकाय द्वारा प्रस्तुत कार्ययोजना पर जिलाधिकारी महोदय की प्राप्त वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृत के अनुपालन मे एवं मा0 अध्यक्ष महोदया की प्राप्त अनुमति के क्रम मे नीचे लिखे विवरण के अनुसार निर्माण/आपूर्ति का कार्य कराया जाना है। निर्माण/आपूर्ति का कार्य कराये जाने हेतु रजिस्टर्ड/पंजीकृत ठेकेदारों से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा के माध्यम से कराये जाने वाले कार्यो को वेबसाइड http://etender.up.nic.in पर प्रातः 09:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक डाउनलोड कर अपलोड कर सकते है। ई-निविदा से संबंधित किसी प्रकार की जानकारी कार्यालय मे किसी भी कार्यदिवस मे प्राप्त कर सकते है। ई-निविदा सूचना के माध्यम से प्रकाशित किये जा रहे कार्यो को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी मे निहित होगा। ई-निविदा से संबंधित निविदा शुल्क एवं जमानत धनराशि निकाय के बैक ऑफ इण्डिया की शाखा लालगंज प्रतापगढ़ के खाता संख्या 703110110011091 आई.एफ.एस.सी. कोड BKID0007031 मे जमा कराते हुए पावती निविदा प्रपत्र के साथ अपलोड़ करना अनिवार्य होगा। ई-निविदा हेतु अवषेश जमानत धनराशि निविदादाता को अनुबन्ध के समय उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। बिना निविदा शुल्क व धरोहर धनराशि के निविदा पर विचार नही किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| निविदा प्रकाशित होने की तिथि | 02 जनवरी 2026 | |
| निविदा डाउनलोड करने की तिथि | 06/01/2026 से 28/01/2026 तक | 09:00 बजे से 05:00 बजे तक |
| निविदा भरने की तिथि | 06/01/2026 से 28/01/2026 तक | 09:00 बजे से 05:00 बजे तक |
| निविदा बन्द होने की तिथि | 28/01/2026 | 05:00 बजे सायं |
| निविदा खुलने की तिथि | 29/01/2026 | 12:00 बजे मध्यान्ह |

**ई-निविदा**

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | निविदा मूल्य | धरोहर धनराशि | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सलेमभदारी वार्ड मे कच्ची सड़क से नगर पंचायत सीमा तक सी0सी0रोड निर्माण कार्य। | 1084.00 | 16708.00 | दो माह |
| 2 | कलाकांकर मार्ग से राम लोचन त्रिपाठी के घर होते हुए लखनऊ-वाराणसी मार्ग तक सी0सी0रोड एवं कवर्ड नाला निर्माण कार्य। | 1334.00 | 20556.00 | दो माह |
| 3 | सलेमभदारी वार्ड मे जीतलाल के खेत के आगे राम जस के मेड तक सी0सी0रोड निर्माण कार्य। | 914.00 | 14082.00 | दो माह |
| 4 | गौतमपुर वार्ड मे किल्लू सिंह के घर से सी.सी.रोड तक सी.सी.रोड निर्माण कार्य। | 1532.00 | 27856.00 | दो माह |
| 5 | हैण्डपम्प रिपेयर सामग्री की आपूर्ति। | 935.00 | 14407.00 | 15 दिवस |
| 6 | 20 नग हैण्डपम्प रिबोर का कार्य। | 870.00 | 15816.00 | दो माह |

1 निविदादाता के फर्म की जी.एस.टी. रजिस्टर्ड होने का प्रमाण-पत्र की फोटोप्रति निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2 निविदादाता हैसियत प्रमाण-पत्र व चरित्र प्रमाण-पत्र की प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3 निविदादाता को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार टेण्डर कमेटी के सदस्यों का होगा।
4 निविदादाता द्वारा निविदा प्रत्रत्र की हार्डकापी, धरोहर धनराषि, निविदा षुल्क, डिमाण्ड ड्राफ्ट की मूलप्रति नगर पंचायत लालगंज प्रतापगढ़ में रखे गये निविदा पेटिका में निर्धारित समय के अन्दर जमा करना अनिवार्य है।
5 सषर्त निविदायें स्वीकार नहीं की जायेगी।
6 निविदा स्वीकृति के पश्चात नियमानुसार स्टाम्प पेपर पर ठेकेदारों के व्यय पर अनुबन्ध लिखना अनिवार्य होगा।
7 समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र जनपद प्रतापगढ़ होगा।
8 कार्य का निरीक्षण करने का अधिकार अधिषासी अधिकारी/प्रषासक/अपरजिलाधिकारी(वि/रा)/जिलाधिकारी व लोक निर्माण विभाग प्रतापगढ़ के सक्षम अधिकारी का होगा। किसी भी बिल का भुगतान तब तक नही होगा जब तक लोक निर्माण विभाग के सक्षम अधिकारी द्वारा बिलों का सत्यापन न कर दिया जाय।
9 मा0उच्च न्यायालय में पारित आदेषानुपालन में कार्यो हेतु निर्धारित जमानत धनराषि के अनुसार ई-स्टाम्प कार्यालय को उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य होगा।
10 इस योजना के अन्तर्गत कराये गये कार्यो में यदि गुणवत्ता खराब होने , अधोमानक होने तथा ठेकेदार की लापरवाही एवं तकनीकी त्रुटि के कारण टूटफूट होती है तो निर्माण कार्यो की पूर्णता की तिथि से तीन वर्श के अन्दर उसका रख-रखाव संबंधित ठेकेदार द्वारा किया जायेगा।
11 यह समस्त कार्य ठेकेदार द्वारा नियत समय पर पूर्ण करना अनिवार्य है। निर्धारित समय पर कार्य पूर्ण होने की दषा में निकाय प्रषासन विभागीय कार्यवाही प्रचलित करने पर बाध्य होगा।
12 उक्त समस्त कार्य षासनादेष में उल्लिखित षर्तो के अनुसार ही कराया जाना है।

**इन्द्र प्रताप**
**अधिषासी अधिकारी**
**नगर पंचायत लालगंज प्रतापगढ़।**

**अनीता द्विवेदी**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत लालगंज प्रतापगढ़।**

# 180 की रफ्तार से चलेगी स्वदेशी तकनीक से बनी स्लीपर वंदे भारत



विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। नए साल की शुरुआत में मोदी सरकार ने पूर्वी भारत को बड़ी सौगात दी है। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले रेल मंत्रालय ने वंदे भारत स्लीपर ट्रेन के पहले रूट का ऐलान कर दिया है। यह ट्रेन गुवाहटी से कोलकाता के बीच चलेगी। स्वदेशी तकनीक से बनी इस हाई-स्पीड स्लीपर ट्रेन का हाल ही में सफल ट्रायल पूरा हुआ था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जल्द ही इस ट्रेन का उद्घाटन कर सकते हैं। रेल मंत्रालय ने देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन के रूट का औपचारिक ऐलान कर दिया है. यह हाई-स्पीड स्लीपर ट्रेन गुवाहटी से कोलकाता के बीच चलेगी।

इस फैसले को पूर्वी भारत और खासतौर पर पश्चिम बंगाल के लिए बड़ी सौगात के तौर पर देखा जा रहा है। इस अहम घोषणा की जानकारी खुद रेलमंत्री ने दी, उन्होंने बताया कि वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का पहला रूट गुवाहटी-कोलकाता तय किया गया है। यह रूट नॉर्थ-ईस्ट और पूर्वी भारत को तेज, आरामदायक और आधुनिक रेल सेवा से जोड़ने में बड़ी भूमिका निभाएगा। सरकारी हलकों में यह भी माना जा रहा है कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले यह घोषणा राजनीतिक और रणनीतिक दोनों नजरिए से अहम है। लंबे समय से यह मांग उठती रही है कि नॉर्थ-ईस्ट को देश के बड़े महानगरों से और बेहतर रेल कनेक्टिविटी मिले। गुवाहटी-कोलकाता वंदे भारत स्लीपर ट्रेन इसी दिशा में बड़ा कदम मानी जा रही है।

इस ट्रेन की खास बात यह है कि यह पूरी तरह स्वदेशी तकनीक से तैयार की गई है। हाल ही में इंडियन रेलवे ने वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का अंतिम हाई-स्पीड ट्रायल सफलतापूर्वक पूरा किया था। यह ट्रायल कोटा-नागदा सेक्शन पर किया गया, जहां ट्रेन ने 180 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार हासिल की। यह उपलब्धि इसलिए भी खास है क्योंकि स्लीपर कोच वाली ट्रेन के लिए इतनी तेज रफ्तार एक बड़ा तकनीकी मील का पत्थर मानी जाती है। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक, यह हाई-स्पीड ट्रायल रेलवे सुरक्षा आयुक्त की निगरानी में किया गया था। सभी सुरक्षा मानकों और तकनीकी पहलुओं की बारीकी से जांच की गई। ट्रायल के सफल होने के बाद अब ट्रेन को व्यावसायिक संचालन के लिए हरी झंडी मिलने का रास्ता साफ हो गया है।

वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का मकसद लंबी दूरी की रात की यात्राओं को तेज और ज्यादा आरामदायक बनाना है। अभी तक वंदे भारत ट्रेनें चेयर कार कॉन्फिगरेशन में चल रही थीं, लेकिन स्लीपर वर्जन आने से यात्रियों को फ्लाइट जैसी सुविधाएं ट्रेन में ही मिल सकेंगी। इससे खासकर गुवाहटी कोलकाता जैसे लंबे रूट पर यात्रा का अनुभव पूरी तरह बदल जाएगा।

आम यात्रियों के लिए इसका मतलब साफ है। अब नॉर्थ-ईस्ट से कोलकाता का सफर कम समय में, ज्यादा सुरक्षित और ज्यादा आरामदायक होगा, साथ ही यह कदम मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत अभियान को भी मजबूती देता है, क्योंकि ट्रेन पूरी तरह देश में विकसित तकनीक पर आधारित है। कुल मिलाकर, नए साल की शुरुआत में मोदी सरकार का यह ऐलान रेलवे के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ता है। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन न सिर्फ यात्रा को आसान बनाएगी, बल्कि पूर्वी भारत की कनेक्टिविटी और विकास को भी नई रफ्तार देगी।

## प्रयागराज-लखनऊ के बीच चलेंगी स्पेशल ट्रेनें

लखनऊ। प्रयागराज में चलने वाले माघ मेले को देखते हुए रेलवे ने भी श्रद्धालुओं के लिए बड़े पैमाने पर तैयारी की है। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल प्रशासन प्रयागराज से लखनऊ के लिए मेला स्पेशल ट्रेनें चलाएगा। ट्रेन 04293 स्पेशल 15 जनवरी को प्रयाग से रात 8:20 बजे चलकर रात दो बजे लखनऊ पहुंचेगी। यह ट्रेन 18 जनवरी को भी मौनी अमावस्या और 23 जनवरी को बसंत पंचमी, एक फरवरी को माघी पूर्णिमा पर रात 8:20 बजे प्रयाग से चलकर रात दो बजे लखनऊ आएगी। इसी तरह लखनऊ से प्रयाग जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए भी रेलवे मौनी अमावस्या पर 17 जनवरी को ट्रेन 04292 का संचालन करेगा। यह ट्रेन 17 जनवरी को दोपहर दो बजे चलकर रात 7:55 बजे प्रयाग पहुंचेगी।

**बंद होगा प्रयागराज संगम स्टेशन :** माघ मेला को देखते हुए प्रमुख स्नान पर्वों पर प्रयागराज संगम स्टेशन को अस्थायी रूप से बंद रखा जाएगा। सीनियर डीसीएम कुलदीप तिवारी ने बताया कि सभी प्रमुख स्नान के एक दिन पूर्व और एक दिन बाद तक प्रयागराज संगम स्टेशन पर यात्रियों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। इस स्टेशन की ट्रेन को दूसरे टर्मिनल से चलाया जाएगा।

**गोरखपुर वंदे भारत प्रयागराज नहीं जाएगी :** गोरखपुर-प्रयागराज के बीच चलने वाली वंदे भारत प्रयागराज तक नहीं जाएगी। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया कि प्रयागराज में चल रहे माघ मेला के कारण यह निर्णय लिया गया है। ट्रेन नंबर 22549/22550 गोरखपुर-प्रयागराज-गोरखपुर 13 से 25 जनवरी तक गोरखपुर से चलकर लखनऊ में अपनी यात्रा समाप्त करेगी। यहीं से वापस गोरखपुर के लिए चलेगी।

## बरौनी-नई दिल्ली स्पेशल 19 और तेजस 10 घंटे आयी लेट, 1237 यात्रियों ने लौटाये टिकट

लखनऊ। कोहरे का असर ट्रेनों और बसों के संचालन पर दिखा। प्रीमियम ट्रेन तेजस एक्सप्रेस दस घंटे देरी से कानपुर सेंट्रल आकर लखनऊ गई। वहीं करीब 42 ट्रेनें 19 घंटे तक देरी से आईं। लेटलतीफी से परेशान करीब 1237 यात्रियों ने टिकट लौटाए। प्लेटफार्मों से लेकर पूछताछ काउंटरों तक यात्रियों की भीड़ लगी रही। गुरुवार को 82501 लखनऊ-नई दिल्ली तेजस एक्सप्रेस 10 घंटे, 12282 भुवनेश्वर दुरंतो 10:30 घंटे, 02563 बरौनी-नई दिल्ली स्पेशल 19 घंटे, 02563 नई दिल्ली-दरभंगा स्पेशल छह, 02569 दरभंगा-नई दिल्ली स्पेशल 06:30 घंटे, 20413 काशी महाकाल एक्सप्रेस आठ, 04120 एलटीटी-प्रयागराज स्पेशल 09:30 घंटे लेट रही। वहीं 12314 सियालदह राजधानी सात, 22435 वाराणसी वंदे भारत 03:30 घंटे, 12034 कानपुर शताब्दी सवा दो घंटे, 12310 राजेंद्र नगर राजधानी चार और 12566 बिहार संपर्क क्रांति छह घंटे देरी से आई। 137 यात्रियों ने कंफर्म टिकट के स्थान पर कनेक्टिंग रिजर्वेशन की वजह से दूसरी ट्रेनों में सफर किया।

## यात्रियों की कमी से 14 रोडवेज बसें निरस्त

कोहरे का असर झकरकटी बस अड्डे पर भी दिखा। सुबह पांच से दस बजे तक पांच घंटे में न के बराबर यात्री पहुंचे। इस कारण आगरा, दिल्ली, बुंदेलखंड व पूर्वांचल रूटों की 14 बसें यात्री न होने से निरस्त की गई। पांच घंटे में सिर्फ सात बसें ही सवारियां लेकर लखनऊ, प्रयागराज, दिल्ली व आगरा जैसे अन्य रूटों पर गईं।

# प्रो. आरके मित्तल ने सहभागिता और समन्वय पर दिया जोर

- बीबीएयू कुलपति ने गैर-शिक्षण अधिकारियों व कर्मचारियों से किया संवाद

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने शुक्रवार को विभिन्न संकायों एवं विभागों से संबंधित गैर शिक्षण अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ संवाद किया। इसके अतिरिक्त मुख्य तौर पर कुलसचिव डॉ. अश्विनी कुमार सिंह, परीक्षा नियंत्रक प्रो. विक्रम सिंह यादव, वित्त अधिकारी डॉ. अजय कुमार मोहंती और पुस्तकालय अध्यक्ष डॉ. सुनील गोरिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय से संबंधित गैर-शैक्षणिक गतिविधियों पर विस्तृत और सार्थक चर्चा की गई। साथ ही प्रशासनिक, तकनीकी एवं सहायक सेवाओं से जुड़ी कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए भविष्य में उनकी संभावनाओं, उभरती चुनौतियों तथा उन्हें अधिक सुदृढ़, प्रभावी और पारदर्शी बनाने के उपायों पर गहन विचार-विमर्श किया गया, जिससे विश्वविद्यालय के समग्र विकास को नई दिशा मिल सके।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने अपने संबोधन में कहा कि किसी भी विश्वविद्यालय में शिक्षण एवं गैर-शिक्षण कर्मचारी एक ही सिक्के के दो पहलू होते हैं। दोनों की समान भागीदारी और समन्वय से ही संस्थान सुचारु रूप से आगे बढ़ता है। उन्होंने विशेष रूप से नॉन-टीचिंग कर्मचारियों की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि प्रशासनिक, तकनीकी एवं सहायक सेवाओं के बिना शैक्षणिक गुणवत्ता की कल्पना संभव नहीं है। अतः एक साझा रोडमैप को समझते हुए सभी को मिलकर कार्य करना चाहिए, ताकि ऐसी गुणवत्ता-आधारित शिक्षा सुनिश्चित की जा सके जो देश, समाज, व्यक्ति, उद्योग, आर्थिक विकास एवं पर्यावरण की आवश्यकताओं को पूरा करने के साथ-साथ प्रत्येक व्यक्ति में नेतृत्व क्षमता का विकास कर सके।

प्रो. मित्तल ने बताया कि उच्च शिक्षा का उद्देश्य ऐसे युवाओं का निर्माण करना है जो नेतृत्व की भूमिका निभाते हुए समाज को दिशा दे सकें। एक उच्च शिक्षण संस्थान होने के नाते यह हम सभी शिक्षण एवं विशेषकर गैर शिक्षण कर्मचारियों की सामूहिक जिम्मेदारी है कि डॉ. भीमराव अंबेडकर की विचारधारा के अनुरूप शिक्षा के माध्यम से एक प्रगतिशील, समावेशी और समान विकास वाला समाज तैयार करें।

कार्यक्रम के दौरान कुलसचिव डॉ. अश्विनी कुमार सिंह, परीक्षा नियंत्रक प्रो. विक्रम सिंह यादव, वित्त अधिकारी डॉ. अजय कुमार मोहंती और पुस्तकालय अध्यक्ष डॉ. सुनील गोरिया ने विशेष रूप से नॉन-टीचिंग कर्मचारियों की भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर विभिन्न संकायों एवं विभागों से संबंधित गैर शिक्षण अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बलरामपुर निदेशक कार्यालय के पास कूड़ा घर में लगी आग

लखनऊ। बलरामपुर अस्पताल में निदेशक कार्यालय के पास बने कूड़ा घर में गुरुवार रात अचानक आग लग गई। आग की लपटे उठता देख हड़कंप मच गया। तुरंत ही कर्मचारियों ने अग्निशमन यंत्रों से आग बुझाना शुरू किया। करीब 20 मिनट में आग पर काबू पा लिया है। बलरामपुर के अफसरों का दावा है कि आग से किसी तरह की बड़ा नुकसान नहीं हुआ है। बलरामपुर अस्पताल के निदेशक कार्यालय से चंद कदम की दूरी पर कूड़ा घर बना हुआ है। वहीं आस पास सूखी झाड़ियों का ढेर लगा था।

रात करीब आठ बजे अचानक वहां पर से आग की लपटें उठने लगीं। यह देख कर्मचारियों ने इसकी सूचना अफसरों को दी। तुरंत ही आग बुझाना शुरू कर दिया। कर्मचारियों ने अग्निशमन यंत्रों से आग पर काबू पा लिया। बलरामपुर के सीएमएस डॉ. हिमांशु चतुर्वेदी ने बताया कि आग से किसी तरह का नुकसान नहीं हुआ है।

## बाजार हस्तक्षेप योजना को शीघ्र स्वीकृत कराने के निर्देश

- मंत्री ने आलू की आगामी उपज के प्रबंधन एवं भंडारण व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा
- अधिकारियों को आवंटित किए गये मंडल, मुख्यालय स्तर से होगी भंडारण और विपणन की निगरानी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने शुक्रवार को आलू की आगामी उपज के सुचारू प्रबंधन, भंडारण और विपणन व्यवस्थाओं को लेकर विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

बैठक में वर्तमान मौसम के अनुकूल होने के कारण पिछले वर्ष की तुलना में बेहतर उत्पादन की संभावना व्यक्त की गई है, जिसके दृष्टिगत मंत्री ने अधिकारियों को पूर्व-नियोजित और सुदृढ़ तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं ताकि आलू किसानों को अपनी उपज बेचने या रखने में कठिनाई न हो।

समीक्षा के दौरान यह तथ्य सामने आया कि प्रदेश में आलू उत्पादन बढ़ने के अनुमान के बावजूद भंडारण क्षमता पर्याप्त रूप से उपलब्ध है और बड़ी संख्या में कोल्ड स्टोरेज के स्थान रिक्त हैं। एहतियाती कदम उठाते हुए मंत्री ने निर्देश दिए कि अन्य राज्यों के बाजारों और वहां के आलू व्यापारियों से अभी से संपर्क स्थापित किया जाए ताकि आवश्यकतानुसार विपणन की व्यवस्था सुनिश्चित रहे। इसके साथ ही उन्होंने नवनिर्मित कोल्ड स्टोरेज का संचालन तत्काल शुरू करने और उनमें भंडारण की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर बल दिया।

आलू उत्पादन के प्रमुख क्षेत्रों और मंडलों में व्यवस्थाओं की निगरानी के लिए मुख्यालय स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों को विशेष जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इन अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे आवंटित मंडलों का भौतिक निरीक्षण करें और फसल की पूर्व आवक से पहले विपणन एवं भंडारण की समस्त कमियों को दूर करें। मंत्री जी ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार का मुख्य उद्देश्य आलू किसानों को असुविधा से बचाना है, जिसके लिए मंडलवार अधिकारियों की तैनाती कर जवाबदेही तय की गई है।

बैठक में मंत्री ने बाजार हस्तक्षेप योजना (मार्केट इंटरवेंशन स्कीम) को शीघ्र स्वीकृति कराने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, उन्होंने भविष्य की जरूरतों को देखते हुए मल्टी-चैंबर शीतगृहों के निर्माण को प्रोत्साहित करने और पुराने शीतगृहों को आधुनिक तकनीक से लैस करने पर जोर दिया, जिससे आलू के साथ-साथ अन्य बागवानी फसलों का भी सुरक्षित भंडारण संभव हो सके।

समीक्षा बैठक में भौतिक एवं वर्चुअल माध्यम से अपर मुख्य सचिव, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण, बीएल मीणा, निदेशक भानु प्रकाश राम, वित्त नियंत्रक अनिल कुमार सिंह, संयुक्त सचिव रजनीकांत पाण्डेय संयुक्त निदेशक सर्वेश कुमार, राजीव वर्मा सहित सभी मंडलों और जिलों के विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## रेलवे मंनोरंजन संस्थान में रायफल शूटिंग और फिटनेस केंद्र शुरू

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। पूर्वोत्तर रेलवे के बादशाह नगर रेलवे मनोरंजन संस्थान में अब रायफल शूटिंग और बैडमिंटन का आनंद रेलवे कर्मचारी और उनके परिवार के लोग उठा सकेंगे। शारीरिक रूप से फिट रहने के लिए यहां बने फिटनेस सेंटर में पसीना बहा सकेंगे। मानसिक विकास और सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए भी यहां बहुत कुछ है।

डीआरएम गौरव अग्रवाल के माग दर्शन में बादशाह नगर मनोरंजन केंद्र का कायाकल्प किया गया है। सिंथेटिक बैडमिंटन कोर्ट, ओपन जिम, डांस एवं जिम्नास्टिक हॉल की सुविधा मिलने लगी है। भवन का सम्पूर्ण नवीनीकरण, आकर्षक प्रकाश व्यवस्था, बाउंड्रीवॉल का सुंदरीकरण, फूलों की रंग-बिरंगी क्यारियां बना दी गई हैं। साथ ही यहां पर रायफल शूटिंग रेंज का निर्माण भी किया गया है, जो कि कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए आकर्षण का केंद्र है। मनोरंजन संस्थान में क्लासिकल एवं वेस्टर्न डांस, ऐरोबिक्स, स्केटिंग और प्रातःकालीन योग प्रशिक्षण जैसे उच्चस्तरीय कार्यक्रम निशुल्क संचालित किए जा रहे हैं। रेल कर्मचारियों के बच्चों के लिए विशेष रूप से निशुल्क ट्यूशन एवं कोचिंग कक्षाएं भी शुरू की गई हैं।

डीआरएम गौरव अग्रवाल ने बताया कि इस संस्थान में अनेकानेक नवीन सुविधाएं एवं कार्यक्रम आरंभ हो चुके हैं जो शारीरिक फिटनेस, मानसिक विकास और सांस्कृतिक गतिविधियों पर विशेष रूप से केंद्रित हैं। प्रबंधन समिति को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि कर्मचारी अपने परिवार सहित इन सुविधाओं का अधिकतम उपयोग करें तथा विभिन्न कार्यक्रमों में उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाएं।

## एलयू में समर्थ पोर्टल से प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा फॉर्म भरने का अंतिम मौका

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2025-26 विषम सेमेस्टर परीक्षा के तहत स्नातक व परास्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों के प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। नियमित विद्यार्थी यह फॉर्म समर्थ पोर्टल के माध्यम से अब तीन जनवरी तक भर सकेंगे। इस संबंध में परीक्षा नियंत्रक की ओर से निर्देश जारी कर दिए गए हैं। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि विश्वविद्यालय में प्रवेशित छात्र या छात्रा प्राप्त एनरोलमेन्ट के आधार पर अपना लॉगिन बनाकर परीक्षाफार्म भरने की प्रक्रिया पूर्ण करेंगे। ऑनलाइन भरे गए परीक्षाफार्म का प्रिन्ट अपने संबंधित संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष या निदेशक कार्यालय में जमा करेंगे। परिसर के छात्रों को परीक्षा शुल्क नहीं जमा करना होगा। उन्होंने बताया कि कॉलेजों में दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों का एनरोलमेन्ट नंबर कॉलेज के समर्थ लॉगिन पर उपलब्ध है। कॉलेज के छात्र परीक्षाफार्म भरने से पूर्व अपने कॉलेज से सम्पर्क कर एनरोलमेन्ट नंबर प्राप्त करने के बाद ही परीक्षाफार्म भरने की प्रकिया शुरू करें। इसके अलावा प्रथम सेमेस्टर में प्रवेशित समस्त नियमित छात्रों को लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन के बाद परीक्षाफार्म भरना होगा। कोर्स का चयन सावधानी से करें परीक्षा नियंत्रक के मुताबिक, परीक्षार्थी पूर्ण सावधानीपूर्वक अपने कोर्स का चयन करें। इसके बाद अपने प्रश्नपत्रों का चयन करते हुए परीक्षाफार्म पूर्ण करेंगे। प्रवेशित छात्रों के ई-मेल, मोबाइल नंबर, विषय या प्रश्नपत्र आदि के संशोधन की व्यवस्था कॉलेज के समर्थ लॉगिन पर उपलब्ध है। समस्या आने पर कॉल करें छात्र ऑनलाइन भरे गए परीक्षा फार्म में किसी तरह की त्रुटि या समस्या के लिए व्हाट्सएप नंबर 7991200609, 7991200506 पर शिकायत कर सकते हैं।

## पुलिस कर्मियों को कुचलने के प्रयास में आरोपी दरोगा निलंबित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। हजरतगंज चौराहे पर 31 दिसंबर की रात नए साल के जश्न के दौरान पुलिस कर्मियों को कुचलने का प्रयास करने वाले बाराबंकी के दरोगा सौम्य जायसवाल को शुक्रवार को निलंबित कर दिया गया। फरियादियों और लोगों से अभद्रता उसकी आदतन प्रवृत्ति है। इसी मामले में वह कई महीने से निलंबित भी चल रहा था। हजरतगंज पुलिस की रिपोर्ट पर एसबी बाराबंकी अर्पित विजय वर्गीय ने शुक्रवार को निलंबित कर दिया गया।

31 दिसंबर को अवकाश पर सौम्य जायसवाल दोस्तों के साथ यहां आया था। रात करीब एक बजे वह हजरतगंज चौराहे से गुजर रहा था। इस बीच ट्रैफिक संचालन कर रहे दरोगा आशुतोष त्रिपाठी ने उसकी कार को रोकने के लिए इशारा किया। दरोगा सौम्य ने रफ्तार बढ़ा दी और जिकजैक कर कट मारते हुए भागने का प्रयास किया। भागने के दौरान उसने दरोगा आशुतोष और कई अन्य पुलिस कर्मियों को कुचलने का प्रयास किया था। इसके बाद उसकी कार बैरीकेडिंग से भिड़कर रुक गई थी। चौराहे पर खड़े पुलिस उपायुक्त अपराध भगाकर पहुंचे तो दरोगा सौम्य ने उनसे भी अभद्रता की थी। छानबीन के दौरान उसकी कार में कई शराब की बोतलें मिली थी। उसके खिलाफ नशे में गाड़ी चलाने की धारा में कार्रवाई कर चालान किया गया था। प्रकरण की रिपोर्ट हजरतगंज पुलिस ने बाराबंकी पुलिस को भेजी थी। रिपोर्ट के आधार पर एसपी बाराबंकी अर्पित विजय वर्गीय ने शुक्रवार को सौम्य जायसवाल को निलंबित कर दिया। सौम्य 2015 बैच का दरोगा है। दरोगा सौम्य ने रफ्तार बढ़ा दी और जिकजैक कर कट मारते हुए भागने का प्रयास किया। भागने के दौरान उसने दरोगा आशुतोष और कई अन्य पुलिस कर्मियों को कुचलने का प्रयास किया था। इसके बाद उसकी कार बैरीकेडिंग से भिड़कर रुक गई थी।

चौराहे पर खड़े पुलिस उपायुक्त अपराध भगाकर पहुंचे तो दरोगा सौम्य ने उनसे भी अभद्रता की थी। छानबीन के दौरान कार में कई शराब की बोतलें मिली थी। उसके खिलाफ नशे में गाड़ी चलाने की धारा में कार्रवाई कर चालान किया गया था। प्रकरण की रिपोर्ट हजरतगंज पुलिस ने बाराबंकी पुलिस को भेजी थी।

## ब्रजेश पाठक ने जरूरतमंदों को बांटे कम्बल



लखनऊ। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शुक्रवार को कैंट विधानसभा, लखनऊ में आयोजित कंबल वितरण कार्यक्रम को संबोधित किया और महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी के साथ जरूरतमंद लोगों को सर्दी से बचाव के लिए कम्बल वितरित किए। उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल जरूरतमंदों को तत्काल राहत प्रदान करते हैं, बल्कि समाज में आपसी सहयोग और मानवता की भावना को भी मजबूत करते हैं। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि कंबल वितरण कार्यक्रम की जानकारी जरूरतमंद लोगों तक पहुंचा कर आयोजन को सफल बनाने में पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया, सीपी अवस्थी, राकेश श्रीवास्तव, देवेंद्र शुक्ला, विनायक पांडेय, राजन वर्मा, महेंद्र राजपूत, मानस बाहरी, पार्षद गिरीश मिश्रा, श्रावण नायक, नरेंद्र पाल, सुधीर मिश्रा बबलू, आशीष हितैषी, सुशील तिवारी, राजू गांधी, चरनजीत गांधी, पीयूष दीवान ने विशेष योगदान दिया।

## विधानसभा अध्यक्ष ने विधायक के निधन पर जताया शोक

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने जनपद बरेली के फरीदपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र-122 से विधायक प्रो. श्याम बिहारी लाल जी के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। अध्यक्ष ने कहा कि प्रो. श्याम बिहारी लाल दो बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित होकर जनसेवा में सक्रिय रहे। वे अपने निर्वाचन क्षेत्र के विकास, जनसमस्याओं के समाधान तथा सामाजिक सरोकारों के प्रति सदैव सजग और प्रतिबद्ध जनप्रतिनिधि थे। उनकी सरलता, सौम्य व्यवहार और कर्मठता के कारण वे जनमानस में विशेष सम्मान रखते थे। अध्यक्ष ने कहा कि प्रो श्याम बिहारी लाल का निधन न केवल उनके परिजनों एवं समर्थकों, बल्कि प्रदेश की राजनीति और सामाजिक जीवन के लिए भी एक अपूरणीय क्षति है, जिसकी भरपाई लंबे समय तक संभव नहीं हो सकेगी। अध्यक्ष ने ईश्वर से दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करने तथा शोकाकुल परिजनों एवं समर्थकों को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति एवं संबल देने की प्रार्थना की है।

## मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने स्पर्श दृष्टिबाधित विद्यालयों का किया निरीक्षण

- स्पर्श राजकीय दृष्टिबाधित विद्यालयों में ग्राउंड डेवलपमेंट एवं स्मार्ट क्लास का निरीक्षण, अधिकारियों को सख्त निर्देश

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने शुक्रवार को राजधानी लखनऊ के मोहान रोड स्थित राजकीय दृष्टिबाधित दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित स्पर्श राजकीय दृष्टिबाधित बालक इंटर कॉलेज एवं स्पर्श राजकीय दृष्टिबाधित बालिका इंटर कॉलेज का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने विद्यालय परिसरों में चल रहे ग्राउंड डेवलपमेंट, टाइल्स निर्माण एवं अन्य विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने निमार्णाधीन कार्यों की गुणवत्ता का निरीक्षण करते हुए संबंधित कार्यदायी संस्थाओं एवं अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा के अनुसार सभी कार्यों को पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए।

मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने विद्यालय में नवनिर्मित स्मार्ट क्लास को भी देखा और कहा कि दिव्यांग बच्चों को तकनीक से जोड़कर शिक्षा देना समय की आवश्यकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि डिजिटल कक्षाओं के माध्यम से बच्चों को आधुनिक, गुणवत्तापरक एवं प्रभावी शिक्षा सुनिश्चित की जाए, जिससे वे मुख्यधारा से जुड़कर आत्मनिर्भर बन सकें।

मंत्री कश्यप ने विद्यालय परिसर की स्वच्छता एवं साफ-सफाई पर विशेष जोर देते हुए कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य एवं अध्ययन के लिए स्वच्छ वातावरण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिए कि विद्यालय परिसर को नियमित रूप से साफ-सुथरा रखा जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। सर्दी के मौसम को देखते हुए मंत्री कश्यप ने शासन स्तर से जारी दिशा-निर्देशों का अनिवार्य रूप से अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि बच्चों की कक्षा संचालन की समय-सारिणी, सुरक्षा एवं सुविधाओं से संबंधित सभी आदेशों का कड़ाई से पालन किया जाए, ताकि विद्यार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

निरीक्षण के दौरान मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सरकार का संकल्प है कि दिव्यांग बच्चों को न केवल बेहतर आधारभूत संरचना उपलब्ध कराई जाए, बल्कि उन्हें आधुनिक शिक्षा, तकनीकी संसाधन और अनुकूल वातावरण देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव रखी जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी योजनाओं और निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

## छात्रों ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल

लखनऊ। सीएमएस के विभिन्न कैम्पस के छात्र-छात्राओं ने जरूरतमंदों को 1500 से अधिक कंबलों का वितरण कर सामाजिक-मानवीय कार्य की मिसाल पेश की है। कंबल वितरण के इस पुनीत कार्य के द्वारा छात्रों ने सिद्ध कर दिया कि सीएमएस छात्र न केवल पढ़ाई में अपितु सामाजिक व मानवीय कार्यों में भी अग्रणी है। सर्द रात में खुले आसमान के नीचे सो रहे लोगों ने कम्बल पाकर राहत की सांस ली और इस पुनीत कार्य के लिए खुले दिल से छात्रों को आशीर्वाद दिया। जहां एक ओर, कड़ाके की ठंड में बैठे गरीब वृद्धजनों की आंखे कंबल पाकर खुशी से छलक आईं तो वहीं दूसरी ओर छोटे-छोटे बच्चों को गोद में लिए बैठी महिलाओं को भी कम्बल पाकर बहुत राहत मिली।



यह जानकारी सीएमएस के हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने दी है। उन्होंने बताया कि सीएमएस छात्रों द्वारा प्रति वर्ष चलाये जाने वाले कम्बल वितरण कार्यक्रम में इस वर्ष 1500 कम्बलों का वितरण सीएमएस छात्रों ने किया। कम्बल वितरण के इस कार्यक्रम में सीएमएस गोमती नगर प्रथम कैम्पस, गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस, आनन्द नगर, स्टेशन रोड, इंदिरा नगर प्रथम कैम्पस, इंदिरा नगर द्वितीय कैम्पस, अशरफाबाद, चौक, राजेन्द्र नगर प्रथम कैम्पस, राजेन्द्र नगर द्वितीय कैम्पस, अलीगंज प्रथम कैम्पस, अलीगंज द्वितीय कैम्पस, राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस एवं जॉपलिंग रोड कैम्पस के छात्रों व शिक्षकों ने भाग लिया। छात्रों ने चारबाग रेलवे स्टेशन, बेगम हजरत महल पार्क, हनुमान सेतु, मेडिकल कालेज चौराहा, मनकामेश्वर मंदिर आदि लखनऊ के विभिन्न जगहों पर जरूरतमंदो को कम्बल वितरित किया।

## रालोद ने की अलाव जलाने की मांग

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में लगातार बढ़ती ठंड और शीतलहर को देखते हुए रालोद के प्रदेश मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी ने शुक्रवार को महापौर, लखनऊ एवं नगर आयुक्त को पत्र लिखकर शहर के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाने की मांग की है। मयंक त्रिवेदी ने कहा कि कड़ाके की सर्दी से सबसे अधिक प्रभावित गरीब, असहाय, निराश्रित, बुजुर्ग, महिलाएं एवं बच्चे हैं, जो फुटपाथों, खुले स्थानों, बस अड्डों, रेलवे स्टेशनों तथा झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्रों में जीवन यापन करने को मजबूर हैं। रात के समय तापमान में भारी गिरावट के कारण इन लोगों के स्वास्थ्य एवं जीवन पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। रालोद ने नगर निगम से मांग की है कि जनहित और मानवता के दृष्टिगत शहर के प्रमुख चौराहों, रैन बसेरों, बस अड्डों, रेलवे स्टेशनों एवं अन्य भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों पर तत्काल अलाव जलवाने की समुचित व्यवस्था की जाए। साथ ही अलाव के लिए पर्याप्त लकड़ी या कोयले की नियमित उपलब्धता एवं सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके। प्रदेश मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी ने कहा कि रालोद सदैव आमजन, गरीबों और वंचितों की समस्याओं को लेकर संवेदनशील रहा है और आगे भी जनहित के मुद्दों पर संघर्ष करता रहेगा। उन्होंने नगर निगम प्रशासन से इस विषय में शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई करने की अपील की है, जिससे ठंड से जूझ रहे जरूरतमंद लोगों को तत्काल राहत मिल सके।

संक्षेप

## दुर्घटना को दावत दे रही सड़क की उखड़ी गिट्टियां

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय विकास खंड के पुरना छापर गांव से होकर गुजरने वाली सड़क की उखड़ी हुई गिट्टियां दुर्घटना को दावत दे रही हैं। जबकि विगत दिसंबर माह में सड़क की पैचिंग हुई है। नूरीगंज बाजार से सल्लहपुर को जाने सड़क से पूरना छापर के लिए दो संपर्क मार्ग निकला है जो बैकुंठपुर जाने वाली सड़क को जोड़ती है। इन दिनों सड़कों की विगत दिसंबर माह में मरम्मत हुआ। सड़क मरम्मत होने के बाद ही छोटी छोटी गिट्टियां बिखरी हुई हैं जो दुर्घटना को दावत दे रही है।सर्वाधिक खतरा बाइक सवार लोगों का है क्योंकि अचानक से ब्रेक लेने पर बाइक के फिसलकर गिरने का खतरा बना रह रहा है।सबसे ज्यादा खतरा टर्निंग पॉइंट पर है जहां सबसे ज्यादा गिट्टियां बिखरी पड़ी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि विभाग ने मरम्मत के नाम पर केवल कोरम पूरा किया है।एक तरफ सड़क का मरम्मत किया गया है ।

# जनरल स्टोर में लगी आग लाखों का हुआ नुकसान



**मिल्कीपुर-अयोध्या।** खंडासा थाना क्षेत्र के सिधारी बाजार में शुक्रवार की सुबह एक जनरल स्टोर में अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई। इस घटना में दुकान में रखा किराना व अन्य सामान जलकर राख हो गया, जिससे दुकान मालिक को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। गनीमत रही कि समय रहते परिवार के सभी सदस्य सुरक्षित बाहर निकल आए और कोई जनहानि नहीं हुई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सिधारी बाजार निवासी शिवम सोनी की दुकान घर में ही स्थित है। रोज की तरह गुरुवार की शाम दुकान बंद करने के बाद परिवार के सभी सदस्य खाना खाकर सो गए थे। शुक्रवार की सुबह करीब 5 बजे घर का एक लड़का कोचिंग जाने के लिए उठा तो उसने देखा कि पूरे घर में धुएं का गुबार भरा हुआ है। यह देखकर उसने तुरंत घर के अन्य सदस्यों को जगाया। आगे की ओर इतना घना धुआं फैल चुका था कि सांस लेना मुश्किल हो रहा था, इसलिए परिवार के सभी लोग पीछे के दरवाजे से किसी तरह बाहर निकले। इसके बाद घटना की सूचना तत्काल डायल-112 और अग्निशमन विभाग को दी गई।

जब तक दमकल की टीम मौके पर पहुंची, तब तक आग काफी हद तक शांत हो चुकी थी, लेकिन दुकान में रखा अधिकांश सामान जल चुका था। दुकान मालिक शिवम सोनी ने बताया कि उनकी दुकान किराना और जनरल स्टोर की थी, जिसमें रोजमर्रा के उपयोग का सारा सामान रखा हुआ था। आग लगने से करीब 7 लाख रुपये के नुकसान का अनुमान है। उन्होंने बताया कि आग कैसे लगी, इसका स्पष्ट कारण अभी समझ में नहीं आ रहा है। शिवम सोनी ने यह भी बताया कि घटना की सूचना लेखपाल सहित तहसील प्रशासन को दे दी गई है, ताकि नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जा सके। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दिए जाने की मांग की है। फिलहाल पुलिस और प्रशासन मामले की जांच में जुटा हुआ है।

## वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल, मेडिकल कॉलेज रेफर



**मिल्कीपुर-अयोध्या।** कुमारगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़ी नहर सराय हेमराज के पास अयोध्या-रायबरेली हाईवे एनएच 330ए पर शुक्रवार को हुए सड़क हादसे में बाइक सवार एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान राजकरन यादव (50) निवासी खरियौन के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजकरन यादव किसी निजी कार्य से अपनी बाइक से मिल्कीपुर जा रहे थे। जैसे ही वे सराय हेमराज के पास हाईवे पर कट क्रॉस कर रहे थे, तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि राजकरन यादव सड़क पर बाइक सहित गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही कुमारगंज थाना पुलिस सक्रिय हुई। उपनिरीक्षक विमल यादव एवं कांस्टेबल शशिकांत मिश्रा तत्काल मौके पर पहुंचे। पुलिस ने एंबुलेंस की सहायता से घायल को इलाज के लिए कुमारगंज स्थित संयुक्त सौ शैय्या चिकित्सालय पहुंचाया तथा उनके परिजनों को भी हादसे की सूचना दी। संयुक्त सौ शैय्या चिकित्सालय में डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद राजकरन यादव की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज दर्शन नगर रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि घायल के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस द्वारा अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है तथा घटना के संबंध में आगे की कार्रवाई की जा रही है। वहीं स्थानीय लोगों ने हाईवे पर कट प्वाइंट पर सुरक्षा व्यवस्था और यातायात नियंत्रण की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

## चौपाल लगा एसडीएम ने सुनी लोगों की समस्या, दिए निस्तारण के निर्देश



**कसया, कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर के निर्देश पर प्रशासन आपके द्वारा जन चौपाल का आयोजन तहसील कसया के 32 ग्राम पंचायत में किया गया। जहां अधिकारियों ने लोगों की समस्याओं को सुना और उनके समाधान का आश्वासन दिया शुक्रवार को दिन में 11:00 से 2:00 बजे के मध्य आयोजित जन चौपाल में जिसमें सभी विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने जन समस्याओं को सुना और उनके समाधान का प्रयास किया। उप जिलाधिकारी कसया डॉ0 संतराज सिंह बघेल ने फाजिलनगर ब्लॉक के ग्राम पंचायत तरुबनवा में प्रशासन आपके द्वार जनचौपाल में ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और फरियादियों को न्याय का भरोसा देते हुए अपने मातहत अधिकारियों और कर्मचारियों से आए हुए आवेदनों का निष्पक्ष रूप से निस्तारित करने के निर्देश दिए। वहां चौपाल में विकास विभाग यथा पेंशन नाली, राशन कार्ड आवास रास्ता आदि से जुड़ी कुल 28 शिकायत आई। जिसमें से पांच शिकायतों का मौके पर निस्तारण हो गया। शेष 23 सभी संबंधित विभाग को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने हेतु दे दिया गया। जन चौपाल में कसया खंड विकास अधिकारी, फाजिलनगर खंड शिक्षा अधिकारी, फाजिलनगर सप्लाई इंस्पेक्टर फाजिलनगर, ग्राम प्रधान, पूर्व जिला पंचायत सदस्य फूलचंद, थानेदार चौरा खास आदि उपस्थित रहे। इस दौरान पात्र व्यक्तियों को उपजिलाधिकारी ने कंबल वितरित किया।

## 104 का चालान 1 वाहन सीज




**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक श्री संजीव सुमन के निर्देशन में आज यातायात प्रभारी श्री गुलाब सिंह मय यातायात पुलिस देवरिया द्वारा दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु शहर क्षेत्र में अभियान चलाकर गोरखपुर रोड, कसया ओवरब्रिज, मालवीय रोड एवं बस स्टैंड पर सड़क पर गाड़ी खड़ा कर सवारी भरने वाले ऑटो, बिना हेलमेट, तीन सवारी एवं वाहन पर स्टंट करने वालों के विरुद्ध एम वी एक्ट में चालान एवं सीज की कार्यवाही की गयी। साथ ही सोनूघाट, सलेमपुर रोड पर सड़क पर खड़े वाहनों का चालान किया गया।अभियान के दौरान यातायात पुलिस देवरिया द्वारा कुल 104 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा 01 वाहन को सीज किया गया ।

## पिपरा चन्द्रभान वृहद गो-संरक्षण केंद्र के संचालन के लिए आवेदन आमंत्रित

**देवरिया।** जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने बताया कि जनपद देवरिया के विकास खंड देवरिया सदर अंतर्गत स्थित वृहद गो-संरक्षण केंद्र, पिपरा चन्द्रभान का संचालन गैर-सरकारी संस्था (एनजीओ) के माध्यम से मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग के आधार पर किया जा रहा है ।उन्होंने बताया कि उक्त गो-संरक्षण केंद्र में निराश्रित गोवंशों के भरण-पोषण हेतु शासन द्वारा ?50 प्रति पशु प्रतिदिन की दर से डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से धनराशि प्रदान किए जाने का प्रावधान है वृहद गो-संरक्षण केंद्र के एक वर्ष के संचालन हेतु इच्छुक स्वयंसेवी संस्था, गोसेवक अथवा अन्य इच्छुक व्यक्तियों से मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग के आधार पर आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन की तिथि अथवा दिनांक 05 जनवरी 2026 से 15 जनवरी 2026 तक प्रातः 10 बजे से अपराह्न 3 बजे तक मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी, देवरिया के कार्यालय से मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग का आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

प्राप्त आवेदन पत्रों को पूर्ण रूप से भरकर दिनांक 16 जनवरी 2026 को अपराह्न 3 बजे तक संबंधित कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। निर्धारित तिथि के पश्चात कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग के आवेदन पत्र को पूर्ण अथवा आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार जिलाधिकारी के पास रहेगा।

## एसपी ने परेड की सलामी ली गयी और परेड का निरीक्षण किया गया



**बहराइच।** पुलिस अधीक्षक बहराइच द्वारा पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड में साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया। परेड में सम्मिलित पुलिस कर्मियों के टर्नआउट को चेक करते हुए सभी अधिकारी/ कर्मचारीगण को ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि की वर्दी पहनने व जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने के लिए निर्देशित किया गया ।परेड के दौरान अनुशासन व एकरूपता के लिए टोलीवार ड्रिल कराई गई ।परेड के उपरान्त शस्त्रों का निरीक्षण किया गया तथा पुलिस लाइन परिसर स्थित परिवहन शाखा समेत विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये ।इसके अतिरिक्त महोदय द्वारा पुलिस लाइन की बेहतर साफ-सफाई हेतु प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया गया ।तत्पश्चात महोदय द्वारा पुलिस लाइन के आदेश-कक्ष में सभी गार्द रजिस्टरों को चेक करते हुए गार्द की सुरक्षा के सम्बन्ध में सभी गार्द कमांडरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन , प्रतिसार निरीक्षक श्री भुवनेश्वर सिंह तथा अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे

# शंकर राव की स्मृतियां समाज के लिए प्रेरणास्रोतः दिवाकर मणि त्रिपाठी

जिला संवाददाता



**कुशीनगर।** जिले के फाजिलनगर के ग्राम विकास अधिकारी स्वर्गीय शंकर राव की द्वितीय पुण्यतिथि उनके पैतृक आवास अमरवा खुर्द में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामवासियों और गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।

भाजपा के जिला उपाध्यक्ष दिवाकर मणि त्रिपाठी ने स्वर्गीय शंकर राव का स्मरण करते हुए कहा कि वह मिलनसार, सहृदय और सामाजिक व्यक्तित्व के धनी थे।

उन्होंने अपने जीवन में हमेशा दूसरों की मदद के लिए तत्पर रहने का उदाहरण प्रस्तुत किया। उनकी स्मृतियां समाज के लिए प्रेरणा स्रोत हैं ।पूर्व मंडल अध्यक्ष डॉ. कन्हैया शर्मा ने स्व. राव को स्पष्टवादी और ईमानदार विचारों का पोषक बताते हुए कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में समाजसेवा और विकास के कार्यों को प्राथमिकता दी। संगीताचार्य कवि मनंजय तिवारी 'निर्मल' ने कहा स्वर्गीय राव के द्वारा किए गए कार्य और उनका कृतित्व उन्हें हमेशा जीवंत बनाए रखेंगे। उनके विचार और प्रयास आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेंगे।

स्वर्गीय शंकर राव के पुत्र और पत्रकार आद्या सिंह ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए अपने पिता के आदर्शों को आगे बढ़ाने का संकल्प व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उनके पिता का जीवन सादगी और समर्पण का प्रतीक था। इस दौरान समाजसेवी पत्रकार गुरुदत्त उपाध्याय, अयोध्या राव, उमेश पांडेय, राजकुमार पांडे, जीतबहादुर राव, रमेश सिंह, राघवेन्द्र राव, अनुराग राव, सत्यप्रकाश राय, प्रभुनाथ सिंह, अजय सिंह, पंकज सिंह आदि उपस्थित रहे और सैकड़ों ग्रामवासियों ने स्व. शंकर राव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनको श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के दौरान शांति पाठ और उनके व्यक्तित्व पर विचार विमर्श किया गया।

## महिलाओं और बालिकाओं को मिशन शक्ति के उद्देश्यों के प्रति किया गया जागरुक

**बहराइच** ।मिशन शक्ति 5.0ह्व अभियान के अन्तर्गत जनपद के सभी थानों पर गठित मिशन शक्ति टीमों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत सभी महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और मिशन शक्ति के तहत उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जागरूक किया गया।*निम्नलिखित महत्वपूर्ण मुद्दों पर जानकारी दी गई* ह्लमिशन शक्ति 5.0ह्व अभियान के अन्तर्गत महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ०प्र० राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का आयोजन हुआ।

# विद्यासागर की पुण्यतिथि पर स्वास्थ्य मेला और कम्बल वितरण

जिला संवाददाता



**देवरिया ।** स्व विद्यासागर की पुण्यतिथि पर बतरौली में अयोजित स्वास्थ्य मेले का उद्घाटन मुख्यातिथि सीएमओ ने किया ।इस अवसर पर 603 मरीजों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लिया लाभ, 480 जरूरतमंदों को मिले कम्बल । स्व० विद्यासागर जी की 15वीं पुण्यतिथि और नववर्ष के अवसर पर अभिषेक पाण्डेय ₹रूपकर₹ द्वारा आयोजित वृहद स्वास्थ्य मेले एवं कम्बल वितरण शिविर का भव्य आयोजन किया गया। इस शिविर में कड़ाके की ठंड के बीच मानवता की सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हुए 480 जरूरतमंदों को कम्बल वितरित किए गए और 603 लोगों का निःशुल्क इलाज किया गया।

भव्य उद्घाटन एवं अतिथियों की उपस्थिति

मुख्य चिकित्सा अधिकारी (उटड) श्री अनिल गुप्ता ने इस पुनीत कार्य की सराहना करते हुए कहा कि स्व० विद्यासागर जी की स्मृति में किया गया यह आयोजन समाज के लिए प्रेरणादायक है ।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ० अश्वनी पाण्डेय, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष गंगा कुशवाहा, विश्व भोजपुरी सम्मेलन के जिलाध्यक्ष श्री गिरिजेश मिश्र और भाजपा बैकुंठपुर मंडल के अध्यक्ष राजेश कुशवाहा उपस्थित रहे ।शिविर में विभिन्न रोगों के विशेषज्ञों ने अपनी सेवाएं दीं। चिकित्सकों की टीम ने लगभग 603 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें परामर्श और दवाइयां उपलब्ध कराईं। डा० अनिल कुमार त्रिपाठी (हड्डी, जोड़ एवं नस रोग विशेषज्ञ, सर्जन)केशव प्रसाद (आर्थो सर्जन)डा० नरेन्द्र कुमार नवीन (बाल रोग विशेषज्ञ)डा० प्रिती पाण्डेय (महिला चिकित्साधिकारी)श्री पूरूसोत्तम पासवान (नेत्र परीक्षण अधिकारी)डा० पारुल एवं डा० जनार्दन तिवारीइसके अलावा, एन०एम०एम०यू (मोबाइल मेडिकल यूनिट) टीम और आर०बी०एस०के० (फ्इरङ) के चिकित्साधिकारियों ने भी सक्रिय योगदान दिया। मेले में आयुष्मान भारत योजना का विशेष स्टॉल लगाकर लोगों को सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया।आयोजक अभिषेक पाण्डेय ₹रूपकर₹ ने आए हुए सभी अतिथियों और चिकित्सकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि स्व० विद्यासागर जी के आदर्शों पर चलकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक मदद पहुँचाना ही हमारा लक्ष्य है। ठंड को देखते हुए 480 असहाय लोगों को कम्बल वितरित कर उन्हें राहत पहुँचाने का प्रयास किया गया ।इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्ति और बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी उपस्थित रहे।

## दशमोत्तर छात्रवृत्ति के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 14 जनवरी

**देवरिया।** जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधीर पाण्डेय ने बताया कि शैक्षिक सत्र/वित्तीय वर्ष 2025-26 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत (कक्षा 11-12 को छोड़कर) उच्च कक्षाओं में अध्ययनरत सामान्य वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए आवेदन की संशोधित समय-सारणी शासन स्तर से जारी कर दी गई है ।उन्होंने बताया कि शैक्षणिक संस्थानों द्वारा मास्टर (गार्डियन) डाटा लॉक करने, पाठ्यक्रम, पाठ्यक्रम का प्रकार, पाठ्यक्रमवार कुल सीटों की संख्या, शासन स्तर से निर्धारित शुल्क तथा पाठ्यक्रमवार संबद्ध (एफिलिएटिंग) एजेंसी/विश्वविद्यालय का विवरण अंकित कर डिजिटल हस्ताक्षर से प्रमाणित करने की अंतिम तिथि 02 जनवरी 2026 निर्धारित की गई है। एफिलिएटिंग एजेंसी/विश्वविद्यालय द्वारा शुल्क आदि का सत्यापन 09 जनवरी 2026 तक किया जाना है। वहीं जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा शिक्षण संस्थानों, पाठ्यक्रम, पाठ्यक्रम का प्रकार, सीटों की संख्या एवं शुल्क की प्रमाणिकता डिजिटल हस्ताक्षर से ऑनलाइन सत्यापित करने की अंतिम तिथि 15 जनवरी 2026 तय की गई है। छात्रों द्वारा ऑनलाइन पंजीकरण एवं आवेदन करने की अंतिम तिथि 14 जनवरी 2026 निर्धारित की गई है, जबकि शिक्षण संस्थानों द्वारा आवेदन पत्रों का सत्यापन एवं अग्रसारण 27 जनवरी 2026 तक किया जाएगा।

## उम्मीद पोर्टल पर वक्फ संपत्तियों का विवरण अपलोड करने की समय-सीमा बढ़ी

**देवरिया।** सहायक सर्वे कमिश्नर वक्फ/जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी आशुतोष पाण्डेय ने बताया कि मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड, लखनऊ के कार्यालय द्वारा अवगत कराया गया है कि उम्मीद केन्द्रीय पोर्टलझ्र2025 पर पंजीकृत वक्फ संपत्तियों का विवरण अपलोड किए जाने के लिए माननीय उत्तर प्रदेश वक्फ न्यायाधिकरण, लखनऊ के आदेश दिनांक 10 दिसंबर 2025 के क्रम में पुनः छह माह की अवधि का विस्तार प्रदान किया गया है उन्होंने बताया कि उक्त आदेश के अनुपालन में उम्मीद केन्द्रीय पोर्टलझ्र2025 पर वक्फ संपत्तियों का विवरण संबंधित मुतवल्लियों द्वारा अपलोड किए जाने हेतु 15 फरवरी 2026 तक की समय-सीमा निर्धारित की गई है। इस क्रम में उन्होंने जनपद में स्थित वक्फ संपत्तियों के समस्त मुतवल्लियों से अपेक्षा की है कि जिन वक्फ संपत्तियों का पंजीकरण प्रथम चरण में उम्मीद पोर्टल पर अवशेष रह गया है, उनका पंजीकरण एवं विवरण अपलोड करने की प्रक्रिया 15 फरवरी 2026 से पूर्व अनिवार्य रूप से पूर्ण करा लें।

## एकमुश्त समाधान योजना की अवधि 31 मार्च तक बढ़ी

**देवरिया ।** जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) एवं जिला प्रबंधक, उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम, राम जनम ने बताया कि उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लिमिटेड, देवरिया द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत वितरित ऋणों के सापेक्ष अधिदेय ऋणों की वसूली हेतु लागू एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) की अवधि 01 जनवरी 2026 से बढ़ाकर 31 मार्च 2026 तक कर दी गई है। उन्होंने बताया कि योजनांतर्गत जनपद से प्राप्त सूचनाओं की निगम मुख्यालय स्तर पर समीक्षा की गई, जिसमें यह तथ्य सामने आया कि अपेक्षित संख्या में मामलों का निस्तारण नहीं हो सका है।

इसके परिणामस्वरूप अनुसूचित जाति के अनेक गरीब ऋणग्राहक इस योजना का लाभ नहीं उठा पाए हैं ।अनुसूचित जाति के गरीब ऋणग्राहकों के हितों को ध्यान में रखते हुए तथा वसूली में अपेक्षित प्रगति लाने के उद्देश्य से निगम द्वारा एकमुश्त समाधान योजना की अवधि को पुनः 01 जनवरी 2026 से 31 मार्च 2026 तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया है ।जिला प्रबंधक ने जनपद देवरिया के ऐसे सभी ऋणग्राहकों से अपील की है, जिन्होंने उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम द्वारा संचालित योजनाओं के अंतर्गत ऋण प्राप्त किया है, कि वे इस अंतिम अवसर का अधिकतम लाभ उठाते हुए ओटीएस योजना के अंतर्गत अपने ऋणों का निस्तारण कराएं।

## ऑयल एक्स्ट्रैक्शन यूनिट के लिए 9 तक ऑनलाइन बुकिंग

**देवरिया ।** उप निदेशक कृषि सुभाष मौर्य ने जनपद के किसान बंधुओं को सूचित किया है कि कृषि विभाग द्वारा संचालित नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयलसीड्स योजना के अंतर्गत 10 टन क्षमता की ऑयल एक्स्ट्रैक्शन यूनिट हेतु ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा उपलब्ध कराई गई है ।उन्होंने बताया कि इच्छुक लाभार्थी दर्शन पोर्टल 2.0 पर 9 जनवरी 2026 तक ?5000 की टोकन धनराशि जमा कर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

इस योजना के अंतर्गत ऑयल एक्स्ट्रैक्शन यूनिट की बुकिंग केवल एफपीओ (किसान उत्पादक संगठन) द्वारा ही की जा सकेगी इसके अतिरिक्त, उप निदेशक कृषि ने बताया कि जनपद के अन्य कृषक भी दिनांक 09 जनवरी 2026 तक तिरपाल एवं बखारी हेतु ऑनलाइन शुल्क जमा कर बुकिंग कर सकते हैं।

# आवेदक का फर्जी हस्ताक्षर बनाकर आईटीआई निपटाने का दावा

जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** पारदर्शिता और जवाबदेही का सबसे मजबूत हथियार माने जाने वाला जन सूचना अधिकार अधिनियम की कुशीनगर जनपद में धज्जियाँ उड़ाई जा रही है। इसकी एक बानगी रामकोला खंड विकास अधिकारी कार्यालय में देखने को मिली है जहां कागजी खेल और जालसाजी के जरिये आम जनता के अधिकार के लिए बनाये गये कानून को बेखौफ कुचला जा रहा है।

बताया जाता है कि ग्राम सभा लाला छपरा की सीक्रेटरी सुनीता देवी ने आरटीआई प्रकरण में अपनी जवाबदेही से बचने के लिए खुद आवेदक का फर्जी हस्ताक्षर बनाकर यह दर्शा दिया कि आवेदक को सूचना उपलब्ध करा दी गयी है जब मामले का खुलासा हुआ तो सेक्रटरी अपने गुनाह पर पर्दा डालने के लिए तरह तरह की बहाने बनाने मे जुटी है।

बतादे कि इस चौंकाने वाले खुलासे के बाद आवेदक ग्राम सभा लाला छपरा निवासी राकेश श्रीवास्तव ने पूरे मामले की लिखित शिकायत जिलाधिकारी से करते हुए इसे मात्र प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि सोची-समझी आपराधिक साजिश बताया है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस प्रकार की कार्यशैली जनसूचना अधिनियम 2005 की धारा 7, 18 एवं 20 का सीधा उल्लंघन है, जिसमें दोषी अधिकारियों पर जुमार्ना और विभागीय कार्रवाई का प्रावधान है ।बेशक ! खंड विकास अधिकारी कार्यालय रामकोला की भूमिका से यह स्पष्ट होता है कि जनसूचना अधिकारी पारदर्शिता से अधिक जवाबदेही से बचने में रुचि रखते हैं।

- रामकोला ब्लाक के सेक्रटरी की खुली सरकारी फजीर्वाड़े की पोल।
- सचिव ने आवेदक का फर्जी हस्ताक्षर गढ़कर निपटा दिया सूचना।
- सूचना अधिकार पर हमला

यह रवैया न केवल कानून का अपमान है, बल्कि आम जनता के उस अधिकार पर भी सीधा हमला है, जिसके तहत वे सरकारी कार्यों की जानकारी मांग सकते हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए आवेदक ने जिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में मांग की है कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष व समयबद्ध जांच कराई जाए और दोषी अधिकारियों पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही आवेदक ने यह भी कहा है कि यदि जिला स्तर पर न्याय नहीं मिला, वह तो उच्च न्यायालय जाने के लिए विवश होगा। आवेदक का स्पष्ट कहना है कि उसे न तो कभी वह सूचना दी गई और न ही उसने किसी रजिस्टर या दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए। इसके बावजूद रामकोला स्थित खंड विकास अधिकारी कार्यालय के रिकॉर्ड में यह दर्ज कर दिया गया कि आवेदक स्वयं उपस्थित होकर सूचना प्राप्त कर चुका है। यह फर्जी व कूटरचित कृत्य सचिव सुनीता देवी द्वारा जानबूझकर की गई है, ताकि जन सूचना में दी गई गलत व भ्रामक सूचना की पोल खुलने से पहले ही फाइल को बंद दिखाया जा सके। मामले की गंभीरता यहीं खत्म नहीं होती।

इससे पहले भी खंड विकास कार्यालय पर आरटीआई आवेदन के जवाब में आधी-अधूरी, भ्रमित करने वाली और तथ्यहीन जानकारी देने, समयसीमा का उल्लंघन करने तथा प्रथम अपील के बाद भी सुधार न करने के आरोप लग चुके हैं। अब फर्जी हस्ताक्षर का दावा सामने आने के बाद पूरे कार्यालय की कार्यप्रणाली संदेह के घेरे में आ गई है ।कानूनी जानकारों का मानना है कि यदि आरोप प्रमाणित होते हैं, तो यह मामला केवल जनसूचना अधिनियम की धारा 20 तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि जालसाजी, कूटरचना और सरकारी अभिलेखों में हेराफेरी जैसे गंभीर आपराधिक अपराधों की श्रेणी में आएगा, जिसमें दोषी कर्मचारी के विरुद्ध कठोर दंड का प्रावधान है।

जिलाधिकारी को दिये गये शिकायती पत्र में आवेदक राकेश श्रीवास्तव ने मांग की है कि प्रकरण की स्वतंत्र व निष्पक्ष उच्चस्तरीय जांच कराई जाए, संबंधित सचिव सुनीता देवी की भूमिका की गहन जांच हो, तथा दोष सिद्ध होने पर न केवल विभागीय कार्रवाई बल्कि आपराधिक मुकदमा भी दर्ज किया जाए। सवाल यह है कि जब सरकारी दफ्तरों में नागरिकों के हस्ताक्षर तक सुरक्षित नहीं हैं, तो सूचना के अधिकार की सुरक्षा कौन करेगा?

## बुद्ध इंटर कालेज में प्रधानाचार्य परिषद के प्रदेश महामंत्री शैलेन्द्र दत्त शुक्ल का हुआ स्वागत



**कसया, कुशीनगर।** बुद्ध इंटर कालेज के प्रांगण में आयोजित सम्मान समारोह में उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद के प्रदेशीय महामंत्री शैलेन्द्र दत्त शुक्ल का माल्यार्पण कर और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

शुक्रवार को आयोजित सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए हनुमान इंटर कालेज के प्रधानाचार्य शैलेंदर दत्त शुक्ल ने कहा कि संगठन को मजबूत करते हुए प्रधानाचार्यो के मान सम्मान की रक्षा करना मेरी नैतिक जिम्मेदारी है। उनके विश्वास पर खरा उतरना ही मेरा लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि प्रधानाचार्यो के सेवा शर्तो और लंबित पड़े मांगो को तथा कॉलेजों के इंफ्रास्ट्रक्चर में बदलाव लाने का प्रयास करेंगे। बुद्ध इंटर कालेज के प्रधानाचार्य उमेश उपाध्याय ने कहा कि शुक्ल कहा कि प्रादेशिक महामंत्री बनना इस जनपद के साथ ही हम सभी प्रधानाचार्यो के लिए बड़ी उपलब्धि है।

निःसन्देह इनके द्वारा प्रधानाचार्यो एवं कॉलेजों की विभिन्न समास्याओं के निराकरण का लाभ मिलेगा। जिला महामंत्री गोविंद मिश्र, प्रधानाचार्य परिषद के जिला महामंत्री गोविंद मिश्र, प्रधानाचार्य अशोक कुमार, कैप्टन वेद प्रकाश मिश्र, सहित शिक्षकों ने श्री शुक्ल को बधाई देते हुए खुशी व्यक्त की।

## जनपद देवरिया में भू-सम्पत्तियों की न्यूनतम मूल्य दरें यथावतः पुनरीक्षित सूची लागू

**देवरिया ।** जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने बताया कि उत्तर प्रदेश स्टाम्प (सम्पत्ति का मूल्यांकन) नियमावली, 1997 एवं द्वितीय संशोधन नियमावली, 2013 के नियम-4 (1) के अंतर्गत जनपद देवरिया में स्थित भू-सम्पत्तियों से संबंधित न्यूनतम मूल्य दर सूची के पुनरीक्षण की कार्यवाही की गई इस क्रम में जनसामान्य से प्राप्त आपत्तियों एवं सुझावों पर विचार किया गया।

साथ ही अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व), सहायक महानिरीक्षक निबंधन, तथा उप जिलाधिकारी एवं उप निबंधक सदर, सलेमपुर, रुद्रपुर, बरहज एवं भाटपाररानी के साथ बैठक कर प्रचलित दर सूची के पुनरीक्षण पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गयाविचार-विमर्श के उपरांत भू-सम्पत्तियों के क्रय-विक्रय की वास्तविक स्थिति का परीक्षण किया गया, जिसमें यह पाया गया कि जनपद में भूमि एवं अन्य सम्पत्तियों की प्रचलित दरें वर्तमान में लागू न्यूनतम मूल्य दर सूची के अनुरूप हैं। समिति द्वारा यह संस्तुति की गई कि वर्तमान में प्रभावी मूल्यांकन सूची में निर्धारित दरों को यथावत रखा जाए।

संक्षेप

## सड़क हादसे में जीजा-साले की मौत

सीतापुर। जिले के मिश्रिख कोतवाली इलाके में सिधौली मार्ग पर अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार जीजा साले की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रामसेवक 19 वर्ष पुत्र श्रीपाल निवासी मोहम्मदनगर साले विपिन 18 वर्ष पुत्र रज्जू निवासी हाजीपुर के साथ बाइक पर सवार होकर हाजीपुर जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक रूपपुर पुलिया के पास पहुंची तभी सामने से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही मिश्रिख कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को सीएचसी मिश्रिख ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद दोनों युवकों को मृत घोषित कर दिया। मिश्रिख कोतवाली प्रभारी प्रदीप कुमार का कहना है कि अज्ञात वाहन की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि हादसे के कारणों का पता लगाया जा सके।

## सामाजिक समरसता सामूहिक खिचड़ी भोज 18 को

आजमगढ़। समाज में व्याप्त जातिवाद, धर्मवाद, छुआछूत, ऊंच नीच की कुरीतियो को दूर कर समाज में समरसता लाने हेतु सामूहिक खिचड़ी भोज का आयोजन 19 जनवरी 2026 को नगर के अग्रसेन कन्या इंटर कालेज आजमगढ़ में दोपहर 12 बजे से किया गया है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए संकल्प फाउण्डेशन के जिला उपाध्यक्ष, सभासद एसोसिएशन प्रदेश सचिव, जिला योजना समिति के सदस्य मोहम्मद अफजल ने दी। मोहम्मद अफजल ने कहाकि वर्षो से हम लोग मरसता लाने हेतु सामूहिक खिचड़ी भोज का आयोजन करते चले आ रहे है। इस भोज में समाज के सभी लोग शामिल होंगे। उन्होंने सभी से अपील किया किं उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनावे।

## 31 तक चलेगा मध्यस्थता अभियान

जौनपुर। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रशांत कुमार सिंह ने अवगत कराया है कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, के तत्वावधान में 01 से 31 जनवरी तक राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान-2.0 चलाया जा रहा है। इसमें मध्यस्थता के माध्यम से न्यायालयों में लम्बित प्रकरणों का अधिकाधिक संख्या में निस्तारण किया जायेगा। इस मध्यस्थता अभियान में वैवाहिक विवाद के मामलें, दुर्घटना दावे के मामले, घरेलू हिंसा के मामले, चेक बाउन्स के मामले, वाणिज्यिक विवाद के मामले, सेवा विवाद के मामले, शमनीय आपराधिक मामले, उपभोक्ता विवाद के मामले, ऋण वसूली के मामले, सम्पत्ति के बंटवारे से संबंधित मामले, बेदखली से संबंधित मामले, भूमि अधिग्रहण के मामले, अन्य उपयुक्त दीवानी मामले आपसी सुलह-समझौतें के आधार पर निस्तारित किये जायेगें। वादकारी गण एवं अधिवक्ता गण अपने-अपने वादों से सम्बन्धित न्यायालयों में सम्पर्क स्थापित कर वादों को मध्यस्थता हेतु संदर्भित करायें एवं अधिकतम वादों का निस्तारण कराकर उक्त अभियान का लाभ उठायें।

# डीएम ने की नगर निकाय के विकास कार्यों की समीक्षा



सीतापुर। जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समस्त नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत के विकास कार्यों एवं निकाय अन्तर्गत संचालित समस्त योजनाओं एवं 15 वीं वित्त आयोग टाइड ग्रांट एवं अनटाइड ग्रांट की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने नगरीय निकायों में अवस्थापना सुविधाओं, साफ-सफाई व्यवस्था एवं आय के स्रोत बढ़ाने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी नगरीय निकायों में ओपेन जिम एवं खेल के मैदान चिन्हित करते हुये उनका विकास कराया जाये। राजस्व के स्रोत बढ़ाने के लिये शापिंग कम्पलेक्स बनवाये जायें तथा सभी वार्डों में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि लोगों के बीच स्वच्छता की भावना के विकास के लिये व्यापक स्तर पर प्रयास किये जायें तथा लोगों में जागरूकता बढ़ायी जाये। इसके लिये वार्डों में आपस में स्वच्छता संबंधी प्रतिस्पर्धा कराते हुये सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले वार्डों के लोगों को सम्मानित किया जाये एवं रोलिंग ट्राफी भी दी जाये, जो अगले चरण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले वार्ड को स्थानान्तरित की जाये। उन्होंने कहा कि अच्छा कार्य करने वाले स्वच्छता कर्मचारियों को भी सम्मानित किया जाये। सभी नगरीय निकायों में स्थित शासकीय भवनों की स्थिति में सुधार हेतु कार्ययोजना बनाते हुये व्यापक स्तर पर कार्यवाही की जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी नगरीय निकाय अवैध अतिक्रमण को हटवाये जाने, नजूल एवं सरकारी भूमियों पर से कब्जा मुक्ति कराये जाने हेतु व्यापक स्तर पर अभियान चलायें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत के चैराहों का चौड़ीकरण किया जाये तथा अवैध कब्जों को मुक्त कराया जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि स्ट्रीट वैण्डरों के साथ बैठक करते हुये उनको सड़क से 150 मी0 दूरी पर दुकानें स्थापित करायें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ई-रिक्शा संचालकों का पंजीकरण कराते हुये रूट चार्ट निर्धारित किया जाये तथा उनको आई0डी0 कार्ड भी जारी किया जाये तथा ई-रिक्शा रूट चार्ट का निर्धारण कलर कोड के साथ किया जाये। स्थान का चिन्हीकरण करते हुये टैक्सी स्टैण्ड का संचालन सुनिश्चित किया जाये एवं उनको मूलभूत सुविधाएं मुहैय्या करायी जायें। बैठक के दौरान अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सीतापुर वैभव त्रिपाठी सहित समस्त अधिशासी अधिकारी एवं विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## पात्र लाभार्थियों को श्रम कार्ड उपलब्ध कराये

आजमगढ़। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार मे जीरो पॉवर्टी अभियान की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिया कि आयुष्मान कार्ड सत्यापन से वंचित 24409 परिवारों का सत्यापन पूर्ण करवाकर एक सप्ताह में पूर्णता रिपोर्ट पोर्टल पर फीड कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने सहायक श्रमायुक्त को सत्यापन से वंचित 8556 परिवारों का सत्यापन पूर्ण करवाकर 15 जनवरी 2026 तक लाभार्थियों को श्रम कार्ड उपलब्ध करवाने तथा इसका विवरण पोर्टल पर फीड करने हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिया कि उज्ज्वला योजना अंतर्गत सत्यापन से वंचित 33076 परिवारों का सत्यापन पूर्ण करवाने तथा दो दिवस में सभी डिस्ट्रीब्यूटर्स को प्रशिक्षण प्रदान कर एक सप्ताह में पूर्णता रिपोर्ट पोर्टल पर फीड कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को सत्यापन से वंचित 6673 परिवारों का सत्यापन पूर्ण करवाने तथा दो दिवस में सत्यापन पूर्णता की रिपोर्ट पोर्टल पर फीड करने हेतु निर्देशित किया। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने प्रथम चरण के लाभार्थियों का शत-प्रतिशत लाभ दिलाकर पोर्टल पर फीड करने के निर्देश दिया तथा द्वितीय चरण के लाभार्थियों का शत-प्रतिशत सत्यापन कर पात्रों को लाभान्वित कराया जाये। उन्होंने निर्देश दिया कि सत्यापन उपरान्त तत्काल लाभार्थियों की सूचना पोर्टल पर भी अपडेट करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि जनपद में जीरो पॉवर्टी अभियान को सफल बनाने हेतु विभिन्न विभागों द्वारा समन्वित प्रयास किया जा रहा है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी परीक्षित खटाना, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ एनआर वर्मा, उपायुक्त स्वतः रोजगार राम उदरेज यादव, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी सहित जीरो पॉवर्टी अभियान के समस्त सदस्य उपस्थित रहे।

# दो पक्षों में चले ईंट पत्थर पीआरवी वाहन क्षतिग्रस्त

सीतापुर। अटरिया थाना क्षेत्र में गुरुवार देर रात दो पक्षों के बीच हुए विवाद में मौके पर पहुंची पीआरवी टीम पर पथराव हो गया। दोनों तरफ से चले पत्थर में पीआरवी वाहन क्षतिग्रस्त हो गया है। पुलिस ने इस मामले में दोनों पक्षों के करीब 5 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार घटना नीलगांव मार्ग स्थित भगवतीपुर चैराहे के पास की है। यहां पर जानकी नगर गांव निवासी दिनेश यादव और मंटू पाल के बीच दीवार बनाने को लेकर विवाद हो गया। देर रात देखते ही देखते दोनों पक्षों में ईंट-पत्थर चलने लगे। सूचना पर डायल 112 की पीआरवी वाहन 1822 मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी लेने के लिए बात शुरू की। इस दौरान दोनों पक्षों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया और पत्थर चल गए। इस दौरान मौके पर मौजूद पीआरवी वाहन संख्या 1822 का अगला शीशा क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस फोर्स ने गांव में दोनों पक्षों के करीब 5 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। एसपी अंकुर अग्रवाल ने बताया कि इस मामले में दोनों पक्षों को तरफ से तहरीर लेकर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है और साथ ही पीआरवी वाहन चालक की तहरीर पर पथराव करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। वहीं क्षतिग्रस्त वाहन के मरम्मत का कार्य कराया जा रहा है।

## 3 व 4 जनवरी को न्यू फीडर दुद्धी व झारो की विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

दुद्धी, सोनभद्र। पिपरा विद्युत उप खंड से जुड़े न्यू फीडर दुद्धी एवं झारो की विद्युत आपूर्ति 3 व 4 जनवरी को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक बाधित रहेगी। उक्त के संबंध में पत्र जारी करते हुए जे ई अवधेश ने बताया कि म्योरपुर डीसी लाइन की स्ट्रींगिग कार्य के कारण 3 व 4 जनवरी को विद्युत आपूर्ति प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक बाधित रहेगी। उपभोक्ताओं से अपील हैं कि उक्त कटौती को ध्यान में रखते हुए अपना -अपना जरूरी काम सुबह 9 बजे तक अवश्य निपटा लें। उन्होंने बताया कि यह कटौती सिर्फ दिन में होगी रात्रि में निर्धारित रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति बहाल रहेगी।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर ने प्रकाश पाली राबर्ट्सगंज को 6 विकेट से दी मात

दुद्धी, सोनभद्र। शुक्रवार को टाउन क्लब मैदान पर पं दीनदयाल नगर और प्रकाश पाली राबर्ट्सगंज के बीच मैच खेला गया। टॉस पं. दीन दयाल उपाध्याय नगर के कप्तान योगेश राणा ने जीता और पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए प्रकाश पाली राबर्ट्सगंज की टीम ने निर्धारित 20ओवर में सभी विकेट खोकर 157 रन बनाये। जिसमें अमित ने 6 छक्कों और 4 चैकों की मदद से 66 रन की पारी खेली। सूर्यप्रकाश ने 29 रन तथा शन्नी ने 21 रन बनाए। गेंदबाजी करते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर के गेंदबाज सत्यम ने 4 विकेट हासिल किया तथा अरमान और सागर ने 2- 2 विकेट हासिल किया। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करते हुए प. दीन दयाल उपाध्याय नगर की टीम ने 14.4 ओवर में ही 4 विकेट खोकर 161 रन बना लिए। जिसमे शुभम ने 43 रन बनाये, निखिल ने 32 रन तथा अरमान ने 24 रन की पारी खेली। गेंदबाजी करते हुए प्रकाश पाली की टीम के खिलाड़ी सुमित ने 2 विकेट हासिल किया, शनि और अयूब ने 1-1 विकेट हासिल किया। इस तरह से प. दीन दयाल उपाध्याय नगर की टीम ने प्रकाश पाली की टीम को 6 विकेट से हराकर अगले चक्र में प्रवेश कर लिया। पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर टीम के खिलाडी अरमान को कस्बा चैकी प्रभारी हरिकेश राम आजाद के हाथों मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। आज के मैच के निर्णायक गौस मुहम्मद खा एवं इक्बाल कुरेशी रहे। कमेंटेटर की भूमिका में ओमकार एवं इरफान खा व स्कोरर की भूमिका में अयान मौजूद रहे।

## मार्ग के लिए 28 करोड़ का बजट स्वीकृत

जौनपुर। प्रदेश के खेल व युवा कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार गिरीश चंद्र यादव की पहल पर जिले को एक बडी सौगात मिली है। शाहगंज विकासखंड के गुरैनी, मानीकलां, सोंगर, होकर मार्टिनगंज तक जाने वाली इस बहुप्रतिक्षित सडक मार्ग के चैडीकरण व सुद्दढीकरण हेतु ?28 करोड़ 28.40 लाख की धनराशि प्रदेश शासन से स्वीकृति कराया है। जौनपुर और आजमगढ होकर सीधे गोरखपुर को जोडने वाली यह सड़क मार्ग 14.800 यानी करीब 15 किलोमीटर चैड़ी होगी। जौनपुर सदर विधानसभा क्षेत्र के शाहगंज विकासखंड अंतर्गत खेतासराय, खुटहन, गुरैनी, मानीकला के हजारों लोगों को अब आजमगढ मंडल मुख्यालय पर आने जाने के लिए चैड़ी सडक मिलेगी। इससे जहां आवागमन के बेहतर साधन होंगे । वहीं इलाके के लोगों को रोजगार कारोबार के सिलसिले में यह सडक काफी मुफीद साबित होगी। दो जिलों को जोडने वाली यह सड़क 14.800 यानी करीब 15 किलोमीटर लंबे इस मार्ग के सुद्दढ़ होगा। क्षेत्रीय जनता के निरंतर मांग पर राज्यमंत्री ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर अपने विधानसभा क्षेत्र की कई सडकों के विकास का प्रस्ताव उनके समझ रखा। राज्य मंत्री के मीडिया प्रतिनिधि मनीष श्रीवास्तव ने शुक्रवार को एक प्रेस रिलीज में बताया कि आजादी के बाद से अभी तक यह सडक उपेक्षित पडी थी।

# सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यक्रम समाज को दिशा देने का काम करते है: राजबहादुर सिंह




पाटन, उन्नाव। सामाजिक सरोकार है कि आज व्यक्ति सीमित होता जा रहा। पूर्वजों की स्मृतियों के लिए जो करते हैं उसे उनकी स्मृतियां बची रहती हैं। ऐसे कार्यक्रम समाज को दिशा देने का काम करते हैं।

उक्त उद्गार शिक्षक विधायक राज बहादुर सिंह चंदेल ने भगवंत नगर कस्बा स्थित श्याम राजकुमारी जगन्नाथ सिंह सनातन धर्म कन्या इंटर कॉलेज के संस्थापक रणजीत सिंह की 102 वीं जयंती कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि आज हम सबको जो भी कुछ मिला है वह सब पुरानी पीढ़ी की ही देन है। रणजीत सिंह जैसे दोस्त मिलना मुश्किल है दोस्ती का निर्वहन करने वाले लोग दूसरों के लिए जीते हैं। कार्यक्रम में अध्यक्ष के रूप में अपने उद्बोधन देते हुए स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि इस संसार मे हम सब नाटक करने के निमित्त जन्म लिया है , वह चाहे जिस क्षेत्र मे हो। व्यक्ति की पहचान उसके उत्तर अभिनय के अभिव्यक्ति से होती है। उन्होंने ने कहा कि व्यक्ति की पहचान उसके कर्मों से होती है । मनुष्य इस संसार मे अभिनय करने के लिए पैदा होता है। संसार मे जो व्यक्ति लोगों की सेवा कर लेता है वही व्यक्ति सफल माना जाता है। रंजीत सिंह ने अपने जीवन काल मे समाज सेवा का आर्दश प्रस्तुत किया है। हम सबको उनके कार्यों से प्रेरणा लेनी चाहिए। समारोह के मुख्य वक्ता के रुप उपस्थित पुश फाउंडेशन के अध्यक्ष पुष्पेंद्र प्रताप सिंह ने समाज सेवा के प्रति वचनबद्धता को दोहराते हुए आदर्श शिक्षक को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके द्वारा दोस्ती की मिसाल को दोहराया। शिक्षक रमेश सिंह ने कहा कि रंजीत सिंह आदर्श शिक्षक होने के साथ साथ एक परोपकारी व्यक्ति थे। कार्यक्रम में उपस्थित कवियों ने कविता पाठ कर शिक्षक को श्रद्धांजलि अर्पित किया। कार्यक्रम को राम प्रताप सिंह पूर्व प्रधानाचार्य नरेंद्र सिंह उम्मीद अचल सिंह अवधेश सिंह सुनील सिंह अभय साहू पूर्व अध्यक्ष ज्ञानी सिंह पूर्व मंत्री अवनीश प्रताप सिंह ए एन सिंह आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्रह्मानंद सरस्वती महाराज जी ने की एवं संचालन प्रधानाचार्य योगेन्द्र कुमार ने किया। आए हूए लोगों को प्रबंधक समरेन्द्र बहादुर सिंह ने अंग वस्त्र, प्रतीक चिन्ह भेट कर सम्मानित किया। आये हुए लोगो के प्रति आभार विद्यालय के प्रबंधक समरेन्द्र बहादुर सिंह ने किया और कहा कि यह जयन्ती समारोह मेरे माता पिता का पूण्य प्रताप है जिनके आशीर्वाद से निर्वाद संचालित हो रहा है।

# एक्सरे और इलाज के नाम पर चल रहा खेल




उन्नाव। जिला अस्पताल में चल रही अव्यवस्था और मनमानी कम होने का नाम नहीं ले रही है। अक्सर किसी न किसी मामले को लेकर जिला अस्पताल चर्चा में बना रहता है। जिम्मेदार अधिकारी भी इस ओर कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे है आपको बता दे कि जिला चिकित्सालय उन्नाव की डायग्नोस्टिक ब्लॉक में स्थापित डिजिटल एक्सरे मशीन में कार्यरत वीरेंद्र सिंह यादव एक्सरे टेक्नीशियन द्वारा हड्डी के डॉक्टरों द्वारा लिखे जा रहे हड्डी के दो (एपी/लेटरल) एक्सरे के स्थान पर मात्र एक ही (एपी या लेटरल) एक्सरे कर के पकड़ा दिया जाता है और एक्सरे फिल्म को भी काट कर के दिया जाता है जबकि रजिस्टर पर दोनों( एपी और लेटरल) एक्सरे दर्ज करते है जिससे रजिस्टर पर अधिक एक्सरे दर्ज होते है किंतु होते बहुत ही कम है और उच्च अधिकारियों को अधिक एक्सरे करने की गलत सूचना देते है। वीरेंद्र सिंह यादव एक्सरे टेक्नीशियन की इस प्रकार की कार्यशैली से हड्डी के डॉक्टर सन्तुष्ट नहीं होते है तो मरीजों को दुबारा मैन्युअल एक्सरे मशीन पर एक्सरे करवाने के लिए भेजते है। वहीं जब इस पूरे मामले पर सीएमएस डॉ राजीव गुप्ता से बात की गई तो उन्होंने गैरजिम्मेदारी वाले अंदाज बताया कि चलो उसको देख लेंगे उसको लेटरल करा देंगे कोई बड़ा इश्यू नहीं है चलो उसको लेटरल में करा देंगे।

## पुलिस ने छात्र-छात्राओं को किया जागरूक



असोहा, उन्नाव (वीओएल)। असोहा ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत काथा के इंटर कालेज में छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया। शुक्रवार दोपहर 1 बजे जवाहरलाल नेहरू इंटर कालेज काथा में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा अभियान के तहत छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के बारे में थाना असोहा से उप निरीक्षक सुनील सिंह ने जागरूक किया। छात्र-छात्राओं को बताया बिना हेलमेट, बिना लाइसेंस, बीमा, तीन सवारी, बिना सीट बेल्ट वाहन चलाने के लाभ हानि के बारे में जागरूक किया। इस जागरूकता अभियान में महिला आरक्षी कंचन, कांस्टेबल वसीम कालेज प्राचार्य, शिक्षक और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## सड़क सुरक्षा माह की तैयारी को लेकर डीएम ने की बैठक

फतेहपुर। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी रविंद्र सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के महात्मा गांधी सभागार में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य जनवरी माह को 'जीरो फैटिलिटी माह' के रूप में मनाना तथा सड़क दुर्घटनाओं को शून्य करने के लिए व्यापक रणनीति तैयार करना था।

चार 'ई' पर जोरजिलाधिकारी ने चार प्रमुख आयामों–इंफोर्समेंट प्रवर्तन इंजीनियरिंग इंजीनियरिंग एजुकेशन (शिक्षा) तथा इमरजेंसी केयर (आपातकालीन देखभाल)–को मजबूती से लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इनके माध्यम से राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह को अभूतपूर्व सफलता दिलाई जाए। सड़क सुरक्षा के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने हेतु विभिन्न माध्यमों जैसे रेडियो, टीवी, सोशल मीडिया, बैनर-पोस्टर तथा सार्वजनिक स्थानों पर व्यापक प्रचार-प्रसार अनिवार्य रूप से कराया जाए।शैक्षिक संस्थानों में कार्यक्रममाध्यमिक एवं उच्च शिक्षा विभाग को निर्देशित किया गया कि स्कूलों-कॉलेजों में सड़क सुरक्षा पर आधारित चित्रकला, निबंध लेखन, भाषण, क्विज तथा नाटक जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाए। इसके अलावा, नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से सड़कों पर आमजन को जागरूक किया जाए, ताकि युवा पीढ़ी में सुरक्षा के प्रति संवेदनशीलता विकसित हो।ग्रामीण एवं शहरी स्तर पर जागरूकताजिला पंचायत राज अधिकारी को हाईवे के किनारे बसे ग्राम सभाओं की बैठकों में सड़क सुरक्षा पर विशेष जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। स्कूली वाहनों का संचालन बिना फिटनेस प्रमाण-पत्र के प्रतिबंधित रहेगा। शीतकालीन कोहरे को ध्यान में रखते हुए सभी वाहनों के आगे-पिछे रेट्रो-रिफ्लेक्टिव टेप लगाने का अभियान चलाया जाए। नगर पालिका परिषद सदर के अधिशासी अधिकारी को पब्लिक एड्रेस सिस्टम तथा कूड़ा संग्रहण वाहनों के माध्यम से सड़क सुरक्षा जिंगल प्रसारित करने का दायित्व सौंपा गया।सख्त प्रवर्तन एवं दंडात्मक कार्रवाईएआरटीओ एवं पुलिस प्रवर्तन इकाई को संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई करने तथा नियम उल्लंघन की पुनरावृत्ति पर चालक का ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त करने के निर्देश दिए। दोपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट, चारपहिया वाहनों के लिए सीटबेल्ट अनिवार्य है। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग या नशे की स्थिति में ड्राइविंग पूर्णतः वर्जित रहेगी।

## दिनदहाड़े चल रहा मिट्टी का अवैध खनन पुलिस मौन

फतेहपुर शाह चौकी क्षेत्र में खुलेआम चुनौती देते हुए गाजीपुर थाना क्षेत्र की शाह चौकी इन दिनों अवैध मिट्टी खनन के गढ़ के रूप में उभरती नजर आ रही है। चौकी क्षेत्र के अंतर्गत दिनदहाड़े बिना किसी वैध अनुमति के मिट्टी से लदे ट्रैक्टर-ट्रॉली सड़कों पर फरार्टा भरते देखे जा रहे हैं, लेकिन हैरानी की बात यह है कि जिम्मेदार पुलिस तंत्र आंख मूंदे बैठा है।सूत्रों के मुताबिक, शाह चौकी क्षेत्र से महज 1 से 1.5 किलोमीटर के दायरे में लगातार सरकारी भूमि से मिट्टी का अवैध खनन किया जा रहा है। यह पूरा खेल न तो छिपकर हो रहा है और न ही रात के अंधेरे में बल्कि खुलेआम और सार्वजनिक रास्तों से मिट्टी शहर तक पहुंचाई जा रही है।स्थानीय लोगों का आरोप ह्लखनन नहीं, अवैध कारोबारों का अड्डा बन चुकी हैशाह चौकीह्वस्थानीय नागरिकों का कहना है कि एक स्थानीय ग्रामीण ने नाम न छापने की शर्त पर बतायायह सब बिना पुलिस की जानकारी के संभव नहीं है। ट्रैक्टर रोज निकलते हैं, रास्ता तय है, समय तय है फिर कार्रवाई क्यों नहीं सरकारी जमीन की मिट्टी, शहर में मोटा मुनाफा सूत्र बताते हैं कि खनन माफिया सरकारी भूमि से मिट्टी निकालकर शहर के अंदर ऊँचे दामों पर बेच रहे हैं। जानकारी के



अनुसारराधानगर क्षेत्र में 1500 प्रति ट्रॉली, शहर के भीतर 2000 से 3500 प्रति ट्रॉली की दर से मिट्टी बेची जा रही है।इस अवैध कारोबार से सरकार को भारी राजस्व नुकसान, जबकि माफियाओं की तिजोरियां भरने की चर्चा जोरों पर है।लोकेटर नेटवर्क, होटल और थार गाड़ी से निगरानी स्थानीय सूत्रों का दावा है कि खनन माफिया ने पूरा लोकेटर नेटवर्क खड़ा कर रखा है। दिन-रात खनन जारी रहता है। एक सूत्रीय सिस्टम के गंभीर आरोप स्थानीय सूत्रों के अनुसार, मौजूदा चौकी इंचार्ज के कार्यकाल में अवैध गतिविधियों में अप्रत्याशित बढ़ोतरी हुई है। आरोप है कि चौकी स्तर पर एक कथित एक सूत्रीय सिस्टमकाम कर रहा है, जहां एक कारखास सिपाही के माध्यम से अवैध कारोबारियों से महीने की रकम तय की जाती है।इ सके बाद खनन हो या अन्य अवैध धंधे सब कुछ बेखौफ चलता है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि जब शिकायत या खबरें सामने आती हैं तो दिखावे की कार्रवाई होती है, फिर कुछ दिन बाद हालात जस के तस। इतना ही नहीं, मीडिया द्वारा जानकारी मांगे जाने पर चौकी स्तर से असहयोगात्मक रवैया अपनाए जाने की भी चर्चा है। जनता पूछ रही है सवाल क्या शाह चौकी क्षेत्र में जीरो टॉलरेंस नीति सिर्फ कागजों तक सीमित है। क्या अवैध खनन माफिया यूं ही कानून को ठेंगा दिखाते रहेंगे या फिर वरिष्ठ अधिकारी हस्तक्षेप कर वास्तविक कार्रवाई करेंगेक्या बोले जिम्मेदार अधिकारीइस संबंध में जब क्षेत्राधिकारी जाफरगंज ब्रज मोहन राय से शाह क्षेत्र में हो रहे मिट्टी खनन को लेकर बातचीत की गई, तो उन्होंने कहा खबरें संज्ञान में हैं, कई गतिविधियां सामने आई हैं। बहुत जल्द सभी मामलों को कार्रवाई के दायरे में लाया जाएगा।

# डीएम ने जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी

जिला संवाददाता(vol)



पुरवा, उन्नाव (वीओएल)। जिलाधिकारी गौरांग राठी शुक्रवार को ब्लाक के ग्राम असेहरू में जरिए जन चौपाल ग्रामीणों से बातचीत की। अति निर्धन परिवारों में जाकर योजनाओं की हकीकत जानी उच्च प्राथमिक विद्यालय के मेधावी छात्रों से सवाल जवाब किए उन्हें पुरस्कृत किया।

ग्रामीणों को संबोधित करते कहा कि सरकार की मंशा है योजनाओं का लाभ लाभार्थियों को सीधे मिले इसके लिए ग्राम पंचायत स्तर पर पंचायत भवन संचालित है यहां से योजनाओं की जानकारी के साथ साथ आवेदन भी किया जाना है। जन चौपाल में मौजूद सभी विभागों के विभागाध्यक्षों ने संचालित योजनाओं की जानकारी दी ग्रामीणों की समस्याओं का निस्तारण भी किया। जन चौपाल पहुंचने से पहले जिलाधिकारी अति निर्धन शारदा पत्नी सूरज के घर गए बता दें कि शारदा का परिवार आज भी झोपड़ी में रहता है आयुष्मान कार्ड नहीं है यह परिवार शासन की तमाम योजनाओं से वंचित है जिलाधिकारी से गहनता से जांच की खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि सूची वृद्ध सभी परिवारों को योजनाओं से आच्छादित किया जाए। जिलाधिकारी कंधई पुत्र लल्लू लोधी के घर गए दौरान जांच पाया कि आवास सहित कई योजनाओं का लाभ दिया जा चुका है। जिलाधिकारी ने ग्रामीणों के सामने योजनाओं की हकीकत जानी और लाभार्थियों से पूछकर तस्दीक किया। खंड विकास अधिकारी संतोष कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि कुल 1640 की जन संख्या है परिवार है 20 इंडिया मार्क हैंडपंप है सभी संचालित हैं, पच्चीस परिवार अति निर्धन पाए गए है। जिन्हें योजनाओं से आच्छादित करने का कार्य जारी है गांव में पंचायत भवन है पंचायत सहायक की नियुक्ति है। बीडीओ श्रीवास्तव ने ग्रामीणों से फैमिली आई डी बनवाने को कहा बताया कि महिला मुखिया के नाम आई डी बनेगी और योजनाओं की जानकारी आपके मोबाइल पर मिल जाएगी। गौरतलब है कि जन चैपाल में पहुंचे जिलाधिकारी गौरांग राठी का प्रधान रोशनी देवी ने बुके देकर स्वागत किया। श्रम प्रवर्तन अधिकारी राधेश्याम, मत्स्य विभाग के बाल किशोर दुबे, जिलापूर्ति अधिकारी राजबहादुर सिंह समाज कल्याण अधिकारी आदि ने अपने अपने विभागों से संचालित योजनाओं की जानकारी व लाभ लेने के नियम बताए जिलाधिकारी गौरांग राठी ने मेधावी छात्रों से सवाल जवाब किए उन्हें सम्मानित किया। चौपाल में उप जिलाधिकारी प्रमेश श्रीवास्तव, मनीष द्विवेदी तहसीलदार, सीओ तेजबहादुर सिंह, एसडीओ विद्युत एतबार हुसैन सिद्दीकी नीरज चतुवेर्दी नायब तहसीलदार, कृष्णा नन्द बाजपेई सहित सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी व ग्रामीण मौजूद थे।

## बालिकाओं को दी सुरक्षा की जानकारी



जौनपुर। शुक्रवार को थाना केराकत कोतवाली पुलिस द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान एंटी रोमियो टीम प्रभारी उपनिरीक्षक बबन सिंह के नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5 के अंतर्गत आयोजित किया गया। अभियान के दौरान कोतवाली चैराहा, सरायबीरू, सिहौली चैराहा, स्टेशन रोड सहित अन्य प्रमुख बाजारों व सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर बाजार में आई महिलाओं व बालिकाओं को उनकी सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। पुलिस टीम ने उन्हें बताया कि किसी भी आपात स्थिति में वे बेझिझक पुलिस व अन्य हेल्पलाइन सेवाओं का उपयोग कर सकती हैं।इस दौरान महिलाओं को पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102 व 108, वूमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, वीमेन हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 तथा साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, नशा मुक्ति भारत अभियान, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना सहित महिला एवं लैंगिक अपराधों से संबंधित कानूनों के बारे में भी अवगत कराया गया।उपनिरीक्षक बबन सिंह ने कहा कि महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा पुलिस की प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार की छेडछाड उत्पीड़न या अपराध की स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचना दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। हेड कांस्टेबल संजय यादव, महिला कांस्टेबल कुसुम, आशा, अनुपमा आदि मौजूद रहे।

संक्षेप

## दहेज को लेकर ससुरालीजनों ने बहू को घर से निकाला

**बांदा।** दहेज की लालच में ससुरालीजनों ने बहू को प्रताड़ित कर घर से निकाल दिया। थाना बिसंडा के ग्राम ओरन मजरा सरजोपुरवा निवासी नथिया पत्नी फूलचंद्र ने थाने में तहरीर दी है कि उसने पुत्री प्रियंका की शादी बीते वर्ष 5 जून को मोहन पुत्र वीर सिंह वर्मा निवासी ग्राम गुसियारी थाना मौदहा, जिला हमीरपुर के साथ की थी और तय अनुसार दान-दहेज भी दिया था। इसके बाद ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज के लिए बेटी को प्रताड़ित करने लगे, बिरादरी पंचायत में भी मुकर गए। उन्होंने बेटी के दान-दहेज का सामान छीनकर उसे घर से बाहर निकाल दिया। लगभग तीन माह से बेटी मायके पर रह रही है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति मोहन, ससुर वीर सिंह, जेठ भोला व रोहित, देवर आशीष, दीपक, सोनू, सास ज्ञानमती, जेठानी आकांक्षा पत्नी भोला पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

## ईको कार की जोरदार टक्कर से बाइक सवार की मौत

**ललितपुर।** तहसील कार्यालय मड़ावरा के बाहर तेज रफ्तार से भाग रही ईको कार ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद तहसीलदार मड़ावरा ने राहगीरों की मदद से घायल को तत्काल सरकारी गाड़ी से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मड़ावरा में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के दौरान चिकित्सकों घायल बाइक सवार को मृत घोषित कर दिया। मड़ावरा थानान्तर्गत ग्राम प्यासा में रहने वाले 35 वर्षीय भज्जू निरंजन अपनी मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 के 6686 से मड़ावरा तहसील के पास था तभी पीछे से तेज रफ्तार से भागती आ रही ईको कार संख्या एम.पी.15 जेड.ई. 4861 के चालक ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। तेज टक्कर की आवाज सुनकर अफरा-तफरी मच गयी और तहसीलदार मड़ावरा मनोज श्रीवास्तव भी मौके पर जा पहुंचे, जहां उन्होंने घायल की हालत नाजुक देखते हुये तहसीलदार ने तत्काल अपनी सरकारी गाड़ी से घायल को राहगीरों की मदद से उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मड़ावरा पहुंचाया, जहां मौजूद चिकित्सकों ने बाइक सवार घायल को प्राथमिक उपचार के दौरान मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने अस्पताल पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## विज्ञान के प्रति जागरूकता के लिए होंगे कार्यक्रम

**ललितपुर।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के तत्वाधान में जिला विज्ञान क्लब, ललितपुर कार्यक्रम, प्रदर्शनी आयोजित करायेगा। इन कार्यक्रमों में अंधविश्वास के विरुद्ध वैज्ञानिक जागरूकता, स्वच्छ पर्यावरण एवं स्वस्थ जीवन, राष्ट्रीय गणित दिवस एवं राष्ट्रीय विज्ञान दिवस, कार्यक्रम शामिल होंगे। विद्यार्थियों, युवाओं एवं ग्रामीण क्षेत्रों तक विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाए जाने के लिए चार विज्ञान जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन आगामी महीनों में किया जाएगा। इसके लिए जिलाधिकारी द्वारा स्वीकृति दे दी गई है। अंधविश्वास के विरुद्ध वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम में विभिन्न ओझाओं के द्वारा प्रदर्शित चमत्कारों के पीछे छिपे विज्ञान की जानकारी देकर उनके अंधविश्वास के खेल को उजागर कर लोगों को जागरूक करना प्रमुख उद्देश्य रहेगा। स्वच्छ पर्यावरण एवं स्वस्थ जीवन कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को पर्यावरण का महत्व बताया जाएगा एवं पर्यावरण स्वच्छ रखकर स्वस्थ कैसे रहें। पर्यावरण में वर्तमान में हो रहे परिवर्तन के बारे में बताया जाएगा और इसके समाधान एवं जिम्मेदारी के बारे में युवाओं को जागरूक किया जाएगा। राष्ट्रीय गणित दिवस उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में सेमिनार, कार्यशाला, प्रतियोगिताएं, व्याख्यान एवं प्रदर्शनी आयोजित होगी। वहीं राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में रमन प्रभाव की जानकारी दी जाएगी। विज्ञान प्रदर्शनी, पोस्टर एवं वाद विवाद प्रतियोगिता, वैज्ञानिक सोच एवं अनुसंधान में कैरियर बनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। जिला विज्ञान क्लब के समन्वयक राहुल जैन ने बताया कि चार विज्ञान जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन जिले में किया जाएगा। शीघ्र ही कार्यक्रमों की तिथि और स्थान जिलाधिकारी की अनुमति पर निर्धारित किए जाएंगे। जिला विद्यालय निरीक्षक ओम प्रकाश ने कहा कि कार्यक्रम शासन की मंशानुरूप कराए जाएंगे जिनको लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

# गर्म वस्त्र पाकर जरूरतमंदों के चेहरों पर लौटी मुस्कान

जिला संवाददाता



**ललितपुर।** आसरा सोशल डेवलपमेंट फाउंडेशन के तत्वाधान में पंडित रुद्र नारायण त्रिवेणी शर्मा मेमोरियल इंटर कॉलेज परिसर में रजाई एवं स्वेटर वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कड़ाके की ठंड में जरूरतमंदों, गरीब महिलाओं, दिव्यांगों, दृष्टिबाधित व्यक्तियों एवं छोटे बच्चों को राहत प्रदान करना रहा। शुभारंभ विद्यालय की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत से हुआ, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। इसके उपरांत संत गुरुओं एवं अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया

**संतों की मौजूदगी में पं. रूद्र नारायण त्रिवेणी शर्मा मेमोरियल इंटर कालेज में हुआ आयोजन**

तथा पंडित रुद्र नारायण शर्मा एवं माता त्रिवेणी देवी शर्मा की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम के संचालन की जिम्मेदारी जयप्रकाश नारायण द्विवेदी ने कुशलतापूर्वक निभाई। इस दौरान संस्था अध्यक्ष सुनील शर्मा ने उपस्थित अतिथियों एवं जनसमुदाय का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए कहा कि आसरा सोशल डेवलपमेंट फाउंडेशन समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सहायता पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सोनू चैबे ने की। इस दौरान परम पूज्य गुरुदेव नरसिंह मंदिर महंत श्री श्री गंगादास जी महाराज, तुवन मंदिर महंत रामलखनदास महाराज, सर्वेश्वर धाम के जगदगुरु कृष्णानंदजी गिरी, रामबालक दासजी तथा महंत सद्गुमारजी द्वारा गरीब महिलाओं, दिव्यांगों एवं दृष्टिविहीन व्यक्तियों को रजाइयों का वितरण किया गया। वहीं छोटे बच्चों को ठंड से बचाव हेतु स्वेटर वितरित किए गए। वितरण पाकर जरूरतमंदों के चेहरों पर खुशी स्पष्ट दिखाई दी। इस दौरान प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबले, वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति अध्यक्ष बाबू गंधर्व सिंह लोधी, राजाराम गोस्वामी, जिला पंचायत सदस्य राजेश यादव, समाजसेवी लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा, हरिशंकर साहू, रानू राजा रोड़ा, रामजी यादव, राजेश श्रीवास्तव, चेतन कुशवाह, राकेश शर्मा, प्रमोद सक्सेना एड. सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। वहीं विद्यालय परिवार की ओर से प्रधानाचार्य आशीष दीक्षित, राहुल पटेरिया, प्रभुदयाल कुशवाहा, आकांक्षा बुंदेला, अंजलि बुंदेला, संजय राजा, विनोद दीक्षित, मानसिंह यादव, भज्जू यादव, उधम यादव गंगासागर, विनोद राजपूत सहित अन्य शिक्षक एवं स्टाफ सदस्य कार्यक्रम में सहभागी रहे। कार्यक्रम के समापन पर प्रधानाचार्य आशीष दीक्षित ने सभी अतिथियों, संत गुरुओं, संस्था पदाधिकारियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# फर्जी सीबीआई ने सेवानिवृत्त शिक्षिका को डिजिटल अरेस्ट कर खाते से 29 लाख उड़ायें




**बिजनौर।** साइबर ठग ने मनी लॉन्ड्रिंग के फर्जी मांमले में सुप्रीम कोर्ट से जमानत खारिज होने का झांसा देकर डिजिटल अरेस्ट करके सेवानिवृत्त शिक्षिका के बैंक खाते से 29 लाख रुपये उडा लिये। पीडिता की शिकायत पर साइबर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार थाना नजीबाबाद क्षेत्र के मोहल्ला हवेलीतला निवासी सेवानिवृत्त शिक्षिका तोजीहा सुल्ताना ने साइबर थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि बीती 24 दिसंबर 2025 को उनके मोबाइल नम्बर पर एक कॉल आई। कॉलर ने खुद को टेलीकाम कंपनी का अधिकारी बताते हुए उनके नाम पर एक और मोबाइल सिम चलने की बात कही। साथ ही उक्त मामले को दिल्ली पुलिस को ट्रांसफर करने की बात कही। 25 दिसंबर को वीडियो कॉल आई। वीडियो कॉल करने वाले ने अपना गोपेश बताते हुए खुद को दिल्ली पुलिस का अधिकारी बताया। दिल्ली पुलिस का अधिकारी बताने वाले साइबर ठग ने बताया कि तुम्हारे खाते में मनी लान्ड्रिंग का पैसा आया है और यह मांमला सीबीआई का है और कॉल काट दी। कुछ ही देर के बाद एक और कॉल आई, कॉलर ने अपना नाम अनिल सिंह और सीबीआई का अधिकारी बताया। उसने कहा कि आपके बैंक आफ बड़ौदा के खाते में मनी लॉन्ड्रिंग का पैसा पहुंचा है। अब उन्हें सीबीआई के दिल्ली ऑफिस में आना होगा। सेवानिवृत्त शिक्षिका तोजीहा सुल्ताना ने डरते हुए कहा कि मामला कैसे निपट सकता है। आरोपी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने जमानत दिलवाने का प्रयास करते हैं। अगर जमानत मिली तो सीबीआई के दफ्तर में नहीं आना पड़ेगा। 26 दिसंबर को फिर से फोन आया और सुप्रीम कोर्ट में जमानत याचिका निरस्त होने की बात कही। फिर से कहा गया कि खाता का सत्यापन करा लो तो राहत मिल जाएगी। खाते का सत्यापन कराने की एवज में 29 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए। साइबर ठग द्वारा 26 से 30 दिसंबर तक पांच बार में करीब तीन लाख 95 हजार रुपये ट्रांसफर कराए गए। जबकि 29 दिसंबर को चेक के माध्यम से 25 लाख रुपये ट्रांसफर कराए। घटना के संबन्ध में अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) कृष्ण गोपाल का कहना है कि पीडिता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। साइबर ठग तक पहुंचने के लिए जांच शुरू कर दी गई है।

# सड़क सुरक्षा माह ! डीएम ने प्रचार वाहन को दिखाई हरी झंडी, शपथ ग्रहण भी कराई



**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर 01 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक संचालित होने वाले सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जन जागरूकता के लिए प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर ह्लसड़क सुरक्षा माहह्ल का शुभारंभ किया तथा सड़क सुरक्षा से संबंधित सभी लोगो को सामूहिक रूप से शपथ ग्रहण भी कराई गई।

कार्यक्रम में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), बिजनौर गौरी शंकर ठाकुर, सम्भागीय निरीक्षक (प्राविधिक), बिजनौर, सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक, बिजनौर डिपो, अशोक कुमार एवं सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक, धामपुर डिपो, यातायात पुलिस निरीक्षक रवि नैन आदि उपस्थित रहे। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन), बिजनौर शिव शंकर सिंह द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा उपस्थित परिवहन विभाग, पुलिस विभाग, चिकित्सा विभाग, शिक्षा विभाग, समस्त निर्माण एजेन्सियों के सदस्यों, ट्रान्सपोर्ट यूनियन के सदस्यों तथा जनमानस को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलायी एवं प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर कर रवाना किया गया, जो पूरे माह जनपद के मुख्या क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए सड़क सुरक्षा का प्रचार प्रसार करेगा। सहायक सभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) ने जानकारी देते हुए बताया कि इसके अतिरिक्त सड़क सुरक्षा जागरूकता सम्बन्धी, पोस्टर, स्टीकर, हैंडबिल एवं पम्पलेट का वितरण किया गया तथा जनपद मुख्य चैराहों एवं मुख्य स्थानों पर फ्लेक्स बोर्ड लगाये गये। जनपद के विभिन्न वाहन डीलरों द्वारा पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से प्रचार प्रसार किया गया। कार्यक्रम में भारी संख्या में आमजन द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## जमीन की खरीद में लेनदेन पर वादा खिलाफी, रिपोर्ट दर्ज

**बांदा।** जमीन खरीद में रुपये के लेनदेन, वादा खिलाफी को लेकर क्रेता ने विक्रेता पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। शहर के मुक्तिधाम रोड क्योटरा निवासी विमल कुमार शर्मा ने तहरीर देकर बताया है कि विजय कुमार शिवहरे पुत्र रामकिशोर शिवहरे निवासी मोहल्ला गूलरनाका कोतवाली नगर से उनकी जमीन खरीदने के लिए 5 लाख रुपये का भुगतान चेक के माध्यम से किया। तीन महीने के अंदर विजय कुमार शिवहरे ने जमीन की लिखा-पढ़ी का स्टांप में वायदा किया था। गवाहान सीताराम व मुईन अहमद ने विजय कुमार शिवहरे के सामने ही हस्ताक्षर बनाये। जब मार्च 2024 में दी गयी अवधि के पूर्व शेष रकम देकर बैनामा करने को कहा तो विजय कुमार शिवहरे ने कहा कि उसकी पत्नी का इलाज चल रहा है जिससे वह परेशान है और यह बाद में कर लेंगे। इसी तरह कई माह बीत गए। पत्नी की मौत के बाद भी विजय कुमार शिवहरे ने बैनामा नहीं कराया। बाद में पता चला कि कुछ हिस्सा शशि तिवारी को सितंबर माह में बेंच दिया था और उससे लगातार झूठ बोलते रहे। विजय ने 31 अक्टूबर 2025 तक रकम वापस करने का वादा किया लेकिन पूरा नही किया। इस पर कानूनी नोटिस दी थी। विजय ने नोटिस नही ली और वापस कर दी जबकि शशि तिवारी ने नोटिस ली। इस पर पीड़ित ने कोतवाली नगर में विजय व अन्य पर धोखाधड़ी, रुपये हड़पने की तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है।

## जनपद में साप्ताहिक बंदी के दिन जिलाधिकारी जसजीत कौर ने किए निर्धारित



**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने मीडिया के माध्यम से बताया गया कि उ0प्र0 दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान अधिनियम, 1962 की धारा 8 के साथ पठित नियमावली के नियम-6 में प्रदत्तश अधिकारों का प्रयोग करते हुए जनपद बिजनौर में स्थित नियोजनों के साप्ताहिक बन्दी के सम्बन्ध में जनहित को दृष्टि में रखते हुए अपवादों को छोड़कर वर्ष 2026 के लिये जनपद के विभिन्न स्थानों के लिए साप्ताहिक बन्दी दिवस स्वीकृत किया गया है। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने शुक्रवार को मीडिया के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि नगर पालिका व नगर पंचायत क्षेत्र में आवर्त प्रतिष्ठान/समस्त दुकानें एवं वाणिज्य अधिष्ठान बिजनौर के लिये बुद्ववार साप्ताहिक बन्दी व फोटो कॉपी करने वाली दुकानों के लिए रविवार साप्ताहिक बन्दी दिन घोषित किया जाता है। चांदपुर, नजीबाबाद के लिए बृहस्पतिवार, किरतपुर, स्योहारा, मण्डावर, बढापुर व अफजलगढ के लिए शुक्रवार है। उन्होंने बताया कि झालू, हल्दौर, साहनपुर, शेरकोट व नूरपुर तथा नगीना के लिए सोमवार बंदी घोषित है। नगीना के हैण्डीक्राफ्ट उद्योग के लिए शुक्रवार है। नहटौर व सहसपुर के लिए मंगलवार तथा धामपुर के लिए बुद्ववार है। उन्होंने बताया कि सम्पूर्ण जनपद में विद्युत शक्ति का उपयोग करने वाली ईकाइयां मंगलवार को बंद रहेंगी। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने इन आदेशों का कडाई से पालन कराने के लिए संबन्धित अधिकारियों को सख्त हिदायत दी है।

## ऑल इंडिया यूनिट ने सर्दी से राहत पहुंचाने के लिए लगाया फ्री चाय का शिविर

**नगीना, बिजनौर।** ऑल इंडिया पायामय इंसानियत यूनिट नगीना की तरफ से भीषण ठंड को देखते हुए राहगीरों को राहत पहुंचाने के लिए फ्री चाय का एक कैंप मोहल्ला पहाड़ी दरवाजा इमलियों में लगाया गया। ऑल इंडिया पायामय इंसानियत यूनिट नगीना के जिम्मेदार हाजी तंजील आलम ने इस मौके पर बताया इन कैंपों का मकसद उन मजदूरों को जो मजदूरी करने सुबह-सुबह निकलते हैं या रेत की बुग्गी लेकर सुबह सेवेरे शहर में आते हैं। भीषण ठंड में सुबह-सुबह गरम-गरम चाय पिलाकर कुछ राहत देने का काम किया जाता है। हाजी तंजील ने बताया ऑल इंडिया पायामय इंसानियत हमेशा पूरे हिंदुस्तान में इस तरह के कैंप लगाती है उसमें लोगों को गर्म कपड़े कंबल लिहाफ वगैरा फ्री में बाट ती है ऐसे ही गर्मियों में ठंडा पानी और ठंडा शरबत वगैरा बाट कर आपस में प्यार मोहब्बत का पैगाम देती है। इस मौके पर उन्होंने अन्य समाजसेवियों से भी अपील करते हुए कहा कि वह इस पुण्य के काम को आगे बढ़ाएं, जबकि मुफ्ती अरशद साहब ने कहा कि ठंड कम होने तक यह काम लगातार जारी रहेगा। इस पर मौ0 आमिर ने अपनी टीम के सभी लोगों का शुक्रिया अदा किया। इस मौके पर समाजसेवी हाजी तंजील आलम, मुफ्ती अरशद, मौलाना आबिद, मुफ्ती नईम, कारी शाकिर, श्रीकांत, जाकिर खान, हाफिज जीशान, अब्दुल कादिर, मौ0 अरबाज आदि ने इस पुण्य के काम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

## सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह आयोजित



**महोबा।** पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की चतुर्थ श्रेणी कार्मिक रेखारानी के सेवानिवृत्त होने पर विद्यालय में उनका सम्मान किया गया। इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्या सरगम खरे ने रेखारानी को अंग वस्त्र, श्रीफल, स्मृति चिन्ह ? एवं श्रीमद् भागवत गीता भेंटकर उनको सम्मानित किया तथा सेवानिवृत्ति के बाद जीवन के नए अध्याय की शुरूआत के लिए शुभकामनाएं दीं एवं उनके द्वारा सेवाकाल में किए गए कार्यों के लिए कृतज्ञता प्रकट की। इस मौके पर नीलम सोनी, रश्मि श्रीवास्तव, कल्पना अग्रवाल, रामप्यारी, हरकुंवर, रेखा त्रिपाठी, सीता, उमा चौरसिया, रोहिणी पटेल, वंदना शुक्ला, रंजना धुरिया, शांति, नेहा सोनी, रंजना श्रीवास्तव, मंजू, उषा, साधना, रामबाबू, भानमति, अनुरागी, लिपिक मंजू, गंगा, आदि शिक्षक शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पुलिस की बड़ी सफलता, 25 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार



**बांदा।** पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने के चलते थाना चिल्ला पुलिस ने 25 हजार रुपये के इनामी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। बताते चलें कि थाना चिल्ला क्षेत्र में युवती से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने व दहेज मांगने के मामलें में धारा 376/323/504/506 भादवि व 3/4 डीपी एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया था। इस मामले में आरोपी नवाजुद्दीन उर्फ सद्दाम उर्फ नयाजुद्दीन पुत्र नजीबुद्दीन निवासी सादीमदनपुर थाना चिल्ला काफी अरसे से फरार चल रहा था। इसकी शीघ्र गिरफ्तारी को लेकर पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने 25 हजार रुपये का ईनाम घोषित किया था। थाना चिल्ला पुलिस आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए लगातार खोज कर रही थी। शुक्रवार को अपराधियों की तलाश में प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार दुबे, उप निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, महिला हेड कांस्टेबल अंजली गुप्ता व कांस्टेबल शनि कुमार वर्मा, पुलिस टीम भ्रमण पर थी। इसी दौरान आरोपी नवाजुद्दीन सादीमदनपुर चैराहे में पुलिस के हत्थे चढ़ गया।

## अवैध धन अर्जित करने वालों पर गैंगेस्टर के तहत मुकदमा दर्ज

**बांदा।** पुलिस ने मादक पदार्थों की बिक्री करने वालों पर गैंगेस्टर व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक थाना पैलानी राजेश कुमार ने बताया कि कस्बा व गांव के लोगों ने बताया कि गैंग लीडर भारतलाल पुत्र रामावतार निवासी शिवपालडेरा मजरा खप्टिहाकला, संजय सिंह उर्फ तन्नू सिंह पुत्र जगदीश सिंह निवासी खप्टिहाकला थाना पैलानी सदस्य अरविंद सिंह पुत्र राजाभैया निवासी अछरौंड थाना मटौंध, अशोक सिंह पुत्र राम अवतार निवासी भज्जू का पुरवा गुरेह थाना कोतवाली देहात, अमरेंद्रजीत निषाद उर्फ मिंता पुत्र ब्रजराज निवासी शिवपालडेरा मजरा खप्टिहाकला थाना पैलानी एक संगठित गिरोह में काम करते हैं। गैंग लीडर भारतलाल ने गिरोह के सक्रिय सदस्य अरविंद सिंह, अशोक सिंह, संजय सिंह उर्फ तन्नू सिंह, अमरेंद्रजीत के साथ मिलकर साथियों के भौतिक, आर्थिक लाभ के लिए भारी मात्रा में अवैध गांजा, मादक पदार्थ की खरीद फरोख्त, तस्करी करते हैं। इसे लेकर भारतलाल व सदस्यों के विरुद्ध थाने पर कई मुकदमे दर्ज हैं। इनके आतंक एवं डर के कारण लोग प्रशासन से शिकायत नहीं करते। थाना प्रभारी ने बताया कि इन पर गैंगेस्टर सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। चिल्ला थाना क्षेत्र के आकाश निषाद पुत्र मेवालाल निषाद, विक्रम निषाद उर्फ शेरा पुत्र रामबली, कृष्णकुमार पुत्र रामप्रसाद निवासी डिंघवट अपराधी किस्म के व्यक्ति है। इनका एक संगठित गिरोह है। यह थाना क्षेत्र के अलावा आसपास के थाना क्षेत्र, अगल-बगल के जनपदों के थाना क्षेत्र में आए दिन मकानों का समान, वाहनों की चोरी करते हैं और इन्हें बेचकर धन अर्जित करते हैं।

## युवती के गले पर छुरी रखकर बंधक बनाने वाला सिरफिरा पहुंचा सलाखों के पीछे



**बिजनौर।** शोरूम में कपडे खरीद रही एक युवती के गले पर एक सिरफिरे ने छुरी रखकर उसे बंधक बना लिया। आरोपी ने युवती से रुपए की मांग करते हुए जान से मारने की धमकी दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बामुश्किल युवती को सिरफिरे युवक से बंधन मुक्त कराया।

जानकारी के अनुसार थाना नजीबाबाद क्षेत्र के कृष्णा टॉकिज की गली में भारतीय स्टेट बैंक के पास एक कपडे के शोरूम पर बुधवार की रात्रि फिल्मी स्टाइल में पहुंचे एक सिरफिरे युवक ने कपड़े खरीदने आई एक युवती के गले पर छुरी रखकर उसे बंधक बना लिया इतना ही नही युवक ने रुपए की मांग करते हुए युवती को जान से मारने की धमकी भी दी। सीओ नजीबाबाद नितेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में पैदल गस्त कर रही पुलिस टीम ने तत्काल आरोपी को छूरे सहित मौके से गिरफ्तार कर लिया तथा पुलिस द्वारा घायल युवती को सुरक्षित करते हुए प्राथमिक उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया था। पुलिस ने पीड़िता के चाचा की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाही शुरू कर दी है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अजीत सिंह पुत्र बाल गोविन्द सिंह निवासी ग्राम सुरजनपुर थाना मौहम्मदपुर खाला जनपद बाराबंकी बताया। पुलिस पूछताछ में आरोपी युवक ने बताया कि अत्यधिक नशे में होने के कारण उसने लडकी को जान से मारने की नीयत से उसकी गर्दन पर छुरा रख दिया था। पुलिस ने आरोपी का चालान कर उसे जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में सीओ नजीबाबाद नितेश प्रताप सिंह, प्रभारी निरीक्षक राहुल सिंह, नेत्रपाल राठी, सौरभ कुमार, गजेन्द्र राठी शामिल रहे।

# अनियमित वर्षों से डटे हैं एक ही स्थान पर लेखपाल

जिला संवाददाता

**बांदा।** सदर तहसील के तिंदवारा गांव में बीते 5 वर्षों से भी अधिक समय से तैनात लेखपाल राकेश कुमार अधिकारियों को गुमराह कर लगातार डटे हुए हैं। जबकि नियमानुसार किसी भी लेखपाल को एक स्थान पर 3 वर्ष बाद नही रहना चाहिए। लेखपाल राकेश कुमार संघ अध्यक्ष पद का रौब दिखाकर अधिकारियों पर दबाव बनाकर एक ही स्थान पर लगातार तैनात हैं। सूत्रों का कहना है कि रिनीवल के नाम पर कुछ समय के लिए महोखर जैसी शहर से लगी बड़ी ग्राम पंचायत में तैनात रहे। महोखर में तैनाती के दौरान इन्होने बांदा-फतेहपुर हाईवे से लगे गाटा संख्या 1271 में वर्ष 2018 में जमीन का बैनामा कराया। इतना ही नही, इन्होने अपने और पत्नी श्रीमती सृष्टि वर्मा के नाम जमीन खरीदी। हाईवे स्थित भूखंड में इन्होने आलीशान हवेली बना रखी है। सरकारी सेवा नियमावली के अनुसार चल-अचल

**एकत्र की करोंड़ों की संपत्ति, संघ अध्यक्ष का दिखाते हैं रौब**

संपत्ति की खरीद के लिए कार्यालय के विभाध्यक्ष से अनुमति लेना अनिवार्य होता है। अनियमित तरीके से बनाई गयी करोंड़ों रुपये की हवेली की जांच होना नितांत आवश्यक है। आखिर एक लेखपाल के पास करोंड़ो की जमीन और संपत्ति किस तरह अर्जित की गयी यह सवालिया निशान है। सूत्र तो यह भी बताते हैं कि संघ अध्यक्ष होने के नाते बेहतर क्षेत्र में रहने के लिए हड़ताल आदि का दबाव बनाकर अधिकारियों को ब्लैकमेल कर एक ही स्थान पर काबिज हैं। सूत्र यह भी बताते हैं कि रसूखदारों की बेनामी संपत्तियों के सेटलमेंट में भी लेखपाल राकेश कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका है। जानकारों का कहना है कि इस मामले पर कर्तव्यनिष्ठ जिलाधिकारी जे0 रीभा मामले का संज्ञान लेकर लेखपाल के विरूद्ध जांच कराकर कार्रवाई जरूर कराएंगी।

## साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर एसपी ने किया निरीक्षण



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने शुक्रवार को साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान परेड की ड्रिल, अनुशासन, ड्रेस कोड तथा तालमेल की गुणवत्ता का सूक्ष्मता से अवलोकन किया। तत्पश्चात रिजर्व पुलिस लाइन्स में स्थित विभिन्न शाखाओं में शस्त्रागार, परिवहन शाखा, भोजनालय, क्वार्टर गार्ड, कैंटीन, कन्ट्रोल रुम, वर्दी स्टोर आदि का स्थलीय निरीक्षण कर साफ-सफाई, अभिलेखों के रख-रखाव एवं संसाधनों की स्थिति की समीक्षा की गई। डायल-112 के पीआरवी वाहनों निरीक्षण कर वाहनों की साफ-सफाई, संचार उपकरणों वायरलेस सेट, जीपीएस ट्रैकर, टैब/मोबाइल की कार्यशीलता एवं अन्य आपातकालीन उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गई। पीआरवी स्टाफ को आमजन के प्रति संवेदनशील, संयमित एवं सेवा भाव से कार्य करने हेतु प्रेरित किया। त्वरित रिस्पॉन्स टाइम को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक सुझाव दिए गए। एसपी ने अर्दली रूम के आयोजन में रिजर्व पुलिस लाइन्स की विभिन्न मदों के रजिस्टरों अवलोकन कर विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाहियों, शिकायतों तथा लम्बित पत्रावलियों की प्रगति की समीक्षा करते हुए त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित शाखा प्रभारियों को निर्देशित किया। परेड में शामिल पुलिस कर्मी से उनकी समस्याओं को सुनकर, सम्बन्धित को अविलम्ब निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान सीओ मड़ावरा कृष्ण कुमार मिश्रा, क्षेत्राधिकारी यातायात राजेश कुमार श्रीवास्तव, अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## बैडमिंटन प्रतियोगिता के विजेता सम्मानित

**बांदा।** तीन दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें जिले व आसपास के क्षेत्रों से लगभग दो सौ खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। ओपन बैडमिंटन टूनामेंट में हार्पर क्लब के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन रहा। अंडर-15 बालिका एकल वर्ग में श्रेया, अंडर-11 बालक वर्ग में रेयांश त्रिपाठी, युगल में मो. जुनैद, रेयांश की जोड़ी ने ट्राफी पर कब्जा किया। श्रेया ने प्रतिद्वंदी वसुंधरा को और रेयांश ने करणवीर को हराया। बालिका युगल अंडर-15 वर्ग में चित्रकूट की वसुंधरा और अंचल की जोड़ी ने बांदा की श्रेया व तान्या को फाइनल मुकाबले में पराजित किया। बालिका अंडर-11 वर्ग में चित्रकूट की ऋतंभरा, अदिति ने बांदा की अनिका, ज्योत्स्ना की जोड़ी को पराजित किया। अंडर-11 डबल्स वर्ग में मो.जुनैद और रेयांश की जोड़ी ने खिताब जीता। इस दौरान हार्पर क्लब सचिव के उपाध्यक्षपुरवार, राजेश दुबे ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और विजेताओं को सम्मानित किया।

# जिलाधिकारी की जनसुनवाई में शिकायतकर्ताओं को मिल रहा लाभ

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** जिलाधिकारी सत्य प्रकाश की दैनिक जनसुनवाई में सभी वर्गों को उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान मिल रहा है। डीएम के समक्ष शिकायत प्रस्तुत करते ही वह सीधे सम्बंधित अधिकारी को लाइन पर लेते हैं और समस्या का त्वरित निस्तारण कराते हैं। कुछ फरियादी डीएम के समक्ष आये और अपनी समस्या उनके सामने रखी, जिसमें जाखलौन निवासी शिकायतकताओं ने गांव में 10वी पास बच्चों के पंचायत के माध्यम से जन्म प्रमाण पत्र न बनाये जाने की शिकायत की, जिस पर जिलाधिकारी ने डीपीआरओ को फोन पर निर्देश दिये कि सम्बंधित पंचायत सहायक के माध्यम से जन्म प्रमाण पत्र निर्गत कराकर सूचित करें।

वहीं उपस्थित पंचायत सचिवों के समूह को जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि 1 जनवरी को जनपद के ग्रामों में जो चक व सम्पर्क मार्गों का कार्य शुरू हुआ है, उसे त्वरित गति से पूर्ण करायें। तहसील महरौनी के ग्राम पड़वां निवासी शिकायकत्री ने उनकी जमीन पर विपक्षियों द्वारा अवैध निर्माण की शिकायत की, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी महरौनी को दूरभाष पर उक्त भूमि पर अवैध निर्माण रोकने और जमीन की पैमाइश कराने के निर्देश दिये। ग्राम मसौरा के ग्रामीणों की चकबंदी सम्बंधी शिकायत पर डीएम ने मौके पर ही जिला चकबंदी अधिकारी

**शिकायत मिलते ही सीधे सम्बंधित अधिकारी को लाइन पर लेकर करा रहे हैं निस्तारण**

को बुलाकर समस्या का समाधान करने व अन्य शिकायतों में मौके पर जाकर निस्तारण कराने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में कुछ किसान संगठनों ने अवगत कराया कि ग्राम गदयाना में फसल बीमा योजनान्तर्गत किसी को भी क्षतिपूर्ति की धनराशि नहीं मिली है, साथ ही अन्य ग्रामों में मटर के स्थान पर गेंहू की फसल का बीमा किया गया है। इस पर डीएम ने उप निदेशक कृषि को फोन पर निर्देश दिये कि सम्बंधित बीमा कम्पनी से समन्वय कर त्रुटियों में सुधार करायें और गदयाना में सर्वे कराकर क्षतिपूर्ति राशि दिलाना सुनिश्चित करें। ठण्ड के कारण जिला प्रशासन द्वारा विद्यालयों में छुट्टी के आदेश दिये गए हैं, परन्तु कुछ प्राईवेट विद्यालय अभी भी इस आदेश का उल्लंघन कर रहे हैं, इस पर डीएम ने बीएसए को दूरभाष पर निर्देशित किया कि सरकारी आदेश न मानने वाले विद्यालयों को नोटिस जारी करें।

ग्राम भारौनी, तहसील महरौनी के ग्रामीणों ने कचनौदा बांध का पानी उनके मकानों तक आने के कारण मकान की क्षतिपूर्ति राशि दिलाने की मांग की, उन्होंने अवगत कराया कि विगत लगभग 15 साल से उनकी समस्या का निस्तारण नहीं हो रहा है, जिस जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता सिंचाई और सम्बंधित पटल सहायक को मौके पर बुलाकर पत्रावली तलब की और क्षति का आंकलन कर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये। इस दौरान एडीएम नमामि गंगे राजेश कुमार श्रीवास्तव, एसडीएम मदन मोहन गुप्ता, एसओसी राकेश कुमार व जिला सूचना कार्यालय से सुमित कुमार उपस्थित रहे।

# विवेक सम्मत हो विकास

देश विकसित हो। प्रगति के शिखर पर पहुंचे, यह कामना देशके हर आम और खास नागरिक की होती है लेकिन हर विकास की अपनी सीमा होती है, इस सच से इनकार नहीं किया जा सकता।

इस बात पर लगभग सभी को सहमत होना चाहिए कि विकास की पहल शर्त विनाश ही है। बीज जब तक गलता नहीं, तब तक अंकुरित नहीं होता। विकास के लिए पेड़ों और पहाड़ों के कटने की प्रक्रिया लंबे अरसे से जारी है। सीमेंट बनाने के लिए पहाड़ों के पत्थर पीसने पड़ते हैं। सड़क बनाने के लिए पहाड़ों को तोड़ना पड़ता है। जब भी समाज आधुनिकता की दौड़ लगाता है तो उसे प्रकृति का अत्यधिक करने के लिए विवश होना पड़ता है। इस देश के मनीषियों और चिंतकों ने बेहद पते की सलाह दी है कि प्रकृति का जितना संभव हो सके, सीमित दोहन करें। उसके साथ अतिचार न करें लेकिन हर कोई अपनी सुविधा के विस्तार में संलग्न है। विगत वर्ष हिमालयीय क्षेत्रों में जिस तरह की प्राकृतिक आपदाएं आई, उसे देश भूला नहीं है लेकिन उसने उससे कोई सबक लिया हो, ऐसा उसके कार्य व्यवहार में नजर तो बिल्कुल भी नहीं आता। जिस तरह दुनिया के कई देशों में ड्रोन से युद्ध हो रहे हैं, खुद भारत ने भी ड्रोन तकनीकी का इस्तेमाल करते हुए ही पाकिस्तान में सिंदूर मिशन चलाया था, उसे देखते हुए उसे लग रहा है कि ड्रोन का निर्माण वक्ती जरूरत है और इस दिशा में वह सक्रिय पहल भी करने जा रहा है। ड्रोन के निर्माण में प्रौद्योगिकी आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए एक मिशन शुरू करने का संकेत वह पहले ही दे चुका है। भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार अजय कुमार सूद की मानें तो भारत निकट भविष्य मेंड्रोन शक्ति मिशन शुरू करेगा जिसके तहत ड्रोन में लगने वाले कल पुर्जों के निर्माण के लिए सरकार विशेष प्रोत्साहन देगी। बजाय इसके कि आयातित कल पुर्जों का



उपयोग कर ड्रोन तैयार हों, स्वदेशी पद्धति से ऐसा कुछ किया जाएगा। यह अच्छी बात है कि भारत आत्मनिर्भर हो रहा है। वह अपनी जरूरतों को बेहतर समझता है, यह अच्छी बात है लेकिन फिर भी किसी भी तरह के मारक अस्त्रों के निर्माणसे पूर्व हमें विवेक युक्त चिंतन तो करना ही चाहिए। रेलमंत्री ने महाराष्ट्र के पालघर जिले में बुलेट ट्रेन परियोजना की 1.5 किलोमीटर लंबी सुरंग की खुदाई देखी और उसकी प्रशंसा की। यह डेढ़ किलोमीटर लंबी पहाड़ी सुरंग है जो जिले की सबसे लंबी सुरंगों में शामिल है। यह विरार तथा बोइसर बुलेट ट्रेन स्टेशनों के बीच स्थित है। महाराष्ट्र में यह दूसरी सुरंग है जिसकी खुदाई का कार्य पूरा हो चुका है। इससे पहले ठाणे और बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स के बीच पांच किलो मीटर लंबी भूमिगत सुरंग का कार्य सितंबर 2025 में पूरा किया गया था। रेल मंत्रालय माउंटेन टनल-पांच की खुदाईको बड़ी उपलब्धि है। और उसे मानना भी चाहिए। विकथ्य है कि बुलेट ट्रेन परियोजना में सात पहाड़ी सुरंग हैं और एक सुरंग समुद्र के नीचे है। मुंबई-अहमदाबाद के बीच 508 किलोमीटर लंबी बुलेट ट्रेन परियोजना गुजरात, महाराष्ट्र और दादरा एवं नगर हवेली से होकर गुजरती है। नागरिक सुविधाओं के लिए इतने जोखिम तो उठाने ही पड़ेंगे लेकिन साथ ही हमें यह भी सोचना होगा कि विकास के लिहाज से उठाए जाने वाले इन कदमों सेपहाड़ कमजोर होते हैं और उसके अपने दूरगामी प्रभाव भी होते हैं। अरावली पहाड़ी का विवाद अभी थमा नहीं है। यह भी किसी से छिपा नहीं है कि अंधधुंध सड़कों के निर्माण और नागरिक आबादी की बसाहट मतलब अवैज्ञानिक विकास के चलते पर्वत कमजोर गिर रहे हैं और इससे उनके टूटने की घटनाओं में बेतहासा वृद्धि हुई है। यह सब गंभीर चुनौती का रूप न लें, इस दिशा में भी सोचने की जरूरत है। वैसे तो इस देश के रणनीति कार बेहद समझदार हैं लेकिन फिर भी निर्णय की गंभीरता पर चिंतन तो बनता ही है। अच्छा होता कि विकास की सरपट दौड़ में हम आने वाली पीढ़ी के भविष्यकी भी चिंता करते। दुनिया के किसी भी देश में घातक अस्त्रोंका प्रयोग हो, उसका खामियाजा तो सबको भुगतना पड़ता है।

---

विचार

चापलूस इसलिए आपकी चापलूसी करता है क्योंकि वह आपको अयोग्य समझता है। लेकिन आप उसके मुंह से अपनी प्रशंसा सुनकर फूले नहीं समाते।

-टॉलस्टॉय.

ईर्ष्या करने वाले का सबसे बड़ा शत्रु उसकी ईर्ष्या ही है। दूसरे शत्रु उसका अहित करने से रह भी जायें, परन्तु ईर्ष्या उसे हानि पहुंचा कर ही रहती है।

-तिरुवल्लुअर.

जो लोग सचमुच में बुद्धिमन होते हैं, वे असफलताओं से कभी नहीं घबराते हैं।

-शेक्सपियर.

जो मनुष्य जिस कार्य के भार को अपने ऊपर उठाने का हृदय से प्रयास करता है, उस कार्य में देव उसकी सहायता अवश्यक करता है।

-महाभारत.

# स्वच्छता का शहर, पानी के पाइपों में जहर

नरेंद्र शर्मा

**भागीरथपुरा में जहां बहुत बड़ी तादाद में लोग बीमार हैं और 15 लोग मर गए हैं, उस इलाके के पार्षद से चार महीनों से लोग शिकायत कर रहे थे, लेकिन वह त्वरित कार्रवाई करने में विफल रहे। यही आरोप महापौर पर भी लग रहे हैं। शिकायतों उपेक्षा ही त्रासदी की असली वजह है।**

भारत के सबसे स्वच्छ शहर का तमगा पिछले एक दशक से इंदौर के पास है, जो सिर्फ एक पुरस्कार नहीं बल्कि इस शहर की गर्वीली पहचान भी है। लेकिन उसी इंदौर में इन दिनों पानी की लीकेज पाइप लाइनों के जरिये यहां के भागीरथपुरा इलाके में जिस तरह मौत का हाहाकार मचा हुआ है, उससे देश ही नहीं, पूरी दुनिया स्तब्ध है। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक इंदौर में दूषित पानी से मरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 15 हो गई है और बीमार लोगों की संख्या करीब 1400 से ऊपर है। साल के पहले दिन तक शहर के भागीरथपुरा इलाके में पाइप लाइन में लीकेज से मिले सीवेज वाटर के कारण मरने वालों की संख्या जहां 14 थी, वहीं 2 जनवरी 2026 को 68 वर्षीय गीता बाई ने भी दम तोड़ दिया, इस तरह मरने वालों की संख्या बढ़कर 15 हो गई। अभी जितने लोग इस दूषित पानी के कारण बीमार हैं, उनमें 16 बच्चों के साथ 201 लोग, जो कि अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती हैं, उनकी हालत काफी नाजुक है।

31 दिसंबर 2025 तक दूषित पानी को लेकर तरह-तरह की अटकलों और उनके खंडनों का जो बाजार गर्म था, उसे 1 जनवरी 2026 को महात्मा गांधी मेडिकल कॉलेज की लैब रिपोर्ट ने पुष्टि कर दी कि इस इलाके में पीने के पानी के साथ जानलेवा बैक्टीरिया की मिलावट पाइप लाइन में लीकेज के चलते सीवेज वाटर से हुई है।

इसके एक दिन पहले ही जिस तरह से भाजपा के धाकड़ नेता कैलाश विजयवर्गीय ने एक पत्रकार को इस संबंध में सवाल पूछे जाने पर जिस तरह से हड़काने की कोशिश की थी और यह इम्प्रेशन दिया था कि मीडिया जानबूझकर शहर को बदनाम कर रही है, आज उन्हीं कैलाश विजयवर्गीय का वह वीडियो जिसमें वह एक चैनल के पत्रकार द्वारा इस संबंध में सवाल पूछे जाने पर कहा था कि फालतू का सवाल मत किया करो और यह भी कि घटना तुम्हें कुछ मालूम है।

आज उस 60 सेकेंड के वीडियो के कारण न सिर्फ भाजपा की छवि तार-तार हो रही है बल्कि भारत के शहरी प्रशासन की सारी पोल खुलकर रह गई है। अब तक की मेडिकल जांच से यह भी पुष्टि हो गई है कि जिन 15 लोगों की मौत अभी तक हुई है, उन



सभी लोगों की जान नलों में आ रहे जहरीले पानी से ही हुई है। मेडिकल कॉलेज के सीएमएचओ डॉ. माधव हसानी ने सैंपल की जांच रिपोर्ट को पत्रकारों के सामने पेश करते हुए कहा है कि साफ तौर पर पुष्टि होती है कि जिस पानी को इलाके के लोगों ने पीया है, उसमें जहरीले बैक्टीरिया मौजूद हैं। हालांकि इस मामले में कलेक्टर शिवम वर्मा ने कुछ लीपापोती करने की कोशिश यह करके की कि अभी डिटेल में रिपोर्ट आने का इंतजार है और यह भी कि मेडिकल कॉलेज में कल्चर टेस्ट भी किया जा रहा है। इसकी रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ ठीक पता चलेगा।

## इंदौर की साख पर लगा बदनुमा दाग

लेकिन अब यह स्पष्ट हो गया है कि भागीरथपुरा इलाके में पेय जल में सीवेज का पानी प्रशासन की लापरवाही के कारण पीने वाले पानी में मिल गया है और इसकी पुष्टि उन्हीं कैलाश विजयवर्गीय ने भी कर दी है, जो दो दिन पहले इस संबंध में सवाल पूछे जाने पर उखड़ गये थे। लेकिन अब नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने भी खुद पत्रकारों के सामने आकर इस बात को स्वीकारा है और आशंका जतायी है कि इलाके में स्थित चौकी के पास लीकेज वाली जगह है। दरअसल इस मामले में हर तरफ से आनन-फानन में जांच और कार्रवाईयों का दौर इसलिए भी चल पड़ा है, क्योंकि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने इस मामले में मीडिया रिपोर्टों के आधार पर स्वतः संज्ञान लिया है और मध्य प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव को नोटिस जारी करके दो सप्ताह के अंदर विस्तृत रिपोर्ट देने की बात कही है। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक हालांकि हाईकोर्ट में इस मामले की सुनवाई शुरू नहीं हुई थी, लेकिन जबलपुर हाईकोर्ट की दो सदस्यीय बेंच ने आज यानी 2 जनवरी 2026 को इस दूषित पानी के चलते हुई मौतों पर प्रशासन की लापरवाही को लेकर ऑनलाइन सुनवाई किये जाने का फैसला किया है और कोर्ट ने सरकार से स्टेट्स रिपोर्ट मांगा है।

हालांकि एक्सपर्ट्स के मुताबिक दूषित पानी में बैक्टीरिया का होना तय हो चुका है, लेकिन कौन से बैक्टीरिया ने प्रभावित किया है, इसके लिए एक स्पेशल जांच होती है, जिसे कल्चर कहते हैं, उसकी रिपोर्ट अभी तक नहीं आयी।

माना जाता है कि पानी की पाइप लाइन में जो सीवेज का पानी मिला है, उसमें कई तरह का गंदा पानी था। मसलन टॉयलेट में बहने वाला मल-मूत्र, बाथरूम में नहाने और कपड़े धोने के साबुन और पाउडर वाला पानी, साथ ही बर्तन धोने के साबुन, फर्श साफ करने वाले लिक्विड और केमिकल भी इस सीवेज पानी में बहते हैं यानी ये अलग-अलग तरह के दूषित जल ड्रेनेज में आकर मिलते हैं और यही पीने वाले पानी की पाइप लाइन में शामिल हो गया है।

जानकारों का कहना है कि अगर इस पानी में कॉमर्शियल केमिकल संबंधी वेस्ट हैं, तो यह पानी इतना ज्यादा घातक हो गया है। इससे हैजा आदि के होने की गंभीर संभावनाएं होती हैं। लेकिन सवाल यह नहीं है कि पीने के पानी में गंदे पानी के मिलावट के कारण मौतें हुईं, अब जो बातें सामने आ रही हैं, उनसे पता चल रहा है कि स्थानीय बस्ती भागीरथपुरा के लोग पिछले एक साल से गंदले पानी की शिकायत कर रहे थे। फिर भी उनकी शिकायत प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने नहीं सुनी। सबसे बड़ा आरोप निगमायुक्त दिलीप यादव पर लग रहा है, जिन्होंने गंदे पानी की शिकायतों को अनदेखा किया और पाइप लाइन की टेंडर प्रक्रिया पर नजर नहीं रखी। वहीं अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया पर भी उंगलियां उठ रही हैं, क्योंकि अगस्त में टेंडर हुए थे, जिन्हें उन्होंने रोक रखा था, लेकिन शिकायतें नहीं सुनी।

भागीरथपुरा इलाके जहां बहुत बड़ी संख्या में लोग बीमार हैं और 15 लोगों की जान गई है, उस इलाके के निगम पार्षद कमल वाघेला से चार महीनों से स्थानीय लोग शिकायत कर रहे थे। लेकिन वह इस संबंध में कोई त्वरित कार्यवाई कराने में असफल रहे। यही आरोप इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव पर भी लग रहा है, क्योंकि पार्षद कमल वाघेला का कहना है कि उन्होंने महापौर से कई बार शिकायतें की, लेकिन उन्होंने ध्यान नहीं दिया, न ही कोई कदम उठाया और अंतिम रूप से या व्यावहारिक रूप से जो प्रभावशाली व्यक्ति इस लापरवाही का प्राथमिक रूप से जिम्मेदार हो सकता है, वो हैं बब्लू शर्मा, जो स्थानीय इलाके के जल कार्य प्रभारी हैं और लगातार दूषित पानी की सप्लाई पर उनका ध्यान आकर्षित कराये जाने पर भी इस संबंध में उन्होंने कोई कार्यवाई करने की नहीं सोची। सबसे बड़ी बात यह है कि इस त्रासदी में एक पांच माह के बच्चे अव्यान की मौत महज इसलिए हो गई, क्योंकि उसने जो दूध पीया था, उसमें सिर्फ पांच मिलीग्राम यही दूषित पानी मिलाया गया था। पिछले साल के आखिरी पखवाड़े में जिस तरह इंदौर का भागीरथपुरा इलाका दूषित पानी की चपेट में आया, उससे इंदौर की अब तक की जितनी साख थी, उसमें बट्टा इसलिए भी लग चुका है, क्योंकि ये भीषण त्रासदी प्रशासनिक लापरवाही, आत्ममुग्ध ब्रांडिंग और जमीनी सच्चाई से कटे तंत्र की उपज है। सोशल मीडिया में इंदौर की त्रासदी पर मीम बन रहे हैं कि जिस शहर को साफ सड़कों, चमचमाते कचरा वाहनों और अनुशासित नागरिक व्यवहार के लिए दिन-रात सराहा जा रहा था, उसी शहर में नल में जहरीला पानी बहनाचिंताजनक तो है ही।

---

सोशल मीडिया

अयोध्या के राम मंदिर स्थित अन्नपूर्णा मंदिर पर धर्मध्वज की स्थापना इस बात का प्रमाण है कि सनातन धर्म ही सबसे बड़ा है। सीएम योगी.



# मानसिक शक्तियां जगायें

मनुष्य की मानसिक शक्तियां अत्यंत प्रबल होती हैं लेकिन इनसे सकारात्मक दिशा में सृजन तभी होता है जबकि बिखरी हुई शक्तियों को जोड़कर योग की दिशा में प्रेरित किया जाये। यद्यपि योग एक बड़ा गूढ़ और कठिन विषय माना जाता है पर जैसा गीता में कहा गया है आत्मज्ञान प्राप्त करने के सभी साधन योग से संबंध रखते हैं और इस दृष्टि से प्रत्येक सच्चा आत्मज्ञानी योगी भी कहा जायेगा। इसलिए आत्मज्ञान के इच्छुक को योग मार्ग का परिचय होना आवश्यक है और उसमें से अपने अनुकूल विधियों से लाभ भी उठाना उचित है। मानवी चेतना सापेक्ष चेतना है। इसकी सापेक्षता को विनष्ट कर देना ही सारे योगों का एक मात्र लक्ष्य है। जब मन की उपाधि का तिरोधान हो जाता है तभी चेतना अपनी परमावस्था को प्राप्त करती है। जहां किसी वस्तु का अस्तित्व नहीं रहता वरन अस्तित्व का ही अस्ति तत्व रहता है। सांसारिक मनुष्यों के लिए आत्मोद्धार के अनेक मार्ग बतलाये गये हैं, जैसे जप तप योग तीर्थ दान, परोपकार, यज्ञ आदि। ये सभी कार्य यदि उचित रीति से किये जायें तो मनुष्य को आत्मोन्नति की सीढ़ियों पर चढ़ाने वाले और परमात्मा के निकट पहुंचाने वाले हैं। पर इन सब धर्म कार्यों के लिए सत्संग का होना आवश्यक है। बिना सत्संग के मनुष्य की रुचि इन कार्यों की तरफ चली जाये ऐसा बहुत कम देखने में आता है। अधिकांश मनुष्य किसी न किसी निकटवर्ती या दूरदर्शी संत पुरुष के उपदेश की प्रेरणा से ही आत्मोन्नति के मार्ग की तरफ आकर्षित होते हैं। इसलिए योग वाशिष्ठ में कहा गया है- याः स्नातः शीत शितिया साधु संगति गंगया, किं तस्य दानैः कि तमोभिः किमध्वरैः योगवा। जो व्यक्ति साधु संगति रूपी शीतल निर्मल गंगा में स्नान करता है उसे फिर किसी तीर्थ, तप, दान और यज्ञ, योग आदि की क्या आवश्यकता है। मनुष्य का सर्वप्रथम कर्तव्य संसार में यही है कि स्वयं को और अपने प्रिय जनों को सत्संगति की तरफ प्रेरित करें। आप अपनी संतान को सुखी जीवन व्यतीत करने के लिए विद्या, बुद्धि, बल आदि प्राप्त करने का उपदेश देते हो, उसके लिए हर तरह के साधन जुटाते हो, जो कुछ सम्भव होता है प्रत्येक प्रत्यन करते हो। पर इन बातों के साथ तुमने उनको सत्संग की प्रेरणा नहीं दी। उनको नीच वृत्ति वाले लोगों का संग करने दिया तो अन्य समस्त सफलताएं व्यर्थ हो जायेंगी। सत्संग ही वह प्रेरक शक्ति है जो अन्य प्रकार की शक्तियों को उपयोगी और हितकारी मार्ग पर चलाती है। मनुष्य को जो लाभ योग से प्राप्त होता है उसका मूल आधार मानसिक शक्तियों का विकास और नियंत्रण ही होता है। जो मनुष्य योग से घबराते हों उनके लिये मानसिक शक्तियों का विकास ही सर्वोत्तम है।

अंतर्दृष्टि

# कागजी सीमाओं से बड़ा मानसिक जुड़ाव

**परंपराएं ही वह धागा हैं जो हमें एकजुट रखती हैं। इटली में परिवार अपने पूर्वजों को याद करने के लिए फैमिली ट्री बनाते हैं और पुरानी कहानियां सुनाते हैं। भारतीय परिवेश में तो परिवार ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है। हमारे यहां बड़ों का आशीर्वाद लेना, त्योहारों पर साथ मिलकर पकवान बनाना और मुश्किल समय में एक-दूसरे की ढाल बनना ही वह संस्कार है जो हमें वैश्विक परिवार के लिए तैयार करता है।**



सामयिक ● दिलीप पाठक

मनुष्य स्वभाव से एक सामाजिक प्राणी है और हमारी यह स्वाभाविक चाहत रहती है कि हम ऐसे लोगों की तलाश करें जिनसे हमारे विचार, संस्कार और भावनाएं मेल खा सकें। यह जुड़ाव हमें सुरक्षा और अपनत्व का अहसास कराता है, लेकिन अक्सर यही चाहत सीमाओं का रूप ले लेती है। जब हम अपनी पहचान को धर्म, जाति, भाषा और संकीर्ण विचारधाराओं के आधार पर गुटों में बांट देते हैं, तो यही जुड़ाव भेदभाव और समाज में बिखराव का कारण बन जाता है। विशेषकर भारतीय समाज में, जहाँ विविधता हमारे प्राण हैं, वहां अपनी व्यक्तिगत पहचान को अपनी मानवीय पहचान से ऊपर रख लेना समाज के ताने-बाने को कमजोर करता है। हमें यह गहराई से समझना होगा कि किसी भी समुदाय या क्षेत्र का हिस्सा होने से पहले, हमारी सर्वोपरि पहचान एक इंसान की है।



भारतीय संस्कृति ने सदैव वसुधैव कुटुंबकम् का संदेश दिया है, जिसका अर्थ है—पूरी विश्व एक परिवार है। हमारे पूर्वजों ने सिखाया है कि संकुचित सोच वाले लोग ही अपना और पराया देखते हैं, जबकि उदार मन वालों के लिए समस्त संसार ही आत्मीय होता है। इसी महान सोच को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देने के लिए हर साल 1 जनवरी को वैश्विक परिवार दिवस मनाया जाता है। नए साल का यह पहला दिन हमें याद दिलाता है कि हम केवल अपने रक्त-संबंधियों या भौगोलिक सीमाओं तक सीमित न रहें, बल्कि पूरी दुनिया को एक सूत्र में पिरोएं। यह दिन हमें हमारी उस जिम्मेदारी का बोध कराता है जिसके तहत हमें आपसी मतभेदों और संकीर्णता से ऊपर उठकर विश्व में शांति, समझ और आत्मीयता का विस्तार करना है। आइए, इस नए साल के अवसर पर हम जाति-पाति और वैचारिक भेदभाव को भुलाकर एक-दूसरे के प्रति सम्मान, करुणा और अखंड एकता का वादा करें, ताकि हम वास्तव में एक वैश्विक परिवार की तरह प्रगति कर सकें।

वैश्विक परिवार दिवस की जड़ें नवंबर 1997 में छिपी हैं, जब संयुक्त राष्ट्र की एक विशेष पुस्तक वन डे इन पीस ने पूरी दुनिया का ध्यान खींचा। इस किताब का सपना बड़ा ही पावन और सरल था—एक ऐसी दुनिया की कल्पना करना जो 1 जनवरी 2000 को, यानी नई सदी के पहले दिन, कम से कम 24 घंटे के लिए हर तरह की हिंसा और नफरत को भुलाकर पूरी तरह शांति के साथ मिल-जुलकर रहें। इसी नेक विचार से प्रेरित होकर, संयुक्त राष्ट्र ने शांति और अहिंसा को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष दशक की घोषणा की और 1 जनवरी 1999 को आधिकारिक तौर पर वैश्विक परिवार दिवस मनाने का प्रस्ताव रखा गया। इसका उद्देश्य यह था कि जब हम नई सदी की दहलीज पर कदम रखें, तो पूरी दुनिया एकजुट होकर शांति और भाईचारे का स्वागत करे।

भारतीय समाज के लिए यह विचार नया नहीं है, क्योंकि हमारी रग-रग में वसुधैव कुटुंबकम् का संस्कार बसा है। हमारे लिए वैश्विक परिवार का अर्थ केवल एक दिवस नहीं, बल्कि वह जीवन दर्शन है जिसमें हम पर-हित को सबसे ऊपर रखते हैं। आज के समय में, जब दुनिया सीमाओं की दीवारें ऊंची कर रही है, तब यह दिन हमें याद दिलाता है कि जातियों, धर्मों और ऊंच-नीच के भेदभाव से ऊपर उठकर हम सब एक ही ईश्वर की संतान और एक ही वैश्विक परिवार के सदस्य हैं। जैसे एक आंगन में रहने वाले सदस्य अलग होने के बावजूद एक ही परिवार की मजबूती होते हैं, वैसे ही दुनिया की विविधता मानव परिवार की खूबसूरती है। हम अपनी संकीर्ण सोच को त्यागें और भारत के उस महान संदेश को जीवंत करें जहाँ पूरी दुनिया हमारे लिए सगे-संबंधियों के समान है। हमारा छोटा सा कदम, यानी एक-दूसरे के प्रति सम्मान और प्रेम, पूरी दुनिया में शांति और एकता का विस्तार कर सकता है।

वैश्विक परिवार दिवस मनाने में हमारी पारिवारिक परंपराओं की बहुत बड़ी भूमिका होती है। परिवार के साथ बैठकर भोजन करने जैसी छोटी-सी आदत से लेकर, आने वाले साल के लक्ष्यों और सपनों को एक-दूसरे के साथ साझा करने तक—ये सभी गतिविधियाँ हमारे रिश्तों को मजबूती देती हैं और अपनेपन का अहसास कराती हैं। परंपराएँ ही वह धागा हैं जो हमें एकजुट रखती हैं। उदाहरण के तौर पर, इटली में परिवार अपने पूर्वजों को याद करने के लिए फैमिली ट्री बनाते हैं और पुरानी कहानियाँ सुनाते हैं। भारतीय परिवेश में तो परिवार ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है। हमारे यहाँ बड़ों का आशीर्वाद लेना, त्योहारों पर साथ मिलकर पकवान बनाना और मुश्किल समय में एक-दूसरे की ढाल बनना ही वह संस्कार है जो हमें वैश्विक परिवार के लिए तैयार करता है। जब हम अपने घर में शांति और प्रेम का माहौल बनाते हैं, तभी हम पूरी दुनिया में सद्भावना फैलाने की क्षमता रखते हैं।

दूसरी ओर, यह भी एक महत्वपूर्ण तथ्य है कि वैश्विक स्तर पर आज परिवार की भूमिका को नए सिरे से समझा जा रहा है। पश्चिमी देशों में, जहाँ अत्यधिक व्यक्तिगत स्वतंत्रता ने सामाजिक अकेलेपन को जन्म दिया, अब परिवार, साझेदारी और सामूहिक जीवन की पुनर्स्थापना पर गंभीर विमर्श हो रहा है। इसी क्रम में वैश्विक परिवार दिवस को केवल परिवार के रूप में नहीं, बल्कि शांति, सहयोग और साझेदारी के प्रतीक के रूप में भी देखा जाने लगा है। उल्लेखनीय है कि संयुक्त राज्य अमेरिका में इस दिवस को शांति और साझेदारी के वैश्विक दिवस के रूप में भी परिवार और मानवीय संबंधों के महत्व को रेखांकित किया जाता है। यह संकेत देता है कि परिवार केवल निजी जीवन की इकाई नहीं, बल्कि वैश्विक शांति और सामाजिक संतुलन की आधारशिला भी है।

दुनिया भर में संस्कृतियां और धर्म अलग-अलग हो सकते हैं लेकिन सच्चाई यह है कि पूरी मानव जाति एक बड़ा परिवार है जो एकजुट होकर ही जीवित रह सकती है। इस वर्ष वैश्विक परिवार दिवस की थीम परिवार, शिक्षा और कल्याणः आज और भविष्य इस तथ्य की ओर संकेत करती है कि परिवार की भूमिका केवल बच्चों को पालने तक सीमित नहीं है, बल्कि वह शिक्षा का पहला केंद्र और कल्याण का स्थायी आधार है।

वैश्विक परिवार दिवस की प्रासंगिकता इसी बिंदु पर सबसे अधिक उभरकर सामने आती है कि परिवार केवल रहने की व्यवस्था नहीं, बल्कि जीने की संस्कृति है। परिवार में बिताया गया समय निवेश है, व्यय नहीं। बच्चों के साथ संवाद, बुजुर्गों के साथ सहभागिता और रिश्तों के बीच संवेदनशीलता समाज के दीर्घकालिक स्वास्थ्य की गारंटी है। यदि आज परिवार टूट रहे हैं, तो उसका प्रभाव केवल घर की चारदीवारी तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि वह सामाजिक असंतुलन, मानसिक तनाव और मूल्यहीनता के रूप में व्यापक रूप से सामने आएगा। इस संदर्भ में आवश्यक है कि हम परिवार को नए दृष्टिकोण से देखें।

आधुनिकता और परंपरा के बीच संतुलन स्थापित किया जाए। कार्य और परिवार के बीच प्राथमिकताओं का पुनर्निर्धारण हो। डिजिटल सुविधाओं के साथ मानवीय संवाद को भी महत्व दिया जाए। बच्चों के लिए समय निकालना दायित्व नहीं, बल्कि भविष्य के समाज में निवेश के रूप में समझा जाए।

---

## आप की बात

### चुनाव सुधार पर बहस जरूरी

यह अच्छी बात है कि संसद ने चुनाव सुधारों पर बहस की। हालांकि बहस सकारात्मक के बजाय सियासी अधिक रही। देश चुनावों की अति हो गयी है। इससे विकास भी प्रभावित होत है, संसाधन भी बेकार होते हैं। इसलिए चुनाव सुधार के जरिए चुनावों की संख्या सीमित करनी चाहिए। अत्यधिक चुनाव देश के लिए बड़ी समस्या है। इसने हर गली-कूचे में पार्टियां तैयार कर दी हैं, क्षेत्रीय, जातीय, मजहबी, भाषाई आधार पर दलों की भरमार है। अत्यधिक चुनाव, अत्यधिक पार्टियां, दरअसल लोकतंत्र के आदर्श स्वरूप को निगल सकती हैं। इसलिए अगर हमे 'टू-मच डेमोक्रेसी' से बचना है, लोकतंत्र को राष्ट्रीय हितों के साथ आगे बढ़ाना है, तो चुनावों की संख्या को सीमित करने की जरूरत है। चुनावी मौके पर खैरात बांटने की होड़ पर भी विराम लगाना जरूरी है अन्यथा लोकतंत्र में लेबल प्लेइंग फील्ड खत्म हो जायेगी। राजनीति देश की कीमत पर, राष्ट्रीय संसाधनों की कीमत पर नहीं होनी चाहिए। सुशासन और विकास की राजनीति ही देशहित में है, लेकिन प्रायः देखा जाता है कि जनता चुनावी सौगातों पर अधिक आकर्षित होती है। यही कारण है कि चुनाव के समय पुरानी पेंशन, फ्री बिजली, फ्री पानी, फ्री बस यात्रा, युवाओं को नौकरी, महिलाओं को आर्थिक मदद, जैसे वायदे पार्टियां करती हैं। ऐसी योजनाओं से देश आर्थिक रूप से तबाह होगा। नब्बे के दशक की शुरूआत में भारत की स्थिति ठीक वैसी ही थी, जैसे आज पाकिस्तान एवं श्रीलंका की स्थिति है।

**सचिन कुमार सिंह, लखनऊ.**

### आतंकवाद का खात्मा

आतंकवाद का जड़ से खात्मा जरूरी है। इसके लिए जितने भी प्रयास करने हों, सरकार को करना चाहिए। सुरक्षा एजेंसियों को आतंकवाद पर प्रहार की छूट होनी चाहिए। पिछले महीने जिस तरह कई दिनों तक मुठभेड़ चली उसमें कई जवान शहीद हुई, लेकिन हमारे जवानों ने आतंकियों को छोड़ा नहीं। बस ऐसे ही संकल्प की जरूरत है। तभी आतंकवाद खत्म होगा। यह देश आतंकवाद को खत्म करने के अपने महाअभियान पर लगातार आगे बढ़ेगा और एक दिन जम्मू-कश्मीर से आतंक- वाद का पूरी तरह सफाया होगा और भारत को तोड़ने के उनके मंसूबे भी ध्वस्त होंगे। दरअसल बीते कुछ समय से आतंकवाद से निपटने के लिए देश ने अपनी रणनीति बदली है। एक दशक पहले तक आतंकवादियों पर एक्शन सेना तब लेती थी जब उन्होंने कोई हमला किया हो, लेकिन अब सेना प्रोएक्टिव है।

**राजीव कुमार सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## चोरी हुई तीन डीजे मशीन के साथ युवक गिरफ्तार

गोसाईंगंज-अयोध्या। गोसाईगंज कोतवाली पुलिस ने बीते अक्टूबर माह में एक दुकान से चोरी हुई तीन डीजे मशीन के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है पकड़े गए युवक की पहचान मूलचंद निषाद पुत्र रामप्रसाद निवासी हाथपाकड थाना अहिरौली जनपद अम्बेडकरनगर के रूप में हुई। युवक को बीती रात्रि में धारुपुर जैता मार्ग पर स्थित गौशाला के पास से गिरफ्तार किया गया एसओ शारदेन्दु दुबे के मुताबिक बीते29अक्टूबर को अंकारीपुर के बगल गनेशपुर बेसौरा गांव में विपिनदेव उर्फ आदित्य की दुकान से चोरों ने तीन डीजे मशीन पार कर दिया था मामले में पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्जकर पुलिस चोरों की तलाश में जुटी हुई थीयुवक को गिरफ्तार करने में एसआई अमित कुमार, गोपाल मौर्य, राजकुमार यादव सिपाही राजेश राजभर व प्रदीप चैहान की भूमिका रही।

## एक साथ निकले पांच अजगर, दहशत में ग्रामीण

रुदौली-अयोध्या। पटरंगा थाना क्षेत्र की ग्रामसभा सरैठा में एक साथ पांच भारी-भरकम अजगर सांप निकलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। गांव के पश्चिम दिशा में स्थित एक खेत में बीते पांच दिनों से ये अजगर दिखाई दे रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार इतने बड़े अजगरों का एक ही स्थान पर होना बेहद भयावह है खेत के आसपास जाने से लोग कतरा रहे हैं, जिससे कृषि कार्य भी प्रभावित हो रहा है ग्रामीणों को आशंका है कि किसी भी समय अजगर आबादी की ओर बढ़ सकते हैं, जिससे जनहानि की संभावना बनी हुई है। अब तक वन विभाग या प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है स्थानीय लोगों ने कई बार इसकी सूचना जिम्मेदार अधिकारियों को दी है ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते अजगरों को सुरक्षित स्थान पर नहीं पकड़ा गया तो बड़ा हादसा हो सकता है बच्चों और मवेशियों की सुरक्षा को लेकर गांव में भय का माहौल है ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल संज्ञान लेकर रेस्क्यू टीम भेजने की मांग की है।

# प्रेमिका को भेज दीं शादी की तस्वीरें तो दोस्तों ने कर दी दोस्त की हत्या

(करुणाकर दूबे)

अयोध्या। जनपद के रौनाही थाना क्षेत्र में हुई युवक की हत्या का पुलिस ने शुक्रवार को खुलासा कर दिया है। पुलिस लाइन सभगार में आयोजित प्रेसवार्ता में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर ने बताया कि मृतक के ही दो दोस्तों ने वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने दोनों आरोपियों को फोन कर शुभम को रौनाही थाना क्षेत्र में बुलाया। वहां उसे शराब पिलाई गई। बांका से उसके सिर पर वार कर हत्या कर दी गई। हत्या के बाद शव को सरयू नदी में फेंक दिया। आरोपियों ने घटना को छिपाने के लिए यह कहानी गढ़ी कि शुभम स्नान के दौरान सरयू में डूब गया। लेकिन, जांच में सामने आया कि शुभम आखिरी बार दोनों आरोपियों के साथ देखा गया था। सख्ती से पूछताछ

- सिर में कई बार प्रहार कर की थी हत्या, सरयू नदी में फेंक दिया था शव
- रौनाही थाना क्षेत्र में हुई युवक की हत्या का पुलिस ने किया खुलासा

गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर के अनुसार मृतक शुभम रावत, थाना खंडासा क्षेत्र के खानपुर गांव का निवासी था। आरोपी अंकुर पांडे ने शुभम की शादी की फोटो उसकी पुरानी प्रेमिका को भेज दी थी। इससे प्रेमिका नाराज होकर उससे दूर हो गई। इस बात को लेकर शुभम और अंकुर के बीच विवाद चल रहा था। वहीं दूसरे आरोपी गिरीश रावत से भी शुभम का पूर्व में विवाद था। घटना 26 दिसंबर 2025 की है, जब दोनों आरोपियों ने करने पर दोनों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस के अनुसार 27 दिसम्बर को आशाराम रावत द्वारा उसके पुत्र के 26 दिसम्बर को ड्योढ़ी बाजार, रौनाही आने व वापस घर न जाने के सम्बन्ध में दर्ज कराई गई गुमशुदगी की जांच उनके दोस्तो के सीडीआर आदि प्राप्त करके प्रारम्भ की गयी जांच के दौरान उसके दोनो दोस्त अंकुर पाण्डेय व गिरीश रावत ने सरयू नदी तट रौनाही स्थित पंम्पिंग स्टेशन के पास नहाते समय डूब जाने की बात पहले छिपाई फिर पूछताछ में स्वीकार किया। जिसके आधार पर गोताखोरों



तथा एसडीआरएफ टीम के माध्यम से शव को 31दिसम्बर 2025 को सरयू नदी से बरामद कर पंचायतनाम / पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम से मृतक के सिर पर किसी धारदार हथियार से गम्भीर चोटों के आने के कारण मृत्यु हो जाने की बात प्रकाश मे आने पर जब मृतक को दोस्तो से सख्ती से पूछताछ की गयी तो उनके द्वारा शुभम की हत्या की बात स्वीकार करते हुए बताया गया कि शुभम ने अंकुर पाण्डेय की शादी की फोटो उसकी पुरानी प्रेमिका को भेज दिया था जिससे उसकी प्रेमिका नाराज होकर उससे दूर हो गयी, तथा शुभम कुछ पैसे के लेने देन को लेकर हमेशा गिरीश रावत से गाली गलौज करता था। इस प्रकार अंकुर और गिरीश रावत ने शुभम की हत्या की योजना बना कर। 26 दिसम्बर 2025 को इंज्वाय करने के बहाने सरयू नदी रौनाही स्थित पम्पिंग सेट पर ले जाकर अंकुर पाण्डेय व गिरीश रावत ने मिलकर धारदार बांके से सिर मे कई बार प्रहार कर हत्या कर दी व उसका शव सरयू नदी मे फेक दिया था।

## जरूरतमंद लोगों को वितरित किया कंबल

अयोध्या। हर वर्ष की भाति इस वर्ष भी जमीयत ए उल्मा ए फैजाबाद अयोध्या की तरफ से निःशुल्क कंबल व मेडिकल कैंप का आयोजन जन्नत लॉन में किया गया। यह आयोजन कारी इरफान अहमद हलीमी व आराकीन द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान गरीब असहाय जरूरतमंद के लोगों को कंबल वितरण के साथ-साथ मेडिकल उपचार करके दवाई वितरण की गई।



इस कार्यक्रम की जानकारी देते हुए आयोजक कारी इरफान अहमद और मोहम्मद अहमद कासमी का कहना है कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी कार्यक्रम रखा गया जिसमे निशुल्क मेडिकल कैंप के साथ साथ कंबल वितरण गरीब असहाय लोगों को दिए गए कार्यक्रम मे अयोध्या आई हॉस्पिटल और पटेल क्लीनिक का सहयोग हमेशा रहता है वही हाजी मोहम्मद अनीस का कहना है कि जमीयत ए उल्मा ए फैजाबाद अयोध्या की तरफ कार्यक्रम रखा जाता है। जिसमें निशुल्क व्यवस्थाएं रखी जाती है। दवा, चश्मा और कंबल लोगो को दिए जाते है।

## श्रम विभाग की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर शिविर का आयोजन



बाराबंकी। सहायक श्रम आयुक्त अमित प्रकाश सिंह के निर्देश पर ब्लॉक पूरेडलई के ब्लॉक सभागार में श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर शिविर का आयोजन किया गया। शिविर मे श्रमिकों को पंजीकरण एवं नवीनीकरण की प्रक्रिया तथा जीरो पॉवर्टी योजना के अंतर्गत चयनित परिवारों को श्रम विभाग से जोड़कर योजनाओं का लाभ, अटल आवासीय योजना के अंतर्गत श्रमिकों के बच्चों की शिक्षा हेतु उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गई। तथा 1 जनवरी 2026 से बोर्ड की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन किये जाने के बारे मे जागरुक किया गया। इस अवसर पर बीडीओ, एडीओ पंचायत, श्रम प्रवर्तन अधिकारी सुमित कुमार, कुलदीप कुमार सिंह, अमन विक्रम यादव आदि मौजूद रहे।

## सर्व सम्मति से पुनः टैक्स बार अध्यक्ष निर्वाचित हुए पवन कुमार वैश्य



बाराबंकी। जिला टैक्स बार में नववर्ष पर आयोजित हुए कार्यक्रम में टैक्स बार सदस्यों द्वारा सर्व सम्मत से वरिष्ठ अधिवक्ता पवन कुमार वैश्य को पुनः अध्यक्ष चुना गया। इसके उपरान्त नवनियुक्त वरिष्ठ अधिवक्ता श्री वैश्य को अधिवक्ताओ ने फूल माला व मिठाष्न खिलाकर बधाई दी। इसके उपरान्त अध्यक्ष श्री वैश्य की ओर से सूक्ष्म जलपान कराया गया। कार्यक्रम मे बार काउंसिल प्रत्याशी लखनऊ हाई कोर्ट से आए डॉ0 वीरेंद्र प्रताप सिंह यादव, प्रदीप कुमार सिंह, श्रवण कुमार, अजय शंकर श्रीवास्तव, नितिन सिंह प्रतिनिधि ने शामिल होकर नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री वैश्य को बधाईयां दी। इस अवसर पर आलोक श्रीवास्तव, नरेंद्र कुमार, नरेश सिंह, हुमायूं नईम, संजीव बक्श, शाहीन अख्तर, मनोज जैन, हनुमान प्रसाद वर्मा, रणधीर सिंह सुमन, प्रदीप श्रीवास्तव, दिलीप गुप्ता, बनराज सिंह, रामजी श्रीवास्तव, नवीन जायसवाल, आशुतोष श्री, राहुल सिंह, बृजेश यादव, सीपी सिंह, राजन चतुर्वेदी, ऋषि गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## लाखों के जेवरात गायब

मिल्कीपुर-अयोध्या। खंडासा थाना क्षेत्र के बोडेपुर पूरे रामसरन पांडे गांव से जेवरात गायब होने की एक हैरान करने वाली घटना सामने आई है। गांव निवासी विकास कुमार पुत्र हृदय राम ने खंडासा थाने में लिखित तहरीर देकर अज्ञात के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित विकास कुमार ने पुलिस को बताया कि करीब चार पांच माह पूर्व घर में लगातार चोरी की अफवाहें फैल रही थीं, जिससे डर के कारण उन्होंने घर में रखे कीमती जेवरातों को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से भूसे के ढेर में छिपा दिया था। छिपाए गए जेवरातों में तीन सोने के हार, तीन सोने की झुमकी, तीन सोने की अंगूठी, पांच नथुनी, तीन जोड़ी चांदी की पावजेब, आठ चांदी की पायल, 20 सेट बिछिया, एक कमरे का छल्ला, एक जूड़ा काटी, एक हड्डी तांगा तथा हाथ मेहंदी रखने का सामान शामिल था। पीड़ित के अनुसार बीते 29 दिसंबर को जब वह भूसे के ढेर से गेहूं निकालने गया, तो उसे भूसा बिखरा हुआ दिखाई दिया, जिससे उसे अनहोनी की आशंका हुई। संदेह होने पर जब उसने पूरा भूसा हटाकर देखा, तो उसमें छिपाए गए सभी कीमती जेवरात गायब मिले। घटना के बाद पीड़ित ने आसपास काफी खोजबीन की, लेकिन गायब गया सामान नहीं मिला। अंततः शुक्रवार को उसने खंडासा थाना पहुंचकर पूरे मामले की लिखित शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। खंडासा थाना के उपनिरीक्षक हरदोष सिंह ने बताया कि मामला थाना क्षेत्र के कंदई कला चौकी का है जांच के लिए भेज दिया गया है।

## अटल ने पेश किया था सुशासन का मॉडलः शाही

अयोध्या। प्रधानमंत्री रहते अटल बिहारी वाजपेयी ने देश के सामने सुशासन का जो मॉडल पेश किया था, उसे वर्तमान सरकार और बेहतर ढंग से लागू कर रही है। यह कहना था प्रभारी मंत्री सूर्यप्रताप शाही का। वह नगर निगम के तिलक हाल में अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर संचालित कार्यक्रमों की कड़ी में आयोजित सुशासन सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि पोखरण परीक्षण, स्वर्ण चतुर्भुज योजना जैसी उपलब्धियां अटल सरकार के सुशासन की पहचान हैं। उन्होंने कहा कि वाजपेयी सरकार ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों के अनुरूप अंतिम पायदान पर मौजूद व्यक्ति के जीवन में खुशहाली लाने का जो सिलसिला शुरू किया था, वह मोदी सरकार में पूरी तरह आकर ले



चुका है। उन्होंने भाजपा नेताओं एवं कार्यकताओं से अटल बिहारी वाजपेई की भावनाओं को आत्मसात कर गरीबों एवं वंचितों की सेवा का संकल्प लेने का आह्वान किया। सम्मेलन का प्रस्तावना महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने रखा। संचालन भाजपा महानगर उपाध्यक्ष डॉ. राकेश मणि त्रिपाठी ने किया। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने भाजपा सरकार की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में नगर निगम के उपसभापति राजेश गौड़, भाजपा महानगर महामंत्री परमानंद मिश्र, सुशील मिश्र बब्लू, अभय सिंह, शक्ति सिंह, राधारमण त्रिपाठी, अरविन्द सिंह मंडल अध्यक्ष रवि सोनकर एवं हेमंत जायसवाल, गौरव सिंह गोलू, भाजपा मीडिया सह प्रभारी अंशुमान मित्रा, कांशीराम रावत, विशाल सिंह बाबा, पार्षद अनिल सिंह, अनुज दास, बृजेंद्र सिंह, जयनारायण सिंह रिंकू, धर्मेंद्र मिश्र, रिशु पांडे, बृजेंद्र सिंह आदि ने हिस्सा लिया।

## पसमांदा समाज का राजनीतिक दलों ने किया इस्तेमालःवसीम राईन



बाराबंकी। डॉ. भीमराव राव अम्बेडकर और डॉ0 ए0पी0जे अब्दुल कलाम के बताए रास्ते पर चलते हुए समाज को खुशहाली की ओर ले जाना होगा। उक्त विचार सट्टी बाजार स्थित कार्यालय पर नगर अध्यक्ष निसार राईन की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में ऑल इण्डिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने कही। श्री राईन ने आगे कहा कि जिस समाज का सरकारी, राजनीतिक दलों में प्रतिनिधुत्त नहीं होता है वह समाज युही मर जाता है। पसमांदा मुसलमानों का सिर्फ इस्तेमाल हुआ है। कभी तथाकथित सिकुलर के नाम पर कभी नकली पीडिए के नाम, कभी सविंधान बचाने के नाम पर लेकिन हिस्सेदारी में शून्य रखा गया है। पंजा छाप पार्टी या लोहियावादी अपने को कहने वाले लोग 2024 के आम लोकसभा चुनाव मे एक भी पसमांदा मुस्लिम को टिकट नही दिया। जबकि 90 फीसदी तक वोट लिया है। अब आने वाले चुनाव में इन धोखेबाजो को सबक सिखाना होगा। इस अवसर पर सरखा राईन, नदीम राईन, अब्दुल्ला राईन, जावेद राईन, शफीक राईन, इशरत तुन्नी, कलीम लाला, इमरान अंसारी, अनीस राईन, मोमिन राईन, रिजवान राईन, महमूद चैधरी, वशी राईन, शेर सिंह चैहान, अजय चैहान मौजूद रहे।

# संभागीय निरीक्षक ने चालकों को याद कराये सड़क सुरक्षा नियम

बाराबंकी। परिवहन विभाग द्वारा 1 से 31 जनवरी 2026 तक चलाये जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत आज शुक्रवार को उप सम्भागीय परिवहन कार्यालय परिसर मे बस, ट्रक, आटो, ई-रिक्शा, टैक्सी चालक यूनियन पदाधिकारियो के साथ

- ऑटो, ई-रिक्शा, बस व टैक्सी पदाधिकारियो के साथ जागरुकता कार्यशाला
- नियमों की पूरी जानकारी रखे और सदैव इनका पालन करें : बलवंत



जीरो फैटेलिटी हेतु संवेदीकरण जागरुकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला मे सम्भागीय निरीक्षक प्राविधिक बलवन्त सिंह यादव ने चालकों को जागरुक करते हुये कहा कि सड़को पर तेजी से बढ़ती दुर्घटनाओं के कारण यह काफी जरुरी है, कि इसके लिए निवारक उपाय अपनाएं जायें। क्योंकि मात्र इन्हीं के द्वारा ही हम मानवीय कारणों से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोक सकते हैं।

नियमों की पूरी जानकारी रखे और सदैव इनका पालन करें। आरआई ने चालको को हेलमेट, सीटबेल्ट, ओवरस्पीडिंग, ड्रिंक एण्ड ड्राइव एवं वाहन चलाते वक्त मोबाईल का प्रयोग न करने एंव अन्य सड़क सुरक्षा नियमों को लेकर विस्तृत जानकारी दी। कार्यशाला मे यातायात प्रभारी रामवतन यादव ने कि दुर्घटना का मुख्य कारण थकान, लापरवाह चालक, नशाकर तेजी से वाहन चलाना है। सुरक्षित ड्राइविंग के लिये आवश्यक है कि लंबी दूरी तय करते समय थकान होने पर वाहन रोककर खुद को और वाहन को सामान्य स्थिति में आने दे।

ताकि नींद के मारण संभावित दुर्घटना न होने पाये। कार्यशाला मे रेड्क्रास सोसाइटी चैयरमैन शैलेन्द्र सिंह, ट्रक एसोसिशन अध्यक्ष अधिवक्ता अंगद वर्मा समेत स्टैण्ड के चालक मौजूद रहे।

# मिशनशक्ति और साइबर जनजागरूकता कार्यक्रमों में सराहनीय कार्य किये गये



बहराइच। जनपद बहराइचमें सक्रिय अपराधियों के विरुद्ध संचालित विशेष अभियान, मिशन शक्ति व साइबर जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करते हुए लंबित विवेचनाओं के निष्पादन में पुलिस ने सराहनीय कार्य किया है। अभियानों के माध्यम से जनपद में अपराधियों के मनोबल को तोड़ते हुए आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास और सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ किया गया।

कानून-व्यवस्था एवं शांति-व्यवस्था बनाए रखने के प्रयास वर्ष भर में विभिन्न धार्मिक, सामाजिक एवं राजनीतिक आयोजनों, पर्वों एवं त्यौहारों के अवसर पर व्यापक पुलिस प्रबंध कर कार्यक्रमों को शांतिपूर्ण व निर्विघ्न सम्पन्न कराया गया। सीमा क्षेत्रीय जनपद होने के कारण अंतरराज्यीय एवं अंतरराष्ट्रीय गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि रखते हुए गश्त, चेकिंग एवं इंटेलिजेंस संकलन को और अधिक मजबूत किया गया।

### किये गये सराहनीय कार्य

1. बहराइच ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत प्रभावी पैरवी करते हुये कुल 835 अभियोगों से सम्बन्धित 1543 अभियुक्तों को दोषसिद्ध कराया गया व विशेष रूप से जनपद के थाना सुजौली में नाबालिग बच्चियों का अपहरण कर लैंगिक उत्पीड़न करने वाले 01 अभियुक्त को 20 कार्यदिवस के भीतर सम्पूर्ण प्राकृतिक जीवन तक आजीवन कारावास तथा कुल 2,40,000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।

ऑपरेशन कन्विक्शन में प्रभावी पैरवी के तहत ही वर्ष 2024 में थाना हरदी क्षेत्रान्तर्गत महराजगंज कस्बा में साम्प्रदायिक हिंसा कारित कर 01 व्यक्ति को गोली मारने वाले 01 अभियुक्त को मृत्युदण्ड व शेष 09 अभियुक्तगण को आजीवन कारावास एवं प्रत्येक अभियुक्त को 1,00,000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

2. जनपदीय पुलिस द्वारा कुल 503 नाबालिग अपहृत/अपहृता में से कुल 482 की सकुशल बरामदगी की गई एवं शेष की बरामदगी हेतु पुलिस टीमें सतत्प्रयासरत हैं।

3. पुलिस मुठभेड़ की कुल 12 घटनाओं में कुल 25 अभियुक्तगण की गिरफ्तारी की गई जिसमें कुल 13 अभियुक्त घायल हुये।

*"जनपद बहराइच पुलिस भविष्य में भी इसी प्रतिबद्धता के साथ जनता की सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु निरंतर प्रयासरत रहेगी।"*

## सड़क सुरक्षा माह जागरूकता वाहनों को डीएम ने हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना



बहराइच। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने तथा आम जनमानस को यातायात नियमों की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से शासन के निर्देश पर जनपद में 01 से 31 जनवरी 2026 तक यातायात सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। सड़क सुरक्षा माह अन्तर्गत आमजन को यातायात नियमों की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह, नगर मजिस्ट्रेट राजेश प्रसाद के साथ कलेक्ट्रेट परिसर से जागरूकता वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। जागरूकता वाहन जनपद के विभिन्न मार्गों एवं चैराहों पर जा जाकर आम जनमास को दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करने, वाहनों को ओवर लोडिंग न करने, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करने तथा यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक करेंगें। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी ओ.पी. सिंह द्वारा उपस्थित आम जनमानस को सड़क सुरक्षा सम्बंधित जानकारी प्रदान कीएवं दुर्घटना से बचाव के प्रति जागरूक करते हुए सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित पम्पलेट का वितरण भी कराया गया। इस अवसर पर उप परिवहन निरीक्षक यातायात राम प्रकाश यादव तथा पुलिस एवं परिवहन विभाग अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# स्मैक बरामद, युवक गिरफ्तार

रुपईडीहा बहराइच। भारत के पड़ोसी मित्र राष्ट्र नेपाल में मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हाथ लगी है।



नेपालगंजउपमहानगरपालिका के वार्ड संख्या-4 गणेशपुर क्षेत्र में बांके जिला पुलिस व मादक पदार्थ नियंत्रण ब्यूरो नेपालगंज की संयुक्त टीम ने एक भारतीय युवक को भारी मात्रा में स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बांके एसपी कार्यालय व मादक पदार्थ नियंत्रण ब्यूरो की टीम गश्त के दौरान संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखे हुए थी। इसी दौरान एक युवक पुलिस दल को देखकर भागने का प्रयास करने लगा, जिसे रोकने के लिए पुलिस को तीन राउंड हवाई फायर करने पड़े। इसके बाद युवक को मौके पर ही दबोच लिया गया इस संबंध में बांके जिले के डीएसपी एवं पुलिस प्रवक्ता दीपक पातली ने बताया कि गिरफ्तार युवक की पहचान 35 वर्षीय इलियास अहमद के रूप में हुई है, जो भारतीय नागरिक है। उन्होंने बताया कि आरोपी के स्मैक के बड़े कारोबारी होने की सूचना पहले से मिल रही थी और वह बांके, बर्दिया व सुर्खेत सहित नेपाल के पर्वतीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्मैक की आपूर्ति करता था।

तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 280 ग्राम 160 मिलीग्राम स्मैक, एक डिजिटल तराजू, एक ब्रेसलेट तथा एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है। गिरफ्तारी के बाद उसे नेपालगंज स्थित एसपी कार्यालय लाया गया, जहां उससे पूछताछ की जा रही है तथा मामले में आगे की विधिक कार्रवाई जारी है नेपाल पुलिस की इस कार्रवाई को मादक पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण सफलता के रूप में देखा जा रहा

## साथी समागम व पीडीए प्रहरी सम्मेलन कल

अयोध्या। महानगर अयोध्या विधानसभा में साथी समागम व पीडीए प्रहरी कार्यक्रम विगत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी 4 जनवरी को ताराजी रिजॉर्ट मे पूर्व विधायक पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने आयोजित किया है। सपा प्रवक्ता राकेश यादव ने बताया कि रविवार सुबह 11 बजे ताराजी रिजॉर्ट में महानगर व अयोध्या विधानसभा सहित जिले के वरिष्ठ पदाधिकारी नेताओं और कार्यकताओं का साथी समागम में पूर्व मंत्री तेजनारायण पांडे पवन महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव, विधानसभा अध्यक्ष रक्षा राम यादव, महासचिव हामीद जाफर मीसम सभी साथियों का स्वागत और सम्मान करेंगे इस मौके पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने अपने महानगर व अयोध्या विधानसभा के सभी पार्टी पदाधिकारी नेताओं कार्यकताओं और साथियों को कार्यक्रम में सम्मिलित होने का आवाहन किया है।

# मायसेम सीमेंट ने राजगीरों का किया सम्मान

रुपईडीहा बहराइच। भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र नगर पंचायत रुपईडीहा मेंनववर्ष 2026 के शुभ अवसर पर मायसेम सीमेंट की ओर से नगर पंचायत रुपईडीहा स्थित उसके अधिकृत डीलर सनराइज ट्रेडिंग कंपनी के प्रतिष्ठान पर भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के राजगीरों को उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। सनराइज ट्रेडिंग कंपनी के प्रोपराइटर शकील



- लकी ड्रा में निकला टीवीएस मोटरसाइकिल

अहमद ने बताया कि मायसेम सीमेंट द्वारा प्रत्येक माह की 1 तारीख को क्षेत्र के राजगीरों को सम्मानित करने की परंपरा चली आ रही है।

इसी क्रम में नववर्ष के अवसर पर गुरुवार को विशेष कार्यक्रम आयोजित कर लगभग 200 राजगीरों को मायसेम सीमेंट की ओर से उपहार देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत सभी राजगीरों को नियमित रूप से उपहार दिए जाते हैं तथा वर्ष में एक बार बड़ा उपहार भी दिया जाता है। इस वर्ष का मुख्य आकर्षण टीवीएस मोटरसाइकिल रहा, जिसका वितरण लकी ड्रा के माध्यम से किया गया। लकी ड्रा में राजगीर राम प्रसाद बाल्मीकि को टीवीएस मोटरसाइकिल का उपहार मिला।

इसके अलावा 25 अन्य राजगीरों को वाशिंग मशीन, फ्रिज सहित कई आकर्षक उपहार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत रुपईडीहा के चेयरमैन डॉ. उमाशंकर वैश्य उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथियों में रुपईडीहा पत्रकार संघ के अध्यक्ष संजय कुमार वर्मा, संरक्षक शेर सिंह कसौधन, दया शंकर शुक्ला, संजय गुप्ता, इरशाद हुसैन, रईस अहमद, रजा इमाम रिजवी, मोहम्मद अरशद, सलीम अहमद, अमित मदेशिया, दीपेंद्र मिश्रा, श्याम कुमार मिश्रा सहित बड़ी संख्या में बुद्धिजीवी वर्ग एवं सैकड़ों राजगीर मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ, जहां राजगीरों ने मायसेम सीमेंट एवं सनराइज ट्रेडिंग कंपनी का आभार व्यक्त किया।

## एकीकृत बागवानी का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न



बहराइच। जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी ने बताया कि एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत कृषि भवन, बहराइच के सभागार में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिशील कृषकों एवं एफपीओ के निदेशक एवं सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में उप कृषि निदेशक विनय कुमार वर्मा, जिला कृषि अधिकारी डॉ. सूबेदार यादव, जिला कृषि रक्षा अधिकारी प्रियानन्दा, एस.डी.ई.ए.ओ. शिशिर वर्मा, वरिष्ठ वैज्ञानिक/अध्यक्ष कृषि विज्ञान केन्द्र डॉ. सी.पी.एन. गौतम, एपिडा आलोक मिश्रा सहित प्रिया सिंह, प्रदीप कुमार, अमरनाथ, दिनेश अखिलेश सहित प्रगतिशील कृषकों व एफ.पी.ओ. के सदस्यों सहित दर्जनों कृषकों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

संक्षेप

## सर्दी में ठिठुर रहे गौवंश जिम्मेदार बने अनजान

**शुकुल बाजार।** पूस की कड़ाके की ठंड में खेमऊ गौशाला की बदहाल व्यवस्थाएं उजागर हो रही हैं। ग्राम पंचायत पूरे गंगा अहीर गांव में स्थित इस गौशाला में संरक्षित 119 गौवंश ठंड से बचाव के समुचित इंतजाम न होने के कारण खुले में ठिठुरने को मजबूर हैं। तिरपाल की कमी, जर्जर घेराबंदी और सीमित शेड के चलते गौवंशों की हालत चिंताजनक बनी हुई है। गौशाला परिसर में लगाए गए तिरपाल पुराने व फटे हुए हैं, जिनसे शीतलहरी से कोई बचाव नहीं हो पा रहा। वहीं मात्र दो टीन शेड 119 मवेशियों के लिए अपर्याप्त साबित हो रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार ठंड के कारण कई मवेशी सुस्त हो गए हैं और बीमार पड़ने का खतरा बना है। इस संबंध में पशु चिकित्सा अधिकारी राज नारायण ने बताया कि ठंड में गौवंशों को खुले में रखना नुकसानदायक है। उन्होंने कहा कि सभी गौशालाओं में तिरपाल, सूखा भूसा, गर्म पानी और आवश्यक दवाइयों की व्यवस्था अनिवार्य है। समय रहते इंतजाम न होने पर पशुओं में निमोनिया व अन्य बीमारियां फैल सकती हैं। वहीं एसडीएम अभिनव कनौजिया ने कहा कि जल्द ही गौशाला का निरीक्षण कराया जाएगा। यदि व्यवस्थाओं में लापरवाही पाई गई तो संबंधित ग्राम पंचायत, सचिव और कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## व्यापार मंडल के भंडारे में भक्तों ने छका प्रसाद

**लालगंज, रायबरेली।** नववर्ष के अवसर पर निकाली गई पदयात्रा में शामिल भक्तों की सेवा के लिये उद्योग व्यापार मंडल ने विशाल भंडारे का आयोजन किया। जिसमें हजारो भक्तो को प्रसाद का वितरण किया गया। व्यापार मंडल के अध्यक्ष राहुल भदौरिया ने बताया कि लालगंज से निकाली गई भक्तो की यात्रा का ऐहार के पूर्व एसएमएफए के सामने व्यापार मंडल के पदाधिकारियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। वही विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमें भक्तो को हलवा, सब्जी, पूडी व मैक्रोनी रूपी प्रसाद का वितरण किया गया। प्रसाद वितरण एवं भंडारे के आयोजन में प्रभारी राकेश पटवा, सचिन सिंह, मनोज प्रताप सिंह, संजय कौषल, विनोद गुप्ता, पवन गुप्ता, विपिन वर्मा, संदीप गुप्ता, आयुष कौषल, राजू तिवारी, रानू गुप्ता, ओमी तिवारी, सौरभ सिंह, अभिनय सोनी, पप्पू सोनी, मुकेश गुप्ता, रामसन गुप्ता, अजय पटवा, कल्याण सिंह चैहान, सौरभ तिवारी, सुरेंद्र सैनी, अंकित गुप्ता, अखिलेष सिंह, चेतराम, सुषील पटवा, सुरेष सागर, लाला पटवा आदि का विषेष सहयोग रहा।

## गांजा तस्करी का खुलासा, 3 गिरफ्तार

**रायबरेली।** पुलिस ने नशे के कारोबार पर बड़ी चोट करते हुए थाना डीह क्षेत्र से अवैध गांजा तस्करी में लिप्त तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की संयुक्त टीम ने चेकिंग के दौरान एक मोटरसाइकिल को रोककर तलाशी ली, जहां से अवैध गांजा बरामद किया गया। पुलिस ने मौके से भरत पाण्डेय, अविनाश पाण्डेय, और पंकज सिंह सिंह को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे गांजा खरीदकर डीह, सलोन और आसपास के क्षेत्रों में बेचने की फिराक में थे। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार मुख्य आरोपी भरत पाण्डेय का आपराधिक इतिहास पहले से दर्ज है और उस पर एनडीपीएस एक्ट के तहत कई मुकदमे चल रहे हैं। तीनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है।

# लाखों खर्च के बाद हफ्ते भर में ही उखड़ गयी सड़क

## मरम्मतीकरण में ग्रामीणों ने लगाया भ्रष्टाचार का आरोप



**परशदेपुर, रायबरेली।** जनपद के विकास खंड डीह अंतर्गत परशदेपुर-हाजीपुर संपर्क मार्ग से उढरियापुर से प्रतापगढ़ बॉर्डर तक लगभग 950 मीटर लंबी सड़क की लगभग 9 लाख की लागत से हुए मरम्मतीकरण कार्य के एक हफ्ते बाद ही सड़क की गिट्टियां उखड़ गई, जिसको लेकर स्थानीय ग्रामीणों के साथ ही राहगीरों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि एक हफ्ते पहले ही सड़क का मरम्मत किया गया है लेकिन अभी से ही ट्रैक्टर-ट्रॉली, बाइक और कार गुजरने भर से सड़क की गिट्टियां एक हफ्ते में ही पूरी तरह से उखड़ती जा रही हैं। सड़क पर चलने वाले राहगीर उखड़ी गिट्टियों की वजह से गिरकर चोटिल हो रहे हैं। संबंधित जिम्मेदारों द्वारा सड़क के मरम्मत में मनमाने ढंग से निर्माण कराया गया है।

ग्रामीण पवन यादव, धुन्नी नाई, मुरली सरोज, रामकिशुन पटेल, रामप्रकाश पटेल, लालता प्रसाद यादव, अजय पटेल, रज्जन आदि ने सड़क में मरमत में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि लाखों रुपये की लागत को खर्च कर मरम्मत की गई सड़क एक हफ्ता भी नहीं टिक पाई, जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

**गुणवत्ता में कमी मिली तो होगी दोबारा मरम्मत**

अधिशाषी अभियंता मंजू कुमारी ने कहा कि सड़क मरम्मत की गुणवत्ता में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि सड़क मरम्मत में गुणवत्ता विहीन कार्य कराया गया है तो सड़क की दोबारा मरम्मत कराई जाएगी।

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी सम्मानित

**लालगंज, रायबरेली।** लालगंज क्षेत्र के सराय बैरिया खेड़ा गांव में युवा सनातन जागृत सेना दौड़ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय हिंदू समाज महासभा के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र अग्निहोत्री ने दौड़ प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया। आयोजकों के द्वारा 1600 मीटर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर बोलते हुए पूर्व कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख सरेनी एवं अखिल भारतीय हिंदू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र अभिनेत्री ने कहा कि खेलकूद प्रतियोगिताओं से समाज में भाईचारे की भावना जागृत होती है वही स्थानीय युवाओं को आगे बढ़ने का भी अवसर प्राप्त होता है। खेलकूद कार्यक्रमों से युवाओं का स्वास्थ्य भी ठीक रहताहै। शैलेंद्र अग्निहोत्री ने कहा कि आज के युग में शिक्षा के साथ-साथ सभी विधाओं में युवाओं को पारंगत होना चाहिए।

## थाना क्षेत्र में धड़ल्ले से जारी है हरे पेड़ों की कटान

**शुकुल बाजार, अमेठी।** पुलिस व वन विभाग से साठगांठ कर लकड़ी ठेकेदार रात दिन हरे पेड़ काट रहे हैं। वहीं, जिम्मेदार जानकर भी अनजान बने हुए हैं। सरकार पर्यावरण को लेकर जितना संजीदा है। उतना ही लकड़ी ठेकेदार हरियाली को नष्ट करने पर आमादा हैं। थाना क्षेत्र में इन दिनों बगैर परमिट हरे भरे पेड़ों पर आरा चल रहा है। वन विभाग पर्यावरण संतुलन के लिए पौध रोपण करा कराया जिस पर करोड़ों रुपये पानी की तरह बहाया गया है। बावजूद इसके आम, महुआ, नीम, शीशम व सागौन जैसे पेड़ों को ठेकेदार काटकर उठा ले जाते हैं। वहीं, क्षेत्र में हो रही हरे वृक्षों की कटान के लिए वन विभाग को पुलिस जिम्मेदार ठहराती है। वहीं, वन विभाग हमेशा स्टाफ व संसाधनों का रोना रोता है। जिले का सबसे अधिक क्षेत्रफल का जंगल बाजार शुकुल में है। इनमें शीशम, सागौन जैसे कीमती लकड़ियों के पेड़ मौजूद हैं। लकड़ी काटने वाले वन मुंशी व गार्डो से तालमेल बनाकर जंगलों से शीशम व सागौन के पेड़ काट कर आसपास खुली फर्नीचर की दुकानों पर अरमासीन बेच देते हैं। कई बार क्षेत्रीय लोगों ने जंगलों से काटकर



ले जाते लकड़ी पकड़ी और उच्च अधिकारियों को बताया, किन्तु आज तक वन कर्मियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई है, जो कि आज भी जंगलों से लकड़ी बेच रहे हैं। थाना क्षेत्र के किसनी, पाली, महोना, संसारपुर, उरेरमऊ, टेवसी, महोना, जैनबगंज, ब्यौरेमऊ, तेतारपुर, रस्तमाऊ, सत्थिन, मकदूमपुर, ऊँचगांव, मौंझगांव व खेममऊ आदि गांवों में अवैध ढंग से प्रतिबंधित पेड़ काटे जाते हैं। वन दारोगा पंकज कुमार ने बताया कि स्टाफ व संसाधनों की कमी है। इसके बावजूद वह अवैध कटान रोकने के प्रति प्रयासरत रहते हैं। जंगलों से लकड़ी कटान की जांच कर कार्रवाई की जाएगी

## दोस्तपुर के आंबेडकर पार्क की हालत बेहद खराब, नगर पंचायत से उम्मीदें कम

**दोस्तपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** जिले के दोस्तपुर नगर पंचायत में स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क इन दिनों गंदगी, अतिक्रमण और उपेक्षा का शिकार हो चुका है। सामाजिक समरसता और संविधान निमार्ता के विचारों का प्रतीक यह पार्क अब अपनी पहचान खोता जा रहा है। पार्क के चारों ओर कूड़े-कचरे के ढेर लगे हैं और अवैध दुकानों व ठेलों ने पार्क की जमीन को सिकोड़ लिया है। इससे न केवल पार्क की सुंदरता नष्ट हो रही है, बल्कि पार्क में खेलने और टहलने की जगह भी कम हो गई है। निवासियों का कहना है कि यहां सफाई का अभाव है, जिससे मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है और बीमारियों का खतरा पैदा हो गया है। इस पर नगर पंचायत के बड़े बाबू विपिन यादव ने आश्वासन दिया कि जल्द ही पार्क की सफाई की जाएगी और अतिक्रमण हटाकर पार्क को अतिक्रमण मुक्त किया जाएगा। हालांकि, लोग ऐसे आश्वासनों से निराश हैं क्योंकि पहले भी ऐसी बातें कही जा चुकी हैं, लेकिन बदलाव नहीं आया है। यदि जल्द कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए तो यह पार्क उपेक्षा और अव्यवस्था का प्रतीक बनकर रह जाएगा।

## सब जूनियर बालिका हॉकी में जिले की चार खिलाड़ियों का चयन

**सुलतानपुर (वीओएल)।** खेल निदेशालय के तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय समन्वय हॉकी का मंडल स्तरीय चयन अयोध्या में सब जूनियर बालिका वर्ग में हुआ। बालिका वर्ग का ट्रायल एक जनवरी को ड़ाभा सेमर अयोध्या में आयोजित हुआ, जिसमें स्वाति, राधा, स्वाती सरोज और रुचि का चयन हुआ। क्रीड़ा अधिकारी राजेश सोनकर ने बताया की बालिका संवर्ग की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 7 से 12 जनवरी मेरठ में आयोजित होगी बालिका हॉकी को लेकर जिले में कार्य किया जाएगा, जिससे बेहतर परिणाम मिले। हॉकी सुलतानपुर के सचिव तारिक वसीम ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

# समाजसेवी सादिक अंसारी ने जरूरतमंदों के घर-घर पहुंचकर वितरित किए कंबल



**कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)।** कूरेभार विकास खंड के ढेसरुआ-गुप्तारगंज क्षेत्र में नव वर्ष के अवसर पर युवा समाजसेवी सादिक अंसारी ने एक बार फिर मानवता और सेवा की मिसाल पेश की। बीते पाँच वर्षों की भांति इस वर्ष भी उन्होंने घर-घर पहुँचकर सैकड़ों जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए। कड़ाके की ठंड में कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरों पर राहत और मुस्कान साफ दिखाई दी।

बताया जाता है कि समाजसेवी सादिक अंसारी लंबे समय से ग्राम सभा वासियों के सुख-दुख में सहभागी बनते आ रहे हैं। चाहे बीमारी हो, ठंड का मौसम हो या किसी परिवार पर आई विपत्ति-सादिक अंसारी हमेशा आगे बढ़कर मदद करते नजर आते हैं। नववर्ष की शुरूआत में उन्होंने गांव के विभिन्न टोले और मोहल्लों में जाकर बुजुर्गों, असहायों, गरीब परिवारों और जरूरतमंद महिलाओं को कंबल भेंट किए। इस दौरान सादिक अंसारी ने लोगों से सीधे संवाद भी किया और उनकी समस्याओं को सुना। ग्रामीणों का कहना है कि ठंड के इस मौसम में कंबल जैसी मदद बेहद जरूरी होती है और ऐसे समय में समाजसेवियों का आगे आना जरूरतमंदों के लिए किसी संजीवनी से कम नहीं है। गांव के बुजुर्गों और महिलाओं ने सादिक अंसारी की इस पहल की खुले दिल से सराहना की। ग्रामीणों ने कहा कि हर साल नव वर्ष पर होने वाला यह कंबल वितरण कार्यक्रम न सिर्फ ठंड से राहत देता है, बल्कि समाज में आपसी भाईचारे और सेवा की भावना को भी मजबूत करता है। लोगों का मानना है कि ऐसे कार्यों से युवाओं को भी समाजसेवा के लिए प्रेरणा मिलती है। वहीं समाजसेवी सादिक अंसारी ने बताया कि समाजसेवा का यह कार्य बीते पाँच वर्षों से लगातार जारी है और आगे भी वे जनता के सुख-दुख में कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहेंगे। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों की मदद करना ही उनके लिए सच्चा नव वर्ष संकल्प है।

# नववर्ष पर बीएसए ने दिया शिक्षकों को तोहफा

- तीन सदस्यीय कमिटी करेगी प्रोन्नत वेतनमान की जांच
- 24 जनवरी को बीआरसी दूबेपुर में ली जाएगी आपत्ति



**सुलतानपुर (वीओएल)।** प्राथमिक शिक्षक संघ की वर्षों से प्रोन्नत वेतनमान की मांग को नववर्ष के अवसर पर बीएसए उपेन्द्र गुप्ता ने तीन सदस्यीय कमेटी बना कर 24 जनवरी को बीआरसी दूबेपुर में जिले स्तर की अपत्ति लेने की बात कही। बीएसए उपेन्द्र गुप्ता ने पटल सहायक करुणा शंकर मिश्र को पत्र जारी करने का निर्देश दिया। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ सुल्तानपुर का प्रतिनिधिमंडल लंभुआ अध्यक्ष रणवीर सिंह के नेतृत्व में बीएसए से मिला। तीन सदस्यीय कमेटी में बीईओ कार्यालय दिलीप, एएओ और वरिष्ठ सहायक अविनाश यादव कमेटी सदस्य प्रोन्नत वेतनमान पर अंतिम मोहर लगाएंगे। जनपद में चयन वेतनमान की स्वीकृति और प्रदेश में अग्रणी जिले में रहने की बधाई भी दी। अवकाश में निर्वाचन से संबंधित कार्यों के सापेक्ष उपार्जित अवकाश देने का मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने वरिष्ठता सूची में सुधार किए जाने की मांग की। शिक्षामित्र समायोजन सूची जल्द जारी किए जाने की मांग भी उठी। एफएलएन प्रशिक्षण भुगतान की मांग पर बीएसए उपेन्द्र गुप्ता लिपिक ने अवगत कराया कि ब्लॉकों से संशोधित सूची प्राप्त होते भुगतान कर दिया जाएगा। इस अवसर पर मंत्री कूरेभार वैभव भटनागर ने स्वामी विवेकानंद की पुस्तक बीएसए को भेंट की। लेखाधिकारी महोदय से वेतन व लंबित एरियर भुगतान की मांग की गई। एनपीएस के लंबित प्रकरण, अवशिष्ट भुगतान क्रमवार शीघ्र ही करने का भरोसा दिया गया। इस अवसर पर कूरेभार मंत्री वैभव भटनागर जयसिंहपुर अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह, मनोज मौर्य, राहुल तिवारी राष्ट्रवादी संतोष प्रतापगढ़ी सनत सिंह, धनंजय, सुशांत मिश्रा, फूलचंद समेत कई शिक्षक उपस्थित रहे।

## शिक्षक संघ की बीईओ से भेंट

**कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)।** कूरेभार में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष और मंत्री ने खंड शिक्षा अधिकारी से शिष्टाचार भेंट की। यह भेंट नव वर्ष के उपलक्ष्य में शुक्रवार को बीआरसी कार्यालय में हुई। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी को डायरी और पेन भेंट कर नव वर्ष की शुभकामनाएं दी गईं। भेंट के दौरान ब्लॉक स्तर पर शिक्षकों से संबंधित कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। इनमें प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापकों (पीएस एचटी) और उच्च प्राथमिक विद्यालय के सहायक अध्यापकों/प्रधानाध्यापकों (यूपीएस एटी/एचटी) के चयन



वेतनमान का मुद्दा प्रमुख था। इसके अतिरिक्त, शिक्षामित्रों के स्थानांतरण/ समायोजन प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने और पीएस एटी के चयन वेतनमान आदेश के अनुसार जनवरी 2026 के वेतन में जोड़कर भुगतान सुनिश्चित करने पर भी विस्तृत बातचीत हुई। खंड शिक्षा अधिकारी ने सभी मुद्दों पर त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया। शिक्षक संघ के अथक प्रयासों के बाद पीएस एचटी और यूपीएस एटी/एचटी के चयन वेतनमान से संबंधित कार्यवाही बीआरसी कूरेभार द्वारा पूरी कर ली गई है। कुल-31 पात्र शिक्षकों के चयन वेतनमान का प्रस्ताव आगे बढ़ा दिया गया है। संभावना है कि कूरेभार ब्लॉक का चयन वेतनमान आदेश जल्द ही जारी हो जाएगा।

## दृष्टिहीन अनुसूचित जाति कर्मचारी के घर घुसकर हथियार के बल पर मारपीट

**सुलतानपुर (वीओएल)।** कोतवाली नगर थाना क्षेत्र के सिविल लाइन स्थित राजकीय आवास में रहने वाले अनुसूचित जाति के दृष्टिहीन दिव्यांग कर्मचारी राजेश रत्नाकर के घर घुसकर अवैध असलहे के बल पर जातिसूचक गालियां देते हुए मारपीट का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित का आरोप है कि घटना 24 दिसंबर 2025 की रात हुई, जब बब्लू शर्मा व उसके साथियों ने घर में घुसकर उसके पुत्र के साथ मारपीट की। डायल 112 पर सूचना देने पर आरोपी बाइक छोड़कर फरार हो गए। पीड़ित का यह भी आरोप है कि सीताकुण्ड चौकी इंचार्ज ने प्रभावशाली आरोपियों के दबाव में सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज नहीं की और केवल निरोधात्मक कार्रवाई कर मामला निपटा दिया। इतना ही नहीं, 31 दिसंबर को चौकी इंचार्ज द्वारा अधिक शिकायत करने पर जेल भेजने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। पीड़ित ने एसपी से एफआईआर दर्ज कराने तथा चौकी इंचार्ज की भूमिका की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। मामला मानवाधिकार व अनुसूचित जाति आयोग तक पहुंचने के बाद पुलिस की भूमिका पर सवाल खड़े हो गए हैं।

**राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए जिले के पहलवानों को मिलेगा मौका**

**सुलतानपुर।** प्रदेश स्तरीय जूनियर समन्वय बालक बालिका कुश्ती प्रतियोगिता का चयन ट्रायल जिले के पंत स्पोर्ट स्टेडियम में 4 जनवरी को आयोजित किया जाएगा चयनित खिलाड़ी 5 जनवरी को डाबा सेमर स्टेडियम अयोध्या में शामिल होंगे। क्रीड़ा अधिकारी राजेश कुमार सोनकर ने बताया की खिलाड़ियों को अपने साथ आधार कार्ड एवं पासपोर्ट आकार की दो फोटो ले जाना होगा। इसकी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता बालिका संवर्ग में 9 से 11 जनवरी के मध्य आजमगढ़ में वहीं बालक संवर्ग के चयनित खिलाड़ी 16 से 18 जनवरी के मध्य बलिया में दम दिखाएंगे। कुश्ती कोच राम नरेश की देखरेख में होगा चयन।

# ईआरओ, एईआरओ का प्रशिक्षण संपन्न

**रायबरेली।** डीएम /जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर के निदेर्शानुसार एडीएम (प्रशासन)/ उप जिला निर्वाचन अधिकारी सिद्धार्थ की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के अन्तर्गत आलेख्य प्रकाशन के प्रश्चात निर्गत नोटिस की सुनवाई को नियुक्त किये गये निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को विधानसभावार दो पालियों में प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ, जिसमें प्रथम पाली में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 177-बछरावां (अ.जा.), 179-हरचंदपुर एवं 180-रायबरेली तथा द्वितीय पाली में विधानसभा क्षेत्र 181-सलोन (अ.जा.), 182-सरेनी एवं 183-ऊँचाहार का प्रशिक्षण आयोजित किया गया।



उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रशिक्षण में उपस्थित सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि अर्हता तिथि 01.01.2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत जिन निर्वाचकों की विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण निर्वाचक नामावलियों से लिंकिंग सुनिश्चित नहीं हो सकी, ऐसे निर्वाचकों की अर्हता सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा उन्हें आलेख्य प्रकाशन के पश्चातनोटिस निर्गत की जायेगी। भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा एक दिन में अधिकतम ऐसी 100 नोटिसों पर सुनवाई की जानी है। उक्त एसआईआर निर्वाचक नामावलियों से लिंकिंग न सुनिश्चित होने वाले निर्वाचकों के नोटिसों के सुनवाई हेतु एसडीएम /निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के पर्यवेक्षण/ अधीक्षण/नियंत्रण में अधिकारियों की विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रवार नियुक्ति की गई है तथा संबंधित अधिकारी अपने-अपने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से सम्बन्धित एसडीएम/ निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करना सुनिश्चित करेंगें। उन्होंने बताया एसआईआर कार्यकम समयबद्ध, संवेदनशील एवं अति महत्वपूर्ण कार्य है, जिसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही/ शिथिलता क्षम्य नहीं है। इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रफुल्ल कुमार शर्मा, उप जिलाधिकारी अभिषेक वर्मा, प्रभारी सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी फिरोज अहमद सहित समस्त एसडीएम व सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

## ट्रैफिक जाम और रोड लाइट की समस्याओं को लेकर परिवहन मंत्री से मिले सौरभ मिश्र



**सुलतानपुर (वीओएल)।** जनपद में बढ़ती ट्रैफिक जाम और रोड ट्रैफिक लाइट की समस्या को लेकर कटका क्लब के अध्यक्ष सौरभ मिश्र विनम्र ने राज्य परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह से उनके लखनऊ स्थित आवास पर मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने जनपद की समस्याओं से मंत्री को अवगत कराया। गौरतलब है कि हाल ही में सांसद ने भी इस मुद्दे को उठाया था, और उन्हें समस्या के समाधान का आश्वासन मिला था, लेकिन स्थिति में कोई खास सुधार नहीं हुआ। इस पर सौरभ मिश्र ने मंत्री से मिलकर मामले की गंभीरता से जानकारी दी। मंत्री ने आश्वासन दिया कि शीघ्र ही इन समस्याओं पर ठोस कदम उठाए जाएंगे। सौरभ मिश्र विनम्र को हाल ही में यातायात के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया था। उन्होंने कटका क्लब के तहत ह्यएंबुलेंस को रास्ता देंह्व अभियान चलाया, जिससे ट्रैफिक जाम में फंसी एंबुलेंस को मदद मिल सके। शहर में ट्रैफिक जाम की समस्या आम नागरिकों के लिए सिरदर्द बन चुकी है, और अब इस पर कड़ी कार्रवाई की उम्मीद जताई जा रही है।

## सड़क हादसे में घायलों के लिए देवदूत बने सीएमओ, खुद उठाकर भिजवाया अस्पताल

**अमेठी।** जिले में उस वक्त एक मिसाल देखने को मिली जब सड़क दुर्घटना में घायल होकर सड़क किनारे पड़े लोगों की मदद के लिए भीड़ के बीच खुद मुख्य चिकित्साधिकारी रुक गए। निरीक्षण पर निकले सीएमओ अंशुमान सिंह ने मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए न केवल अपना वाहन रुकवाया, बल्कि घायलों को खुद उठाकर इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। घटना अमेठी जिले के जायस थाना क्षेत्र अंतर्गत पूरे मुर्गिया गांव के पास की बताई जा रही है। जहां एक तेज रफ्तार ओमनी वैन ने बाइक सवार तीन लोगों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। इसी दौरान फुरसतगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (उल्ठउ) का निरीक्षण करने जा रहे सीएमओ अंशुमान सिंह की नजर घायलों पर पड़ी। उन्होंने बिना देरी किए तुरंत वाहन रुकवाया और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सुरक्षित वाहन में बैठाकर नजदीकी अस्पताल भिजवाया, ताकि उन्हें समय पर इलाज मिल सके। सीएमओ की इस त्वरित और संवेदनशील पहल की मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने जमकर सराहना की। लोगों का कहना है कि यदि समय पर मदद न मिलती तो स्थिति और गंभीर हो सकती थी। सीएमओ अंशुमान सिंह की यह पहल न सिर्फ एक अधिकारी की जिम्मेदारी का उदाहरण है, बल्कि मानवता और संवेदना की भी मिसाल बन गई है।

## कोहरे के कारण ट्रकों की आपस में भिड़ंत दो चालक घायल, एक की हालत गंभीर

**अमेठी।** जनपद के मोहनगंज कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत रायबरेलीझ्रअयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार की सुबह करीब 10 बजे घने कोहरे के चलते बड़ा सड़क हादसा हो गया। चौकी शंकरगंज के अंतर्गत राजा मऊ पुल पर ट्रकों की आपस में भिड़ंत हो गई, जिससे मार्ग पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे की सूचना मिलते ही मोहनगंज पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस प्रशासन ने जेसीबी मशीन की मदद से क्षतिग्रस्त ट्रकों को सड़क से हटवाया, जिसके बाद काफी देर बाद आवागमन बहाल हो सका। इस दुर्घटना में दो ट्रक चालकों को चोटें आई हैं, जिनमें से एक चालक की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायलों को तत्काल उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा गया। मौके पर क्षेत्राधिकारी तिलोई एवं प्रभारी निरीक्षक मोहनगंज पुलिस बल के साथ मौजूद रहे और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस द्वारा दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। घने कोहरे को हादसे का मुख्य कारण माना जा रहा है, वहीं पुलिस ने वाहन चालकों से सावधानी बरतने और कम गति में वाहन चलाने की अपील की है।

## भीषण ठंड से बचाव के लिए विद्यालय प्रबंधन ने छात्र छात्राओं को किया जैकेट वितरित



**सलोन, रायबरेली।** सर्वोदय विद्यापीठ इंटर कालेज में भीषण ठंड से बचाव के लिए विद्यालय प्रबंधन की ओर से छात्र छात्राओं को जैकेट वितरित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सभापति मृत्युंजय सिंह और प्रबंधक डॉ जितेन्द्र कुमार सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर और दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। सर्वोदय विद्यापीठ के सभापति एडवोकेट मृत्युंजय सिंह ने कहा कि किसी भी बच्चे की पढ़ाई में ठंडक बाधा न बने इस लिए जैकेट वितरित किया जा रहा है। बच्चे अच्छे से मेहनत कर आगामी परीक्षाओं में बेहतर सफलता प्राप्त कर अपने माता पिता और विद्यालय का नाम रोशन करें। पढ़ाई के लिए अन्य किसी भी जरूरत को विद्यालय प्रशासन द्वारा पूरा किया जाएगा। विद्यालय के प्रबंधक डॉ जितेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि ठंड से बचाओ करते हुए रोज विद्यालय आए और खूब पढ़ाई करते हुए उच्च स्तर पर पहुंचे जिससे देश विदेश में विद्यालय का नाम रोशन करें। प्रधानाचार्य अमित कुमार भारती ने बताया कि भीषण ठंड को देखते हुए हर वर्ष की तरह शुक्रवार को विद्यालय के 316 छात्र छात्राओं को प्रबंधन की ओर से जैकेट वितरित किया गया है। इस मौके पर इंजीनियर आनंदिता सिंह और शत्रुंजय सिंह ने भी जैकेट वितरित किया। कार्यक्रम का संचालन विनोद कुमार त्रिपाठी ने किया। सभी अध्यापक और अध्यापिकाएं मौजूद रहें। राजेश सिंह, अजय सिंह, रामनिहोर सरोज समेत सभी अध्यापक मौजूद रहें।

## नववर्ष पर समाजसेवी आख्या सिंह ने जरूरतमंदों में बांटे कंबल व मिठाई

**रायबरेली।** समाजसेवा के क्षेत्र में कदम रखने वाली समाजसेवी आख्या सिंह एवं उनके सहयोगियों ने नववर्ष 2026 की शुरूआत जरूरतमंदों और असहाय लोगों की सेवा से शुरू की है। समाजसेवी आख्या सिंह एवं उनके सहयोगियों ने सर्वप्रथम कैनाल रोड स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर में दर्शन कर आशीर्वाद लिया। तत्पश्चात वहां पर बैठे गरीब लोगों को कंबल एवं मिठाई एवं कैनाल रोड पर ही सड़क किनारे लोहे का कार्य करके अपना जीवन यापन कर रहे लोहर-बढ़इया समुदाय के लोगों में कंबल एवं मिठाई का वितरण किया और सभी को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दीं एवं आशीर्वाद लिया। इसके बाद आईटीआई बालापुर स्थित अभयदाता मंदिर में जाकर दर्शन किया। इसके उपरान्त सिविल लाइन पुल के नीचे रह रहे असहाय व गरीब तबके के लोगों में कंबल एवं मिठाई एवं छोटे-छोटे बच्चों को मिठाई बांटी। नववर्ष पर सभी कंबल पाए लोगों ने खुशी से आख्या सिंह एवं उनके सहयोगियों को आशिर्वाद दिया। आख्या सिंह ने कहा कि आप लोगों का आशिर्वाद हमेशा हम सब पर ऐसे ही बना रहे जिससे मैं और मेरी टीम इसी तरह जरूरतमंदों एवं असहाय लोगों की सेवा निरंतर करती रहूं। कम्बल वितरण के दौरान आख्या सिंह के साथ अवधेश मौर्य, सौरभ, नीरज, शुभम, अदिति मिश्रा, नितेश, अशोक, शुभम रावत, सतीश, सुजीत, जनार्दन एवं शिवा भी मौजूद रहे।

संक्षेप

## गैंगस्टर में वांछित 4 अभियुक्त गिरफ्तार

**टूंडला।** थाना टूण्डला पुलिस द्वारा गैंगस्टर एक्ट से सम्बन्धित चार वांछित अभियुक्तगणो को गिरफ्तार किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के द्वारा जनपद में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा गैंगस्टर एक्ट से संबंधित चार वांछित अभियुक्त रंजीत पुत्र कालीचरन निवासी नगला महू थाना खंदौली जनपद आगरा, जयपाल पुत्र वालिस्टर निवासी सूजापुर थाना भौगाँव जनपद मैनपुरी हाल निवासी सुरजनपुर थाना वेबर, भजनलाल उर्फ पुजारी पुत्र काशीराम उर्फ घासीराम निवासी नारखी कुन्दनपुर थाना किशनी जनपद मैनपुरी शिवकुमार पुत्र ईश्वरी प्रसाद निवासी नगला विष्णु थाना लाइन पार जनपद फिरोजाबाद को गिरफ्तार किया गया है। थाना पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

## तमंचा सहित युवक गिरफ्तार

**टूंडला।** थाना पचोखरा पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक अभियुक्त को एक तमंचा मय एक जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। थाना पचोखरा प्रभारी अमित तोमर ने पुलिस टीम के साथ चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सुचना पर नारखी रोड से श्रीनगर की तरफ सड़क के किनारे बनी कोठरी के पास ग्राम श्रीनगर से एक अभियुक्त को एक तमंचा मय एक जिन्दा कारतूस के साथ अभियुक्त जीतू उर्फ जितेन्द्र नागर पुत्र कालीचरन निवासी ग्राम मौहम्मदाबाद थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद को गिरफ्तार किया गया। थाना पुलिस ने गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर आयुद्ध अधिनियम पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की है।

## आधा दर्जन चोरी की बाइकों के साथ दो शातिर गिरफ्तार

**मथुरा।** राया थाना क्षेत्र में लगातार बढ़ रही बाइक चोरी की घटनाओं पर पुलिस लंबे समय से सक्रिय थी। शुक्रवार को राया पुलिस को बड़ी सफलता मिली, जब दो शातिर बाइक चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से आधा दर्जन चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की गईं। इस आशय की जानकारी आज दोपहर सीओ महावन ने पत्रकारों को दी है। राया थाना प्रभारी निरीक्षक रविभूषण शर्मा पुलिस टीम के साथ जयपुर-बरेली हाईवे स्थित बल्देव कट के पास गश्त पर थे, तभी राया से बल्देव की ओर जा रहे अपाचे बाइक सवार दो युवक संदिग्ध लगे। पुलिस द्वारा रोके जाने पर वे बाइक के कागजात नहीं दिखा सके, जिसके बाद सख्ती से पूछताछ में बाइक चोरी का पूरा मामला सामने आया। पुलिस ने मौके से अमित पुत्र गिरवर निवासी गेंयरा और विकास पुत्र वीरपाल निवासी जोगपुरा को गिरफ्तार किया। उनकी निशानदेही पर कुल छह चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं। बरामद बाइकों में से एक राया थाने में पहले से दर्ज चोरी के मुकदमे से संबंधित थी, जिसे इन्हीं आरोपियों ने चुराया था। पुलिस लाइन सभागार में सीओ महावन संजीव गौतम ने बताया कि पकड़े गए चोर बाइक चोरी करके एक स्थान पर इकट्ठा करते थे और फिर उन्हें ग्रामीण इलाकों में बेच देते थे। पुलिस आरोपियों से अन्य चोरी की घटनाओं के संबंध में भी पूछताछ कर रही है और उनके गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है।

# यमुना महारानी का द्वितीय वार्षिक उत्सव संपन्न, उमड़ा जनसैलाब



**मथुरा।** नववर्ष के प्रथम दिन गऊघाट के पावन तट पर यमुना आरती सेवा मण्डल (रजि.) द्वारा आयोजित श्री श्यामसुन्दर यमुना महारानी का द्वितीय वार्षिक उत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। कड़ाके की ठंड के बावजूद यमुना मैया के दर्शन और आरती के लिए भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। दिव्य आरती और छप्पनभोग के हुए दर्शन कार्यक्रम का शुभारंभ महन्त श्री कन्हैयादास बाबा (राधे टीले वाले) के सानिध्य में वेदोक्त मंत्रोच्चार और यमुना जी की भव्य आरती के साथ हुआ। फूलों से सजे भव्य फूल बंगला और मैया को अर्पित छप्पनभोग के दर्शन पाकर श्रद्धालु निहाल हो उठे। राधे राधे संकीर्तन मण्डलह्न के भजनों पर भक्त देर रात तक झूमते रहे। इस अवसर पर भाजपा महानगर मीडिया प्रभारी एवं श्री वामन भगवान महोत्सव समिति के संस्थापक श्याम शर्मा, अर्जुन पंडित , नरेश शर्मा (बब्बू) और गुड्डा पंडित ने यमुना पूजन कर ब्रज की खुशहाली की कामना की। रालोद राष्ट्रीय सचिव यशपाल जी बघेल और जन उद्योग व्यापार मंडल के जगत नारायण जी व दिलीप जैन ने भी आरती में भाग लिया।कार्यक्रम में सागर चतुवेर्दी, कलुआ जैन, मनोज कोल्हापुरी, सोनू-मोनू वर्मा और भाकियू (जनशक्ति) के अमित सिंह परिहार सहित समस्त गऊघाट वासियों का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में हजारों भक्तों ने गर्म-गर्म खिचड़ी प्रसादी ग्रहण की।मण्डल के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

## नये साल पर रंगेश्वर महादेव बाबा ने दिये भक्तों को अलौकिक दर्शन

**मथुरा।** श्रीकृष्ण और बलराम के झगड़े को शांत कराने वाले रंगेश्वर महादेव नए साल के पहले दिन सबसे पहले भगवान रंगेश्वर महादेव का जल से अभिषेक किया गया। इसके बाद भांग, चंदन, सिंदूर व आभूषणों से श्रृंगार किया गया। मस्तक पर चन्दन का तिलक और दुल्हे जैसी पगड़ी पहनाई गई। सुगन्धित पुष्प से बनी फूलों की माला अर्पित की गयी। भगवान रंगेश्वर महादेव का चंद्र और पुष्प से अलौकिक श्रृंगार किया गया। जिसके दर्शनों के लिए आज शाम से ही भक्तों का सैलाब उमड़ता रहा। जो देररात्रि तक जारी रहा। भक्तों ने नववर्ष की शुभारंभ रंगेश्वर महादेव के समक्ष दीपक जलाकर नया साल खुशियों के साथ बीते यह कामना की। लोगों ने नंदी महाराज का दर्शन कर उनके कान के समीप जाकर मनोकामनाएं पूर्ण होने का आशीर्वाद मांगा।इस दौरान श्रद्धालु महादेव बाबा के जयकारे लगाते नजर आये।

# पूर्व जीएसटी कमिश्नर पर एक और एफआईआर दर्ज

● ज्वेलर्स से ठगी के मामले में जेल में है बेटा

**आगरा।** आरोपियों ने लिखित समझौते के तहत 8 लाख रुपये का सिक्योरिटी चेक दिया और शेष 11.53 लाख रुपये शीघ्र लौटाने का आश्वासन दिया। उसके बाद भी अभी तक रकम नहीं लौटाई गई। आरोप है कि रकम वापस मांगने पर पूर्व जीएसटी कमिश्नर ने जान से मारने की धमकी दी। ज्वेलर्स से ठगी के बाद अब पूर्व जीएसटी कमिश्नर कुमोद माथुर और उनके पुत्र अभिषेक के खिलाफ हरीपर्वत थाने में एक और प्राथमिकी दर्ज की गई है। व्यापार के नाम पर परिचित से 19.53 लाख उधार लेने, तगादा करने पर दिए चेक बाउंस होने और धमकाने के आरोप हैं। अपर पुलिस आयुक्त राम बदन सिंह के निर्देश पर पुलिस ने जांच तेज कर दी है। शहजादी मंडी निवासी पीड़ित रमित जसोरिया ने दी तहरीर में पुलिस को बताया वर्ष 2022 में कुमोद माथुर ने अपने पुत्र अभिषेक से उनका परिचय कराया था। विश्वास दिलाया कि अभिषेक ने सील्डक्स नाम से नया व्यापार शुरू किया है। व्यापार विस्तार के लिए रुपयों की जरूरत है। विश्वास के आधार पर उन्होंने 23 मई 2022 से 10 अगस्त 2024 के बीच बैंक के माध्यम से 19,53,100 रु. आरोपियों को दिए। उनकी पत्नी से भी अलग से धनराशि ली गई। तकादा करने पर आरोपियों ने पत्नी को चेक दिए जो बाउंस हो गए। न्यायालय में चेक बाउंस का मामला विचाराधीन है। बाद में 19 जुलाई 2025 को आरोपियों ने लिखित समझौते के तहत 8 लाख रुपये का सिक्योरिटी चेक दिया और शेष 11.53 लाख रुपये शीघ्र लौटाने का आश्वासन दिया। उसके बाद अभी तक रकम नहीं लौटाई गई। रकम वापस मांगने पर पूर्व जीएसटी कमिश्नर ने 20 नवंबर 2025 को फोन पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया आरोपियों ने दयालबाग स्थित अपना आवास बेच दिया है और वर्तमान में दिल्ली के न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में रहकर ठगी कर रहे हैं। हरीपर्वत थाना प्रभारी का कहना है कि साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। नेहरू नगर निवासी एएस ज्वेलर्स के संचालक योगेश अग्रवाल ने 17 दिसंबर को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप लगाया था पूर्व जीएसटी कमिश्नर के कहने पर उनके बेटे अभिषेक को 153.79 ग्राम की पांच सोने की चेन बेची थी। भुगतान के लिए दिया चेक बाउंस हो गया। आरोपियों ने खाते में रुपये जमा करने की फर्जी रसीद भेजी। इसके बाद तकादा करने पर धमकाया। इस मामले में आरोपी अभिषेक को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।

# वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया




**फिरोजाबाद।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत क्लब चौराहा पर वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में 01 जनवरी से 31 जनवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा महा के अन्तर्गत चलाये जा रहे विशेष अभियान में अनुपालन में यातायात पुलिस टीम द्वारा जनपद में सड़क सुरक्षा को लेकर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को क्लब चौराहा फिरोजाबाद पर वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी देकर जागरूक किया गया। साथ ही आई टी एम एस के माध्यम से आमजन को यातायात नियमों की जानकारी दी जा रही है। कार्यक्रम के दौरान चालकों को हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य प्रयोग, निर्धारित गति सीमा का पालन नशे की अवस्था में वाहन न चलाने, लेन अनुशासन, मोबाइल फोन का प्रयोग न करने तथा सुरक्षित एवं जिम्मेदार ड्राइविंग से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई।

## पिता के लिए मगरमच्छ से भिड़ने वाले बालक की पढ़ाई का खर्चा उठायेगी सरकार

**आगरा।** पिता की जान बचाने के लिए मगरमच्छ से भिड़ने वाले बालक अजय राज सिंह की पढ़ाई का खर्चा भी सरकार उठाएगी। मत्स्य मंत्री ने कहा कि उनके परिवार की पूरी मदद की जाएगी। बहादुरी के लिए राष्ट्रपति से सम्मानित अजय राज सिंह का बृहस्पतिवार को सर्किट हाउस में मत्स्य मंत्री संजय निषाद ने स्वागत किया। सम्मान में साफा बांध कर मेडल पहनाया। मत्स्य मंत्री संजय निषाद ने कहा कि वीर अजय राज की शिक्षा की जिम्मेदारी सरकार उठाएगी। परिवार की हर संभव मदद की जाएगी। अजय राज ने अपने पिता की मगरमच्छ से जान बचाई थी। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने अजय राज को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल वीरता पुरस्कार से सम्मानित किया था। अजय राज के साहस की सराहना करते हुए मत्स्य मंत्री ने कहा कि हमें समाज के इस वीर बालक पर गर्व है। अजय राज के पिता वीरभान को भी सम्मानित किया गया। संजय निषाद ने अजय की वीरता की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि चंबल के किनारे बसे अजय राज के गांव में सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य व अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराएगी।पिता की मगरमच्छ से जान बचाई थी। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने अजय राज को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल वीरता पुरस्कार से सम्मानित किया था। अजय राज के साहस की सराहना करते हुए मत्स्य मंत्री ने कहा कि हमें समाज के इस वीर बालक पर गर्व है। अजय राज के पिता वीरभान को भी सम्मानित किया गया। संजय निषाद ने अजय की वीरता की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि चंबल के किनारे बसे अजय राज के गांव में सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य व अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराएगी।

# बेटी के पेट में जिन्न बता परिवार से की लाखों की ठगी

● नाबालिग के साथ तांत्रिक ने की अश्लील हरकत, परिवार से हड़प लिए तीन लाख रुपये

**आगरा।** जिले में एक परिवार तांत्रिक के जाल में फंस गया। जाल में फंसने के बाद तांत्रिक ने नाबालिग लड़की के साथ अश्लील हरकत की। जिन्न का डर दिखाकर परिवार से तीन लाख रुपये हड़प लिए। मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। तुम्हारी बेटी छह माह की गर्भवती है, उसके पेट में जिन्न का बच्चा है, बेटी की जान को भी खतरा है... इस तरह की भ्रामक बातों से डराकर तांत्रिक ने परिवार वालों के साथ आई नाबालिग को कमरे में ले जाकर अश्लील हरकत की। डरा धमका कर दो दिन तक परिवार को मंदिर में रोके रखा, उनसे तीन लाख रुपये ऐंठ लिए। आगे ब्लैकमेल करने के लिए नाबालिग की अश्लील वीडियो बना ली। जब परिवार को बात झूठी होने का पता चला और उन्होंने रुपये वापस मांगे तो अपने साथी को दरोगा बनाकर धमकी दिलवाई। थाना जगदीशपुरा पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई कर रही है। पीड़ित फतेहपुसीकरी निवासी व्यक्ति ने बताया वह कुछ समय से शास्त्रीपुरम क्षेत्र में रह रहा है। कुछ समय से उसके पिता का संपर्क संतोषी उर्फ भैरव बाबा से हुआ था। संतोषी ने पिता को अंधविश्वास भरी बातों में फंसा लिया। परिवार पर जिन्न की बुरी नजर होने का डर दिखाया। इलाज के बहाने जगदीशपुरा के अमरपुरा स्थित भैरव मंदिर पर पूजा अर्चना के लिए बुलाया। 20 दिसंबर को पिता उनकी 17 वर्षीय बेटी, भतीजी और 20 वर्षीय बेटे को लेकर मंदिर गए। वहां संतोषी ने अपनी पत्नी और एक अन्य महिला को दाई बताकर मिलवाया। दोनों महिलाओं ने बेटी के छह माह की गर्भवती होने की जानकारी दी। बाबा ने बेटी के पेट में जिन्न का बच्चा होने की कहकर विशेष पूजा करने की बोला। इसके बाद कथित दाई के साथ बेटी को मंदिर परिसर में बने कमरे में ले गया। दोनों ने मिलकर बेटी के कपड़े उतारे। विरोध पर बच्चा गांव के युवक का होने की बोलकर डराया। संतोषी ने बेटी के साथ अश्लील हरकत की। परिवार को डराकर दो दिन तक मंदिर में बिठाए रखा। पूजा के बहाने खुद अंदर बेटी के साथ रहा। परिवार को डरा धमका कर पूजा के बहाने तीन लाख रु. ले लिए।

# एआरटीओ ने सड़क सुरक्षा माह को लेकर की टैक्सी चालकों संग बैठक




**मथुरा।** वरिष्ठ सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन राजेश राजपूत ने अवगत कराया है कि मा० मुख्यमंत्री जी द्वारा दिये गये निदेर्शों के अनुपालन में 01 जनवरी 26 से 31 जनवरी26 तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है। उक्त माह को जीरो फैटेलिटी माह के रूप में मनाये जाने के निर्देश दिये गये हैं। उक्त के क्रम में आज को सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय में बैठक आहूत की गयी, जिसमें सभी बस/ट्रक/ऑटो/ई-रिक्शा तथा टैक्सी चालकों एवं उनके यूनियन के पदाधिकारियों के साथ जीरो फैटेलिटी हेतु बैठक आहूत की गयी, जिसमें सभी बस/ट्रक ऑपरेटरों को अपने वाहनों को मार्ग से भेजने से पूर्व ब्रेक सिस्टम, क्लिच सिस्टम, फॉग लाइट, स्टेरिंग सिस्टम, बैक लाइट आदि को दुरुस्त रखने, वाहन की मानक के अनुरूप फिटनेस रखने, वाहनों को परमिट से आच्छादित करने, वाहनों में लगे इलैक्ट्रिक उपकरणों को दुरुस्त रखने की हिदायत दी गयी। सभी बस/ट्रक चालकों अवगत कराया गया है कि लम्बी दूरी हेतु एक वाहन पर कम से कम दो ड्राइवर रखे जायें। एक चालक से 01 दिन में सिर्फ 08 घण्टे ही काम लिया जाए। सभी बस बस/ट्रक/ऑटो/ई-रिक्शा तथा टैक्सी चालक अपने वाहनों में फर्स्ट ऐड बॉक्स रखना सुनिश्चित करें। सभी बसों में आपात कालीन खिड़की अवश्य लगी होनी चाहिए, साथ ही यह भी अवगत कराया गया कि आपातकालीन खिड़की ऐसी जगह पर लगी होनी चाहिए जहाँ आपातकाल में आसानी से प्रयोग में लाई जा सके। कोहरे में अपने वाहन की धीमी गति में ही चलाएँ। सुरक्षा के दृष्टिगत अपने निजी वाहन के पीछे लाल रेट्रोरिफ्लेक्टिव टेप लगवाएँ। मोटर वाहन कानून के अंतर्गत व्यवसायिक वाहनों में आगे की ओर सफेद व पीछे की ओर लाल रेट्रोरिफ्लेक्टिव टेप लगाने हेतु निर्देशित किया गया।

## आगरा पुलिस की मुठभेड़, गोली लगने से दो चांदी लुटेरे घायल, तीसरा शातिर भी गिरफ्तार

**आगरा।** चांदी व्यापारी से लूट करने वाले तीन बदमाशों को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान दबोच लिया। पुलिस की गोली लगने से दो बदमाश घायल हुए हैं। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना एत्माद्दौला क्षेत्र में 25 दिसंबर को व्यापारी से मारपीट कर स्कूटी व चांदी के स्क्रैप की लूट के मामले का थाना एत्माद्दौला पुलिस ने खुलासा किया है। सर्विलांस टीम और एसओजी नगर जोन की संयुक्त कार्रवाई में महताब बाग के पास लुटेरों से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान तीन आरोपी बबलू उर्फ बिल्ला यादव, नितिन चौहान और रंजीत प्रजापति गिरफ्तार किए गए। पुलिस फायरिंग में बबलू उर्फ बिल्ला यादव और नितिन चौहान के पैर में गोली लगी, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। आरोपियों के कब्जे से 02 अवैध तमंचे .315 बोर, 02 जिंदा व 02 खोखा कारतूस, घटना में प्रयुक्त अपाचे मोटरसाइकिल और लूटा गया करीब 35 किलो चांदी का स्क्रैप बरामद किया। थाना छत्ता क्षेत्र निवासी मोहसिन चांदी कारोबारियों से स्क्रैप खरीदने का काम करता है। 25 दिसंबर की शाम करीब आठ बजे वह अपने कारीगर फरहान के साथ स्कूटी से दो बोरियों में स्क्रैप लेकर शाहदरा स्थित कारखाने से घर लौट रहा था। नुनिहाई रोड पर पीछे से बुलेट और अपाचे बाइक पर सवार पांच बदमाशों ने स्कूटी रोक लिया। विरोध करने पर बदमाशों ने लात-घूंसों और तमंचे की बट से मारपीट की। जान से मारने की धमकी देकर बदमाश चार से पांच लाख रुपये का स्क्रैप और स्कूटी लेकर फरार हो गए थे। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी।

# डीएम ने की विभिन्न विभागों की समीक्षा



**फिरोजाबाद।** डीएम रमेश रंजन की अध्यक्षता में शासन द्वारा संचालित विभिन्न विभागों की मासिक समीक्षा बैठक डीएम के कक्ष में संपन्न हुई, बैठक में मुख्य रूप से श्रम विभाग, माध्यमिक शिक्षा उद्योग विभाग एवं खादी ग्रामोद्योग विभाग की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई, डीएम ने सर्वप्रथम श्रम विभाग की समीक्षा के दौरान अटल आवासीय विद्यालय योजना पर विशेष बल दिया, उन्होंने सहायक श्रमायुक्त को निर्देशित किया की योजना के दायरे को बढ़ाते हुए, इसमें मनरेगा श्रमिकों के बच्चों को भी अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए, ताकि उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो सके,इसके साथ जिलाधिकारी ने जनपद के सभी गीग वर्कर्स डिलीवरी बॉय, फ्रीलांसर आदि का पंजीकरण कराने के निर्देश दिए, जिससे उन्हें शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ मिल सके। इसी तरह माध्यमिक शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने प्रोजेक्ट अलंकार के तहत राजकीय विद्यालयों के जीर्णोद्धार कार्यों का जायजा लिया, समीक्षा में यह पाया गया की कार्यदाई संस्था उप्र आवास विकास परिषद द्वारा कार्य अत्यंत मंद गति से किया जा रहा है,डीएम ने इस लापरवाही पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्यदायी संस्था के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई करने एवं संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज करने के निर्देश जिला विद्यालय निरीक्षक को दिए। इसके बाद उद्योग व खादी ग्रामोद्योग की समीक्षा करते हुए डीएम ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना और विश्वकर्मा सम्मान योजना की प्रगति गहनता से जांची, डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री युवा योजना के तहत शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए, उन्होंने मुख्यमंत्री युवा योजना में लापरवाही करने वाले बैंको के बैंकर्स पर गहरी नाराजगी जाहिर की, उन्होंने बेंको और विभागीय अधिकारियों का समन्वय स्थापित कर युवाओं के ऋण आवेदनों को त्वरित निस्तारण करने को कहा, ताकि जनपद में स्वरोजगार को बढ़ावा मिल सके। इसी तरह ग्रामोद्योग विकास की समीक्षा करते हुए जिला ग्रामोद्योग अधिकारी को निर्देशित किया कि अपने यहां स्वरोजगार को बढ़ावा देने वाली योजनाओं से ज्यादा से ज्यादा युवाओं को लाभ दिलाए, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी, बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को सचेत किया शासन की योजनाओं की क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## वृंदावन में पैसा लेकर सवारी ढोने वाले बाइकर्स पर होगी कानूनी कार्रवाई

**मथुरा।** वृंदावन में पैसा लेकर सवारी ढोने वाले बाइकर्स जहां यातायात नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। वहीं यातायात व्यवस्था को भी प्रभावित करने के साथ श्रद्धालुओं से मनमाने पैसे वसूल कर रहे हैं। नगर के आसपास के गांव से आकर श्री बांके बिहारी मंदिर मार्ग पर बाइकरों की लंबी कतार के कारण राहगीरों का पैदल चलना मुश्किल हो रहा है। सीओ सदर संदीप सिंह ने बताया कि पैसा लेकर सवारी ढोने वाले बाइकरों के विरुद्ध पुलिस कार्रवाई की जा रही है। चालान के साथ-साथ बाइक सीज भी जा रही हैं। यातायात व्यवस्था में लगे पुलिसकर्मियों को निर्देश दिये गए हैं।

गौरतलब हो कि श्री बांके बिहारी मंदिर, इस्कॉन मंदिर, प्रेम मंदिर समेत नगर के प्रमुख मंदिरों को जाने वाले मार्गों और तिराहे-चैराहों पर श्रद्धालुओं को बाइक पर बैठाने के लिए उन्हें खींचते और घेरते बाइकर परेशानी का बड़ा कारण बन गए हैं। बिना हेलमेट बाइक व स्कूटी पर दो-तीन श्रद्धालुओं को तेज गति से वाहन चला रहे हैं, जो श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए खतरे बन रहा है। इतना ही नहीं, वह भीड़ की स्थिति को देखते हुए श्रद्धालुओं से मनमाना किराया वसूल रहे हैं। ये बाइकर सौ शैय्या अस्पताल से हरिनिकुंज चौराहा तक प्रति श्रद्धालु दो सौ रुपये, हरिनिकुंज चैराहा से इस्कॉन मंदिर तक सौ से डेढ़ सौ रुपये, रुक्मिणी विहार मल्टीलेबल पार्किंग से बांकेबिहारी मंदिर तक के लिए दो सौ रुपये प्रति यात्री ले रहे हैं। वाहनों के आवागमन पर पुलिस द्वारा लगाए गए प्रतिबंध का फायदा उठाते हुए श्रद्धालुओं को मंदिर तक पहुंचाने की बात कर बाइकों पर सवार किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार इन बाइकर्स की संख्या करीब 200 के आसपास है।

## अवैध वसूली को लेकर ऑटो चालकों ने धरना प्रदर्शन कर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा



**टूंडला।** टूण्डला चौराहे पर ऑटो चालकों ने असामाजिक तत्वों द्वारा दबंगई व गुण्डागर्दी के बल पर जबरन अवैध रूप से वसुली किये जाने के सम्बन्ध में तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन कर उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ऑटो चालकों ने ज्ञापन में बताया कि हम लोग टूंडला पचोखरा एटा रोड पर ऑटो चलाकर अपने परिवार का पालन पोषण कर रहे हैं। हरपाल पुत्र नामालूम निवासी ग्राम धर्मपूर, तहसील टूण्डला एवं राकेश पुत्र नामालूम निवासी ग्राम गढी जादी, तहसील-टूण्डला द्वारा हम ऑटो चालाको से दबंगई व गुण्डागर्दी के बल पर जबरन अवैध रूप से वसूली की जा रही है। नगर पालिका द्वारा ठेका अंतर्गत 10 की रसीद कटती है, और ये लोग हमसे 30 से 50 रुपये ले रहे हैं, और विरोध करने पर उक्त हरपाल एवं राकेश हमारे साथ अभद्र व्यवहार करते हुए मारपीट करने पर आमादा हो जाते हैं और हमको ऑटो नहीं चलाने दे रहे हैं जिस कारण हमको अपने परिवार की रोजीरोटी चलाना बहुत मुश्किल हो गया है। टेंपो चालकों के समर्थन में भारतीय किसान यूनियन के मीडिया प्रभारी शीलू सिकरवार भी पहुंच गए। इस दौरान दर्जनों ऑटो चालक मौजूद रहे।

## आईपीएल में बांग्लादेशी खिलाड़ी खेला तो होगा शाहरूख व केकेआर का बहिष्कार

**मथुरा।** आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स द्वारा बांग्लादेशी क्रिकेटर को खरीदे जाने के बाद सियासी और सामाजिक हलकों में विवाद गहराता जा रहा है। प्रसिद्ध कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर ने इस फैसले को लेकर केकेआर के मालिक व अभिनेता शाहरुख खान पर तीखा हमला बोलते साफ शब्दों में कहा है कि यदि संबंधित बांग्लादेशी खिलाड़ी को टीम से बाहर नहीं किया गया तो केकेआर के बहिष्कार का आह्वान किया जाएगा। अपने बयान को लेकर मचे घमासान के बीच देवकीनंदन अपने रुख पर अडिग नजर आ रहे हैं। देवकीनंदन ठाकुर ने कहा कि उनका विरोध किसी व्यक्ति विशेष से नहीं, बल्कि बांग्लादेशी खिलाड़ी को लेकर है। उन्होंने इस मुद्दे पर बीसीसीआई पर सवाल उठाते हुए कहा कि किसी भी बांग्लादेशी खिलाड़ी को आईपीएल में शामिल ही नहीं किया जाना चाहिए था। कथावाचक ने यह भी पूछा कि जब अन्य फ्रेंचाइजियों ने उस खिलाड़ी में रुचि नहीं दिखाई, तो केकेआर ने उसे क्यों खरीदा। देवकीनंदन ठाकुर ने भावनात्मक तर्क देते हुए कहा कि पड़ोसी देश में कथित रूप से हिन्दुओं पर हो रही हिंसा के बीच इस तरह का फैसला संवेदनहीनता को दशार्ता है। उन्होंने केकेआर प्रबंधन की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि क्या उन्हें इन घटनाओं से कोई सरोकार नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि बांग्लादेशी नागरिकों को भारत से बाहर किए जाने की मांग पहले से ही उठ रही है और ऐसे में आईपीएल में खिलाड़ी को मौका देना गलत संदेश देता है। अपने बयान के अंत में देवकीनंदन ठाकुर ने कहा कि अभी भी केकेआर के पास फैसला बदलने का मौका है। या तो उस खिलाड़ी को टीम से बाहर किया जाए, या फिर केकेआर को व्यापक विरोध और बहिष्कार का सामना करना पड़ेगा। गौरतलब है कि आईपीएल नीलामी में कोलकाता नाइट राइडर्स ने बांग्लादेशी तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को 9.20 करोड़ रुपये में खरीदा है, जिसके बाद से यह विवाद सुर्खियों में बना हुआ है।

# अमेरिका से 12 साल बाद लौटे समाजसेवी प्रदीप गौतम

● विभिन्न प्रकल्पों के माध्यम से करेंगे ब्रजवासियों की सेवा



गोवर्धन। अमेरिका में 12 वर्षों से विभिन्न प्रांतो मैं रहने के बाद देश की मिट्टी की याद करके समाजसेवी उधोगपति प्रदीप गौतम स्वदेश ब्रजभूमि वापस लौट आये है। वापस लौटने पर समाजसेवी प्रदीप गौतम बताते हैं की अपने देश की मिटटी का बुलावा आखिर उन्हें और उनके परिवार को वापस खींच लाया है। अमेरिका में प्रबंध निदेशक के पद पर कार्यरत था। जहाँ पर मेरे रिटायरमेंट के 22 वर्ष और बचे थे। और वापिसी के बाद यहाँ लौटकर एक उच्च पद पर किसी मेट्रो मैं सेटल होना पहला विकल्प हो सकता था। लेकिन मेरी अंतरात्मा ने मुझे श्री गिरिराज धाम में वास करने की प्रेरणा दी। मैं खुद को एक कर्मयोगी मानता हूँ। मेरा सपना यहाँ अपने लोगो के लिए कुछ नया विकसित करने का है। इसी कड़ी मैं मैंने पहला उद्यम एक एटीवी एवं डर्ट बाइक ऑफ रोडिंग ट्रैक रोअरिंग सेंड्स नाम से स्थापित किया है। जो की राधाकुंड बरसाना मार्ग पर स्थापित है। एवं एक अत्याधुनिक इंटरनेशनल स्टैण्डर्ड सुविधाओं से युक्त होटल प्रेयरी लैंड गोवर्धन दानघाटी मंदिर के पास निमार्णाधीन है। समाजसेवी प्रदीप गौतम बताते हैं, कि शिक्षा एक ऐसा क्षेत्र हैं जहाँ अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। उसी खाली स्थान को ध्यान मैं रखते हुए वे ब्रज क्षेत्र एक इंटरनेशनल एजुकेशन हब विकसित करना चाहते है। जिसका पहला आयाम निधिवन पब्लिक स्कूल है। जो की अगले सत्र से गोवर्धन मैं छाता रोड पर बृजवासीयों की सेवा में शुरू होगा। ये स्कूल सभी अंतर्राष्ट्रीय सुविधाओं से युक्त होगा। और मेरे लम्बे विदेशी अनुभव का एक प्रैक्टिकल इम्प्लीमेंटेशन होगा। उधोगपति प्रदीप गौतम आगे बताते है की भारत सरकार की उद्योगों के विकास के प्रति प्रतिबद्धता का एक छोटा सा उदहारण इन्वेस्टर फ्रेंडलीनेस इंडेक्स है जो की वित्त मंत्रालय निति आयोग के सहयोग से विकसित कर रहा है। ये इंडेक्स राज्यों मैं उद्योगों के लिए माहौल की रेटिंग निर्धारित करेगा। इसी कड़ी में देश के हम लगभग 2000 निवेशकों से राय भी मांगी गयी है।

## हिंदू समाज हुआ एकजुट, करायेगा सम्मेलन

**मथुरा।** 15 जनवरी से 15 फरवरी के बीच हिन्दू सम्मेलन कराने को हिंदू समाज ने कमर कस ली है। हिन्दू सम्मेलन कराने के लिए शहर की बिरला मंदिर के पास राधापुरम बस्ती, पुष्पांजली, महोली और नरसी विहार कॉलोनी में बस्तियों की अलग अलग बैठक हुई एवं हिन्दू सम्मेलन कराने हेतु आयोजन समितियों की घोषणा हुई। आयोजन समितियों ने अपनी अपनी कॉलोनियों में हिन्दू सम्मेलन कराने की जिम्मेदारी ली एवं योजना बनाने में जुट गए। पुष्पांजलि बैठक में बोलते हुए समाजसेवी धर्मेंद्र ने कहा हिन्दू समाज में बहुत सी अच्छाई है, फिर भी कई भेदभावों की वजह से समाज एकजुट नहीं है, अगर यह अच्छा समाज एकमत हो जाए तो कितने ही अच्छे कार्य चुटकी बजाते ही हो जाएंगे अतः हिन्दू के नाम पर समाज को एकत्रीकरण का प्रयास हर हिन्दू को करना चाहिए। बैठकों में समिति के संरक्षक, अध्यक्ष, सचिव, सह सचिव, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों से सम्मेलन में होने वाले खर्चे के लिये सहयोग की अपील की गई।

## जिलाधिकारी ने नीम करोली बाबा के जन्म स्थान संपर्क मार्ग का किया निरीक्षण

**फिरोजाबाद।** डीएम ने सीडीओशत्रोहन वैश्य के साथ नीम करोली बाबा के जन्म स्थान को जोड़ने वाले संपर्क मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया, निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए यातायात व्यवस्था को सुगम बनाना और क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना रहा, डीएम ने निरीक्षण के दौरान मार्ग के चौड़ीकरण की वर्तमान स्थिति का जायजा लेते हुए इसे 5.5 मीटर तक चौड़ा करने के निर्देश दिए, वर्तमान में संकरा मार्ग होने के कारण बाबा के दर्शन हेतु आने वाले भक्तों को जाम और असुविधा का सामना करना पड़ता था, जिस पर जिलाधिकारी ने मौके पर उपस्थित संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मार्ग चौड़ीकरण का विस्तृत प्रस्ताव डीपीआर तत्काल तैयार कर धर्मार्थ कार्य विभाग और लोनिवि को भेजना सुनिश्चित किया जाये, डीएम ने कहानीम करोली बाबा का जन्म स्थान न केवल आस्था का केंद्र है, बल्कि पर्यटन की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है, इस मार्ग के बनने से स्थानीय अर्थव्यवस्था और धार्मिक पर्यटन को नई गति मिलेगी। इस दौरान एसडीएम टुंडला, बीडीओ सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

## संक्षेप

### 4500 करोड़ के बकाया बिजली बिल का भार उठायेगी सरकार

अमरावती। आंध्र प्रदेश सरकार ने लगभग 4,500 करोड़ रुपये की पिछली देनदारियों का बोझ वहन करने का फैसला किया है। इस फैसले से घरों, किसानों और कंपनियों के लिए बिजली की दरों में भारी वृद्धि रोकने में मदद मिली है। यह कदम आंध्र प्रदेश विद्युत नियामक आयोग (एपीईआरसी) द्वारा वित्त वर्ष 2019-20 से वित्त वर्ष 2023-24 के लिए खुदरा आपूर्ति व्यवसाय के समायोजन को पूरा करने के बाद उठाया गया है। यह वह अवधि है जिसमें पिछली जगन मोहन रेड्डी सरकार के तहत व्यय और निर्णयों को टाला गया था। सूत्रों ने बताया कि नायडू सरकार द्वारा उठाए गए कदमों से बकाया राशि का निपटारा हो गया है और साथ ही उपभोक्ताओं को बिजली के शुल्क में किसी भी तरह की वृद्धि से राहत दी गयी है। उन्होंने बताया कि 4,497.89 करोड़ रुपये के समायोजन को मंजूरी दे दी गई है। मौजूदा सरकार द्वारा वहन की गई कोई भी बकाया राशि उपभोक्ताओं पर नहीं डाली जाएगी।

### किआ इंडिया ने पेश की ऑल-न्यू सेल्टोस

नई दिल्ली। किआ इंडिया ने आज ऑल-न्यू किआ सेल्टोस की कीमतों की आधिकारिक घोषणा कर दी। रुपये 10.99* लाख (एक्स-शोरूम) की प्रारंभिक कीमत के साथ कंपनी ने मिड-एसयूवी सेगमेंट में अपनी मौजूदगी को और मजबूत किया है तथा ग्राहकों के लिए अपनी पसंदीदा एसयूवी का स्वामित्व पाने का आकर्षक अवसर उपलब्ध कराया है। दूसरी पीढ़ी की इस बड़ी, अधिक सशक्त और उन्नत एसयूवी को व्यापक ग्राहक वर्ग तक पहुंचाकर किआ ने इस सेगमेंट के स्थापित मानकों को एक नई दिशा दी है। ऑल-न्यू किआ सेल्टोस आधुनिक भारतीय परिवारों और एसयूवी खरीदारों के लिए एक समग्र विकल्प के रूप में सामने आई है। यह वाहन स्पेस, आराम, सुरक्षा और एडवांस्ड तकनीक का संतुलित संयोजन प्रस्तुत करता है, वह भी अत्यंत प्रतिस्पर्धी कीमत पर।

### बांग्लादेश, भूटान, नेपाल की इकाइयां सीधे कोल इंडिया से खरीद सकती हैं कोयला

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) की ऑनलाइन कोयला नीलामी में पड़ोसी देश बांग्लादेश, भूटान और नेपाल के खरीदार अब भारतीय बिचौलियों को दरकिनार करते हुए सीधे शामिल हो सकते हैं। कंपनी के अनुसार, इस कदम से अतिरिक्त कोयला संसाधनों के बेहतर उपयोग में मदद मिलेगी और पारदर्शिता को बढ़ावा मिलेगा। अब तक सीमा पार के उपभोक्ताओं को कोल इंडिया से कोयला केवल घरेलू कोयला कारोबारियों के माध्यम से ही मिल पाता था, जिन्हें बिना किसी अंतिम उपयोग की शर्त के कोयला खरीदने और बेचने की अनुमति थी। सीआईएल ने बयान में कहा कि एक जनवरी 2026 से पहली बार बांग्लादेश, भूटान और नेपाल के कोयला उपभोक्ता भारत से कोयला खरीदने के लिए कोल इंडिया की सिंगल विंडो मोड एग्नॉस्टिक (एसडब्ल्यूएमए) ऑनलाइन नीलामी में सीधे भाग ले सकेंगे।

### भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौता जल्द लागू होने की उम्मीद

कोलकाता। भारत-ब्रिटेन व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता 2026 की पहली छमाही तक लागू होने की उम्मीद है। ब्रिटेन के उप उच्चायुक्त एंड्रयू फ्लेमिंग ने यह जानकारी देते हुए कहा कि इससे दोनों देशों के बीच साझेदारी के एक नए दौर की शुरुआत होगी। उन्होंने बातचीत में इस समझौते को दोनों सरकारों के बीच अब तक हुआ सबसे व्यापक और महत्वाकांक्षी करार बताया। फ्लेमिंग ने कहा कि लगभग 20 हजार पन्नों वाला यह समझौता सभी आकार के व्यवसायों को अवसर देने के लिए तैयार किया गया है। इससे विशेष रूप से पश्चिम बंगाल तथा पूर्वी और उत्तर-पूर्वी भारत के निर्यातकों को लाभ होगा। यह मुक्त व्यापार समझौता सबसे व्यापक और महत्वाकांक्षी समझौता है, जिस पर मेरी सरकार ने बातचीत की है। मुझे लगता है कि यही बात भारतीय सरकार पर भी लागू होती है। उन्होंने क्षेत्रीय व्यवसायों से अपील की कि वे आने वाले लाभों का दोहन करने के लिए अभी से तैयारियां शुरू करें। भारत ने 24 जुलाई को ब्रिटेन के साथ व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौते (सीईटीए) पर हस्ताक्षर किए थे। यह अब तक का देश का सबसे महत्वाकांक्षी व्यापार समझौता है, जिसमें शुल्क से लेकर प्रौद्योगिकी तक 26 क्षेत्रों को शामिल किया गया है।

# सेंसेक्स ने लगायी 573 अंकों की छलांग



मुंबई। बिजली, बैंक एवं धातु शेयरों में मजबूत खरीदारी से शुक्रवार को प्रमुख इक्विटी सूचकांक निफ्टी अपने रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने के बाद 182 अंक चढ़कर बंद हुआ, जबकि बीएसई सेंसेक्स में 573 अंकों की तेजी दर्ज की गई। कारोबारियों के मुताबिक, घरेलू संस्थागत निवेशकों की तरफ से पूंजी निवेश का सिलसिला जारी रहने और एशियाई बाजारों में मजबूती से घरेलू शेयर बाजारों को तगड़ा समर्थन मिला। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 573.41 अंक यानी 0.67 प्रतिशत की बढ़त के साथ 85,762.01 अंक पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान एक समय यह 623.67 अंक चढ़कर 85,812.27 तक पहुंच गया था। इसी तरह, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 182 अंक यानी 0.70 प्रतिशत बढ़कर 26,328.55 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय निफ्टी 193.45 अंकों की बढ़त के साथ 26,340 का अपना सर्वकालिक उच्च स्तर भी हासिल किया। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से एनटीपीसी, ट्रेंट, बजाज फाइनेंस, पावर ग्रिड, मारुति, भारतीय स्टेट बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयर प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में आईटीसी, कोटक महिंद्रा बैंक, टाइटन, एक्सिस बैंक और भारती एयरटेल शामिल हैं। आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बृहस्पतिवार को 3,268.60 करोड़ रुपये के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 1,525.89 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। यूरोपीय बाजारों में भी कारोबार के दौरान मजबूती का रुख देखा गया। अमेरिकी बाजार बृहस्पतिवार को नववर्ष के अवकाश पर बंद रहे थे। इस बीच, वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.36 प्रतिशत गिरकर 60.63 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। व्यापक बाजार में मझोली कंपनियों का बीएसई मिडकैप सूचकांक 0.97 प्रतिशत चढ़ गया जबकि छोटी कंपनियों के स्मालकैप सूचकांक में 0.79 प्रतिशत की बढ़त रही। क्षेत्रवार सूचकांकों में उपयोगिता खंड में 2.71 प्रतिशत, बिजली खंड में 2.26 प्रतिशत, ऊर्जा खंड में 1.58 प्रतिशत और पीएसयू बैंक खंड में 1.53 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। सिर्फ एफएमसीजी खंड ही नुकसान में रहा। सेंसेक्स बृहस्पतिवार को 32 अंक गिरकर 85,188.60 अंक और निफ्टी 16.95 अंक की मामूली बढ़त के साथ 26,146.55 अंक पर बंद हुआ था।

# अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 22 पैसे टूटकर 90.20 पर बंद



मुंबई। रुपया शुक्रवार को फिर 90 के स्तर से नीचे फिसल गया और 22 पैसे टूटकर 90.20 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। निराशाजनक वृहत आर्थिक आंकड़ों और विदेशी बाजारों में अमेरिकी मुद्रा के मजबूत होने से रुपया दबाव में रहा।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी तथा आयातकों की मजबूत डॉलर मांग ने निवेशकों की धारणा को और कमजोर किया। उन्होंने कहा कि हालांकि कच्चे तेल की कमजोर कीमतों और घरेलू शेयर बाजारों में उछाल ने गिरावट को कुछ हद तक अंकुश लगाया। साथ ही भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा किसी भी हस्तक्षेप से रुपये को निचले स्तर पर समर्थन मिल सकता है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, डॉलर के मुकाबले 89.95 पर खुला। कारोबार के दौरान 90.25 प्रति डॉलर के निचले और 89.92 प्रति डॉलर के उच्च स्तर पर पहुंचा। अंत में डॉलर के मुकाबले 90.20 (अस्थायी) पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 22 पैसे की गिरावट है। रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 89.98 पर बंद हुआ था। निराशाजनक वृहत आर्थिक आंकड़ों और अमेरिकी डॉलर में मजबूती से भारतीय रुपया शुक्रवार को एक बार फिर 90 के अंक के पार चला गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की निकासी का भी रुपये पर दबाव रहा। हालांकि, कच्चे तेल की कमजोर कीमतों और घरेलू शेयर बाजारों में उछाल ने गिरावट को कुछ हद तक कम कर दिया। आरबीआई के सरकारी बैंकों के माध्यम से डॉलर बेचने की खबरें हैं जिससे गिरावट की गति को रोकने में मदद मिली। इस बीच, देश की विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियां दिसंबर में दो साल के निचले स्तर पर आ गईं। नए ऑर्डर में धीमी वृद्धि इसकी मुख्य वजह रही। शुक्रवार को जारी मासिक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) नवंबर के 56.6 से दिसंबर में 55 पर आ गया।

# सरकार ने 7,295 करोड़ रुपये के निर्यात पैकेज की घोषणा की

नयी दिल्ली। सरकार ने शुक्रवार को निर्यातकों की ऋण तक पहुंच को बेहतर बनाने के लिए 7,295 करोड़ रुपये के निर्यात सहायता पैकेज की घोषणा की। इसमें 5,181 करोड़ रुपये की ब्याज सहायता योजना और निर्यात ऋण के लिए 2,114 करोड़ रुपये का गारंटी समर्थन शामिल है।

दोनों उपाय छह वर्षों (2025-31) में लागू किए जाएंगे। वाणिज्य मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव अजय भादू ने कहा कि ये हस्तक्षेप निर्यातकों की व्यापार वित्त से जुड़ी समस्याओं का समाधान करेंगे। ब्याज सहायता योजना के तहत निर्यातकों को निर्यात से पहले और निर्यात के बाद ऋण पर सब्सिडी मिलेगी। यह नवंबर 2025 में स्वीकृत 25,060 करोड़ रुपये के निर्यात संवर्धन मिशन (ईपीएम) का दूसरा घटक है। पहला घटक 31 दिसंबर, 2025 को लागू किया गया था, जिसमें 4,531 करोड़ रुपये के परिव्यय वाला बाजार पहुंच समर्थन दिया गया था। प्रतिकूल वैश्विक व्यापार परिस्थितियों के बीच सहायता योजना से चिन्हित क्षेत्रों के निर्यातकों को प्रतिस्पर्धी दरों पर ऋण पाने में मदद मिलेगी। योजना के तहत सरकार पात्र एमएसएमई निर्यातकों को 2.75 प्रतिशत तक की सब्सिडी लाभ देगी। प्रति कंपनी वार्षिक लाभ की सीमा 50 लाख रुपये तय की गई है।

# सोना बढ़कर 1.39 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर



नयी दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूत रुख के बीच शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 1100 रुपये बढ़कर 1,39,440 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। चांदी की कीमत भी 4,000 रुपये बढ़कर 2,41,400 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) हो गई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में, हाजिर सोना 67.47 डॉलर या 1.56 प्रतिशत बढ़कर 4,392.94 डॉलर प्रति औंस हो गया। हाजिर सोना एक प्रतिशत से ज्यादा की बढ़त के साथ 4,390 डॉलर पर रहा। चूंकि इस तेजी के पीछे कोई साफ वजह नहीं है, इसलिए इसका कारण अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर कटौती की उम्मीदें और इस धातु के लिए सकारात्मक बाजार परिदृश्य हो सकता है। अगले सप्ताह जारी होने वाली आईएसएम विनिर्माण, आईएसएम गैर-विनिर्माण और गैर-फार्म पेरोल रिपोर्ट सहित जरूरी अमेरिकी रिपोर्ट जारी होने से पहले, सोने के 4,250-4,335 डॉलर प्रति औंस के बीच कारोबार करने की उम्मीद है। विदेशी कारोबार में हाजिर चांदी भी 3.06 डॉलर यानी 4.28 प्रतिशत बढ़कर 74.52 डॉलर प्रति औंस हो गया। वैश्विक बाजार में चांदी की कीमतों ने शुक्रवार को वर्ष 2026 की सकारात्मक शुरुआत की। वर्ष 2025 में चार दशकों से ज्यादा समय में सबसे मजबूत सालाना बढ़ोतरी के बाद यह तेजी आई।

# तमिलनाडु को 2.07 लाख करोड़ के निवेश की प्रतिबद्धताएं मिलीं

चेन्नई। उद्योग मंत्री टीआरबी राजा ने कहा कि तमिलनाडु ने 2025 में कई कंपनियों के साथ कुल 270 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं। इनमें 2.07 लाख करोड़ रुपये की निवेश प्रतिबद्धताएं शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापनों (एमओयू) से राज्य में रोजगार के चार लाख से अधिक अवसर सृजित होने की उम्मीद है। राजा ने 2025 में हासिल की गई महत्वपूर्ण उपलब्धियों के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि द्रविड़ मॉडल के लिए 2025 एक और शानदार वर्ष रहा। 2025 में 270 से अधिक समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए जिनमें कुल 2.07 लाख करोड़ रुपये के निवेश की प्रतिबद्धता शामिल है। इनसे रोजगार के चार लाख से अधिक नए अवसर सृजित होंगे। मंत्री ने साथ ही कहा कि 2025 में राज्य को बीआरएपी (व्यापार सुधार कार्य योजना) के तहत शीर्ष उपलब्धि हासिल करने वाले राज्य के रूप में सम्मानित किया गया और द इकोनॉमिस्ट द्वारा व्यापार करने में आसानी के मामले में इसे पहला स्थान दिया गया। उन्होंने कहा कि राज्य ने औद्योगिक ऊर्जा दक्षता में भी शीर्ष स्थान हासिल किया है जिसमें एसईईआई (राज्य ऊर्जा दक्षता सूचकांक) 2024 का स्कोर 55.3 प्रतिशत रहा है।

# विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियां दो साल के निचले स्तर पर



नयी दिल्ली। देश की विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियां दिसंबर में दो साल के निचले स्तर पर आ गईं। नए ऑर्डर में धीमी वृद्धि इसकी मुख्य वजह रही। शुक्रवार को जारी मासिक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई।

मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) नवंबर के 56.6 से दिसंबर में 55 पर आ गया। खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर का अंक विस्तार जबकि 50 से नीचे का अंक संकुचन दर्शाता है। वृद्धि की गति धीमी होने के बावजूद भारत के विनिर्माण उद्योग ने 2025 का समापन अच्छी स्थिति में किया। नए व्यवसायों में आई तीव्र वृद्धि से कंपनियों को वित्त वर्ष 2025-26 की अंतिम तिमाही में व्यस्त रहने की उम्मीद है और प्रमुख मुद्रास्फीति दबावों की कमी मांग को समर्थन देना जारी रख सकती है। एचएसबीसी इंडिया मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई सर्वेक्षण द्वारा ट्रैक किए गए कई मापदंडों में 2025 कैलेंडर वर्ष के अंत में वृद्धि की गति धीमी हो गई। दो वर्ष में नए ऑर्डर में सबसे कमजोर उछाल के बीच उत्पादन वृद्धि 38 महीनों के निचले स्तर पर पहुंच गई। कुल बिक्री में आई मंदी का एक कारण अंतरराष्ट्रीय ऑर्डर में धीमी वृद्धि भी रही। नए निर्यात ऑर्डर में पिछले 14 महीनों में सबसे कम वृद्धि दर्ज की गई। दूसरी ओर एशिया, यूरोप और पश्चिम एशिया के ग्राहकों से बेहतर मांग देखने को मिली। सर्वेक्षण में कहा गया, वर्तमान अवधि में रोजगार सृजन की गति सबसे कम रही... साथ ही, मूल्य मुद्रास्फीति की दर नौ महीनों के निचले स्तर पर आ गई है। भारतीय वस्तु उत्पादकों को 2026 में वर्तमान स्तर की तुलना में उत्पादन में वृद्धि की उम्मीद है।

# तंबाकू उत्पादों पर शुल्क में बढ़ोतरी से किसानों को नुकसान होगा, तस्करी को बढ़ावा मिलेगा

नयी दिल्ली। सरकार के तंबाकू उत्पादों पर अतिरिक्त उत्पाद शुल्क लगाने से किसानों की आय को नुकसान होगा तथा अवैध व्यापार से पहले से ही जूझ रहे बाजार में तस्करी और बढ़ जाएगी।

वित्त मंत्रालय ने चबाने वाले तंबाकू, जर्दा सुगंधित तंबाकू एवं गुटखा पैकिंग मशीन (क्षमता निर्धारण व शुल्क संग्रह) नियम, 2026 के तहत लंबाई के आधार पर प्रति 1,000 सिगरेट स्टिक पर 2,050-8,500 रुपये का उत्पाद शुल्क एक फरवरी से लगाने की घोषणा की है। आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक और गुजरात के उत्पादकों का प्रतिनिधित्व करने वाले किसानों के संगठन एफएआईएफए ने कहा कि शुल्क में वृद्धि राजस्व-तटस्थ कर सुधार के संबंध में सरकार के आश्वासनों के विपरीत है। हमें यह देखकर गहरा सदमा लगा है कि वादा पूरा नहीं किया गया बल्कि किसानों की आजीविका की कीमत पर करों में भारी वृद्धि से जुड़ी अधिसूचना जारी की गई है। किसानों के संगठन ने आगाह किया कि खुदरा कीमतों में वृद्धि से सिगरेट की कानूनी खपत कम हो जाएगी जिससे घरेलू स्तर पर उगाए गए तंबाकू की मांग प्रभावित होगी तथा संभावित रूप से फसल बाजार में अधिकता उत्पन्न हो जाएगी। भारत की कर प्रणाली सिगरेट में इस्तेमाल होने वाले फ्लू-क्योर वर्जीनिया (एफसीवी) तंबाकू के साथ भेदभाव करती है जहां प्रति किलोग्राम कर बीड़ी (कम आय वाले उपभोक्ताओं के बीच लोकप्रिय हाथ से बनी सिगरेट) की तुलना में 50 गुना से अधिक तथा चबाने वाले तंबाकू की तुलना में 30 गुना से अधिक है। तैयार उत्पादों में एफसीवी तंबाकू पर प्रति खुराक छह रुपये से अधिक का कर लगता है जबकि बीड़ी तथा चबाने वाले उत्पादों पर प्रति इकाई एक पैसे से भी कम कर लगता है। उद्धृत उद्योग अनुमानों के अनुसार भारत, दुनिया का चौथा सबसे बड़ा अवैध सिगरेट बाजार बनकर उभरा है जिसमें अवैध उत्पादों का कुल खपत में करीब 26 प्रतिशत हिस्सा है। करों के कारण कीमतों में वृद्धि से वैध तथा तस्करी वाले उत्पादों के बीच का अंतर बढ़ेगा जिससे प्रवर्तन प्रयासों में बाधा आएगी एवं सरकारी राजस्व में कमी आएगी।

## पेज एक का शेष

### बांग्लादेशी खिलाड़ी

हम आईपीएल शासी निकाय और बीसीसीआई से इन खिलाड़ियों पर प्रतिबंध लगाने का अनुरोध करेंगे, वे बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार करके भारत से आतिथ्य सत्कार, लाभ और धन का आनंद नहीं ले सकते। आध्यात्मिक गुरु रामभद्राचार्य ने भी शाहरुख खान की आलोचना की। उन्होंने आरोप लगाया यह दुर्भाग्यपूर्ण है, लेकिन वह ऐसा करेंगे क्योंकि उन्हें हीरो माना जाता है। शाहरुख खान का रवैया हमेशा से राष्ट्र के विपरीत रहा है। उनका चरित्र हमेशा से ही संदिग्ध और राष्ट्रविरोधी रहा है। शाहरुख खान के समर्थन में भी आवाजें उठीं। कांग्रेस नेता जगताप ने कहा, शाहरुख खान को इसलिए निशाना बनाया जा रहा है क्योंकि वह मुस्लिम हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद भी हम पाकिस्तानी क्रिकेटरों के साथ क्रिकेट खेलते हैं। यह भाजपा-आरएसएस की दोहरी नीति है। उन्होंने कहा कि शाहरुख खान खुद टीम का चयन नहीं करते। कांग्रेस नेता ने कहा टीम चयन की एक प्रक्रिया होती है और मैंने कभी शाहरुख खान को उस प्रक्रिया में शामिल होते नहीं देखा। जूही चावला और उनके पति उस प्रक्रिया में शामिल होते हैं क्योंकि वे साझेदार हैं। ऐसा नहीं है कि शाहरुख खान बांग्लादेश और पाकिस्तान जाकर खिलाड़ियों का चयन करते हैं। उन्होंने कहा कि सब कुछ आईसीसी की सहमति से होता है। तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता कुणाल घोष के अनुसार, हर मुद्दे का राजनीतिकरण करना जरूरी नहीं है। उन्होंने पूछा शाहरुख खान को निशाना बनाकर उन्हें क्या हासिल होगा? सपा नेता अबू आजमी ने भी कोलकाता नाइट राइडर्स में बांग्लादेशी खिलाड़ी को शामिल किए जाने पर मचे बवाल पर सवाल उठाया।

### प्रदेश में मौसम

महोबा, झांसी, ललितपुर में घने कोहरे की संभावना है। वहीं कुछ जिलों जैसे-बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, कानपुर नगर, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी में बहुत ठंडे रहने का अनुमान है।

### राजस्व मामलों

से किया जाय। उन्होंने आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र तथा निवास प्रमाण पत्र जैसी शासकीय सेवाओं सेवा को और अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाए जाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही, प्रदेश में शीतलहर को देखते हुए रैन बसेरों में व्यवस्थाओं का सुचारू प्रबंधन, सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलाने की व्यवस्था तथा कंबल वितरण को लेकर राजस्व विभाग को कार्यप्रणाली में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी कहा कि सभी कार्यों को मिशन मोड में युद्धस्तर पर पूरा किया जाए। मुख्यमंत्री ने ग्राम पंचायतों में लगी बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की मूर्तियों/स्मारकों को सुरक्षित करने के लिए समाज कल्याण विभाग के सहयोग से बाउंड्री वॉल के निर्माण कार्य को भी आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने लेखपालों को पंचायत सचिवालय में अपना कार्यालय बनाकर जनसमस्याओं के निस्तारण करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने जनपद स्तर पर एकीकृत बहुमंजली कार्यालय का निर्माण हो, जहां जिलाधिकारी के साथ साथ समस्त जनपदीय कार्यालय उसमें समाहित हों।

### विभाग समय

की प्रगति धीमी है। इसमें तेजी लाने के लिए विभागीय मंत्री और अधिकारी आपस में समन्वय बनाकर हर माह बैठक करें। वहीं मुख्यमंत्री ने वित्त विभाग को निर्देश दिये कि जिन विभागों के आवंटन बजट के कुछ अंश को अभी तक किंहीं कारणों से जारी नहीं किया गया है, उन विभागों को तत्काल बजट आवंटित करें। उन्होंने सभी प्रमुख 20 विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन विभागों को विभिन्न योजनाओं के लिए केंद्र सरकार से बजट जारी किया जाता है। इसके लिए विभाग के मंत्री, अपर मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव दिल्ली जाकर केंद्र सरकार से बजट जारी करने के लिए पैरवी करें। इसके साथ ही केंद्र सरकार को पत्र लिखें और फोन से फालोअप करें। इसको लेकर मुख्य सचिव भी इनोसेटिव लें। मुख्यमंत्री ने अपने कार्यालय को निर्देश दिये कि जिन विभागों में बजट व्यय की प्रगति धीमी है, उनको चिन्हित करें और उनके विभाग के मंत्रियों को मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से पत्र जारी करें। मुख्यमंत्री ने बैठक में वित्त विभाग को निर्देश दिये कि आगामी अगले वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट को लेकर अभी से सभी विभागों के साथ बैठक कर बजट मांग की समीक्षा करें। उन्होंने कहा कि आगामी बजट को विभाग आवंटित करने से पहले उनके पिछले पांच वर्ष के खर्च के आकंलन की समीक्षा करें। उन्होंने निर्देश दिये कि वित्त विभाग नई कार्ययोजना को लेकर अभी से तैयारी शुरू कर दे। वहीं केंद्र सरकार से आगामी बजट आवंटन को लेकर बेहतर समन्वय बनाएं ताकि समय से केंद्र सरकार से बजट मिल सके।

### व्हाइट-कॉलर

आत्मा है। इससे समाज में समरसता एवं शांति बढ़ती है। उन्होंने कहा, हमारा प्रयास है कि हम भारतीय शिक्षा के मूल स्वरूप को बनाए रखते हुए उसे नए युग के साथ तालमेल बनाए रखने के लायक भी बनाएं। उन्होंने कहा, प्रौद्योगिकी में बदलाव आ रहा है। उससे कृत्रिम मेधा, मशीन लर्निंग तथा अन्य तकनीकी हमारे जीवन और काम करने के तरीके को पूरी तरह से बदल रही है। हमें इनका सकारात्मक इस्तेमाल करते हुए भारत के विकास को नई गति देनी होगी। उन्होंने कहा कि भारत आज नॉलेज इकोनॉमी के रूप में उभर रहा है तथा 2014 में ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स में भारत की रैंकिंग 76 थी जो 2024 में 39 हो गयी है, यह दूरदर्शी सुधारों के कारण हुआ है। सिंह ने कहा कि आज भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, हम 2030 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की तरफ आत्मविश्वास से बढ़ रहे है।

सिंह ने यह भी कहा कि देश में कई रक्षा स्टार्टअप करिश्माई काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं विश्वास से कह सकता हूं कि आने वाले 15-20 साल में हमारा भारत हथियारों के मामले में पूरी तरह से आत्मनिर्भर बन जायेगा। उन्होंने विद्यार्थियों में ज्ञान के साथ साथ विनय, चरित्र एवं धर्मबोध पर जोर दिया। उन्होंने कहा, विद्या से विनय आती है, विनय से योग्नता आती है, उससे समृद्धि, समृद्धि से धर्म और अंततः धर्म से ही सच्चा सुख मिलता है। कोई भी शिक्षा व्यवस्था जो ज्ञान के साथ विनय, चरित्र और धर्म बोध नहीं देती है उसे सफल नहीं कहा जा सकता। उन्होंने कहा, मैं धर्म की बात कर रहा हूं तो उसको मंदिर में जाकर पूजा करना, मस्जिद में जाकर इबादत करना, गिरिजाघर में सजदा करना... इससे जोड़कर नहीं देखा जाना चाइये। मैं जिस धर्म की बात कर रहा है वह दायित्वबोध है, वह कर्तव्य चेतना है। दस नवंबर को दिल्ली में लाल किले के बाहर कार बम विस्फोट में 15 लोग मारे गए थे। उस कार को डॉ. उमर-उन-नबी चला रहा था। जांच में एक व्हाइट-कॉलर आतंकी मॉड्यूल का खुलासा हुआ, जिसके बाद तीन डॉक्टरों - डॉ. मुजम्मिल शकील गनई, डॉ. अदील अहमद राथर, डॉ. शाहीना सईद समेत कई लोगों को गिरफ्तार किया गया। केंद्रीय मंत्री ने कहा, हम ऐसे समय में जी रहे है जहां ज्ञान, आंकड़े और सूचना की कमी नहीं है बल्कि विवेक की कमी है। ज्ञान के सही उपयोग के लिए विवेक की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा, आतंकवादी बिलकुल निरक्षर नहीं होते है। विश्वविद्यालय और महाविद्यालय की अच्छी डिग्री लेने वाले भी आतंकवादी बन जाते हैं क्योंकि विवेक का अभाव है। इसलिए विवेक आवश्यक है। जिसके पास ज्ञान के साथ विवेक होगा वह समाजकल्याण का काम करेगा। जिसके पास ज्ञान तो होगा लेकिन विवेक नहीं होगा वह समाज के लिए विनाशकारी काम करेगा।

### बरेली : पुलिसकर्मियों

के अनुसार 31 दिसंबर की रात सोबती कॉन्टिनेंटल होटल में नए साल के जश्न कार्यक्रम में लोगों ने रात 12.00 बजे उत्साहपूर्वक नए साल का स्वागत किया। पूरे कार्यक्रम का प्रबंधन होटल प्रबंधक (मसी आलम) और मालिक के रिश्तेदार राघव कपूर की देखरेख में किया जा रहा था।

थाना प्रभारी के मुताबिक रात एक बजे के बाद भी होटल में शराब परोसी जा रही थी और डीजे पर बहुत तेज आवाज में संगीत बजाया जा रहा था, जबकि अन्य होटलोंलॉन में तय समय के बाद जश्न खत्म हो गया था। सूचना मिलने पर रोहिलखंड चौकी प्रभारी तुरंत होटल गए और डीजे बंद करवा दिया। पांडे का कहना है कि लगभग 2.40 बजे फिर से सूचना मिली कि होटल में शराब परोसी जा रही है और डीजे पर बहुत तेज आवाज में संगीत बज रहा है। यह जानकारी मिलने पर, रुहेलखंड पुलिस चौकी से उपनिरीक्षक सौरभ तोमर और मुख्य आरक्षी साबिर अली को मौके पर भेजा गया।

पुलिस के अनुसार जब पुलिस ने डीजे बंद करने की कोशिश की, तो होटल प्रबंधक, लेखाधिकारी, कार्यक्रम आयोजक और मालिक के रिश्तेदार राघव कपूर, मालिक का बेटा, और वहां मौजूद चार- पांच अन्य लोग बहुत जूयादा नाराज हो गए। पुलिस के अनुसार उन्होंने पुलिस अधिकारियों को गालियां दीं, उन्हें उनकी सरकारी ड्यूटी करने से रोका और उन्हें गंभीर चोट पहुंचाने की कोशिश की, यहां तक कि उन्हें जान से मारने की भी कोशिश की। थानाधिकारी के अनुसार यह जानकारी मिलने पर, थाने से काफी पुलिस बल तुरंत मौके पर पहुंचा और स्थिति को नियंत्रण में किया।

### राजा जगत

पहचान, रीति-रिवाज और आत्मसम्मान को आज भी सहेज कर रखा है। उन्होंने दोहराया कि राज्य सरकार जनजातीय समाज के समग्र विकास के लिए संकल्पबद्ध है और इसके लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, रोजगार तथा सांस्कृतिक संरक्षण से जुड़ी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है। मुख्यमंत्री धामी ने इस अवसर पर राजा जगतदेव के जीवन और योगदान पर शोध एवं दस्तावेजीकरण की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इससे न केवल उनके संघर्षों और बलिदानों को संरक्षित किया जा सकेगा, बल्कि युवाओं को अपने इतिहास से जुड़ने और उससे प्रेरणा लेने का अवसर भी मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने क्षेत्र के विकास से जुड़ी तीन महत्वपूर्ण घोषणाएं करते हुए बताया कि ग्राम सभा रोशनपुर स्थित श्री डलबाबा मंदिर परिसर में चाहरदीवारी, टीनशेड, फर्श और शौचालय का निर्माण कराया जाएगा। इसके अतिरिक्त ग्राम बलरामनगर से खेमपुर तक लगभग तीन किलोमीटर लंबी सड़क का पुनर्निर्माण तथा ग्राम सीतापुर से एएनके इंटर कॉलेज तक चार किलोमीटर सड़क सुदृढ़ीकरण कार्य को भी स्वीकृति प्रदान की गई है।

### गरीबों व

किला मार्ग, मुरली नगर गेट नं. 2, बंदरिया बाग रेलवे क्रॉसिंग, टी.बी. अस्पताल राजेन्द्र नगर, पाण्डेयगंज, क्वीन मैरी, मेडिकल कॉलेज गेट, ट्रॉमा सेन्टर, लारी कार्डियोलॉजी, बलरामपुर अस्पताल, परिवर्तन चौक रैन बसेरा, राम मंदिर सुभाष मार्ग, सिविल अस्पताल, नरही, बली खेत योजना भवन, चारबाग रेलवे स्टेशन, गणेशगंज हनुमान मंदिर, भारती भवन के समीप राजेन्द्र नगर और ठठेरी बाजार में अलाव जलाते नजर आए। सिविल अस्पताल के पास लोगों को निःशुल्क चाय पिलाने की व्यवस्था की गई। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट, उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के चेयरमैन विराज सागर दास ने कहा कि सर्दी की रातें गरीबों के लिए बहुत भारी होती हैं। उनकी कोशिश किसी भी तरह सर्दी से बचने की होती है। बहुत से गरीबों को सर्दी में खुले आसमान के नीचे कांपते- ठिठुरते हुए रात बिताने को मजबूर होना पड़ता है। उन्होंने कहा कि लोगों की सेवा ही हमारा संकल्प है। हमारी कोशिश है कि जाड़े में किसी भी जरूरतमंद को असहज स्थिति में रात न बितानी पड़े। गरीबों, मजदूरों और अन्य जरूरतमंदों को सर्दी से बचाना ही उनका उद्देश्य है।




# वनडे श्रृंखला के लिए पंत और सिराज के चयन पर होगी चर्चा

## न्यूजीलैंड के खिलाफ 11 जनवरी से शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे श्रृंखला



नयी दिल्ली। न्यूजीलैंड के खिलाफ 11 जनवरी से शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के लिए शनिवार को जब चयनकर्ता 15 सदस्यीय भारतीय टीम का चयन करने बैठेंगे तो ऋषभ पंत और मोहम्मद सिराज को लेकर सबसे ज्यादा चर्चा होने की संभावना है।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कुछ सप्ताह पहले हुई श्रृंखला में जीत दर्ज करने वाली टीम में हालांकि कोई बड़ा बदलाव होने की संभावना नहीं है, लेकिन अजीत अगरकर की अध्यक्षता वाली चयन समिति दो मुद्दों पर ध्यान दे सकती है। पहला मुद्दा पंत की दूसरे विकेटकीपर के रूप में स्थिति हो सकती है, क्योंकि ईशान किशन झारखंड के लिए मध्य क्रम में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं और ध्रुव जुरेल ने भी घरेलू क्रिकेट में उत्तर प्रदेश के लिए बड़ा शतक जड़ा है। अगरकर और मुख्य कोच गौतम गंभीर की पहचान टीम संयोजन के आधार पर खिलाड़ियों के चयन की है। टीम संयोजन के कारण ही उन्होंने टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए संजू सैमसन और किशन जैसे सलामी बल्लेबाजों को चुना है। वनडे प्रारूप में टीम को मध्यक्रम में बल्लेबाजी करने वाले विकेटकीपर की जरूरत है। ऐसा विकेटकीपर जो पांचवें या छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने में सहज हो। पंत ने गंभीर के मुख्य कोच बनने के बाद से जुलाई 2024 से दिसंबर 2025 के बीच सिर्फ एक वनडे मैच खेला है। पिछले आठ वर्षों में केवल 31 वनडे मैच खेलना और 35 से कम का औसत होना इस जुझारू खिलाड़ी की क्षमता का सही प्रतिबिंब नहीं है। इसमें कोई शक नहीं कि प्रभाव के मामले में पंत किशन और जुरेल से कही बेहतर हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल ही में गुवाहाटी टेस्ट में उनके शॉट चयन ने न तो मुख्य कोच और न ही चयन समिति को प्रभावित किया। इसके बावजूद उन्हें उचित मौका दिए बिना टीम से बाहर करना भी कुछ असहज सवाल खड़े कर सकता है। दूसरा महत्वपूर्ण पहलू तीन मैचों की श्रृंखला के लिए तेज गेंदबाजों का चयन है। टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए हार्दिक पांड्या और जसप्रीत बुमराह को आराम दिए जाने की संभावना है, लेकिन यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या चयनकर्ता अन्य दो तेज गेंदबाजों (हर्षित राणा और अर्शदीप सिंह) को भी आराम देते हैं। दोनों ने हाल ही में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हुई श्रृंखला में हिस्सा लिया था। सिराज को परिस्थितियों के कारण चैंपियंस ट्रॉफी के लिए नहीं चुना गया था। वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विदेशी श्रृंखला में टीम का हिस्सा थे लेकिन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के लिए उन्हें नजरअंदाज कर दिया गया।

उन्होंने मौजूदा विजय हजारे ट्रॉफी के पहले चार चरण में भी नहीं खेला है, लेकिन हो सकता है कि वह हैदराबाद के लिए अंतिम तीन चरण में से दो में खेलें। पिछले वनडे विश्व कप (2023) तक नियमित रूप से टीम का हिस्सा रहने के बाद उन्हें 50 ओवर के प्रारूप से बाहर रखना समझ से परे है। मोहम्मद शमी की बात करें तो वह चोट से वापसी के बाद बंगाल के लिए सभी प्रारूपों में खेल रहे हैं। कुछ लोगों का मानना है कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के लिहाज से उनका समय अब बीत चुका है। शमी और चयन समिति के बीच संवाद भी विशेष रूप से स्पष्ट नहीं रहा है। विजय हजारे ट्रॉफी में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में से दो मुख्य दावेदार सरफराज खान (नंबर चार पर बल्लेबाजी) और देवदत्त पडिक्कल (सलामी बल्लेबाज) हैं। शुभमन गिल, रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल की टीम में जगह पक्की होने के कारण पडिक्कल को मौका देना मुश्किल होगा। सरफराज खान ने घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया है लेकिन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शतक लगाकर रुतुराज गायकवाड़ पहले ही दावेदारों में उनसे आगे निकल चुके हैं।

पांचों चयनकर्ता अगर यथास्थिति बनाए रखने का फैसला करते हैं, तो चयन को लेकर सारी बहस निरर्थक ही साबित होगी।

# भारत तीन वनडे और टी20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला के लिए सितंबर में बांग्लादेश का दौरा करेगा



ढाका। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने शुक्रवार को घोषणा की कि वह इस साल सितंबर में भारत की मेजबानी करेगा जिसमें दोनों टीम के बीच तीन मैच की वनडे और तीन मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेली जाएगी। हालांकि मौजूदा हालात में बांग्लादेश में स्थिर सरकार नहीं होने के कारण यह स्पष्ट नहीं है कि बीसीसीआई इस दौरे के लिए सहमति देगा या नहीं। बीसीबी द्वारा जारी मीडिया विज्ञप्ति के अनुसार वनडे मुकाबले एक, तीन और छह सितंबर को खेले जाएंगे जबकि टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच नौ, 12 और 13 सितंबर को होंगे। भारतीय टीम सीमित ओवरों की इस श्रृंखला के लिए 28 अगस्त को बांग्लादेश पहुंचेगी। भारत का पिछले साल जुलाई में बांग्लादेश का दौरा अनिश्चितकाल के लिए रद्द कर दिया गया था और छह मैचों की सफेद गेंद की श्रृंखला को एक साल से अधिक समय के लिए टाल दिया गया था।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने पिछले जुलाई जारी अपने बयान में कहा था, बीसीबी और बीसीसीआई ने आपसी सहमति से अगस्त 2025 में प्रस्तावित बांग्लादेश और भारत के बीच तीन वनडे और तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सफेद गेंद की श्रृंखला को सितंबर 2026 तक स्थगित करने का निर्णय लिया है। बयान में आगे कहा गया, यह फैसला दोनों बोर्ड के बीच चर्चा के बाद लिया गया है जिसमें दोनों टीम की अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट प्रतिबद्धताओं और कार्यक्रम की सुविधा को ध्यान में रखा गया है। बीसीसीआई ने कहा, बीसीबी सितंबर 2026 में इस श्रृंखला के लिए भारत का स्वागत करना चाहता है। दौरे की संशोधित तारीख और कार्यक्रम की घोषणा समय आने पर की जायेगी।

संक्षेप

## पीडब्ल्यूएल 2026: चंद्र विजय सिंह टाइगर्स ऑफ मुंबई दंगल्स के कोच नियुक्त

मुंबई। पूर्व राष्ट्रीय कोच चंद्र विजय सिंह को छह साल बाद वापसी कर रही प्रो रेसलिंग लीग (पीडब्ल्यूएल) में टाइगर्स ऑफ मुंबई दंगल्स का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। पीडब्ल्यूएल का आयोजन 16 जनवरी से एक फरवरी तक किया जाएगा जिसमें छह टीमें हिस्सा लेंगी। 2015 में शुरू हुई पीडब्ल्यूएल को 2019 में स्थगित कर दिया गया था। मुंबई की फ्रेंचाइजी पदार्पण सत्र की तैयारी में जुटी है और दो बार पीडब्ल्यूएल खिताब विजेता विजय सिंह की नियुक्ति से टीम को तकनीकी दक्षता मिलेगी। एस्पेक्ट ग्लोबल वेंचर्स की खेल शाखा एस्पेक्ट स्पोर्ट्स ने एपको इंफ्राटेक के साथ साझेदारी में मुंबई फ्रेंचाइजी का अधिग्रहण किया है। लीग के लिए खिलाड़ियों की नीलामी तीन जनवरी को होगी जिसमें देश के कई शीर्ष पहलवान बोली के लिए उपलब्ध होंगे। इनमें अमन सहरावत, अंतिम पंघाल, दीपक पूनिया, अंशु मलिक, ललिता सहरावत, मानसी अहलावत, किरण बिश्नोई और चिराग चिक्कारा सहित अन्य पहलवान शामिल हैं।

# साई सुदर्शन की पसली में फैक्चर छह हफ्तों तक हो सकते हैं बाहर



नयी दिल्ली। युवा भारतीय बल्लेबाज साई सुदर्शन हाल में मध्य प्रदेश के खिलाफ विजय हजारे ट्रॉफी मुकाबले के दौरान पसली में फ्रैक्चर होने के कारण एक महीने से अधिक समय तक मैदान से बाहर हो सकते हैं। बीसीसीआई के एक सूत्र ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

सुदर्शन भारत की सफेद गेंद की टीम का हिस्सा नहीं हैं। अहमदाबाद में तमिलनाडु और मध्य प्रदेश के बीच खेले गए विजय हजारे ट्रॉफी मैच में डाइव लगाकर रन पूरा करते समय उनकी दाईं ओर की सातवीं पसली (एंटीरियर कॉर्टेक्स) में फ्रैक्चर हो गया था। चौबीस वर्षीय सुदर्शन का तमिलनाडु के लिए बचे हुए मुकाबलों में खेल पाना मुश्किल है। हालांकि उनके इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में गुजरात टाइटंस के लिए उपलब्ध रहने की संभावना है। सूत्रों के अनुसार सुदर्शन ने 29 दिसंबर को बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिपोर्ट किया था और वहां कराए गए स्कैन की रिपोर्ट में दाईं ओर की सातवीं पसली के एंटीरियर कॉर्टेक्स में हल्का फ्रैक्चर आया है। जिस स्थान पर उन्हें फ्रैक्चर हुआ, उसी जगह उन्हें टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में नेट सत्र के दौरान चोट लगी थी। स्कैन की रिपोर्ट के मुताबिक, साई फिलहाल निचले शरीर की ताकत और अनुकूलन पर काम कर रहे हैं और चोटिल पसली की सुरक्षा के लिए उचित सुरक्षा के इस्तेमाल किये जा रहे हैं। यह उनके लिए अच्छा काम कर रहा है। रिपोर्ट में कहा गया, शरीर के ऊपरी हिस्से की ट्रेनिंग अगले सात से 10 दिनों में शुरू की जाएगी। समझा जाता है कि इस तरह की चोट को ठीक होने में आमतौर पर छह से आठ सप्ताह का समय लगता है। सुदर्शन का टेस्ट क्रिकेट में हालिया प्रदर्शन निराशाजनक रहा है, जहां वह 11 पारियों में से नौ में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके हैं।

# नीरज और सचिन 2026 के पहले तीन महीने के लिए एआईयू के पंजीकृत परीक्षण पूल में



नयी दिल्ली। भारत के दिग्गज भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा और सचिन यादव को इस साल के पहले तीन महीने के लिए विश्व एथलेटिक्स की डोपिंगरोधी निगरानी संस्था एथलीट्स इंटीग्रिटी यूनिट (एआईयू) के पंजीकृत परीक्षण पूल (आरटीपी) में शामिल किया गया है।

दो बार के ओलंपिक पदक विजेता चोपड़ा इस सूची में नियमित रूप से शामिल होते रहे हैं, लेकिन पिछले साल विश्व चैंपियनशिप में चौथे स्थान पर रहने वाले यादव को पहली बार इसमें जगह मिली है। एशियाई चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता यादव ने विश्व चैंपियनशिप में चोपड़ा को पीछे छोड़ दिया था जो फिटनेस संबंधी समस्याओं के कारण आठवें स्थान पर रहे थे। यादव ने 86.27 मीटर भाला फेंककर अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए न केवल चोपड़ा को, बल्कि पाकिस्तान के मौजूदा ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम को भी पीछे छोड़ा था। नदीम 10वें स्थान पर रहे थे। उत्तर प्रदेश के इस 26 वर्षीय खिलाड़ी को भाला फेंक का अगला स्टार माना जा रहा है। आरटीपी अंतरराष्ट्रीय या राष्ट्रीय स्तर के एथलीटों का सर्वोच्च स्तर का समूह है। इस सूची में शामिल खिलाड़ियों का परीक्षण बिना किसी पूर्व सूचना के किया जाता है। इन खिलाड़ियों को अपने घर के पते सहित ठिकाने की जानकारी देनी होती है। इसके साथ ही उन्हें प्रतिदिन 60 मिनट का ऐसा समय भी बताना होता है जिसके दौरान वे परीक्षण के लिए उपलब्ध रहेंगे। आरटीपी की नयी सूची में इथियोपिया, कीनिया और अमेरिका के एथलीटों का दबदबा है। पिछले आरटीपी में भारत के भाला फेंक खिलाड़ी किशोर जेना, स्टीपलचेज़र अविनाश साबले, महिला भाला फेंक खिलाड़ी अनु रानी और लंबी कूद के खिलाड़ी मुरली श्रीशंकर और जेस्विन एल्ड्रिन भी शामिल थे। लेकिन इनमें से किसी को भी नए साल के पहले तीन महीने की सूची में जगह नहीं मिली।

# पांचवें एशेज टेस्ट के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह देंगे उस्मान



सिडनी। पाकिस्तान में जन्में ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने घोषणा की है कि वह इंग्लैंड के खिलाफ रविवार से सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी) में शुरू होने वाले पांचवें और अंतिम एशेज टेस्ट के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे।

ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलने वाले पहले मुस्लिम खिलाड़ी ख्वाजा ने संन्यास की घोषणा करते हुए नस्लीय रूढ़िवादिता की भी आलोचना की जिसका अनुभव उन्होंने अपने करियर के दौरान किया था। शीर्ष क्रम के बल्लेबाज 39 वर्षीय ख्वाजा के लिए एससीजी का मैदान काफी भाग्यशाली रहा है। इंग्लैंड के खिलाफ पांचवा टेस्ट उनके करियर का 88वां और आखिरी टेस्ट मैच होगा, जो उसी मैदान पर खेला जाएगा जहां से उन्होंने अपने प्रथम श्रेणी क्रिकेट करियर की शुरुआत की थी। ख्वाजा ने 2018 में एससीजी में ही इंग्लैंड के खिलाफ 171 रन बनाकर एशेज में अपना पहला शतक बनाया था। एससीजी में ही उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ दो शतक लगाकर 35 वर्ष की उम्र में अपने करियर को नई दिशा दी। इसके बाद अगले दो वर्षों में ख्वाजा ने सात शतक जड़े। लेकिन वर्तमान श्रृंखला के पर्थ में खेले गए पहले एशेज टेस्ट में पीठ में दर्द के कारण वह पारी की शुरुआत नहीं कर पाए थे और इसके बाद चोट के कारण ब्रिस्बेन टेस्ट से बाहर रहने से टीम में उनके स्थान को लेकर सवाल उठने लग गए थे।

एडिलेड में तीसरे टेस्ट मैच में उन्हें पहले टीम से बाहर रखा गया था, लेकिन स्टीव स्मिथ के अस्वस्थ होने के कारण ख्वाजा को वापसी का मौका मिला। एडिलेड में पहली पारी में 82 रन बनाकर उन्होंने मेलबर्न में खेले गए चौथे टेस्ट में अपनी जगह पक्की कर ली। पांचवें टेस्ट में 3-1 की बढ़त के साथ उतर रहे ऑस्ट्रेलिया ने एशेज बरकरार रखी है। ख्वाजा ने कहा कि उन्हें लगता था कि उनके पाकिस्तानी और मुस्लिम पृष्ठभूमि के कारण उनके साथ अभी भी थोड़ा अलग व्यवहार किया जाता है। ख्वाजा ने यहां पत्रकारों से कहा कि मेरे साथ जिस तरह का व्यवहार किया गया, वो अलग था, घटनाएं भी अलग थीं। मुझे पीठ में दर्द होता है जो मेरे बस में नहीं है लेकिन मीडिया और पूर्व खिलाड़ी मुझ पर टूट पड़ते हैं। मुझे लगभग पांच दिनों तक आलोचना का सामना करना पड़ा। मुझे लेकर कई तरह की नस्लीय रूढ़िवादिता सामने आई, जैसे कि मैं आलसी हूं, पाकिस्तानी, वेस्टइंडीज के, अश्वेत खिलाड़ी...हम स्वार्थी हैं, हम सिर्फ अपनी परवाह करते हैं, हमें टीम की परवाह नहीं है, हम कड़ी मेहनत नहीं करते। ये वो बातें थीं जिनसे मैं अपनी पूरी जिंदगी जूझता रहा हूं। पर्थ मैच से पहले ख्वाजा की आलोचना हुई क्योंकि उन्होंने दो बार गोल्फ खेला और वैकल्पिक अभ्यास सत्र में भाग नहीं लिया। कुछ लोगों का मानना था कि गोल्फ ही उनकी पीठ की समस्या का कारण हो सकता है। मैं आपको ऐसे कई उदाहरण दे सकता हूं जब खिलाड़ी गोल्फ खेल कर चोटिल हो गए लेकिन आप लोगों ने उनके बारे में कुछ नहीं कहा। मैं आपको ऐसे भी उदाहरण दे सकता हूं जब खिलाड़ियों ने मैच से पहले की रात को खूब बियर पी और वे अस्वस्थ हो गए लेकिन उनके बारे में भी कुछ नहीं कहा गया लेकिन जब मैं चोटिल हुआ तो मेरी प्रतिबद्धता और एक व्यक्ति के रूप में मेरी छवि पर सवाल उठा दिए गए। ख्वाजा ने कहा कि उन्हें पता था कि उनके करियर का अंत निकट है। मुझे लगता है कि इस श्रृंखला के शुरू होने से पहले ही मुझे अंदाजा हो गया था कि यह मेरी अंतिम श्रृंखला होगी। मुझे खुशी है कि मैं अपनी शर्तों पर विदाई ले रहा हूं।

# नीदरलैंड के सोर्ड मारिन दूसरी बार बने भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच



नयी दिल्ली। नीदरलैंड के सोर्ड मारिन को शुक्रवार को फिर से भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच नियुक्त किया गया। वह दूसरी बार यह पद संभालेंगे। इससे पहले उनके कोच रहते हुए भारतीय महिला टीम तोक्यो ओलंपिक खेलों में चौथे स्थान पर रही थी। मारिन को हरेंद्र सिंह की जगह मुख्य कोच नियुक्त किया गया है।

हरेंद्र को टीम के निराशाजनक प्रदर्शन और कोचिंग में मनमानीपूर्ण रवैया अपनाने के आरोपों के कारण इस्तीफा देना पड़ा था। नीदरलैंड के पूर्व हॉकी खिलाड़ी 51 वर्षीय मारिन 2017 से 2021 तक भारतीय महिला टीम से जुड़े रहे। इसके पांच साल बाद फिर से उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनकी टीम में मटियास विला भी शामिल होंगे जिन्हें विश्लेषणात्मक कोच नियुक्त किया गया है। भारतीय हॉकी टीम में वेन लोम्बार्ड की भी वापसी हो रही है, जो वैज्ञानिक सलाहकार और खेल प्रदर्शन प्रमुख के रूप में कार्य करेंगे। मारिन ने हॉकी इंडिया की एक विज्ञप्ति में कहा, भारत वापस आकर बहुत अच्छा लग रहा है। मैं साढ़े चार साल बाद नयी ऊर्जा और स्पष्ट दृष्टिकोण के साथ इस पद पर लौटा हूं ताकि टीम को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकूं और खिलाड़ियों को विश्व स्तर पर अपनी पूरी क्षमता से प्रदर्शन करने में मदद कर सकूं। मारिन की टीम में अपार साख थी और उन्हें एक ऐसी एकजुट टीम बनाने का श्रेय दिया जाता था जहां खिलाड़ी एक-दूसरे की सफलता में खुशी मानते थे। उन्होंने पारिवारिक कारणों का हवाला देते हुए तोक्यो ओलंपिक खेलों के तुरंत बाद पद छोड़ दिया। मारिन के पिछले कार्यकाल के दौरान भारत विश्व रैंकिंग के शीर्ष 10 में शामिल हुआ था। अर्जेंटीना के पूर्व मिडफील्डर विला ने 1997 में अंतरराष्ट्रीय हॉकी में पदार्पण किया था। उन्होंने 2000 में सिडनी ओलंपिक और 2004 में एथेंस ओलंपिक में अपने देश का प्रतिनिधित्व किया। वह दो दशकों से अधिक समय से कोचिंग से जुड़े हुए हैं। लोम्बार्ड को अपने कार्य में रोडेट इला और सियारा इला का सहयोग मिलेगा जिन्हें वैज्ञानिक सलाहकार नियुक्त किया गया है।तोक्यो ओलंपिक के बाद भारतीय टीम अपेक्षित सफलता हासिल नहीं कर पाए और उसे बदलाव के दौर से गुजरना पड़ा क्योंकि चोट से जूझ रही कप्तान रानी रामपाल, वंदना कटारिया और दीप ग्रेस एक्का जैसी प्रमुख खिलाड़ियों ने खेल से संन्यास ले लिया। महिला टीम 2024 के पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई करने में असफल रही, लेकिन वह 2022 के राष्ट्रमंडल खेल और 2023 में एशियाई खेल दोनों में कांस्य पदक जीतने में सफल रही थी। टीम ने पिछले साल एशिया कप में रजत पदक जीता था, लेकिन यह बेल्जियम और नीदरलैंड में इस अगस्त में होने वाले विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करने के लिए पर्याप्त नहीं था। पिछले साल एलीट एफआईएच प्रो लीग में खेले गए 16 मैचों में से केवल दो जीत हासिल करने के बाद टीम निचली श्रेणी की लीग नेशंस कप में खिसक गई। मुख्य कोच के रूप में मारिन की पहली बड़ी चुनौती आठ से 14 मार्च तक हैदराबाद में होने वाला महिला विश्व कप क्वालीफायर टूर्नामेंट होगा। मारिन 14 जनवरी को भारत पहुंचेंगे, जबकि राष्ट्रीय कोचिंग शिविर भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के बेंगलुरु स्थित परिसर में 19 जनवरी को शुरू होगा। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा, हम सोर्ड मारिन और पूरे सहायक स्टाफ का भारतीय हॉकी परिवार में स्वागत करते हैं। हम खेल मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण के प्रति अपना आभार व्यक्त करते हैं जिन्होंने आगामी विश्व कप क्वालीफायर को ध्यान में रखते हुए नियुक्ति प्रक्रिया को शीघ्रता से पूरा किया। उन्होंने कहा कि टीम की फिटनेस पर विशेष जोर दिया गया है, जो तोक्यो में भारतीय महिला टीम के ऐतिहासिक प्रदर्शन के प्रमुख कारणों में से एक था। हमें टीम से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है।

# भारत को अपनी रक्षा करने का पूरा अधिकार

## पड़ोसी देश भारत में आतंकवाद फैलाना जारी रखता है, तो वह नयी दिल्ली से पानी साझा करने की मांग नहीं कर सकता : जयशंकर



चेन्नई। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि बात जब बुरे पड़ोसियों की आती है, तो भारत को अपने लोगों की रक्षा करने का पूरा अधिकार है। उन्होंने कहा कि अगर कोई पड़ोसी देश भारत में आतंकवाद फैलाना जारी रखता है, तो वह नयी दिल्ली से पानी साझा करने की मांग नहीं कर सकता।

साथ ही जयशंकर ने कहा कि अच्छे पड़ोसियों के मामले में भारत निवेश करने, मदद देने और साझा करने में कभी पीछे नहीं हटता, फिर चाहे वह कोविड-19 महामारी के दौरान टीके हों, यूक्रेन संघर्ष के दौरान ईंधन एवं खाद्य सहायता हो या श्रीलंका को उसके वित्तीय संकट के दौरान दी गई चार अरब अमेरिकी डॉलर की वित्तीय मदद हो। विदेश मंत्री ने पाकिस्तान का नाम लिए बगैर कहा कि बात जब बुरे पड़ोसियों की आती है, तो भारत को अपने लोगों की रक्षा करने का पूरा अधिकार है। चेन्नई में भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी (आईआईटी) मद्रास के छात्रों के साथ संवाद कार्यक्रम में हिस्सा लेते हुए जयशंकर ने कहा कि भारत की प्रगति इस क्षेत्र के लिए एक सकारात्मक लहर है और हमारे अधिकांश पड़ोसी मानते हैं कि भारत की प्रगति से उनका भी विकास होता है। लेकिन जब आतंकवाद फैलाने वाले बुरे पड़ोसियों की बात आती है, तो भारत को अपने लोगों की रक्षा करने का पूरा अधिकार है और वह हर संभव कदम उठाएगा। आप हमारे देश में आतंकवाद फैलाना जारी रखते हुए हमसे पानी साझा करने का अनुरोध नहीं कर सकते। विदेश मंत्री ने कहा कि ऐसी स्थिति से बचने के लिए अन्य देशों के साथ संवाद करना जरूरी है, जिसमें भारत के इरादों को गलत तरीके से समझा जाए। उन्होंने कहा कि लोगों को आपको गलत समझने से रोकने का तरीका है संवाद करना। अगर आप अच्छी तरह, स्पष्ट रूप से और ईमानदारी से संवाद करते हैं, तो अन्य देश और अन्य लोग इसका सम्मान करते हैं और इसे स्वीकार करते हैं। जयशंकर ने कहा कि दुनिया भर में बहुत से लोग अपनी संस्कृति, परंपरा और विरासत पर गर्व करते हैं। मुझे कोई कारण नजर नहीं आता कि हमें ऐसा क्यों नहीं करना चाहिए। उन्होंने इस बात को रेखांकित किया कि प्राचीन सभ्यताओं में से वास्तव में बहुत कम ऐसी हैं, जो प्रमुख आधुनिक राष्ट्र के रूप में उभर पाईं और भारत उनमें से एक है। जयशंकर ने कहा, हमें अपने अतीत की ऐसी समझ है, जो बहुत कम देशों के पास है... लोकतांत्रिक राजनीतिक मॉडल अपनाने के हमारे फैसले ने ही लोकतंत्र के विचार को एक सार्वभौमिक राजनीतिक अवधारणा बना दिया। उन्होंने कहा कि अगर हमने वह रास्ता नहीं अपनाया होता, तो लोकतांत्रिक मॉडल, जैसा कि हम जानते हैं, क्षेत्रीय और संकीर्ण होता... पश्चिम के साथ साझेदारी भी अहम है और इसी तरह हम दुनिया को आकार देते हैं। जयशंकर ने कहा कि वह भारत की ओर से बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए दो दिन पहले ही ढाका गए थे। लेकिन व्यापक रूप से, पड़ोसियों के प्रति हमारा रुख व्यावहारिक ज्ञान पर आधारित है।

# सौ करोड़ तक की परियोजनाओं को मंजूरी देने की लद्दाख के उपराज्यपाल की शक्तियां बहाल




लेह/जम्मू। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने वित्तीय शक्तियों के प्रत्यायोजन नियम (डीएफपीआरएस) के तहत 100 करोड़ रुपये तक की लागत वाली परियोजनाओं के मूल्यांकन और स्वीकृति के लिए लद्दाख के उपराज्यपाल को प्रत्यायोजित शक्तियों को बहाल कर दिया।

एक आधिकारिक आदेश में गृह मंत्रालय ने कहा है कि मंत्रालय ने डीएफपीआरएस, 2024 के तहत 100 करोड़ रुपये तक की परियोजनाओं के मूल्यांकन और स्वीकृति के लिए बिना विधानमंडल वाले केंद्र शासित प्रदेशों के प्रशासकों और उपराज्यपालों को शक्तियों के प्रत्यायोजन (डेलिगेशन) को मंजूरी दे दी है, जिनमें लद्दाख भी शामिल है। भारत सरकार के गृह मंत्रालय में उप सचिव लेंदुप शेरपा द्वारा जारी आदेश में कहा गया है, मुझे यह सूचित करने का निर्देश दिया गया है कि सक्षम प्राधिकारी ने डीएफपीआरएस, 2024 के तहत 100 करोड़ रुपये तक की परियोजनाओं के मूल्यांकन और स्वीकृति के लिए लद्दाख, अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह, चंडीगढ़, दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन एवं दीव और लक्षद्वीप के केंद्र शासित प्रदेशों के प्रशासकों एवं उपराज्यपालों को शक्तियों के प्रत्यायोजन को (कुछ शर्तों के अधीन) स्वीकृति प्रदान कर दी है।

यह आदेश ऐसे समय में आया है, जब लगभग एक महीने पहले गृह मंत्रालय ने लद्दाख के उपराज्यपाल की 100 करोड़ रुपये तक की योजनाओं और परियोजनाओं को मंजूरी देने की पूर्व में प्रत्यायोजित शक्तियों को, साथ ही प्रशासनिक सचिवों की 20 करोड़ रुपये तक की परियोजनाओं को स्वीकृति देने की शक्तियों को वापस ले लिया था। नये आदेश के अनुसार, ये शक्तियां उपराज्यपाल द्वारा संबंधित केंद्र शासित प्रदेश के वित्त सचिव अथवा समकक्ष वित्तीय सलाहकार से परामर्श करके तथा पर्याप्त बजटीय प्रावधानों की उपलब्धता के अधीन प्रयोग की जाएंगी।

## संक्षेप

### ट्रेन में सोने की लूट की जांच कर रहा अधिकारी ही आरोपी, गिरफ्तार

पटना। बिहार में नवंबर में ट्रेन यात्री से 1.44 करोड़ रुपए मूल्य के सोने की लूट की जांच कर रहे एक राजकीय रेल पुलिस (जीआरपी) अधिकारी को इस वारदात में कथित संलिप्तता के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार गया जीआरपी थाना प्रभारी राजेश कुमार सिंह को बुधवार को सोने की लूट मामले में गिरफ्तार किया गया। इस मामले में अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए जांच जारी है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कोलकाता स्थित एक स्वर्ण कारोबारी के कर्मचारी धनंजय शाश्वत ने गया रेल थाना में शिकायत दर्ज कराई थी कि नवंबर में जब वह हावड़ाबीकानेर एक्सप्रेस के 3-एसी कोच में यात्रा कर रहा था, तब उससे एक किलोग्राम सोना लूट लिया गया। शिकायत के अनुसार, शाश्वत ने बताया कि गया स्टेशन पर पुलिस वर्दी में चार लोग ट्रेन में सवार हुए। इनमें से दो उसके पास बैठ गए और सोने की खेप के बारे में पूछताछ करने लगे। बाद में वे सोने के बिस्कुट लेकर फरार हो गए। शाश्वत जयपुर में एक कारोबारी को सोने के बिस्कुट सौंपने जा रहा था। वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस मामले की जांच के लिए पटना रेलवे पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में एक विशेष जांच टीम गठित की गई थी। टीम ने कॉल डिटेल रिकॉर्ड का विश्लेषण किया, जिससे गया जीआरपी थाना प्रभारी राजेश कुमार सिंह और अन्य कर्मियों की संलिप्तता का खुलासा हुआ।

# नैरोबी में निर्माणाधीन इमारत ढही कई लोगों के फंसे होने की आशंका

एजेंसी

नैरोबी (केन्या)। केन्या की राजधानी नैरोबी में शुक्रवार को एक निर्माणाधीन बहुमंजिला इमारत ढह गई जिससे बहुत से लोगों के मलबे में फंसे होने की आशंका है।

केन्या रेड क्रॉस के अनुसार, यह इमारत नैरोबी के साउथ सी इलाके में स्थित है और घटना के बाद से बचावकर्मी मलबे को हटाने में जुटे हुए हैं। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों में बताया गया है कि ढही हुई इमारत 16 मंजिला थी। केन्या रेड क्रॉस ने एक बयान में कहा," स्थिति से निपटने के लिए कई एजेंसियों की संयुक्त टीम मौके पर तैनात है। अधिकारियों ने फिलहाल इमारत ढहने के कारणों या हताहतों की संख्या को लेकर कोई कोई टिप्पणी नहीं की नहीं की है। हालांकि, आशंका जताई जा रही है कि मृतकों की संख्या अधिक नहीं होगी। नैरोबी में इस तरह की घटनाएं अक्सर सामने आती रहती हैं क्योंकि यहां आवास की भारी मांग के चलते कई बिल्डर नियमों की अनदेखी कर निर्माण कराते हैं।

# धार्मिक कट्टरपंथियों पर नियंत्रण रखना चाहिये

कोट्टायम (केरल)। भारत के मलंकारा ऑर्थोडॉक्स सीरियन गिरजाघर के प्रमुख बेसलियस मार्थोमा मैथ्यूज तृतीय ने कहा कि धार्मिक कट्टरपंथियों को नियंत्रित करने की जिम्मेदारी शासी अधिकारियों की है।

साथ ही उन्होंने देश भर में ईसाइयों के खिलाफ हाल ही में हुए हमलों की निंदा की। यहां करुकाचल के एक चर्च में बृहस्पतिवार को आयोजित एक कार्यक्रम में गिरजाघर के प्रमुख ने कहा कि बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद जैसे संगठनों द्वारा धार्मिक अल्पसंख्यकों पर किए जाने वाले कथित तौर पर हमलों के खिलाफ जागरूकता फैलाने की तत्काल आवश्यकता है। इन संगठनों को उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सहयोगी बताया। ननों और पादरियों पर हमले तथा गिरजाघर के बाहर क्रिसमस समारोहों पर हुए हमलों के बाद, गिरजाघर के अंदर भी हमले होना तय है। हमें इनके अंदर की जाने वाली प्रार्थनाओं पर भी हमले के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी धर्म सत्य, न्याय और प्रेम के संदेश देते हैं, लेकिन हर धर्म में कट्टरपंथी भी होते हैं। किसी भी देश में शासन प्रशासन की जिम्मेदारी होती है कि वे ऐसे धार्मिक कट्टरपंथियों को नियंत्रित करें, चाहे फिर वे किसी भी समुदाय या धर्म से संबंधित हों। मैथ्यूज ने कहा कि भारतीय संविधान प्रत्येक नागरिक को अपने धर्म का पालन करने की स्वतंत्रता प्रदान करता है। गिरजाघर के प्रमुख ने भारत में ईसाई को विदेशी धर्म करार देने वाले नारों की तुलना अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस नारे से की, जिसमें उन्होंने कहा था कि अमेरिका सिर्फ अमेरिकियों के लिए है। जब लोग दावा करते हैं कि 80 प्रतिशत भारतीय हिंदू हैं और अन्य धर्मों को अस्तित्व में रहने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए, तो इतिहास के जानकार ऐसे तर्कों की गलतफहमियों को अच्छी तरह से समझते हैं। संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा और वाम लोकतांत्रिक मोर्चा के राजनीतिक मोर्चों ने भी हमलों पर चिंता व्यक्त करते हुए केंद्र सरकार से कार्रवाई की मांग की।

# मुख्यमंत्री ने अधिकारियों पर कार्रवाई के निर्देश दिये



इंदौर। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इंदौर में दूषित पेयजल से उल्टी-दस्त के प्रकोप के मामले में शुक्रवार को नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों पर अनुशासनात्मक कार्वाई के निर्देश दिए जिनमें एक अपर आयुक्त का शहर से तत्काल तबादला किए जाने का कदम शामिल है।

स्थानीय नागरिकों ने शहर के भागीरथपुरा इलाके में दूषित पेयजल से उल्टी-दस्त के प्रकोप के कारण छह माह के बच्चे समेत 15 लोगों के दम तोड़ने का दावा किया है। हालांकि, इस दावे की स्वास्थ्य विभाग ने पुष्टि नहीं की है। विभाग के मुताबिक इस प्रकोप में केवल चार लोगों की मौत हुई है। मुख्यमंत्री ने एक्स पर कहा कि उन्होंने दूषित पेयजल मामले को लेकर एक समीक्षा बैठक में इंदौर नगर निगम के आयुक्त और अपर आयुक्त को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि नगर निगम के अपर आयुक्त को तत्काल इंदौर से हटाने और प्रभारी अधीक्षण अभियंता से जल वितरण कार्य विभाग का दायित्व वापस लेने के भी निर्देश दिए हैं। यादव ने बताया कि उन्होंने नगर निगम में आवश्यक नियुक्तियां तत्काल किए जाने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने बताया कि उन्होंने मुख्य सचिव और अन्य अधिकारियों के साथ दूषित पेयजल मामले में राज्य सरकार की कार्वाई की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि इस बैठक में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव की प्रस्तुत रिपोर्ट पर भी चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने बताया, इंदौर में दूषित पेयजल प्रदाय से हुई दुखद घटना के संबंध में जिम्मेदार अधिकारियों पर कड़ी कार्वाई करने के उपरांत हम राज्य के अन्य स्थानों के लिए भी सुधारात्मक कदम उठा रहे हैं। इसके लिए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध कार्यक्रम बनाने के निर्देश दिए गए हैं। एक अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशों पर इंदौर नगर निगम के एक जोनल अधिकारी और एक सहायक अभियंता को तत्काल प्रभाव से पहले ही निलंबित कर दिया गया है और एक प्रभारी उप अभियंता की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं।

# अफगानिस्तान में भारी बारिश, बाढ़ से 17 लोगों की मौत

एजेंसी



काबुल (अफगानिस्तान) दो जनवरी (एपी) अफगानिस्तान में मौसम की पहली भारी बारिश और बर्फबारी ने लंबे समय से जारी शुष्क मौसम को तो खत्म किया लेकिन इसके साथ ही कई इलाकों में अचानक आई बाढ़ ने कम से कम 17 लोगों की जान ले ली और 11 अन्य घायल हो गए। अफगानिस्तान के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के एक प्रवक्ता ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

हेरात प्रांत के काबकान जिले में एक मकान की छत गिरने से एक ही परिवार के पांच सदस्य मारे गए। हेरात के गवर्नर के प्रवक्ता मोहम्मद यूसुफ सईदी के अनुसार मरने वालों में दो बच्चे भी शामिल हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के प्रवक्ता मोहम्मद यूसुफ हम्माद ने बताया कि खराब मौसम के कारण देश के मध्य, उत्तरी, दक्षिणी और पश्चिमी क्षेत्रों में जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है।

हम्माद ने कहा कि बाढ़ प्रभावित इलाकों में बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है, मवेशी मारे गए हैं और लगभग 1,800 परिवार प्रभावित हुए हैं जिससे पहले से ही कमजोर शहरी और ग्रामीण समुदायों की स्थिति और खराब हो गई है।

उन्होंने बताया कि प्रभावित क्षेत्रों में नुकसान के आकलन के लिए टीम भेजी गईं हैं।

## उमर खालिद के लिए निष्पक्ष सुनवाई की मांग

न्यूयॉर्क। अमेरिकी सांसदों के एक समूह ने अमेरिका में भारतीय राजदूत विनय क्वात्रा को पत्र लिखकर कार्यकर्ता उमर खालिद के लिए अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार निष्पक्ष और समयबद्ध सुनवाई का आग्रह किया है। सांसद जिम मैकगवर्न और जेमी रस्किन उन आठ सांसदों में शामिल हैं जिन्होंने दिल्ली में फरवरी 2020 की हिंसा के संबंध में खालिद समेत आरोपी व्यक्तियों को सुनवाई से पूर्व लंबे समय से हिरासत में रखे जाने के बारे में अपनी चिंता व्यक्त की है। फरवरी 2020 के दिल्ली दंगा मामले में मुख्य साजिशकर्ता होने के आरोप में खालिद और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ कड़े गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 (यूएपीए) और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया था। इस दंगे में 53 लोग मारे गए थे और 700 से अधिक लोग घायल हुए थे। पत्र में कहा गया है, अमेरिका और भारत के बीच एक दीर्घकालिक रणनीतिक साझेदारी है, जिसकी जड़ें ऐतिहासिक रूप से लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक शासन से जुड़ी रही हैं। इसमें कहा गया कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र होने के नाते दोनों देशों का स्वतंत्रता, कानून के शासन, मानवाधिकारों और बहुलतावाद की रक्षा और संरक्षण में साझा हित है। सांसदों ने कहा कि इसी भावना के तहत वे उमर खालिद की हिरासत को लेकर अपनी चिंताएं उठा रहे हैं। सांसदों का दावा है कि मानवाधिकार संगठनों, विधि विशेषज्ञों और वैश्विक मीडिया ने खालिद की हिरासत से जुड़ी जांच और कानूनी प्रकिया की निष्पक्षता पर सवाल उठाए हैं। पत्र में कहा गया कि खालिद को यूएपीए के तहत लगाए गए आरोपों के लिए पांच साल से बिना जमानत के हिरासत में रखा गया है, जिसके बारे में स्वतंत्र मानवाधिकार विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि यह कानून के समक्ष समानता और उचित प्रक्रिया के अंतरराष्ट्रीय मानकों का उल्लंघन हो सकता है।

कार्यालय नगर पालिका परिषद, नगीना जिला बिजनौर

नव वर्ष 2026 के अवसर पर

नगर पालिका परिषद नगीना समस्त सम्मानित नगर वासियो से अपील करती है कि

1 - स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत कूडा इधर उधर न फेके नगर को स्वच्छ बनाये रखने में पालिका का सहयोग करें।

2 - पालिका कार्यालय में आर.आर.आर. सेन्टर में अपने अनुपयोगी कपड़े जूते एवं चप्पल आदि दे जिससे गरीब लोगों को निशुल्क वितरण किया जा सके।

3 - पॉलीथीन का प्रयोग न करें यह दण्डनीय अपराध है इसको प्रयोग करने पर जुर्माना वसूल किया जायेगा

4 - निकाय द्वारा कूड़े का डोर-टू-डोर कलेक्शन किया जा रहा है आप कूड़े को अलग-अलग पालिका के वाहन में डालें कूड़ा इधर उधर न फेंके।

5 - अपने घरों व आस-पास के क्षेत्रों में पानी जमा न होने दें जिससे बीमारियों फैलने की सम्भावना होती है।

6 - अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें।

अधिशासी अधिकारी/पीसीएस अधिकारी
नगर पालिका परिषद
नगीना

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
नगीना

पत्रांक:- मैमो/न.पा.परि.नगीना/आर.ओ./2025-26 दिनांक:- 30-12-2025




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com